अधिकतम 21 डिग्री से.
डिग्री से. 08 न्यूनतम
सूर्यादय 7.19
सूर्यास्त 5.49
सोना 24 कैरेट: 1,57,410.00
चांदी (प्रति किलो): 3,30,000
सेंसेक्स : 81,909.63
अमेरिका : 91.71
कैनेडियन : 66.29
आस्ट्रेलिया : 61.90

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशित: हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित






वर्ष 41 | चंडीगढ़, वीरवार, 22 जनवरी, 2026 | माघ शुक्ल पक्ष: चतुर्थी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 22 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12







## न्यूज ब्रीफ

### प्रयागराज में एयरफोर्स का प्लेन क्रैश, दोनों पायलट सुरक्षित



**प्रयागराज, (अप्रस)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में भारतीय वायुसेना का एक प्रशिक्षण माइक्रोलाइट विमान उड़ान के दौरान अचानक नियंत्रण खो बैठा और शहर के बीचोंबीच, केपी कॉलेज के पीछे बने तालाब में जा गिरा। विमान गिरते ही जोरदार धमाके जैसी आवाज हुई, जिससे आसपास के लोग दहशत में आ गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचना दी। जानकारी के मुताबिक, विमान ने शुरुआत में सामान्य तरीके से उड़ान भरी थी, लेकिन कुछ ही क्षणों में इसका नियंत्रण बिगड़ गया और यह तेजी से नीचे आते हुए केपी कॉलेज के पीछे बने तालाब में गिर गया। घटना के समय विमान में दो पायलट सवार थे। वहीं, जोरदार धमाके जैसी आवाज के कारण मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई। चार लोगों ने तुरंत तालाब में कूदकर पायलटों को विमान से बाहर निकाला। डीसीपी मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि एक एयर फोर्स का माइक्रोलाइट 2-सीटर एयरक्राफ्ट संगम से उड़ान भरने के बाद वापस लौट रहा था। अचानक विमान का नियंत्रण बिगड़ गया और यह केपी कॉलेज के पीछे बने तालाब में जा गिरा। विमान में दो पायलट सवार थे, जो पूरी तरह सुरक्षित हैं। मौके पर कोई आम नागरिक घायल नहीं हुआ। डीसीपी ने कहा कि जैसे ही सूचना मिली, पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई और सुरक्षा कड़ी कर दी। स्थानीय थाना पुलिस और अन्य रेस्क्यू टीमें भी मौके पर मौजूद थीं।




# गणतंत्र दिवस पर आतंकी हमले का अलर्ट!

## हाईअलर्ट पर देश की सुरक्षा एजेंसिया, आईएसआई और जैश की बड़ी साजिश का खुलासा

### साजिश: देश पर आतंकी हमले का साया

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** भारतीय खुफिया एजेंसियों को गणतंत्र दिवस से ठीक पहले एक बड़ी आतंकी साजिश की अहम जानकारी मिली है। सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के साथ मिलकर भारत में बड़े हमले करने की योजना बनाई है। आतंकियों ने इस ऑपरेशन को '26-26' कोडनेम दिया है, जो सीधे तौर पर 26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस की ओर इशारा करता है। इस खुफिया इनपुट के बाद जम्मू-कश्मीर और राजधानी दिल्ली समेत देश के कई संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर दिए गए हैं। देश की सभी सुरक्षा एजेंसियां हाईअलर्ट पर हैं।



### दिल्ली पुलिस ने वांटेड नोटिस जारी किया

इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक इस खतरे को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने पहली बार एक विशेष वांटेड नोटिस जारी किया है, जिसमें अल-कायदा के संदिग्ध आतंकी और दिल्ली निवासी मोहम्मद रेहान की तस्वीर जारी की गई है। पोस्टर में शाहिद फैसल का भी नाम है, जिसे बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट सहित दक्षिण भारत में कई धमाकों का मास्टरमाइंड बताया गया है। खुफिया रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि आतंकी समूह गणतंत्र दिवस से पहले देश के अलग-अलग हिस्सों में एक साथ हमले कर सकते हैं, जिसका मकसद राष्ट्रीय समारोह में खलल डालना और जनता के बीच दहशत फैलाना है।

### आतंकियों के निशाने पर अयोध्या का राम मंदिर

रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ है कि अयोध्या का राम मंदिर आतंकियों के संभावित निशाने पर है। इससे पहले 6 दिसंबर के आसपास भी हमले की योजना थी, जिसके बाद से ही वहां सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। जांच एजेंसियां अब इस बात की भी पड़ताल कर रही हैं कि क्या जैश-ए-मोहम्मद को हमलों को अंजाम देने के लिए पंजाब के गैंगस्टर्स से मदद मिल रही है। यह एक बड़े नेटवर्क की ओर इशारा करता है जो हथियारों और लॉजिस्टिक्स में मदद कर सकता है।

### ऑनलाइन रेडिकलाइजेशन पर जताई चिंता

इसके अलावा, खुफिया नोट में ऑनलाइन रेडिकलाइजेशन यानी इंटरनेट के जरिए युवाओं को भड़काने की कोशिशों पर भी चिंता जताई गई है। कश्मीरी रेजिस्टेंस ग्रुप का 'फाल्कन स्क्वाड' सोशल मीडिया के जरिए नफरत फैलाने और 'लोन-वुल्फ' हमले करवाने की फिराक में है। सुरक्षा एजेंसियों ने साफ कर दिया है कि राज्यों के बीच खुफिया जानकारी साझा की जा रही है और '26-26' साजिश को नाकाम करने के लिए हर संभव एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं।

### बजट-पूर्व परामर्श बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बोले–

## हरियाणा में स्टार्टअप्स को मिली नई उड़ान

स्टार्टअप इंडिया की 'रेनबो विजन' हरियाणा में तेज़ी से लागू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गुरुग्राम, 21 जनवरी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को मानेसर में आयोजित बजट-पूर्व परामर्श कार्यक्रम में स्टार्टअप संस्थापकों एवं उद्यमियों के साथ संवाद करते हुए कहा कि युवा इनोवेटर्स और स्टार्टअप्स हरियाणा की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गत 16 जनवरी को 'राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस' मनाया गया था और आज का यह बजट-पूर्व परामर्श उसी उत्सव की कड़ी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि स्टार्टअप इंडिया केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि एक 'रेनबो विजन' है, जो विभिन्न क्षेत्रों को नई संभावनाओं से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप एक विचार से जन्म लेता है। यह एक छोटा बीज होता है, जिसे सही सहयोग मिलने पर विशाल वृक्ष बनाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ सरकार तेज़ गति से कार्य कर रही है। सड़क, परिवहन और अन्य अवसंरचना परियोजनाओं सहित हर क्षेत्र में देश अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास की नई दिशा पकड़ी है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए HSIIDC के माध्यम से प्रति स्टार्टअप 10 लाख रुपये की सहायता, मुख्यमंत्री कौशल सम्मान योजना, तथा हरियाणा राज्य स्टार्टअप नीति-2022 लागू की गई है। हाल ही में 22 स्टार्टअप्स को 1 करोड़ 14 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप संस्कृति अब केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रहेगी। आगामी शैक्षणिक सत्र से प्रत्येक जिले में उद्यमिता प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें चयनित टीमों को अपने आइडिया को बिजनेस मॉडल में बदलने के लिए एक लाख रुपये की सहायता दी जाएगी।

शेष पेज-4 पर



### फंडिंग और तकनीकी सहयोग पर जोर

स्टार्टअप संस्थापकों द्वारा दिए गए सुझावों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, फंडिंग और तकनीकी सहयोग से जुड़े सुझावों को गंभीरता से नोट किया गया है। उन्होंने कहा कि आइडिया कितना भी छोटा क्यों न हो, यदि उसमें दम है, तो वह दुनिया बदल सकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले 10 वर्षों में देश में स्टार्टअप्स की संख्या 500 से बढ़कर 2 लाख से अधिक हो गई है, जिसमें हरियाणा का योगदान उल्लेखनीय है। राज्य में 9,500 से अधिक स्टार्टअप्स सक्रिय हैं और इस मामले में हरियाणा देश में सातवें स्थान पर है। साथ ही, प्रदेश से 19 यूनिकॉर्न्स भी उभरे हैं।

### हरियाणा ए.आई. मिशन, रिसर्च फंड और फंड ऑफ फंड्स

मुख्यमंत्री ने बताया कि बजट 2025-26 में भविष्य की तकनीकों को ध्यान में रखते हुए 'हरियाणा ए.आई. मिशन' स्थापित करने का प्रस्ताव किया गया है, जिसके लिए विश्व बैंक से 474 करोड़ रुपये की सहायता का आश्वासन मिला है। इसके तहत गुरुग्राम और पंचकूला में ए.आई. हब स्थापित किए जाएंगे, जहां 50 हजार युवाओं को आधुनिक तकनीकों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा में शोध को प्रोत्साहित करने के लिए 20 करोड़ रुपये के प्रारंभिक कोष से हरियाणा स्टेट रिसर्च फंड की स्थापना की गई है। साथ ही 2,000 करोड़ रुपये का फंड ऑफ फंड्स भी गठित किया गया है।

## पाक ने कुपवाड़ा बॉर्डर पर की फायरिंग, सेना ने दिया जवाब

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**कुपवाड़ा।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) पर पाकिस्तान की ओर से मंगलवार देर रात 2 राउंड फायरिंग की गई। सेना के सूत्रों के मुताबिक 6 राष्ट्रीय राइफल्स के जवान केरन सेक्टर में हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगा रहे थे। इसी दौरान फायरिंग हुई। भारतीय सेना ने भी जवाबी फायरिंग की। इसके बाद इलाके की घेराबंदी की और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सूत्रों ने संभावना जताई है कि पाकिस्तान की ओर से फायरिंग घुसपैठियों की मदद के लिए की गई हो सकती है।

इससे पहले मंगलवार रात जम्मू-कश्मीर के कठुआ में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास पाकिस्तानी ड्रोन नजर आया था। भारतीय सेना ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए अपने एंटी ड्रोन सिस्टम एक्टिवेट किए थे। सेना की जवाबी कार्रवाई के बाद ड्रोन पाकिस्तान की ओर लौट गया। पिछले 10 दिनों में बॉर्डर के पास ड्रोन देखे जाने की यह पांचवी घटना थी।

### कब-कब दिखाई दिए ड्रोन

**20 जनवरी:** कठुआ में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर के पास पाकिस्तानी ड्रोन नजर आया।

**17 जनवरी:** रामगढ़ सेक्टर में भी ड्रोन देखा गया था।

**15 जनवरी:** रामगढ़ सेक्टर में एक बार ड्रोन नजर आया।

**13 जनवरी:** राजौरी जिले में दो बार पाकिस्तानी ड्रोन दिखे।

**11 जनवरी:** नौशेरा सेक्टर में, धरमसाल सेक्टर में, रियासी, सांबा और पुंछ के मंकोट सेक्टर में एक साथ 5 ड्रोन स्पॉट हुए थे।

## पंजाब सरकार ने शुरू किया प्ले-वे स्कूलों के लिए पंजीकरण पोर्टल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 21 जनवरी।** पंजाब सरकार ने बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और समग्र विकास की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए प्ले-वे स्कूलों के लिए एक पंजीकरण पोर्टल शुरू किया है। सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री बलजीत कौर ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पंजाब भर में संचालित सभी प्ले-वे स्कूलों के साथ-साथ छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने वाले प्राइवेट स्कूलों के लिए इस पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य होगा।

मंत्री ने बताया कि छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए एक समान पाठ्यक्रम तैयार किया जा रहा है, जिसे आंगनवाड़ी केंद्रों, प्ले-वे स्कूलों और प्राथमिक स्कूलों में लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण फरवरी के मध्य तक पूरा हो जाएगा। बच्चों पर किताबों का बोझ डालने के बजाय, उन्हें खेल-आधारित और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा दी जाएगी।

शिशु अवस्था की देखभाल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मंत्री कौर ने कहा कि बच्चे के मस्तिष्क का लगभग 90 प्रतिशत विकास शून्य से छह वर्ष की उम्र के बीच होता है। इसलिए इस महत्वपूर्ण अवधि के दौरान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उचित पोषण प्रदान करना पंजाब सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आगे कहा कि मिशन आरंभ के तहत अभिभावकों को उनके बच्चों की दैनिक शिक्षण प्रक्रिया से सक्रिय रूप से जोड़ा गया है।







दहशत | हिमाचल के मुख्यमंत्री को मानव बम से उड़ाने की धमकी, शिमला के डीसी को ई-मेल भेजी, लिखा-

## झंडा फहराने आए तो करेंगे आत्मघाती हमला

अर्थ प्रकाश/ अरविंद शर्मा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू को गणतंत्र दिवस पर मानव बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। यह धमकी ई-मेल के माध्यम से डीसी ऑफिस शिमला को भेजी गई है। पुलिस के अनुसार, धमकी भरे ई-मेल में लिखा गया कि यदि सीएम गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने पहुंचते हैं, तो उन पर आत्मघाती हमला किया जाएगा। इस ई-मेल को गंभीरता से लेते हुए थाना सदर शिमला में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। यह ई-मेल डीसी ऑफिस शिमला की आधिकारिक



मेल आईडी पर प्राप्त हुआ है, जिसे पुलिस अधिकारियों के माध्यम से थाना सदर भेजा गया। मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 351(3), 353(1)(बी) और 152 के तहत केस दर्ज किया गया है।

धमकी भरा यह ई-मेल एक गुमनाम आईडी से भेजा गया है। पुलिस इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर मेल भेजने वाले व्यक्ति की पहचान करने में जुटी हुई है। साइबर विशेषज्ञों की मदद से ई-मेल के स्रोत और लोकेशन का पता लगाया जा रहा है, ताकि उसे गिरफ्तार किया जा सके।

### गणतंत्र दिवस पर बढ़ेगी सुरक्षा

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पहले से ही कड़ी है। इस धमकी के बाद अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। साथ ही आम लोगों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें। इस बार राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह शिमला के रिज पर मनाया जाएगा। यहां पर सीएम सुक्खू तिरंगा फहराएंगे। हालांकि पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ईमेल के जरिए झूठी और भ्रामक सूचना फैलाकर जनता में भय का माहौल बनाने की कोशिश की गई। इस तरह की हरकत लोक शांति भंग करने के साथ-साथ देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता के लिए भी गंभीर खतरा है।

अर्थ प्रकाश

# सरहद पार से अवैध हथियारों के मॉड्यूल से जुड़े दो व्यक्ति अमृतसर में गिरफ्तार, छह आधुनिक हथियार बरामद

गिरफ्तार मुलजिम अपने विदेशी हैंडलरों के निर्देशों के तहत गैंगस्टरों को हथियार सप्लाई कर रहे थे: डीजीपी गौरव यादव

मुलजिम विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के माध्यम से पाकिस्तान आधारित तस्करों से सीधे संपर्क में थे: सीपी अमृतसर गुरप्रीत भुल्लर



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 21 जनवरी।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चल रही मुहिम के दौरान एक बड़ी सफलता में अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने दो संचालकों को गिरफ्तार करके पाकिस्तान आधारित तस्करों से जुड़े सरहद पार से चलाए जा रहे अवैध हथियारों के मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है और उनके कब्जे से छह आधुनिक पिस्तौल बरामद की हैं। यह जानकारी आज यहां पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी (22) निवासी गांव रत्तोके, तरनतारन और सुरजीत सिंह (35) निवासी चेला कॉलोनी, तरनतारन के रूप में हुई है। सुरजीत सिंह का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट सहित कई मामले दर्ज हैं। बरामद किए गए हथियारों में दो जिंदा कारतूसों सहित दो 9 एमएम ग्लॉक पिस्तौल और चार .30 बोर पिस्तौल शामिल हैं।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए मुलजिम विदेशी हैंडलरों के निर्देशों के तहत अवैध हथियारों की तस्करी और गैंगस्टरों को हथियार सप्लाई करने में शामिल थे। उन्होंने आगे बताया कि इस मामले में अगले-पिछले संबंधों का पता लगाने के लिए आगामी जांच जारी है।

पुलिस कमिश्नर (सीपी) अमृतसर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि विश्वसनीय जानकारी पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीमों ने संदिग्ध गुरप्रीत उर्फ गोपी को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से दो जिंदा कारतूसों सहित तीन .30 बोर पिस्तौल और एक ग्लॉक बरामद की। उन्होंने आगे बताया कि लगातार पूछताछ से पता चला है कि आरोपी विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से पाकिस्तान-आधारित तस्करों से सीधे संपर्क में थे और गैंगस्टरों को इन हथियारों की सप्लाई करने के लिए अवैध हथियारों की खेप प्राप्त कर रहे थे, जो कि ड्रोन के माध्यम से आ रही थी।

### गोपी के खुलासों के आधार पर उसके साथी सुरजीत सिंह को गिरफ्तार किया

सीपी ने कहा कि गुरप्रीत उर्फ गोपी के खुलासों के आधार पर पुलिस टीमों ने उसके साथी सुरजीत सिंह को भी गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से एक ग्लॉक और एक .30 बोर बरामद किया है। उन्होंने कहा कि जांच से पता चला है कि सुरजीत सिंह एक ही नेटवर्क का हिस्सा होने के नाते विभिन्न स्थानों पर अवैध हथियारों की डिलीवरी में सक्रिय रूप से शामिल था। इस संबंध में केस थाना इस्लामाबाद, अमृतसर में आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-ए) और 25(6,7,8) के तहत एफआईआर नंबर 14 दिनांक 13-01-2026 को दर्ज किया गया है।

## लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन-2026 शुरू

# भारत निर्वाचन आयोग ने स्वागत समारोह में देशभर के प्रतिनिधियों का किया स्वागत

समागम के दौरान 'इंडिया डिसाइड्स' डॉक्यूमेंट्री फिल्मों की झलकियां दिखाई गईं

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 21 जनवरी।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आईआईसीडीईएम)-2026 का शुभारंभ आज नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन एक विशेष स्वागत समारोह के साथ हुआ, जिसमें भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार, निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू तथा डॉ. विवेक जोशी ने लगभग 60 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में देश-विदेश से लगभग 1000 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें 42 चुनाव प्रबंधन संस्थाओं (ईएमबी) के प्रतिनिधि, 27 देशों के राजदूत एवं हाई कमिश्नर, 70 से अधिक राष्ट्रीय संस्थानों के विशेषज्ञ, भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारी तथा 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी शामिल थे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि बीते दशकों में चुनाव प्रबंधन संस्थाओं की भूमिका में व्यापक विकास हुआ है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत 1.5 अरब की आबादी वाले 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में अभूतपूर्व स्तर पर चुनाव संपन्न कराता है, जो वैश्विक स्तर पर एक उदाहरण है। निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने कहा कि चुनाव प्रबंधन संस्थाओं में जनता का विश्वास लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है। प्रत्येक चुनाव नागरिकों को केंद्र में रखकर आयोजित किया जाता है और मताधिकार का सम्मान एवं संरक्षण करना सभी निर्वाचन संस्थाओं की सामूहिक जिम्मेदारी है। निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी ने कहा कि यह सम्मेलन चुनाव प्रबंधन संस्थाओं, शोधकर्ताओं, छात्रों और पेशेवरों को एक साझा मंच प्रदान करता है, जिससे विभिन्न दृष्टिकोणों के माध्यम से लोकतंत्र को और सुदृढ़ किया जा सके। इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट के महानिदेशक राकेश वर्मा ने कहा कि सम्मेलन का विषय एक समावेशी, शांतिपूर्ण और सतत विश्व के लिए लोकतंत्र की भूमिका को रेखांकित करता है। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के सहयोग से निर्मित आगामी डॉक्यूमेंट्री श्रृंखला 'इंडिया डिसाइड्स' की झलकियाँ भी देखीं। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अर्जुन नोहवार ने कहा कि ये फिल्में आकर्षक दृश्यों के माध्यम से भारत के विशाल और जटिल चुनावी तंत्र को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करती हैं।

# लीगल मेट्रोलॉजी विंग ने वर्ष 2025 के दौरान अप्रैल से दिसंबर तक 1.40 करोड़ रुपये की कमाई की

खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले मंत्री लाल चंद कटारूचक द्वारा विभाग के शानदार कार्यप्रदर्शन की सराहना

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 21 जनवरी।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग, पंजाब के लीगल मेट्रोलॉजी विंग के प्रदर्शन में वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में अप्रैल से दिसंबर 2025 तक वसूली गई कंपाउंडिंग फीस, निरीक्षण और की गई सत्यापन आदि जैसे कई मानदंडों के आधार पर वृद्धि दर्ज की गई है।

उल्लेखनीय है कि लीगल मेट्रोलॉजी विंग ने 2025-26 में 1.40 करोड़ रुपये की कंपाउंडिंग फीस एकत्र की, जबकि वर्ष 2024-25 में इसी अवधि के दौरान विंग ने 1 करोड़ रुपये से थोड़ी अधिक राशि एकत्र की थी। इस प्रकार विंग ने 2025-26 में 22133 निरीक्षण किए जबकि 2024-25 के दौरान निरीक्षणों का आंकड़ा 18419 था। इसके अलावा 2025-26 में विंग ने 2230 चालान किए जबकि 2024-25 के दौरान कुल काटे गए चालानों की संख्या 1397 थी।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले मंत्री लाल चंद कटारूचक ने विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और भी जोश और समर्पण के साथ काम करने के लिए कहा है।

उल्लेखनीय है कि विंग के पास अमृतसर, लुधियाना, जालंधर और पटियाला में विभाग के स्वामित्व वाली मानक प्रयोगशालाएं हैं, जबकि सरहिंद और खन्ना में नई प्रयोगशालाएं बनाने की योजना है। लीगल मेट्रोलॉजी विंग का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बेचे और खरीदे गए सामान की वास्तविक मात्रा और माप सही और सटीक हो ताकि उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा की जा सके।

## पंजाब के गांवों में खेल क्रांति: आप सरकार बना रही है 3100 मैदान, युवाओं को नशों से निकालकर खेलों की ओर प्रेरित करना हमारा उद्देश्य: सौंद

# काम में लापरवाही व झूठी रिपोर्टिंग नहीं होगी बर्दाश्त, पारदर्शिता के लिए तीन फ्लाइंग स्क्वाड किये तैनात: सौंद

गुणवत्ता से समझौता करने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी, जवाबदेही की तय

खेल मैदानों की होगी डिजिटल निगरानी, अधिकारियों को हर 15 दिनों के बाद एमआइएस पोर्टल पर भेजनी होगी फोटो और जियो टैगड रिपोर्ट: सौंद

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 21 जनवरी।** पंजाब के कैबिनेट मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद ने राज्य में बन रहे ग्रामीण खेल मैदानों की प्रगति और गुणवत्ता को लेकर सरकार के सख्त रुख को स्पष्ट किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार पूरे राज्य में 3,100 ग्रामीण खेल मैदान तैयार कर रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशों की दलदल से निकालकर खेलों की ओर प्रेरित करना है।

बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मंत्री सौंद ने बताया कि प्रोजेक्ट की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने तीन विशेष फ्लाइंग स्क्वाड तैनात किए हैं। ये दल सरकार की 'आंखें और कान' के रूप में काम करेंगे और विभिन्न गांवों में जाकर जमीनी स्तर पर जांच करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब केवल कागजी कार्रवाई नहीं चलेगी, जमीन पर काम की गुणवत्ता दिखनी अनिवार्य है।

उन्होंने आगे बताया कि खेल मैदानों की जमीनी रिपोर्ट के लिए हमने एक एमआइएस पोर्टल तैयार किया है, जिसमें संबंधित अधिकारी को विकास कार्य की हर 15 दिनों में फोटो और जियो टैगिंग के साथ रिपोर्ट भेजनी होगी। सिस्टम में सुधार का सख्त संदेश देते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जहां भी झूठी रिपोर्टिंग या काम में लापरवाही पाई गई, वहां तुरंत कार्रवाई अमल में लाई गई है। कई अधिकारियों को निलंबित किया गया है और कारण-बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में किसी भी तरह का राजनीतिक दखल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सौंद ने बताया कि पूरे पंजाब में एकसमान तकनीकी मानक लागू किए गए हैं। काम की निगरानी के लिए तीसरे पक्ष (थर्ड पार्टी) के टेक्नो-फाइनेंशियल ऑडिट की मदद ली जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी पैसे की एक-एक पाई का हिसाब रखा जा रहा है ताकि ग्रामीण पंजाब को वर्ल्ड-क्लास आधारभूत ढांचा मिल सके। उन्होंने कहा कि इस मुहिम में सरपंचों, ग्राम पंचायतों और स्थानीय खेल क्लबों को भी महत्वपूर्ण हिस्सेदार बनाया गया है। मंत्री ने कहा कि ये सभी संस्थाएं इस प्रोजेक्ट में केवल दर्शक नहीं हैं, बल्कि हमारे साथी हैं जो गांव के विकास की निगरानी करेंगे।

विरोधी पक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए सौंद ने कहा कि ईमानदार अधिकारियों को डरने की कोई जरूरत नहीं है। सजा सिर्फ उनको मिलेगी जो गलत रिपोर्टिंग या भ्रष्टाचार में शामिल होंगे। हमने जवाबदेही को व्यक्तिगत नहीं बल्कि प्रणालीगत बना दिया है।

कैबिनेट मंत्री ने दोहराया कि पंजाब सरकार युवाओं के भविष्य और जनता के पैसे की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। यह नया पंजाब है, जहां खेल मैदान बनेंगे भी और उनके हर इंच की निगरानी भी होगी।

# भगवंत मान सरकार द्वारा मानसा में 'सत्कार घर' का उद्घाटन, बुजुर्गों की सम्मानजनक देखभाल के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 21 जनवरी।** भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने मानसा में सीनियर सिटीजन होम 'सत्कार घर' का उद्घाटन किया है। यह बुजुर्गों के लिए एक सुदृढ़ और मानवीय सामाजिक सुरक्षा ढांचा स्थापित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। यह सुविधा सामाजिक सुरक्षा तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा उन बुजुर्गों को सुरक्षित, सम्मानजनक और आवासीय देखभाल सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से उपलब्ध कराई जा रही है, जो पारिवारिक सहयोग से वंचित हैं। 'सत्कार घर' पहल जिला स्तर पर बुजुर्गों की देखभाल, सुरक्षा और भावनात्मक सहयोग सुनिश्चित करने के लिए पंजाब सरकार की व्यापक प्रतिबद्धता को दर्शाती है। लंबे समय से संरचित संस्थागत सहायता की प्रतीक्षा कर रहे बुजुर्गों के लिए, पंजाब सरकार समर्पित आवासीय सेवाएं उपलब्ध कराकर उनकी आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान दे रही है। मानसा में 28 कनाल क्षेत्र में फैला यह सीनियर सिटीजन होम 9 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है और इसमें कुल 72 बुजुर्गों के ठहरने की क्षमता है। इस तीन मंज़िला इमारत की सभी मंज़िलों पर समान सुविधाएं प्रदान की गई हैं। प्रत्येक मंज़िल पर सात कमरों में 24 बुजुर्ग ठहर सकते हैं। यह लेआउट सभी बुजुर्गों के लिए सुगम पहुंच, आराम और ठहराव की समानता सुनिश्चित करता है। इन बुजुर्गों के लिए सुचारु संचालन और निरंतर देखभाल सुनिश्चित करने हेतु 19 पदों को मंजूरी दी गई है, जो देखभाल, रख-रखाव और प्रशासनिक आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। इसके अतिरिक्त, 24 घंटे सहायता प्रदान करने और बुजुर्गों की दैनिक आवश्यकताओं को समय पर पूरा करने के लिए आउटसोर्स स्टाफ के माध्यम से कार्यों का प्रबंधन किया जा रहा है।

जीवन के हर चरण में नागरिकों को सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मानसा में 'सत्कार घर' का उद्घाटन, पंजाब सरकार के समावेशी शासन और बुजुर्गों के कल्याण पर केंद्रित दृष्टिकोण को दर्शाता है।

# पुलिस व एनएचएआई ने हाईवे सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन को और बेहतर बनाने के लिए आपसी तालमेल किया मजबूत

स्पेशल डीजीपी ए.एस. राय और एन.एच.ए.आई. के रीजनल ऑफिसर राकेश कुमार ने एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम और संयुक्त प्रवर्तन प्रणाली की समीक्षा की



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 21 जनवरी।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की सोच के अनुरूप राज्य की सड़कों पर सुरक्षित माहौल और बेहतर यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी का सुचारू उपयोग करने हेतु पंजाब पुलिस और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एन.एच.ए.आई.) ने आज हाईवे सुरक्षा और प्रवर्तन के संबंध में सहयोग को मजबूत करने के लिए उच्च-स्तरीय तालमेल बैठक की।

स्पेशल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (स्पेशल डीजीपी) ट्रैफिक एवं रोड सेफ्टी पंजाब, ए.एस. राय और एन.एच.ए.आई. चंडीगढ़ के रीजनल ऑफिसर राकेश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में वर्तमान और आगामी हाईवे कॉरिडोरों, जिसमें हाल ही में शुरू किया गया कुराली-खरड़-मोहाली बाइपास भी शामिल है, पर एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (ए.टी.एम.एस.) के प्रभावी उपयोग पर विचार-विमर्श किया गया।

इस संबंध में विवरण साझा करते हुए स्पेशल डीजीपी ए.एस. राय ने बताया कि दोनों एजेंसियों ने रीयल-टाइम निगरानी, ऑटोमैटिक वाइलेशन डिटेक्शन और दुर्घटना स्थल पर त्वरित प्रतिक्रिया के लिए ए.टी.एम.एस. डेटा के साथ प्रवर्तन प्रोटोकॉल को एकीकृत करने पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि एजेंसियों ने रोड साइड विजिबिलिटी और जनता की सहायता बढ़ाने के लिए प्रमुख टोल प्लाज़ा और बिना टोल वाली जगहों पर ट्रैफिक सहायता पोस्टों को अपग्रेड करने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने यह भी कहा कि एस.एस.एफ. यूनिटों और एन.एच.ए.आई. टीमों के बीच निर्बाध संचालन संपर्क, प्रमुख कॉरिडोरों में त्वरित एवं सक्रिय सहायता सुनिश्चित करेगा।

बैठक में, दुर्घटनाओं के समय सुचारू ढंग से निपटने के लिए एम्बुलेंस सेवाओं, रिकवरी वैनों और हाईवे पैट्रोलिंग की तैनाती के लिए इमरजेंसी हेल्पलाइन 1033 और 112 के एकीकरण पर भी समीक्षा की गई ताकि संसाधनों का सुचारू उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान चंडीगढ़ और राजपुरा रोड पर ट्रैफिक जाम की समस्या पर विचार किया गया और एन.एच.ए.आई. द्वारा 2-3 महीनों के अंदर आवश्यक सुधार करने का भरोसा दिया गया। इस दौरान यह सहमति भी बनी कि ब्लैक स्पॉट्स की नियमित पहचान और मूल्यांकन संयुक्त रूप से किया जाएगा और जिसके डेटा विश्लेषण के लिए पी.आर.एस.टी.आर.सी., जो पंजाब पुलिस का अनुसंधान विंग है, द्वारा सहायता की जाएगी। विशेष डीजीपी ए.एस. राय ने एन.एच.ए.आई. को पूर्ण भरोसा देते हुए कहा, ''हम साथ मिलकर काम करेंगे ताकि राज्य में सड़क यातायात के दौरान लोगों को अधिकतम सुरक्षा और बेहतरीन सेवाएं प्रदान की जा सकें।''

रीजनल ऑफिसर चंडीगढ़, राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की महत्ता पर जोर देते हुए कहा, ''सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन के सुचारू प्रवर्तन से इंजीनियरिंग अधिक प्रभावशाली होगी। पंजाब देश का अग्रणी राज्य है और हम हर कीमती जान को बचाने के लिए यातायात को और बेहतर एवं सुचारू बनाने के लिए संयुक्त रूप से काम कर रहे हैं।'' इस दौरान मौजूद प्रतिष्ठित व्यक्तियों में पंजाब सरकार के ट्रैफिक सलाहकार डॉ. नवदीप असीजा, प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू-चंडीगढ़ आशिम बंसल और डीएसपी ट्रैफिक एवं सड़क सुरक्षा गणेश कुमार शामिल थे।

# एससी कमीशन ने किया डीडीपीओ संगरूर तलब

**चंडीगढ़, 21 जनवरी (अप्रस)।** पंजाब राज्य अनुसूचित जातियां आयोग ने एक मामले में कार्रवाई करते हुए जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी संगरूर (डी.डी.पी.ओ.) को आयोग के समक्ष पेश होने के लिए तलब किया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए पंजाब राज्य अनुसूचित जातियां आयोग के चेयरमैन श्री जसवीर सिंह गढ़ी ने बताया कि आयोग को श्री जगविंदर सिंह पुत्र जरनैल सिंह, निवासी गांव बख्तड़ी, तहसील भवानीगढ़, जिला संगरूर की ओर से शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसके संबंध में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी संगरूर (डी.डी.पी.ओ.) को जांच के संबंध में 20 जनवरी, 2026 को आयोग में पेश होने के लिए कहा गया था, लेकिन निर्धारित तिथि पर विभाग का कोई भी प्रतिनिधि हाजिर नहीं हुआ। इसलिए आयोग ने आदेश दिया है कि निर्धारित तिथि 30-01-2026 को श्री जसविंदर सिंह बग्गा, डी.डी.पी.ओ. को आयोग कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने के लिए तलब किया गया है।

# पंजाब राज्य खाद्य आयोग के सदस्य विजय दत्त ने किया सरकारी स्कूलों का अचानक निरीक्षण

अर्थ प्रकाश/जिनेंद्र जैन



**खरड़ (एसएएस नगर), 21 जनवरी।** पंजाब राज्य खाद्य आयोग के सदस्य श्री विजय दत्त ने बुधवार को साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर जिले के ब्लॉक कुराली एवं ब्लॉक खरड़ के विभिन्न सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के अंतर्गत संचालित पोषण एवं खाद्य सुरक्षा योजनाओं की जमीनी हकीकत का आकलन करना था।

निरीक्षण के दौरान श्री दत्त ने मिड-डे मील की गुणवत्ता, रसोईघरों की स्वच्छता, खाद्य सामग्री के सुरक्षित भंडारण तथा साफ-सफाई व्यवस्था की बारीकी से जांच की। उन्होंने मिड-डे मील वर्करों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण को अनिवार्य बताते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से भोजन की गुणवत्ता को लेकर संवाद किया तथा उनके साथ बैठकर भोजन भी किया। श्री दत्त ने सभी स्कूलों में पीने के पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों को सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। साथ ही उन्होंने स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में पंजाब राज्य खाद्य आयोग का शिकायत/ हेल्पलाइन नंबर 9876764545 प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करने को कहा। निरीक्षण के बाद श्री दत्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं खाद्य सुरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### किचन गार्डन पर विशेष जोर

श्री दत्त ने सभी सरकारी स्कूलों में किचन गार्डन स्थापित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि जहां भी पर्याप्त भूमि उपलब्ध हो, वहां किचन गार्डन अनिवार्य रूप से विकसित किया जाना चाहिए, ताकि बच्चों को ताजी, पौष्टिक और सुरक्षित सब्जियां उपलब्ध कराई जा सकें। इस क्रम में उन्होंने कुराली स्थित सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विकसित किए गए उत्कृष्ट किचन गार्डन की सराहना करते हुए स्कूल स्टाफ को बधाई दी और इसे अन्य स्कूलों के लिए अनुकरणीय मॉडल बताया। उन्होंने कहा कि किचन गार्डन न केवल पोषण स्तर को बेहतर बनाते हैं, बल्कि बच्चों में प्रकृति, स्वच्छता और आत्मनिर्भरता की भावना भी विकसित करते हैं।

# 10 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए हवलदार को विजिलेंस ब्यूरो ने रंगे हाथों पकड़ा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 21 जनवरी।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही अपनी मुहिम के दौरान जिला फिरोजपुर के थाना लक्खोके बहिराम में तैनात हवलदार (हेड कांस्टेबल) हरपाल सिंह को 10,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू किया है। आज यहां यह जानकारी देते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त आरोपी को गांव सरूप सिंह वाला, तहसील गुरुहरसहाय, जिला फिरोजपुर निवासी की शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता के भाई के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था और आरोपी हवलदार ने शिकायतकर्ता से उस मामले में मदद करने और उसके भाई को किसी अन्य मामले में नामजद न करने के बदले एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी। इस संबंध में दोषी हवलदार ने शिकायतकर्ता से 20,000 रुपये रिश्वत की राशि प्राप्त की और बाकी बची राशि की मांग करता रहा। शिकायतकर्ता ने रिश्वत की मांग करते हुए आरोपी हवलदार की बातचीत रिकॉर्ड कर ली थी। प्रवक्ता ने आगे बताया कि उसकी शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में आरोपी को शिकायतकर्ता से 10,000 रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में विजिलेंस ब्यूरो के थाना फिरोजपुर में आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और इस मामले की आगे की जांच जारी है।

# चुनाव प्रबंधन संस्थाओं के प्रमुखों ने लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन-2026 में भाग लिया

चुनाव प्रशासन के सामने वैश्विक चुनौतियों पर उच्च-स्तरीय विचार-विमर्श हुआ

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 21 जनवरी।** 42 चुनाव प्रबंधन संस्थाओं (ई.एम.बी.) के प्रमुखों ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (आई.आई.सी.डी.ई.एम. - 2026) में भाग लिया। इस संबंध में आयोजन की शुरुआत मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने की। इस आयोजन में लगभग 60 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें चुनाव प्रबंधन संस्थाओं के प्रमुख तथा कई देशों के राजदूत/हाई कमिश्नर शामिल थे। चुनाव प्रबंधन संस्था प्रतिभागियों के लिए एक ऐसा मंच है, जहां लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन पर उच्च-स्तरीय विचार-विमर्श के लिए चुनाव प्रबंधन संस्थाओं के प्रमुख तथा वरिष्ठ नेता, राजदूत/हाई कमिश्नर एक ही स्थान पर एकत्र होते हैं। भारत की ओर से वर्ष 2026 के दौरान अंतरराष्ट्रीय आई.डी.ई.ए. के चेयरपर्सन के रूप में विषय संबंधी प्राथमिकताएं साझा की गई। चुनाव प्रबंधन संस्था के नेताओं तथा देश के प्रतिनिधियों ने लोकतंत्र और चुनाव प्रशासन के सामने वैश्विक चुनौतियों के बारे में अपने विचार साझा किए।

# 'युद्ध नशेयां विरुद्ध': 326वें दिन 152 नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 21 जनवरी।** प्रदेश से नशा के खात्मे के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा चलाई जा रही नशा के विरुद्ध जंग 'युद्ध नशेयां विरुद्ध' के लगातार 326वें दिन पंजाब पुलिस ने बुधवार को 309 जगहों पर छापेमारी की जिससे प्रदेश भर में 152 नशा तस्करों को गिरफ्तार करके 78 एफआईआर दर्ज की गई। इसके साथ, 326 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 45,748 हो गई है। छापेमारी के नतीजे के रूप में गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों के कब्जे से 377 ग्राम हेरोइन, 1529 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 5200 रुपये की ड्रग मनी बरामद हुई है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और सीनियर पुलिस सुपरिंटेंडेंट को पंजाब को नशा मुक्त प्रदेश बनाने के लिए कहा है। पंजाब सरकार ने नशा के विरुद्ध जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब कमेटी का गठन भी किया है। 64 गजेटेड अधिकारियों की निगरानी के तहत 800 से अधिक पुलिस कर्मचारियों की नफरी वाली 100 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्य भर में 309 जगहों पर छापेमारी की। पुलिस टीमों ने दिन भर चले इस ऑपरेशन के दौरान 319 संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पानीपत के विभिन्न उद्योगों से जुड़े प्रतिनिधियों की प्री बजट बैठक में अहम घोषणा

# सरकार नहीं अपितु जनता का बजट समझकर दें सुझाव : नायब सैनी

- पानीपत में स्थापित होगा अंतर्राष्ट्रीय स्तर का टैक्सटाईल संस्थान
- 10 एकड़ जमीन एचएसआईआईडीसी को करवाई जाएगी उपलब्ध
- हरियाणा आत्मनिर्भर टेक्सटाइल पॉलिसी की अवधि को भी बढ़ाकर आगामी 18 दिसंबर, 2026 तक किया गया


हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जिला पानीपत में आयोजित बजट पूर्व परामर्श बैठक के दौरान टेक्सटाइल सेक्टर, प्रमुख सेक्टोरल एसोसिएशन और फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए। (21.01.2026)

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पानीपत, 21 जनवरी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पानीपत बुनकरों की और ऐतिहासिक नगरी है जहां का कपड़ा उद्योग हरियाणा के साथ-साथ पूरे भारत में नाम रौशन कर रहा है। पानीपत आज तेज गति से खाद्य प्रसंस्करण केन्द्र के रूप में भी तेजी से उभर रहा है। इसी को देखते हुए विभिन्न उद्योग संगठनों की मांग पर पानीपत में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का टैक्सटाईल संस्थान बनाया जाएगा, जिसके लिए 10 एकड़ जमीन उपलब्ध करवाई जाएगी। इस संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मानकों पर तकनीकी दक्षता उपलब्ध करवाई जाएगी।

मुख्यमंत्री बुधवार को पानीपत में आयोजित पानीपत, सोनीपत, और करनाल में टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री और विभिन्न उद्योगों से जुड़े प्रतिनिधियों से बजट पूर्व परामर्श बैठक में उपस्थित उद्योगपतियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभिन्न उद्योग संगठनों की मांग पर हरियाणा आत्मनिर्भर टेक्सटाइल पॉलिसी की अवधि को एक वर्ष के लिए बढ़ाकर 18 दिसंबर, 2026 तक कर दिया है।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री पूरे प्रदेश में किसानों और उपभोक्ताओं के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य कर रही है। किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने, उन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़ने और कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के फार्म टू फाईबर, फाईबर टू फैक्ट्री, फैक्ट्री टू फैशन और फैशन टू फोर्न फाइव-एफ के मंत्र का भी जिक्र किया और कहा कि हरियाणा में भी इसी फाइव-एफ विजन को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। पूंजीगत निवेश सब्सिडी के तहत अब मामलों की संख्या पर कोई सीमा नहीं रहेगी। अब जितने भी योग्य उद्यमी आएंगे, सरकार उन सबकी मदद करेगी।

उन्होंने कहा कि हरियाणा आत्मनिर्भर टैक्सटाईल पॉलिसी के तहत 354 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनके लिए 367 करोड़ रुपये की ग्रांट स्वीकृत की जा चुकी है। यह पॉलिसी सभी उद्यमियों के विश्वास का प्रतीक है। आज दुनिया केमिकल-मुक्त और प्राकृतिक रंगों वाले कपड़ों की मांग कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि जिला पानीपत इस दिशा में ग्लोबल लीडर बन सकता है और यहां के लोग अब केवल पारंपरिक काम नहीं कर रहे, बल्कि वेस्ट टू वेल्थ और पेट टू फाईबर तथा एंटी बैक्टीरियल टॉवल्स जैसे नए प्रयोग कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने सभी निर्यातकों से आग्रह किया कि केवल पारंपरिक माल नहीं बेचना है, हमें विश्व बाजार की संस्कृति और मांग को समझना है। पानीपत का कपड़ा जब यूरोप या अमेरिका जाए, तो उस पर लिखा मेड इन इंडिया और मेड इन हरियाणा दुनिया के लिए गुणवत्ता की गारंटी बन जाए। इसके लिए, मेडिकल टेक्सटाइल और टेक्निकल टेक्सटाइल जैसे नए क्षेत्रों में रिसर्च करनी होगी। इसके लिए बजट में विशेष पर्याप्त प्रावधान किए जा रहे हैं। हरियाणा में नेशनल टेक्निकल टेक्सटाइल मिशन के साथ मिलकर नई मशीनरी और ट्रेनिंग के लिए सब्सिडी दे रहे हैं। बजट 2025-26 में प्रदेश सरकार ने महिलाओं के कौशल विकास के लिए विशेष फंड का प्रावधान किया था ताकि महिला श्रमिक केवल मजदूर न रहें, बल्कि वे डिजाइनिंग और मैनेजमेंट में भी आगे आएं। पिछले 10 वर्षों में टेक्सटाइल में एफ.डी.आई. दोगुणा हुआ है। भविष्य में पानीपत, गुरुग्राम और फरीदाबाद द्वारा मिलकर हरियाणा को ग्लोबल एक्सपोर्ट हब बनाने की दिशा में काम किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आज उच्च कोटि के खाद्य पदार्थों की मांग निरंतर बढ़ रही है। इस मांग को पूरा करने के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को अधिक व्यापक बनाने की जरूरत है। आज देश में फूड प्रोसेसिंग उद्योग बढ़कर लगभग 35 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह वर्ष 2032 तक बढ़कर लगभग 73 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। इसलिए, इस उद्योग में निवेश व विकास की व्यापक संभावनाएं हैं। हरियाणा में 28 हजार से अधिक फूड प्रोसेसिंग यूनिट लग चुकी हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में इस इंडस्ट्री के लिए अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश सरकार ने फूड प्रोसेसिंग व्यवसाय को पूंजी निवेश सब्सिडी प्रदान करने के लिए 12 जून, 2019 को चार प्रमुख बुनियादी ढांचा योजनाएं अधिसूचित की हैं। इनमें पहली योजना में फूड प्रोसेसिंग इकाइयों की स्थापना, विस्तार व विविधीकरण के लिए सब्सिडी की व्यवस्था की गई है। इसके तहत परियोजना लागत पर 25 प्रतिशत की पूंजी निवेश सब्सिडी प्रदान की जाती है। यह सब्सिडी ए व बी ब्लॉक में 50 लाख रुपये और सी व डी ब्लॉक में 1 करोड़ रुपये मिलती है। दूसरी योजना, बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज योजना है। इसके तहत परियोजना लागत पर 50 प्रतिशत की पूंजी निवेश सब्सिडी प्रदान की जाती है। यह सब्सिडी ए व बी ब्लॉक में 2 करोड़ 50 लाख रुपये तक तथा सी व डी ब्लॉक में 3 करोड 50 लाख रुपये तक दी जाती है।

रेफर व्हीकल और किसी अन्य चल बुनियादी ढांचे के लिए यह सहायता पूंजी निवेश का 50 प्रतिशत है, जो कि प्रत्येक परियोजना के लिए 50 लाख रुपये तक है। तीसरी योजना में, एकीकृत कोल्ड चेन एवं वैल्यू एडिशन इंफ्रास्ट्रक्चर पर सब्सिडी दी जाती है। इसके तहत परियोजना लागत पर 35 प्रतिशत से लेकर 45 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान की जाती है। यह सब्सिडी भंडारण के बुनियादी ढांचे, पैकेजिंग हाउसिज, परिवहन के बुनियादी ढांचे, मूल्य संवर्धन और प्रसंस्करण बुनियादी ढांचे के लिए 5 करोड़ रुपये तक हो सकती है। चौथी योजना, एकीकृत मिनी फूड पार्क योजना है। इसके तहत परियोजना लागत पर 50 प्रतिशत की दर से पूंजी निवेश सब्सिडी प्रदान की जाती है। यह सब्सिडी केवल सी और डी श्रेणी के ब्लॉक में 10 करोड़ रुपये तक दी जाती है। आज जब हम विकसित भारत-विकसित हरियाणा के विजन को साकार करने के लिए गति से बढ़ रहे हैं, तो उसकी असली ताकत इंडस्ट्रियल सेक्टरल एसोसिएशनों में छिपी है जो नीति और जमीनी हकीकत के बीच सेतु हैं। इन सभी की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है और इन द्वारा दिए गए सुझाव सरकार के मार्गदर्शक का काम करेंगें।

मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा कि सभी सुझावों पर गम्भीरता के साथ काम किया जाएगा। उन्होंने उपस्थित लोगों से अनुरोध किया कि जब विधानसभा में बजट 2026-27 कि प्रस्तुति हो तो वे उसे अवश्य सुनें। जिन के बहुमूल्य सुझाव बजट 2026-27 में शामिल किए जाएंगे, उन सभी को सरकार की ओर से विधानसभा की कार्यवाही देखने का विशेष निमंत्रण भेजा जाएगा।

इस मौके पर विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्णलाल पंवार, उद्योग मंत्री राव नरवीर, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, खाद्य एवं आपूर्ति राज्य मंत्री राजेश नागर, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, मेयर कोमल सैनी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, प्रधान सचिव अरूण गुप्ता, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ अमित अग्रवाल सहित विभिन्न प्रशासनिक अधिकारी और उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधि शामिल रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### श्री कृष्ण रास लीला से भक्त हुए अभिभूत



**करनाल (अप्रस/शैलेन्द्र जैन)।** श्री गीता मंदिर, सेक्टर-13 में श्रीकृष्ण रासलीला का भव्य आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। वृंदावन से पधारे श्री निकुंज बिहारी रासलीला मंडल के कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का निर्देशन कुंज बिहारी शर्मा भैया ने किया। रासलीला मंचन के दौरान कलाकारों ने दर्शाया कि जब-जब धरती पर संतों का अपमान हुआ, तब-तब भगवान ने संत नामदेव के रूप में अवतार लेकर भक्तों की रक्षा की। मंच से यह संदेश दिया गया कि गुरु के बिना भगवान के दर्शन संभव नहीं हैं। इस अवसर पर महाराज श्री मुक्तानंद जी महाराज ने अपने प्रवचनों में गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को बताया। वहीं दीदी नीलिमा सांगला जी ने भी भक्ति एवं सेवा भाव पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रधान कैलाश चंद गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### डीएसजे व सीजेएम ने जिला कारागार व नारी निकेतन का किया औचक निरीक्षण



**करनाल (अप्रस/शैलेन्द्र जैन)।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने बुधवार को जिला कारागार व नारी निकेतन का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जिला कारगार में रह रहे बंदियों से बातचीत की और उन्हें मुफ्त कानूनी सहायता बारे जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने बंदियों को प्रदान की जा रही मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी खुशबू गोयल भी उपस्थित रही। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा ने नारी निकेतन में रह रही महिलाओं से बातचीत की और उन्हे प्रदान की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। इस मौके पर सीजेएम डा. इरम हसन ने वहां रह रही महिलाओं को कैम्पेन 'बाल विवाह मुक्त भारत' की जानकारी दी और बाल विवाह जैसी कुरीति को समाज से उखाड़ फेंकने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ना हमें अपने बच्चों का बाल अवस्था में विवाह करना है और समाज में अन्य किसी भी जगह बाल विवाह जैसी घटना का पता लगता है तो उसको रोकना है और प्रशासन को सूचना देनी है।

### नामदेव महाराज की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



**रादौर (अप्रस/योगेश कुमार)।** कॉलेज रोड पर स्थित नामदेव मंदिर में रविवार 1 फरवरी को संत शिरोमणि श्री नामदेव जी महाराज की 755 वीं जयंती के उपलक्ष में 8वे वार्षिक जन्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित होंगे। वहीं भाजपा नेता नेपाल राणा, राम स्वरूप नामदेव नीलोखेडी, अजय कुमार एसडीओ पब्लिक हेल्थ वशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सतीश कुमार बागडी लुधियाना करेंगे। यह जानकारी देते हुए समिति के प्रधान महेश कुमार बंटी ने बताया कि कार्यक्रम में नामदेव जी महाराज व देवी देवताओं की सुंदर झांकियों का आयोजन निर्मोही म्यूजिकल ग्रुप मुलाना द्वारा किया जायेगा। सुबह 8 बजे हवन यज्ञ, 9 बजे जलपान, 10 बजे ध्वजारोहण, सवा 10 बजे ज्योति प्रज्जवलित, 11 बजे प्रवचन, दोपहर 12 बजे मुख्यातिथि का सम्मान किया जायेगा। वहीं दोपहर 1 बजे श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। जिसमें हजारो श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम को लेकर समाज के लोगों की ड्यूटी लगाई गई है। समाज की ओर से हर वर्ष संत शिरोमणि श्री नामदेव जी महाराज के जन्मदिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें समाज के लोग बढ़चढ़ कर भाग लेते है। मंच संचालन सर्वजीत यमुनानगर करेंगे।

## एएनएम फीमेल ट्रेनिंग कोर्स की परीक्षा में रामा कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने मारी बाजी

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 21 जनवरी।** प्रदेश स्वास्थ्य विभाग द्वारा घोषित एएनएम फीमेल ट्रेनिंग कोर्स के परीक्षा परिणाम में रामा कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग कुतुबपुर ने ऐतिहासिक सफलता दर्ज की है। संस्था का परीक्षा परिणाम न केवल शत प्रतिशत रहा बल्कि कैथल जिले की सूची में संस्थान की छात्रा रुकसान ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। रुखसान ने 449/600 अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। मनीषा और सरिता ने 429 अंक प्राप्त करके अपने संस्थान में द्वितीय स्थान और ज्योति ने 426 अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान प्राप्त किया। रामा संस्थान कई वर्षों से परिणाम के मामले में अपना परचम हरियाणा प्रदेश में लहरा रहा है। संस्थान की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए मैनेजिंग कमेटी और स्टाफ सदस्यों ने बताया कि यह परिणाम बच्चों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का नतीजा है। मेडिकल क्षेत्र के इस महत्वपूर्ण कोर्स में 100 प्रतिशत रिजल्ट देना और हरियाणा प्रदेश में अपना स्थान प्राप्त करना संस्थान की गुणवत्ता दर्शाता है। इस अवसर पर स्कूल मैनेजमेंट ने मेधावी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आशा व्यक्त की कि आगे भी छात्र अपनी मेहनत से अपना और अपने माता-पिता का और संस्था का नाम रोशन करते रहेंगे। प्रबंधन समिति ने प्रधान सुभाष संधु ने कहा कि हमें गर्व है हमारे विद्यार्थियों पर जिन्होंने कड़ी मेहनत के दम पर हमारी संस्था का नाम हरियाणा प्रदेश में रोशन किया।

## जाट स्कूल के खिलाड़ियों ने खेलों में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

### मोहित ने नेशनल चैंपियनशिप जूडो प्रतियोगिता में जीता गोल्ड मेडल

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश




**कैथल, 21 जनवरी।** स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित 69वीं राष्ट्र स्तरीय अंडर 14 हैंडबॉल प्रतियोगिता चित्तौडगढ़ राजस्थान में हुई। इस प्रतियोगिता में जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैथल के छात्र शिवचरण की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मोहित ने 13वीं जूनियर नेशनल चैंपियनशिप जूडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता। यह प्रतियोगिता राजेंद्र नगर बिहार में हुई थी। विद्यार्थी कमलदीप ने ताइक्वांडो नेशनल फेडरेशन के तहत राजस्थान के चित्तौडगढ़ में आयोजित प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता। ताइक्वांडो जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अनुष्का और उर्मिला ने गोल्ड मेडल हासिल किया और रितिका ने सिल्वर मेडल हासिल कर अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और भविष्य में अपनी प्रतिभा को निखारने की प्रेरणा दी। जाट हाई स्कूल सोसायटी के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उप प्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव रश्मि सिंह ढुल व कोषाध्यक्ष बलकार नैन ने खिलाडियों की कड़ी मेहनत से प्राप्त इन उपलब्धियों की प्रशंसा की और प्रत्येक खिलाड़ी को 1100 नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। राजकुमार बेनीवाल ने बताया जीवन में खेलों का विशेष महत्व है, खेलों से विद्यार्थियों में अनुशासन और नेतृत्व का गुण पनपता है। उन्होंने विद्यालय के छात्रों को खेलों में बढ़ चढकर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कार्यकारिणी के अन्य सदस्य डॉ सत्यवान माजरा, दलवीर कैरों, महावीर राविश, राजपाल गुहना, सन्नी चौसाला, महावीर कुंडू, विक्रम सोंगल, कुलदीप सिंह, रजत रापडिया, स्वतंत्र पाल सिंह व जसवीर मानस मौजूद रहे।

## विकसित भारत 2047 शीर्षक से प्रकाशित पुस्तक का किया विमोचन

**कैथल (अप्रस)।** विकसित भारत 2047 चुनौतियां और कार्य योजना शीर्षक से प्रकाशित पुस्तक का विमोचन आरकेएसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल द्वारा किया गया। यह पुस्तक अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूरज वालिया एवं अर्थशास्त्र की सहायक प्रोफेसर डॉ. रितु कंग वालिया द्वारा सह-लेखित है। इस अवसर पर महाविद्यालय की शोध समिति के संकाय सदस्यों प्रो. राजबीर पाराशर, प्रो. गीता गोयल, डॉ. विनय सिंगल, डॉ. शिल्पी अग्रवाल, डॉ. अजय शर्मा तथा डॉ. सुरेन्द्र आर्य की उपस्थिति रही। इस पुस्तक में कुल 27 अध्याय सम्मिलित हैं जिनमें वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की बहुआयामी परिकल्पना को प्रस्तुत किया गया है।

## प्राकृतिक संरक्षण के साथ प्लास्टिक के सीमित प्रयोग पर बल दिया

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द्र जैन



**करनाल, 21 जनवरी।** कन्या महाविद्यालय, घरौंडा (बस्ताड़ा) प्राचार्य श्रीमती कमलेश रानी के कुशल नेतृत्व एवं कार्यवाहक प्राचार्या श्रीमती दीपा ढुल के मार्गदर्शन में, राजकीय कन्या महाविद्यालय, घरौंडा (बस्ताड़ा) के एन.एस.एस. सेल द्वारा ÷पर्यावरण संरक्षण÷ थीम पर एक दिवसीय एन.एस.एस. शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्राओं एवं समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा प्रकृति संरक्षण के महत्व को जन-जन तक पहुँचाना था।

कार्यक्रम के दौरान एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती पूजा रानी ने स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वच्छ व सुरक्षित पर्यावरण ही स्वस्थ समाज की आधारशिला है तथा प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह वृक्षारोपण, जल संरक्षण एवं प्लास्टिक के न्यूनतम उपयोग को अपने जीवन का हिस्सा बनाए। उन्होंने 'नॉट मी बट यू' के मूलमंत्र को अपनाते हुए सामूहिक प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण करने का आह्वान किया।

शिविर के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन एवं जागरूकता रैली जैसी रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्वयंसेविकाओं द्वारा बनाए गए पोस्टरों एवं नारों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता तथा हरित भविष्य का सशक्त संदेश दिया गया। कार्यवाहक प्राचार्या श्रीमती दीपा ढुल द्वारा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर बस्ताड़ा गाँव के लिए रवाना किया गया। रैली के दौरान स्वयंसेविकाओं ने नारों एवं जन-संपर्क के माध्यम से ग्रामीण समुदाय को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर एन.एस.एस. समिति की सदस्य अनुराधा, डॉ. विक्रम, डॉ. श्रुति सहित अन्य प्राध्यापकगण डॉ. अनुप्रिया, डॉ. हितेन्दर कुमार, पवन कुमार एवं ममता की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा।

## किसानों को बताए नैनो उर्वकों के लाभ

**बराड़ा (अप्रस/जयबीर राणा थंबड)।** समीपवर्ती गांव अलावलपुर में इफको अम्बाला की तरफ से नैनो उर्वरकों का फसल उत्पादन में महत्व पर फसल विचार गोष्ठी एवं नि-शुल्क कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि तथा किसान कल्याण विभाग के कृषि उपनिदेशक डॉ जसवींद्र सैनी मुख्यतिथि रहे जबकि दी अम्बाला केन्द्रीय सहकारी बैंक अम्बाला के विकास अधिकारी हरनेक सिंह ने की। वहीं, इफको पानीपत से वीरेन्द्र मिगलानी, इफको कुरुक्षेत्र प्रवीण कुमार, डॉ. राजेन्द्र कुमार, धनंजय मणि त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि रहे। डॉ. जसविंदर सैनी ने किसानों को कृषि विभाग की किसान कल्याण योजनाओं एवं विभाग द्वारा संचालित विभिन्न अन्य पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. राजेंद्र कुमार, वैज्ञानिक (कृषि) ने किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों एवं आधुनिक खेती के तरीकों से अवगत कराया तथा किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) का भ्रमण करने के लिए आमंत्रित किया।

## 4 किलो 700 ग्राम गांजा सहित बाइक सवार नशा तस्कर गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 21 जनवरी।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस की टीम ने समालखा से हथवाला जाने वाली सड़क पर नाकाबंदी कर एक बाइक सवार नशा तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 4 किलो 700 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी नशा तस्कर की पहचान यूपी के गाजियाबाद जिले के लोनी अशोक विहार निवासी दिलशाद के रूप में हुई है।

एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि उनकी एक टीम मंगलवार शाम को गश्त के दौरान पावटी गांव के अड्डे पर थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक स्पलेंडर बाइक पर प्लास्टिक कट्टा रखकर हथवाला से समालखा रोड पर आटा मो? के पास आएगा। युवक के पास प्लास्टिक कट्टे में मादक पदार्थ होने की संभावना है। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस टीम ने समालखा से हथवाला रोड पर आटा मो? के पास नाकाबंदी शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात एक युवक बाइक की टंकी पर प्लास्टिक कट्टा रखे हथवाला की और से आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर बाइक को घुमाने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मौके पर ही बाइक सवार को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान दिलशाद पुत्र ताज अली निवासी अशोक विहार लोनी गाजियाबाद यूपी के रूप में बताई। पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मेजिस्ट्रेट की मौजूदगी में युवक की बाइक पर रखे प्लास्टिक कट्टे की तलाशी ली तो गांजा मिला।

## 29 को जालंधर से बनारस जाएगी बेगमपुरा एक्सप्रेस, अम्बाला छावनी स्टेशन पर होगा भव्य स्वागत: संत मनदीप दास जी

अर्थ प्रकाश/सचिन मलिक

**मुलाना, 21 जनवरी।** कांशी बनारस में हर वर्ष विश्व स्तर पर मनाया जाने वाला श्री गुरु रविदास जी महाराज का प्रकाश पर्व इस बार भी डेरा संचखंड बल्लां के गद्दीनशीन संत निरंजनदास जी महाराज की सरपस्ती में गुरु रविदास जी का 159वां जयंती समारोह और रविदासिया धर्म का 17वां स्थापना दिवस 1 फरवरी को बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं श्री गुरु रविदास धर्म अस्थान सिरसगढ़ (हरियाणा) के संचालक संत मनदीप दास जी ने बताया कि श्री गुरु रविदास जी के जन्मस्थान सीर गोवर्धनपुर बनारस में आयोजित इस भव्य और विशाल कार्यक्रम में शामिल होने के लिए संगत स्पेशल ट्रेन बेगमपुरा एक्सप्रेस से जाएगी। यह ट्रेन 29 जनवरी को जालंधर रेलवे स्टेशन से दोपहर बाद रवाना होगी, जो सांय पांच बजे अम्बाला छावनी रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। यहां से जहां हरियाणा की संगत इस ट्रेन में सवार होगी, वहीं इस ट्रेन का स्टेशन पर भव्य स्वागत किया जाएगा। ट्रेन में सवार संतजन और संगत का स्वागत करने के लिए हरियाणा की संगत पहुंचेगी। संगत को चाय का लंगर भी वितरित किया जाएगा। संत मनदीप दास ने बताया कि श्री गुरु रविदास जन्मस्थान मंदिर में देश-विदेश से लाखों की संख्या में भाग लेती है। यहां पर 15 जनवरी से अमृतवाणी के पावन जापों की लड़ी शुरू हो चुकी है, जिनकी संपूर्णता 1 फरवरी को सुबह होगी। इसके बाद पावन हरि के निशान झुलाए जाएंगे और उपरांत प्रसिद्ध कीर्तनी जत्थे गुरू रविदास जी की महिमा का बखान करेंगे। इस कार्यक्रम में देश के सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, मंत्री, अधिकारी समेत भारी संख्या में संगत पहुंचती है। संत मनदीप दास जी ने कहा कि संगत बनारस में पहुंचकर जगतगुरू रविदास जी महाराज का प्रकाश पर्व हर्षोल्लास से मनाए।

## बेटियों को सफल बनाने के लिए सभी को आगे आकर करना होगा काम: रेनू भाटिया

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य



**पिहोवा, 21 जनवरी।** महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि आज सरस्वती महोत्सव में सरस्वती के पावन तट पर आप यहां आए है, वे एक विश्वास लेकर जाए कि हमें दो बेटियों को सफल बनाना है, चाहे वे शिक्षा के क्षेत्र में हो या रोजगार के क्षेत्र मे हो। वे दिन दूर नहीं जब इन बेटियों में से ही कोई न कोई महिला आयोग की अध्यक्षा होंगी। महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के तीसरे दिन के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ करने के उपरांत संबोधित कर रही थी। इससे पहले चेयरपर्सन रेनू भाटिया व हरियाणा पशुधन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर ने दीप प्रज्जवलित करके विधिवत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा की बेटियां चांद से लेकर पाताल तक भारत देश का परचम लहरा रही है। उन्होंने महोत्सव में बैठी बेटियों को संकल्प दिलाते हुए कहा कि मैं कुरुक्षेत्र की बेटी हूं में आगे बढ़ूगी। अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के तीसरे दिन विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसी कड़ी में हरियाणा के लोकप्रिय कलाकार व भारत पद्मश्री आवार्डी महावीर गुड्डू जो प्रसिद्ध गीत भांग रगड़ कै पिया करू मैं कुंडी सौटे आला हूं, मेरे पाछा-पाछा सावरियां व अन्य गीतों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर उन्होंने हरियाणवी गीतों के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति से लोगों को अवगत करवाया। सरस्वती महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को माँ सरस्वती की प्रतिमा तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। महोत्सव में बने सेल्फी प्वाइंट पर लोग अपनी फोटो खिचवा रहे हैं तथा हरियाणवी स्टाइल की पगड़ी बंधवा रहे हैं। यहां पर आए हुए लोग इस महोत्सव की कई यादें अपने साथ ले जा रहे है। इस मौके पर हरियाणा धरोहर सरस्वती विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच, घुमंतु जाति के चेयरमैन जयसिंह पाल, एसडीएम अनिल कुमार दून, नगर पालिका चेयरमैन आशीष चक्रपाणि, पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील राणा, डॉ सतीश सैनी, सुखबीर सैनी, जिला प्रमुख मन की बात हान्नु चक्रपाणि, तहसीलदार पुनम सोलंकी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

### भीड़ जुटाने आए स्कूली बच्च

बिनाप्रचार प्रसार के पिहोवा में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में भीड़ जुटाना व प्रशासन की नाक बचाने के लिए अब स्कूली बच्चों ने मोर्चा संभाला है। समारोह में स्कूली बच्चे आने लगे हैं। स्कूली बच्चों के आने के कारण शहर में भी कुछ माहौल बना है। तथा धीरे-धीरे अब लोगों का आना भी शुरू हुआ है। जहां स्कूली बच्चे समारोह में भीड़ जुटा रहे हैं। वहीं रंगारंग कार्यक्रम भी स्कूली बच्चे ही प्रस्तुत कर रहे हैं पिछले तीन दिनों से समारोह में स्कूली बच्चों का ही कार्यक्रम आयोजित होता आ रहा है। हैरानी की बात है कि समारोह में आने से न जाने क्यों राजनेता भी पीछे हट रहे हैं। वर्ष 2017-18 से शुरू हुए इस सरस्वती महोत्सव में राजनेताओं ने सदा अपनी दूरी बनाए रखी। यह दीगर बात है की राजनेताओं मंत्रियों को दीप प्रज्वलित करने व शुभ आरंभ करने के लिए भेजा जाता रहा है। परंतु अधिकांश राजनेता व मंत्री गण समारोह में शामिल ही नहीं हुए। अंत में इस बार सरकार की ओर से विभिन्न विभागों के अध्यक्ष आदि की ड्यूटी लगाई गई है। परंतु वह भी बहुत लेट से ही पहुंच रहे हैं। उनकी देरी के कारण रंगारंग कार्यक्रम शुरू कर दिए जाते हैं। परंतु राजनेता बहुत देरी से आते हैं।

# कुरुक्षेत्र में कांग्रेस का संगठनात्मक प्रशिक्षण शिविर, राहुल गांधी ने जिला अध्यक्षों में भरी नई ऊर्जा और जोश

## कुरुक्षेत्र से संगठन को मजबूती का संदेश: राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं को किया प्रेरित

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**कुरुक्षेत्र, 21 जनवरी।** कांग्रेस पार्टी के हरियाणा और उत्तराखंड के जिला अध्यक्षों के लिए आयोजित 10 दिवसीय 'संगठन सृजन' प्रशिक्षण शिविर में आज लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विशेष रूप से हिस्सा लिया। पंजाबी धर्मशाला, ब्रह्म सरोवर के निकट आयोजित इस शिविर में पहुंचकर राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया और उन्हें संगठन को मजबूत करने के लिए नई प्रेरणा प्रदान की।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचते ही कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्ण स्वागत किया। राहुल गांधी ने हरियाणा एवं उत्तराखंड के लगभग 60 जिला अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा, 'आपको जिले की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आपको निडर होकर, कर्तव्यनिष्ठा के साथ इसे निभाना है। आप कांग्रेस के योद्धा हैं और योद्धा की तरह ही कार्य करना होगा।'

उन्होंने आगे कहा कि सामने भ्रष्ट सत्ता का साम्राज्य एक बड़ी चुनौती है, लेकिन कार्यकर्ताओं को निर्भीक होकर इन चुनौतियों का सामना करते हुए संगठन को और सशक्त बनाना है। राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए जोर दिया, 'आपकी आवाज को कोई दबा नहीं सकता, क्योंकि कांग्रेस जैसा मजबूत संगठन आपके साथ खड़ा है। आप सामर्थ्यवान हैं। किसी के दबाव में आकर निर्णय लेने की आवश्यकता नहीं; स्वतंत्र होकर काम करें। हम आपकी प्रगति का समय-समय पर मूल्यांकन करेंगे और आवश्यक दिशा-निर्देश व सहयोग प्रदान करते रहेंगे।'

राहुल गांधी ने इस दौरान प्रत्येक जिला अध्यक्ष से व्यक्तिगत रूप से बातचीत की, विस्तृत चर्चा की, जानकारियां साझा कीं और सुझावों का आदान-प्रदान किया। लगभग तीन घंटे तक चली इस गहन बैठक के बाद उन्होंने जिला अध्यक्षों और उनके परिवारजनों के साथ बैठकर भोजन किया। उनका यह आत्मीय और अपनत्व भरा व्यवहार कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार कर गया।

इस अवसर पर हरियाणा प्रदेश प्रभारी बी.के. हरिप्रसाद, सह-प्रभारी जितेंद्र बघेल, प्रफुल्ल गुडधे, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद कुमारी शैलजा, अशोक अरोड़ा, प्रदेश मीडिया प्रभारी संजीव भारद्वाज सहित हरियाणा एवं उत्तराखंड के सभी जिला अध्यक्ष, अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

यह प्रशिक्षण शिविर 13 जनवरी से शुरू होकर 22 जनवरी तक चल रहा है, जिसका उद्देश्य पार्टी के जिला स्तर पर संगठन को मजबूत करना और आगामी चुनौतियों के लिए कार्यकर्ताओं को तैयार करना है। राहुल गांधी की इस यात्रा और संबोधन ने पार्टी कार्यकर्ताओं में नया जोश भर दिया है।

# भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन सम्मेलन (आईआईसीडीईएम)-2026 का भव्य शुभारंभ

ईवीएम विषय पर चंडीगढ़ को मिली अहम अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी, एंटीगुआ एवं बारबुडा के साथ साझेदारी

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़/नई दिल्ली, 21 जनवरी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन सम्मेलनङ्क2026 का आज नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में भव्य शुभारंभ हुआ। यह सम्मेलन 21 से 23 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें दुनिया भर के निर्वाचन प्रबंधन विशेषज्ञ लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं और चुनावी सुधारों पर मंथन कर रहे हैं।

सम्मेलन के विशेष स्वागत समारोह में भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने विभिन्न देशों से आए लगभग 60 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों का औपचारिक स्वागत किया। ये प्रतिनिधि अलग-अलग देशों के निर्वाचन प्रबंधन निकायों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

भव्य उद्घाटन सत्र में करीब 1,000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें 42 निर्वाचन प्रबंधन निकायों के प्रतिनिधि, 27 देशों के राजदूत एवं उच्चायुक्त, 70 से अधिक राष्ट्रीय संस्थानों के विशेषज्ञ, भारत निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारी तथा देश के 36 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी शामिल रहे।

सम्मेलन के तहत कुल 36 विषयगत समूहों का गठन किया गया है, जिनका नेतृत्व राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कर रहे हैं। इस महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मंच पर केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से जुड़े विषय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस विषय पर अध्ययन और अनुभव साझा करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने यूटी चंडीगढ़ को एंटीगुआ एवं बारबुडा के साथ साझेदार बनाया है, जिससे दोनों देशों के बीच निर्वाचन प्रक्रियाओं और सर्वोत्तम प्रथाओं का तुलनात्मक आदान-प्रदान हो सकेगा।

सम्मेलन की पूर्व संध्या पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, यूटी चंडीगढ़, स्वप्निल एम. नाइक, ने अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों का स्वागत किया। इनमें आर्थर जी. बी. थॉमस, अध्यक्ष, एंटीगुआ एवं बारबुडा निर्वाचन आयोग तथा इयान एस. ह्यूजेस, सुपरवाइज़र ऑफ इलेक्शंस, एंटीगुआ एवं बारबुडा प्रमुख रूप से शामिल रहे।

तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान उद्घाटन सत्र, निर्वाचन प्रबंधन निकायों के नेताओं की पूर्ण बैठक, कार्य समूहों की बैठकें तथा विभिन्न विषयगत सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इन सत्रों में वैश्विक निर्वाचन चुनौतियों, अंतरराष्ट्रीय मानकों, नवाचारों और निर्वाचन प्रबंधन की सर्वोत्तम प्रथाओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

इस अवसर पर चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से अमनदीप सिंह भट्टी, निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी-सह-अपर उपायुक्त; नवीन रत्तू, एईआरओ-सह-एसडीएम (सेंट्रल); राजीव तिवारी, एईआरओ-सह-निर्वाचन मीडिया नोडल अधिकारी; पवित्र सिंह, निदेशक (हॉस्पिटैलिटी); डॉ. संजय बाठिश, उप नोडल अधिकारी (ईवीएम) सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## संत शिरोमणि गुरु रविदास महोत्सव को लेकर प्रभात फेरियों का सिलसिला शुरू

**कलायत (अप्रस/कपिल देव रहिल्ला)।** कलायत में श्री रैदास तख्त पर 25 जनवरी को मनाए जाने वाले संत शिरोमणि गुरु रविदास महोत्सव को लेकर क्षेत्र में उत्साह दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। महोत्सव की तैयारियों के तहत श्रद्धालुओं ने प्रभात फेरियों का सिलसिला शुरू कर दिया है। यह 1 फरवरी तक निरंतर जारी रहेगा। प्रभात फेरियों का नेतृत्व श्री तख्त के महात्मा गुरु प्रसाद कर रहे हैं। इनकी अगुवाई में बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रभात फेरी में भाग ले रहे हैं। श्री रैदास तख्त प्रबंध कमेटी प्रधान डा.प्रीतम कौलेखां, कोषाध्यक्ष सुभाष धानियां, सचिव पूर्व पार्षद राजेश जेष्ठ, लखपत राय, सुरेंद्र कुमार व दूसरे श्रद्धालुओं ने बताया कि प्रभात फेरियों के दौरान श्रद्धालु गुरु रविदास जी के भजन-कीर्तन करते हुए नगर के विभिन्न मार्गों से गुजर रहे हैं। इससे पूरे वातावरण में भक्ति और उत्साह का माहौल बन गया है। सुबह के समय निकलने वाली इन प्रभात फेरियों में महिलाएं, पुरुष, युवा और बुजुर्ग सभी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। भजनों और जयकारों से नगर की गलियां गूंज उठती हैं। इससे सामाजिक एकता और धार्मिक भावना संदेश भी प्रसारित हो रहा है। श्री रैदास तख्त प्रबंध कमेटी के प्रधान डा.प्रीतम कोलेखा ने बताया कि 31 जनवरी को कुरुक्षेत्र के उमरी में सरकारी स्तर पर मनाए जाने वाले संत शिरोमणि गुरु रविदास जन्मोत्सव में प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल मुख्य रूप से शिरकत करेंगे।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का तंज

# राहुल गांधी को खुद प्रशिक्षण की जरूरत: मोहनलाल बड़ौली

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत, 21 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बडौली ने कुरुक्षेत्र में कांग्रेस की कार्यशाला में पहुंचे राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा है कि राहुल गांधी को खुद प्रशिक्षण लेने की जरूरत है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस को सही नेतृत्व की जरूरत है, राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है, लेकिन राहुल गांधी मंथन करने की बजाय मोदी सरकार द्वारा लागू की जा रही कल्याणकारी योजनाओं का भी विरोध करते हैं। बडौली ने कहा राहुल गांधी सहित तमाम कांग्रेसी नेता केवल विरोध करने के लिए सरकार का विरोध करते हैं, इनके पास कोई मुद्दा नहीं बचा है।

मोहनलाल बडौली ने कहा कि कांग्रेस के पास न नेता है, न नेतृत्व है, न नीति है, न नियत है और न ही मुद्दे है इसलिए कांग्रेस हर चुनाव में पिछड़ रही है। कांग्रेस जनता को कभी ईवीम के नाम पर तो कभी वोट चोरी के नाम पर और कभी एसआईआर के नाम पर तो कभी वीबी जीरामजी के नाम पर भर्मित करने का प्रयास करती है, लेकिन प्रदेश और देश की जनता वोट की चोट से कांग्रेस को जवाब देती है। पहले हरियाणा, फिर महाराष्ट्र और अभी हाल ही में बिहार में हुए विधानसभा चुनावों के परिणाम ने स्पष्ट कर दिया कि जनता कांग्रेस के झूठे वादे और भ्रम की राजनीति में आने वाली नहीं है। राहुल गांधी के लिए राजनीति पार्ट टाइम जॉब की तरह है, वे चुनाव के दौरान कभी विदेश यात्रा पर निकल जाते हैं तो कभी देश मे रहते हुए भी अपनी पार्टी के लिए प्रचार करने नहीं जाते। जब से राहुल गांधी ने कांग्रेस की कमान संभाली है तब से कांग्रेस 2014, 2019 और 2024 के तीन लोकसभा चुनावों सहित 95 से ज्यादा चुनाव हारे हैं। इन्हें प्रशिक्षण नहीं आत्ममंथन की जरूरत है।

बडौली ने हरियाणा कांग्रेस की आंतरिक कलह पर तंज कसते हुए कहा कि हरियाणा में कांग्रेस कई धड़ों में बंटी हुई है। एक तरफ 'बापू-बेटा' की जोड़ी है, तो दूसरी तरफ अन्य बड़े नेता एक-दूसरे को नीचा दिखाने का कोई मौका नहीं छोड़ते। जो पार्टी अपने घर को नहीं संभाल पा रही, वह हरियाणा की जनता का क्या भला करेगी?

बडौली ने मोदी सरकार और नायब सैनी सरकार की योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि और उज्ज्वला योजना ने गरीबों के जीवन में सीधा बदलाव लाया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा में हमने पारदर्शी शासन दिया है, जहां युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरियां मिल रही हैं, जबकि कांग्रेस के समय 'पर्ची और खर्ची' का बोलबाला था।'

बडौली ने अंत में कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस केवल नकारात्मकता की राजनीति कर रहे हैं। उनके पास सरकार के खिलाफ कोई ठोस मुद्दा नहीं है। जनता अब इनके बहकावे में आने वाली नहीं है और विकास की राह पर चल रही भाजपा के साथ मजबूती से खड़ी है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### भाजपा सरकार ने मंडियों को बनाया सुदृढ़: राम नारायण



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** कैथल मार्केट कमेटी के उप चेयरमैन एवं भाजपा नेता राम नारायण ने कहा है कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की मंडी व्यवस्था को पूरी तरह से आधुनिक, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों के कार्यकाल में जहां मंडियों में अव्यवस्था, अव्यावहारिक नियम और बुनियादी सुविधाओं का अभाव था, वहीं आज भाजपा सरकार की नीतियों के चलते मंडियां सुव्यवस्थित और भरोसेमंद बन चुकी हैं। राम नारायण ने यहां जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार के मार्गदर्शन में मंडियों में पक्के शेड, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, बेहतर सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पुख्ता सडक़ें और डिजिटल तौल प्रणाली जैसी सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। इन व्यवस्थाओं से किसानों को न केवल राहत मिली है, बल्कि उन्हें अपनी फसल का उचित मूल्य समय पर प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा अपनाई गई पारदर्शी खरीद नीति से दलाली और भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगा है। अब खरीद प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन और रिकॉर्ड आधारित है, जिससे किसानों का विश्वास मंडी व्यवस्था में और अधिक मजबूत हुआ है। ई-नाम जैसी योजनाओं के माध्यम से किसानों को राष्ट्रीय स्तर के बाजार से जोडऩे का कार्य भी भाजपा सरकार की बड़ी उपलब्धि है। मार्केट कमेटी उप चेयरमैन ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसान कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियां केवल कागजों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि उनका सकारात्मक प्रभाव धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

### 4 किलो 700 ग्राम गांजा सहित बाइक सवार नशा तस्कर गिरफ्तार

**पानीपत (अप्रस/मनदीप कुमार)।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस की टीम ने समालखा से हथवाला जाने वाली सड़क पर नाकाबंदी कर एक बाइक सवार नशा तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 4 किलो 700 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी नशा तस्कर की पहचान यूपी के गाजियाबाद जिले के लोनी अशोक विहार निवासी दिलशाद के रूप में हुई है। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि उनकी एक टीम मंगलवार शाम को गश्त के दौरान पावटी गांव के अड्डे पर थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक स्पलेंडर बाइक पर प्लास्टिक कट्टा रखकर हथवाला से समालखा रोड पर आटा मोड़ के पास आएगा। युवक के पास प्लास्टिक कट्टे में मादक पदार्थ होने की संभावना है। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस टीम ने समालखा से हथवाला रोड पर आटा मोड़ के पास नाकाबंदी शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात एक युवक बाइक की टंकी पर प्लास्टिक कट्टा रखे हथवाला की और से आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर बाइक को घुमाने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मौके पर ही बाइक सवार को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान दिलशाद पुत्र ताज अली निवासी अशोक विहार लोनी गाजियाबाद यूपी के रूप में बताई। पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मेजिस्ट्रेट की मौजूदगी में युवक की बाइक पर रखे प्लास्टिक कट्टे की तलाशी ली तो गांजा मिला। बरामद गांजा का वजन करने पर 4 किलो 700 ग्राम पाया गया। इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह नशा करने का आदी है। अपनी नशे की लत पूरी करने व शार्टकट तरिके से पैसे कमाने के लिए कुछ दिन पहले बिहार से 5 किलो गांजा कम कीमत पर खरीद कर लाया था। जिसमें से कुछ गांजा आरोपी ने स्वय नशा करने के खर्च दिया और बचे 4 किलो 700 ग्राम गांजा को लेकर बेचने के लिए मंगलवार को ग्राहक की फिराक में आटा मोड़ पर आ रहा था। आरोपी के खिलाफ थाना समालखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने बुधवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 8 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी ने गहनता से पूछताछ करने के साथ ही नशा सप्लायर के ठीकानों का पता लगा काबू करने का प्रयास करेगी।

## भारत रत्न डा. भीम राव अंबेडकर के नाम से संचालित पुस्तकालय बेरोजगार युवाओं के लिए हो रहा वरदान साबित

अर्थ प्रकाश/कपिल देव रोहिल्ला

**कलायत, 21 जनवरी।** कलायत के गांव बडसीकरी कलां में भारत रत्न डा.भीम राव अंबेडकर के नाम से संचालित पुस्तकालय आज बेरोजगार युवाओं के हाथ में रोजगार देने का बड़ा वरदान साबित हो रहा है। डा.अंबेडकर युवा मंच इसका मुख्य सूत्रधार बनकर शिक्षा के प्रचार-प्रसार में अहम भूमिका निभा रहा है। यह अलख समाज सेवी गुरुदेव बढ़सीकरी द्वारा जगाई गई थी। वर्तमान में पुस्तकालय प्रभारी की कमान कुलदीप धानियां के कंधों पर है। बुधवार को पुस्तकालय परिसर में शिक्षा पर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पार्षद दीप बालू ने शिरकत की। अध्यक्षता बलविंदर सिंह विर्क और प्रधान प्रवीन राठी ने संयुक्त रूप से की। समारोह के अंत में अतिथियों को बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर का मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर पुस्तकालय प्रभारी कुलदीप धानिया, अभिषेक, मोनू, राहुल, अमन, रितु सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और विद्यार्थी मौजूद रहे। दीप बालू ने लाइब्रेरी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस एक संस्थान ने गांव की पूरी तस्वीर बदल दी है। आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि इस पुस्तकालय की टीम और यहां पढऩे वाले युवाओं की मेहनत का ही परिणाम है कि अब तक गांव के 65 से अधिक युवा सरकारी नौकरियों में चयनित होकर देश की सेवा कर रहे हैं। इतना ही नहीं पुस्तकालय के मार्गदर्शन में 125 से ज्यादा विद्यार्थियों ने यूजी-पीजी और विभिन्न डिप्लोमा कोर्स पूरे कर अपने करियर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। इससे यह सिद्ध होता है कि शिक्षा सफलता का सबसे बड़ा आधार है। इससे ही किसी समाज के पिछड़ेपन को समाप्त किया जा सकता है। ग्रामीण अंचल की छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए दीप बालू ने एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि छात्राओं को पढऩे में कोई असुविधा न हो इसके लिए पुस्तकालय में जल्द ही एक अलग हॉल का निर्माण करवाया जाएगा। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए 250 से अधिक महत्वपूर्ण पुस्तकें भी पुस्तकालय को भेंट कीं। सामाजिक कार्यकर्ता गुरुदेव बडसीकरी ने नशा छोड़ो-शिक्षा पाओ अभियान के तहत उपस्थित युवाओं और ग्रामीणों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई।

## एएसआई संदीप लाठर की पत्नी को मिली सरकारी नौकरी

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** हरियाणा सरकार ने आईपीएस वाई पूरण कुमार द्वारा आत्महत्या किए जाने के बाद आत्महत्या करने वाले रोहतक के एएसआई संदीप लाठर की पत्नी को नौकरी प्रदान कर दी है। इस संबंध में मंगलवार की रात आदेश जारी किए गए हैं। संदीप लाठर की पत्नी को सरकार की तरफ से पीटीजी मैथ पद पर नियुक्त किया गया है। संतोष कुमारी को कैम्पस स्कूल, एमडीयू रोहतक में ग्रुप बी की नौकरी मिली है। एएसआई संदीप लाठर ने 14 अक्टूबर को गांव लाढौत से धामड़ रोड पर अपने मामा के खेतों में बने कोठड़े की छत पर जाकर अपनी सर्विस रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या की थी। उससे पहले उन्होंने एक वीडियो भी रिकॉर्ड किया था और चार पेज का एक सुसाइड नोट भी लिखा था, जिसमें संदीप ने आईपीएस वाई पूरन कुमार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए थे। एएसआई संदीप लाठर द्वारा आत्महत्या किए जाने के बाद पिछले साल 16 अक्टूबर को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने उनकी पत्नी को नौकरी प्रदान करने का ऐलान किया था।

## हरियाणा में चालक भर्तियों के लिए तय होंगे नए नियम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सभी विभागों के प्रशासनिक सचिवों से ग्रुप-सी के अंतर्गत आते चालकों के लिए समान सेवा नियम बनाने के लिए सुझाव मांगे हैं। सरकार की तरफ से सभी सचिवों को दस दिन का समय दिया गया है।

मुख्य सचिव कार्यालय की तरफ से जारी पत्र के अनुसार प्रस्तावित नियम हरियाणा ग्रुप-सी चालक (भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियम, 2025 के नाम से जाने जाएंगे और ये आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से लागू होंगे।

प्रारूप नियमों के अनुसार चालक पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 42 वर्ष निर्धारित की गई है। अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, पूर्व सैनिक तथा दिव्यांग श्रेणी के उम्मीदवारों को सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित नियमों के अनुसार ऊपरी आयु सीमा में छूट प्रदान की जाएगी। चालक पद पर सीधी भर्ती अथवा स्थानांतरण/प्रतिनियुक्ति के माध्यम से नियुक्त सभी अभ्यर्थियों के पास बारहवीं या इसके समकक्ष योग्यता होनी चाहिए। उनके पास कम से कम 3 वर्ष पुराना वैध लाइट या हैवी परिवहन वाहन ड्राइविंग लाइसेंस हो तथा निर्धारित ड्राइविंग टैस्ट उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। नियुक्ति के किसी भी माध्यम से चयनित सभी अभ्यर्थियों के लिए मैट्रिक स्तर पर हिंदी या संस्कृत विषय अथवा उच्च स्तर पर हिंदी विषय उत्तीर्ण होना चाहिए। प्रारूप नियमों के अनुसार, चालक पद के लिए चयन प्रक्रिया में 100 अंकों की लिखित परीक्षा होगी।

पेज नंबर-1 का शेष

### हरियाणा में स्टार्टअप्स...

मानेसर को औद्योगिक हब बताते हुए उन्होंने कहा कि सभी औद्योगिक एस्टेट्स में इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए तीन ढ्ढस्स्ञ्ज क्षेत्रों में भूमि चिन्हित कर ली गई है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के विचारों को दोहराते हुए कहा कि आज जोखिम लेना मेनस्ट्रीम बन चुका है। अब जोखिम न लेना ही सबसे बड़ा जोखिम माना जाता है। उन्होंने गर्व व्यक्त किया कि हरियाणा के 50 प्रतिशत से अधिक स्टार्टअप्स में कम से कम एक महिला डायरेक्टर है और सरकार महिला उद्यमियों को हरसंभव सहयोग दे रही है। मुख्यमंत्री ने सभी स्टार्टअप्स और उद्यमियों से आग्रह किया कि वे अगले 8 से 10 दिनों के भीतर अपने सुझाव चैटबॉट के माध्यम से भेजें। जिन सुझावों को बजट 2026-27 में शामिल किया जाएगा, उनके प्रस्तुतकर्ताओं को विधानसभा की कार्यवाही देखने के लिए विशेष आमंत्रण दिया जाएगा। इस अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री विनीत गर्ग, नागरिक संसाधन सूचना विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती जी. अनुपमा, युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग के प्रधान सचिव श्री राजीव रंजन, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल, महानिदेशक श्री यश गर्ग तथा मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ. राज नेहरू भी उपस्थित रहे।

# हरियाणा में भाजपा नहीं करेगी संगठन में नेतृत्व परिवर्तन!

## मोहन लाल बड़ौली को एक्सटेंशन की प्रबल संभावना

जुलाई 2024 में बने थे प्रदेश अध्यक्ष

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 21 जनवरी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव संपन्न होने के बाद अब इस बात की प्रबल संभावना बन गई है कि वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के पद में किसी तरह का बदलाव नहीं होगा। मोहन लाल बडौली पर भरोसा जताते हुए पार्टी उन्हें उनका कार्यकाल पूरा करने का अवसर प्रदान कर सकती है।

भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने यदि मोहन लाल बडौली के दायित्व में किसी तरह का बदलाव नहीं किया तो उनके प्रदेश अध्यक्ष के पद पर बने रहने के लिए अलग से परिपत्र जारी करने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। नौ जुलाई 2024 को भाजपा ने मोहन लाल बडौली को प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी थी। पार्टी में प्रदेश अध्यक्ष का न्यूनतम कार्यकाल तीन साल का होता है। इस हिसाब से मोहन लाल बडौली का करीब डेढ़ साल का कार्यकाल बाकी है। ऐसे में उन्हें समय से पहले प्रदेश अध्यक्ष के पद से दायित्व मुक्त किया जाएगा, इसकी बिल्कुल भी संभावना नहीं है।

बड़ौली के कार्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी के रहते हुए सत्ता और संगठन के बीच की दूरी खत्म हो गई है। हिमाचल में दर्ज एक केस में उन्हें क्लीन चिट मिल चुकी है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के साथ उनका अच्छा समन्वय बना हुआ है। प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पुनिया और संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा के साथ भी उनका बेहतर तालमेल है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के चुनाव से पहले संभावना जताई जा रही थी कि हरियाणा में अध्यक्ष बदला जा सकता है, लेकिन जब राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो गई तो राज्य में नये अध्यक्ष के चुनाव की संभावना पूरी तरह से खत्म हो गई है।

पंजाब, मणिपुर, नई दिल्ली और कर्नाटक के साथ हरियाणा उन सात राज्यों में शामिल है, जहां राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद अब प्रदेश अध्यक्षों के चुनाव की संभावना समाप्त हो गई है।

हरियाणा में भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनने की दौड़ में मौजूदा महामंत्री सुरेंद्र पुनिया, कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व सांसद संजय भाटिया, पूर्व मंत्री असीम गोयल, सीएम के पूर्व राजनीतिक सचिव अजय गौड़, पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु और पूर्व मंत्री असीम गोयल के नाम चल रहे थे। भाजपा के एक प्रमुख नेता ने बुधवार को बताया कि अगर मोहन लाल बडौली के दायित्व में बदलाव किया जाना है, तभी हाईकमान की ओर से कोई परिपत्र जारी होगा, अन्यथा उन्हें उनके मौजूदा पद पर बनाए रखने के लिए अलग से कोई परिपत्र जारी करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## हरियाणा लोक सेवा आयोग ने वेटनरी सर्जन की भर्ती को वापस लिया

**चंडीगढ़।** हरियाणा लोक सेवा आयोग ने प्रदेश में वेटनरी सर्जन की भर्ती को रद्द कर दिया है। इस भर्ती का का विज्ञापन 14 जनवरी को आया था, जिसे मंगलवार की रात वापस ले लिया गया है। आयोग की तरफ से इस संबंध में पत्र जारी कर दिया गया है। आश्चर्यचकित बात यह है कि मंगलवार को ही इन पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई थी। 19 फरवरी आवेदन की अंतिम तिथि रखी गई थी।

हरियाणा लोक सेवा आयोग के द्वारा वेटनरी सर्जन के 162 के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी। जिसमें जनरल के लिए 46, डीएससी के लिए 21, ओएससी के लिए 21, बीसी ए के लिए 46, बीसीबी के लिए 12 व ईडब्ल्यूएस के लिए 16 पद रिजर्व रखे गए हैं। खास बात यह है कि इस भर्ती में करीब रिजर्व कैटेगरी के 40 पद बैकलॉग के शामिल हैं। जिनको भरा जाना था। जिसमें डीएससी के लिए 5, ओएससी के लिए 4, बीसी ए के लिए 29, बीसी बी के 2 पद शामिल हैं।

# जनता दर्शन के बहाने बड़ा सियासी मैदान तलाश रहे अरुण सूद

बोले-सत्ता से बाहर रहकर भी जनता की आवाज बनना भाजपा की परंपरा

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा





**चंडीगढ़, 21 जनवरी।** चंडीगढ़ की राजनीति में नगर निगम चुनाव से ऐन पहले एक बार फिर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। पूर्व भाजपा चंडीगढ़ अध्यक्ष एवं पूर्व मेयर अरुण सूद ने जनता दर्शन के जरिए न सिर्फ जनता के बीच अपनी पकड़ मजबूत की है, बल्कि मौजूदा प्रशासन और नगर निगम की कार्यशैली पर भी सीधा राजनीतिक प्रहार शुरू कर दिया है। जनता दर्शन में शहर के अलग-अलग सेक्टरों और गांवों से पहुंचे लोग पानी-बिजली संकट, टूटी सडक़ों, सीवरेज जाम, सफाई व्यवस्था की बदहाली, ट्रैफिक अव्यवस्था, पेंशन और रोजगार जैसे मुद्दों को लेकर खुलकर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। लोगों की शिकायतों ने मौजूदा प्रशासन और नगर निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

अरुण सूद न केवल शिकायतें सुन रहे हैं, बल्कि उन्हें संबंधित विभागों के अधिकारियों और सीधे प्रशासक गुलाब चंद कटारिया तक भी पहुंचा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कई राजनीतिक दल सत्ता में आते ही जनता से दूरी बना लेते हैं, जबकि भाजपा सत्ता में हो या न हो, जमीन पर रहकर जनसेवा करना जानती है। उन्होंने कहा कि भाजपा विपक्ष में रहते हुए भी जनता की आवाज बनकर सडक़ों से लेकर दफ्तरों तक संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी। अरुण सूद शहर की मूलभूत सुविधाओं की बदहाली को लेकर सक्रिय हैं। जहां प्रशासन को कटघरे में खड़ा करना पड़ता है तो उससे भी परहेज नहीं करते। बिना लागलपेट कहते हैं कि प्रशासनिक लापरवाही का सीधा नुकसान आम नागरिकों को उठाना पड़ रहा है। उन्होंने अपने मेयर कार्यकाल की याद दिलाते हुए दावा किया कि उस समय भी शहर के विकास कार्यों को प्राथमिकता दी गई थी और योजनाएं जमीन पर दिखाई देती थी।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अरुण सूद का यह जनता दर्शन महज जनसंपर्क कार्यक्रम नहीं, बल्कि आगामी नगर निगम और लोकसभा चुनावों की रणनीतिक शुरुआत है। चर्चा है कि सूद एक ओर निगम चुनावों में अपने समर्थकों को विभिन्न वार्डों से पार्षद टिकट दिलाने की तैयारी में हैं।

वहीं लोकसभा चुनाव के लिए भी दिल्ली दरबार में मजबूत दावेदारी पेश करने की जमीन तैयार कर रहे हैं। अरुण सूद की इस बढ़ती राजनीतिक सक्रियता से पार्टी के भीतर और बाहर विरोधियों की बेचैनी साफ नजर आ रही है। माना जा रहा है कि जनता के बीच उनकी सीधी पहुंच और प्रशासन पर बढ़ता दबाव विरोधी खेमों के लिए बड़ी चुनौती बनता जा रहा है।

### जनता के बीच उतरे अरुण सूद, जनता दर्शन बना राजनीतिक हथियार

चंडीगढ़ भाजपा के पूर्व अध्यक्ष अरुण सूद का जनता दर्शन कार्यक्रम शहर में लगातार सियासी चर्चा का विषय बना हुआ है। सुबह से शाम तक चलने वाले इस कार्यक्रम में सैकड़ों लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंच रहे हैं। कई मामलों में प्रशासनिक स्तर पर समाधान निकलने से जनता का भरोसा और मजबूत हुआ है, जिसके चलते रोजाना आने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अरुण सूद ने बताया कि जनता से सीधा संवाद उनके राजनीतिक जीवन का हिस्सा रहा है। वर्ष 2011 में पार्षद रहते हुए उन्होंने घर से ही लोगों की समस्याएं सुननी शुरू की थीं। 2016 में मेयर बनने के बाद सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक जनता से मुलाकात का सिलसिला जारी रहा। 2020 से 2023 तक चंडीगढ़ भाजपा अध्यक्ष रहते हुए भी उन्होंने अलग कार्यालय खोलकर जनसमस्याओं पर काम किया। बीते एक वर्ष से वह फिर से घर पर ही जनता से नियमित मुलाकात कर रहे हैं, जहां प्रतिदिन 300 से 1000 लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंच रहे हैं।

## मेयर प्रत्याशी के लिए नामांकन आज, चुनाव 29 जनवरी को

# भाजपा का मेयर प्रत्याशी नामांकन से पहले

दिल्ली से नाम लेकर चंडीगढ़ पहुंचे ऑब्जर्वर विनोद तावड़े

कांग्रेस+आप ने अभी नहीं खोले पत्ते

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 21 जनवरी।** चंडीगढ़ नगर निगम मेयर चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार, भाजपा हाईकमान ने इस बार के मेयर चुनाव के लिए मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पद के उम्मीदवारों के नामों पर अंतिम मुहर लगा दी है। तीनों पदों के लिए तय नाम विनोद तावड़े को सौंपे गए हैं, जिन्हें लेकर वे दिल्ली से चंडीगढ़ पहुंचे हैं।

बताया जा रहा है कि विनोद तावड़े वीरवार को होने वाले नामांकन से पहले भाजपा पार्षद दल की बैठक में पार्टी हाईकमान के फैसले की घोषणा करेंगे। इसके बाद तीनों उम्मीदवार भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और पार्षदों के साथ नगर निगम कार्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल करेंगे।

मेयर चुनाव से पहले भाजपा की इस सक्रियता को संगठन की रणनीतिक मजबूती के तौर पर देखा जा रहा है, वहीं विपक्षी दलों की नजरें भी भाजपा के आधिकारिक उम्मीदवारों के ऐलान पर टिकी हुई हैं। भाजपा हाईकमान ने राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को चंडीगढ़ मेयर चुनाव के लिए ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। विनोद तावड़े इससे पहले भी चंडीगढ़ में दो मेयर चुनाव अपने पर्यवेक्षण में करवा चुके हैं। कांग्रेस और आप के संभावित गठबंधन की ओर से अभी उम्मीदवारों के लिए नाम तय नहीं किये हैं।

## सभी पार्टियों की तैयारी, चहेते प्रत्याशियों की धड़कनें तेज

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह



**चंडीगढ़, 21 जनवरी।** नगर निगम चंडीगढ़ में आगामी 29 जनवरी को होने जा रहे मेयर चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 22 जनवरी को सुबह 11 बजे से लेकर शाम 5 बजे के बीच होनी है। इस बीच सभी दलों यानि भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के संबंधित प्रत्याशी अपने नामांकन दाखिल करायेंगे। सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव नगर निगम सदन की पांचवीं मंजिल पर मेयर आफिस में किया जायेगा।

इस बार इस चुनाव में तीनों पदों के लिए पार्षदों के हाथ खड़े कराकर चुनाव कराये जाने हैं। डीसी कार्यालय से इस आशय की अधिसूचना भी जारी हो चुकी है। इस प्रकार निगम सदन में तीनों दलों की मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर चुनावों को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार चहेते प्रत्याशियों के दिलों की धड़कनें भी तेज हो गई हैं। भाजपा और आप+कांग्रेस के मौजूदा समय में 18-18 वोटें हैं यानि मुकाबला कांटे का देखा जा रहा है। इनमें से यदि एक वोटें जिसकी ग्रुप को मिल जाए, वही विजयी घोषित हो जायेगा।

इसलिए तीनों दल इस मामले को लेकर फूंक-फूंक कर कदम रख रहे हैं। सूत्रों की मानें तो मेयर प्रत्याशी पर भाजपा-आप दोनों में निर्णय आला कमान करेगा।

### दिल्ली दरबार में तय हुआ भाजपा का प्रत्याशी

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव बी.एल. संतोष के साथ चंडीगढ़ प्रदेश भाजपाध्यक्ष के साथ अहम बैठक दिल्ली में हुई, इसमें पार्टी के अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा, रामवीर भट्टी, चंडीगढ़ प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी के प्रमुख सदस्य संजय टंडन की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही।

### विपक्ष के कुछ और वोट तोड़ेगी भजापा?

भाजपा के सूत्रों की मानें तो वह विपक्ष के कम से कम 2 वोटें तोड़ने के काम काम में लगे हैं। यदि ऐसा हुआ तो भाजपा के मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर सहित तीनों पदों पर जीत होगी।

### भाजपा के संभावित मेयर प्रत्याशी

भारतीय जनता पार्टी के संभावित मेयर पद के प्रत्याशियों में सौरभ जोशी, महेश इंदर सिद्धू और कनवर राणा का नाम लिया जा रहा है। इसके अलावा पूर्व मेयर अनूप गुप्ता का भी नाम चल रहा है। प्रत्याशी चयन करने में भाजपा फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। पार्टी के एक नेता का मानना है कि जिससे पार्टी का फायदा होगा, ऐसे बेदाग और सर्वमान्य पार्षद को पार्टी प्रत्याशी बनाया जा सकता है। वह पार्टी को मजबूती देने वाला है। यह योग्यता का मापदंडा होगा। उल्लेखनीय है कि जनवरी 2027 में नगर निगम चंडीगढ़ में सभी वार्डों के पार्षदों के लिए जनरल इलेक्शन होने हैं। ऐसे में पार्टी उस एंगल से भी प्रत्याशी तय करेगी, जो पार्टी के उस चुनाव में भी बहुमत दिला सके।

### गठबंधन को लेकर कांग्रेस पार्षदों में मतभेद

कांग्रेस प्रधान एच.एस. लक्की एक तरफा जहां आप से गठबंधन का दावा कर रहे हैं। वहीं उनके निर्णय से उनका ही पार्टी के पार्षद खुश नहीं है। कांग्रेस में अंतर्कलह बढ़ायी है। पार्टी द्वारा बुलायी गई बैठक में तीन पार्षद गुरप्रीत गाबी, दर्शना, और निर्मला देवी अनुपस्थित रहे।

### आप व कांग्रेस मिलकर लड़ेंगे मेयर चुनावः लक्की

मेयर चुनाव इस बार भी आप और कांग्रेस दोनों पार्टियां मिलकर लड़ेंगी। नगर सांसद मनीष तिवारी की राय भी यही है। यदि यह फार्मूला तय हुआ तो आप+कांग्रेस मिलकर भाजपा को शिकस्त भी दे सकते हैं। किंतु कथनी और करनी में काफी अंतर होता है।

## साइबर क्राइम पुलिस ने साइबर फाइनेंशियल फ्रॉड केस का किया खुलासा

# एक शातिर आरोपी नरेला दिल्ली से काबू

शिकायतकर्ता को एक फर्जी अकाउंट में 15 लाख रुपए ट्रांसफर करने के लिए उकसाया, धोखाधड़ी की

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 21 जनवरी।** यूटी पुलिस का अहम थाना माने जाने वाले साइबर क्राइम पुलिस को फिर उस वक्त एक बड़ी कामयाबी मिली।जब पुलिस ने साइबर फाइनेंशियल फ्रॉड केस का खुलासा करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपी की पहचान 36 वर्षीय सुल्तानपुरी दिल्ली निवासी संदीप लक्ष्मण साह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पता चला कि थाना साइबर क्राइम पुलिस को गुप्त सूचना और टेक्निकल तकनीक के जरिए पता चला था कि लाखों रुपए की ठगी करने वाला आरोपी दिल्ली में सक्रिय है। मामले को गंभीरता से लेते हुए और यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते थाना साइबर क्राइम के डीएसपी ए वेंकटेश की सुपरवीजन में थाना साइबर क्राइम इंस्पेक्टर इरम रिजवी की टीम ने आरोपी शातिर को दिल्ली से गिरफ्तार कर मामले को सुलझा लिया। पुलिस ने हाल में बैंक खातों में रकम डलवाकर कमीशन लेने वाले 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सजीव सभरवाल ने पुलिस को शिकायत में बताया था कि जो एक मेडिकल फर्म से जुड़े हैं।और मेडिकल उपकरण खरीदने के लिए चेन्नई स्थित एक मेडिकल उपकरण कंपनी के साथ उनका बिजनेस टाई-अप था। 6 अक्तूबर 2025 को एक ठग ने ईमेल आईडी, marketing@morulaa.com से एक ईमेल मिला। जिसमें झूठा दावा किया गया था कि कंपनी का बैंक खाता बदल गया है।और बकाया भुगतान को एक बैंक खाते में ट्रांसफर करने का अनुरोध किया गया था। ईमेल को असली मानकर, शिकायतकर्ता ने ट्रांसफर की इजाज़त दे दी।और 17 अक्टूबर 2025 को, शिकायतकर्ता के एक अन्य बैंक अकाउंट से बताए गए बैंक अकाउंट में 15 लाख 38 हजार 198 रुपए की रकम ट्रांसफर कर दी गई।इसके बाद, 23। अक्तूबर 2025 को शिकायतकर्ता को असली कंपनी से पेमेंट न मिलने के बारे में एक कॉल आया। तब पता चला कि इस्तेमाल की गई ईमेल आईडी फर्जी थी और कंपनी से जुड़ी नहीं थी। जिसका ऑफिशियल ईमेल डोमेन .com पर खत्म होता है। यह साफ हो गया कि अज्ञात धोखेबाजों ने कंपनी का रूप धारण करके धोखे से शिकायतकर्ता को एक फर्जी अकाउंट में पैसे ट्रांसफर करने के लिए उकसाया और इस तरह उससे 15 लाख 38 हजार रुपए की धोखाधड़ी की।

### जांच का विवरण-

पुलिस जांच के दौरान केवाईसी डिटेल्स और बैंक स्टेटमेंट पाने के लिए संबंधित बैंकों को लेटर भेजे गए। मिली जानकारी के अनुसार बैंक अकाउंट (लेयर-1) और बैंक,और सिटी बैंक (लेयर-2) में कई अन्य जुड़े हुए अकाउंट सभी एक ही व्यक्ति संदीप लक्ष्मण साह, निवासी दिल्ली के नाम पर पाए गए। सीनियर अधिकारियों से ज़रूरी इजाज़त मिलने के बाद, दिल्ली एनसीआर इलाके में छापा मारा गया। 18 जनवरी 2026 को, आरोपी, संदीप लक्ष्मण साह (36 साल) दिल्ली को, कानून के अनुसार, थाना नरेला इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली के अधिकार क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान, आरोपी ने बताया कि वह एक सब्जी बेचने वाला है।और अगस्त 2025 में वह दो लोगों के संपर्क में आया।जिन्होंने उसे हर महीने 15 हजार रुपए के बदले अपने बैंक अकाउंट देने का लालच दिया।उसने उन्हें चार बैंक अकाउंट दिए और कमीशन/सैलरी के तौर पर कुल 30 हजार रुपए मिले।उसने अपने चारों बैंक अकाउंट की पासबुक, चेक बुक और एटीएम कार्ड भी उन लोगों को दे दिए। आरोपी ने आगे बताया कि वह उनके ठिकाने जानता है और उन्हें और उनके साथियों को गिरफ्तार करने में पुलिस की मदद करने को तैयार है।

## पुलिस ने मर्डर के मामले में दो आरोपी नाबालिगों को हिरासत में लिया

वारदात के समय इस्तेमाल चाकू बरामद

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 21 जनवरी।** यूटी साउथ वेस्ट डिविजन की थाना मलोया पुलिस ने मर्डर के मामले को 24 घंटे के भीतर सुलझाते हुए दो नाबालिगों आरोपियों को हिरासत में लिया है।उन्हें जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड सेक्टर-25, चंडीगढ़ भेज दिया गया है।इसके अलावा पुलिस ने अन्य सह-आरोपियों की पहचान कर ली गई है। और जल्द से जल्द सह-आरोपियों को हिरासत में ले लिया जाएगा।

जानकारी के अनुसार पता चला कि थाना पुलिस को गुप्त सूचना और टेक्निकल तकनीक के जरिए पता चला था कि हत्या के मामले में दो नाबालिग आरोपी एरिया में सक्रिय है। मामले को गंभीरता से लेते हुए और यूटी पुलिस की एसएसपी कंवरदीप कौर के दिशा निर्देशों के चलते थाना मलोया के प्रभारी इंस्पेक्टर जसबीर सिंह की टीम ने दो नाबालिग आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने वारदात के समय इस्तेमाल चाकू भी अपने कब्जे में ले लिया।

जानकारी के अनुसार पता चला कि 20 जनवरी को मोहित अपने चचेरे भाई के साथ खड़ा था।इसी दौरान आरोपीआए।गाली-गलौज की और मोहित की पीठ में चाकू मार दिया। जिसके चलते हड़कंप मच गया।

आसपास के लोग इकट्ठे हो गए।जिसे एक निजी वाहन से पीजीआई ले जाया गया। इलाज के बाद उसने दम तोड़ दिया।वही पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए मामला दर्ज किया था।

## मोबाइल फोन स्नेचिंग के मामले में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

अर्थ प्रकश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 21 जनवरी।** थाना 34 पुलिस ने मोबाइल फोन स्नेचिंग के मामले में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सैक्टर 45 निवासी मनीष ने पुलिस को बताया कि वह बीते सोमवार को कही जा रहा था। जैसे ही वह सैक्टर 44/45 डिवाइडिंग रोड पास पहुंचा तो इसी दौरान कोई अज्ञात पीड़ित का मोबाइल फोन छीन कर फरार हो गया। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई थी।थाना 34 पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### यूटी पुलिस का पब्लिक प्लेस पर शराब पीने वालों के खिलाफ शिकंजा

## 8 थानों ने 15 आरोपी पियक्कड़ों को किया काबू

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 21 जनवरी।** यूटी पुलिस ने मंगलवार को शहर में एक अभियान चला कर पब्लिक प्लेस पर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है।और शहर के 8 अलग अलग थाना पुलिस ने 15 मामलों में 15 पियक्कड़ों को गिरफ्तार किया है।जिनमें थाना 34 ने एक, थाना 17 एक, थाना 11 एक, सारंगपुर तीन, थाना इंडस्ट्रियल एरिया दो, थाना 19 दो,थाना 39 चार, थाना मलोया एक,ने कारवाई की है।

## चंडीगढ़ में सेवक केमिस्ट शॉप पर हुई फायरिंग का मामला सुलझा

# पुलिस ने विदेश में बैठे हैंडलर सबा गोविंदगढ़ के निर्देश पर जबरन वसूली की बड़ी योजना का किया पर्दाफाश

पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो आरोप शूटर जख्मी, 4 काबू

आरोपियो ने जालंधर में जबरन वसूली के लिए फायरिंग की थी, और मोहाली में चार पहिया वाहन छीनने की भी कोशिश की थी

आरोपियो के कब्जे से 3 पिस्टल, जिंदा कारतूस और नशीले पदार्थ (एम्फ़ैटेमिन और अफीम) बरामद

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी





**चंडीगढ़, 21 जनवरी।** यूटी पुलिस की क्राइम ब्रांच पुलिस ने विदेश में बैठे हैंडलर सबा गोविंदगढ़ के निर्देश पर जबरन वसूली की बड़ी योजना का भंडाफोड़ कर और जवाबी एनकाउंटर कर दो आरोपी शूटरों को जख्मी कर आरोपी कार चालक को गिरफ्तार किया। जबकि पुलिस ने उक्त मामले में एक आरोपी राहुल को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी।पुलिस ने इस मामले में अबतक कुल 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। मामले में एनकाउंटर के दौरान यूटी पुलिस का एएसआई संजय बाल बाल बच गया।

सूत्रों के अनुसार पकड़े गए शूटरों ने 7/10 के बीच राउंड फायर किए थे। यूटी पुलिस की क्राइम ब्रांच उक्त आरोपियो को पकड़ने को लेकर पूरी तरह से अलर्ट थी।पुलिस को बुधवार गुप्त सूचना मिली कि तीनों आरोपी एक मेटैलिक सिल्वर रंग की वैगनआर में घूम रहे हैं। और आगे ऐसे अपराध करने के इरादे से चंडीगढ़ में घुसेंगे।

मोहाली बॉर्डर के पास संबंधित पुलिस स्टेशनों और नाकों को ऐसी किसी भी गाड़ी का पता लगाने के लिए मैसेज भेजा गया। सेक्टर-39 में ग्रेन मार्केट/जीरी मंडी के पास इसी तरह की एक कार देखी गई और पुलिस की गाड़ी देखकर वह अचानक मलोया की तरफ मुड़ी और एक बिजली के खंभे से टकरा गई।दो आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग करके भागने की कोशिश की।एक गोली पुलिस की सरकारी गाड़ी की आगे वाली लाइट पर लगी और दूसरी एएसआई संजय को लगी। जिन्होंने बुलेटप्रूफ जैकेट पहनी हुई थी और गोली जैकेट पर लगी। एएसआई संजय बाल बाल बच गए। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो आरोपियों के पैरों में गोली लगने से वे घायल हो गए।उन्हें तुरंत काबू में कर लिया गया और ज़रूरी मेडिकल सहायता के लिए सेक्टर 16 के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया। और पुलिस तीसरे आरोपी गाड़ी चलाने वाले को हिरासत में ले लिया था। यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते इस ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर सतविंदर सिंह की टीम में एएसआई संजय, कांस्टेबल नीरज, कॉन्स्टेबल सोनीत, सीनियर कांस्टेबल मंदीप, कॉन्स्टेबल रविंदर बूरा,सीनियर कांस्टेबल संदीप इस ऑपरेशन में शामिल थे।और मामले को सुलझा लिया।पकड़े गए आरोपियो को पुलिस जिला अदालत में पेश कर रिमांड हासिल करेगी। रिमांड के दौरान पुलिस को मामले में और भीं बड़े खुलासे होने की उम्मीद जताई है।

15 जनवरी की रात को सैक्टर 32 स्थित सेवक फार्मेसी शॉप पर फायरिंग कर एक्टिवा स्कूटर से फरार होने वाले दो आरोपी शूटरों को गिरफ्तार कर लिया है।पकड़े गए आरोपियो की पहचान 32 वर्षीय चंडीगढ़ के सैक्टर 46 निवासी राहुल बिष्ट जिसके कब्जे से हेरोइन - 46.26 ग्राम,अफीम - 392 ग्राम,देसी कट्टा (सीएमपी) 0,जिंदा कारतूस 02, खाली कारतूस 04,11 मोबाइल फोन,2 वजन मशीनें और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान आरोपी पुलिस की हिरासत में है।दूसरे आरोपी की पहचान 30 वर्षीय हल्लो माजरा निवासी राहुल जिसके कब्जे से एक देसी पिस्टल जिंदा कारतूस के साथ,तीसरे आरोपी की पहचान हल्लो माजरा/मौली जागरा निवासी देवल शर्मा उर्फ रिकी जिसके कब्जे से एक देसी पिस्टल जिंदा कारतूस के साथ। और चौथे आरोपी की पहचान 32 वर्षीय निवासी नारायणगढ़, मोहाली के रहने वाले कुलविंदर सिंह उर्फ प्रीत जिसके कब्जे से पंजाब नंबर की वैगनआर गाड़ी को कब्जे में लिया।

पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपियो ने 20 जनवरी को पंजाब के जिला जालंधर में जबरन वसूली के लिए एक और फायरिंग की थी।और मोहाली में चार पहिया वाहन छीनने की भी कोशिश की थी।आरोपी विदेश में बैठे हैंडलर सबा गोविंदगढ़ के निर्देश पर जबरन वसूली का काम करते थे।

### क्या था मामला

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया था कि 15 जनवरी 2026 को दो अज्ञात युवक एक सफेद एक्टिवा स्कूटर पर आए थे। सेवक मेडिकल स्टोर, सेक्टर-32 काउंटर के पास दो राउंड फायरिंग की और दुकान के मालिक को जान से मारने की धमकी भी दी। फायरिंग के बाद दोनों युवक एक्टिवा पर सवार फरार गए थे। पुलिस के अनुसार चलाई गई दो गोलियों में से एक गोली काउंटर के शीशे पर लगी और दूसरी नीचे लगी। पुलिस जांच के दौरान 18 जनवरी को संदिग्धों से पूछताछ की गई और पूछताछ के दौरान सैक्टर 46 निवासी आरोपी राहुल बिष्ट को इस मामले में शामिल पाया गया और क्राइम ब्रांच द्वारा गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से उक्त सामान बरामद किया था। इसके अलावा, आरोपी राहुल बिष्ट ने बताया कि वह ब्लड सैंपल टेस्टिंग के लिए 10/12 लैब से जुड़ा हुआ था।उस दौरान, वह गोबिंदगढ़ सबा का ब्लड सैंपल लेने मोहाली गया था।और उसके बाद वे एक-दूसरे के संपर्क में आए।वे सिग्नल आईडी के ज़रिए जुड़े रहे। दोनों ने अमीर लोगों से पैसे ऐंठने की साज़िश रची।जिसमें राहुल बिष्ट ग्राउंड वर्कर के तौर पर जानकारी, संभावित टारगेट के कॉन्टैक्ट नंबर देता था और सबा विदेश से फिरौती के कॉल करता था।इस पर, राहुल बिष्ट ने एक राहुल से संपर्क किया।जिसने पहले उसकी लैब में काम किया था।और उसके दोस्त रिकी से,जो क्रमशः हैलो माजरा और विकास नगर के रहने वाले हैं। बताया जाता है कि दोनों ड्रग्स लेते हैं। खुलासे के अनुसार सबा ने राजपुरा शहर में किसी सोर्स से राहुल और रिकी को एक पिस्टल,दो मैगज़ीन और 30 हजार रुपये का इंतज़ाम करके दिया था। उसी दिन, राहुल और रिकी एक चोरी के एक्टिवा स्कूटर पर सेक्टर-32,चंडीगढ़ पहुंचे।जिसमें राहुल एक्टिवा चला रहा था और रिकी ने सेक्टर-32, चंडीगढ़ में सेवक मेडिकोज़ पर फायरिंग की ।फायरिंग करने के बाद वे सेक्टर-46 चंडीगढ़ की ओर भागे और आरोपी राहुल बिष्ट और एक प्रीत (ज़ीरकपुर का रहने वाला) से मिले।जो कथित तौर पर एक वैगनआर कार में उनका इंतज़ार कर रहे थे।इसके बाद सबा और राहुल बिष्ट ने उन्हें (राहुल और रिकी को) जालंधर (पंजाब) के रामा मंडी में प्रॉपर्टी डीलर सरबतेज सिंह की गाड़ी पर एक और फायरिंग करने के लिए कहा। इसके बाद राहुल, रिकी और प्रीत जालंधर (पंजाब) गए और 18 जनवरी 2026 को मोहाली लौट आए। जहाँ उन्होंने पेट्रोल पंप जवाहरपुरा, डेराबस्सी, मोहाली में एक चार पहिया वाहन छीनने की कोशिश की। उन्होंने कार मालिक को पिस्टल से धमकाया। हालाँकि पेट्रोल पंप के सतर्क कर्मचारियों के कारण राहुल और रिकी पेट्रोल पंप से भाग गए। इसके बाद वे फिर से जालंधर पहुंचे।जहाँ उन्होंने रामा मंडी जालंधर में सरबतेज सिंह की फॉर्च्यूनर कार पर तीन राउंड फायरिंग की और मोहाली लौट आए।

सम्पादकीय

# पंजाब में नशे और गैंगस्टरों के खिलाफ युद्ध का ऐलान समयोचित

पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में राज्य सरकार ने नशे और गैंगस्टरों के खिलाफ जिस युद्ध का ऐलान किया है, वह समय की मांग और उचित कार्रवाई है। देखने को मिला है कि बीते वर्षों में इस विषय पर सिर्फ सुनने को ही मिलता था, लेकिन मान सरकार ने अपने कार्यकाल में इसे हकीकत में बदल दिया है। अब नशे के सौदागरों के खिलाफ जहां सख्त कार्रवाई हो रही है, वहीं गैंगस्टरों को भी उनकी असली जगह बताई जा रही है। बीते दिनों ही एक गैंगस्टर को मुठभेड़ में मार गिराया गया है, यह सब पंजाब पुलिस के गैंगस्टरों के खिलाफ ऑपरेशन प्रहार के तहत की गई कार्रवाई है। निश्चित रूप से पंजाब में गैंगस्टरों की जमात बेहद हावी है और इनके तार विदेश में बैठे अपराधियों से जुड़ते हैं। फिरौती, अपहरण, हत्या, नशे आदि अपराधों में संलिप्त गैंगस्टरों ने पंजाब में अमन और शांति को नुकसान पहुंचाया है। हालांकि मुख्यमंत्री मान के दिशा निर्देश पर जिस प्रकार राज्य पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू की है, उससे संभव है इसकी कुछ तो रोकथाम होगी। गौरतलब है कि राज्य में नशे के विरुद्ध युद्ध भी जारी है। इस अभियान को भी आम आदमी पार्टी सरकार ने आरंभ किया है और इसके तहत व्यापक स्तर पर नशाखोरी में संलिप्त लोगों को गिरफ्तार किया जा रहा है।

**आप सरकार के वक्त में अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है, वहीं पुलिस में छोटे से बड़े स्तर के भ्रष्ट कर्मचारियों एवं अधिकारियों पर भी कार्रवाई हो रही है। राज्य की जनता यही चाह रही है कि यहां नशे के खिलाफ अंतिम युद्ध शुरू हो और अब मान सरकार ने इसके प्रयास शुरू कर दिए हैं। यह समय सरकार एवं पुलिस के सहयोग का भी है, क्योंकि जन सहयोग के बगैर इस मुहिम को अंजाम तक पहुंचाना मुश्किल होगा। वास्तव में नशे के खिलाफ मुहिम समय की मांग हैं, क्योंकि इससे जनता प्रेरित होती है और उसी की रचनात्मक भागीदारी ऐसे अपराधों को रोकने में योगदान देती है। पंजाब एवं हरियाणा सरकारों की ओर से ऐसी मुहिम चलाना बेहद आवश्यक है। दोनों राज्य सरकारों और अन्य राज्यों की भागीदारी से एजेंसियां मिलकर नशे के खिलाफ काम कर रही हैं। इस मुहिम में केंद्र सरकार भी अहम भूमिका निभा रही है।**

आप सरकार के वक्त में अपराधियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है, वहीं पुलिस में छोटे से बड़े स्तर के भ्रष्ट कर्मचारियों एवं अधिकारियों पर भी कार्रवाई हो रही है। राज्य की जनता यही चाह रही है कि यहां नशे के खिलाफ अंतिम युद्ध शुरू हो और अब मान सरकार ने इसके प्रयास शुरू कर दिए हैं। यह समय सरकार एवं पुलिस के सहयोग का भी है, क्योंकि जन सहयोग के बगैर इस मुहिम को अंजाम तक पहुंचाना मुश्किल होगा। वास्तव में नशे के खिलाफ मुहिम समय की मांग हैं, क्योंकि इससे जनता प्रेरित होती है और उसी की रचनात्मक भागीदारी ऐसे अपराधों को रोकने में योगदान देती है। पंजाब एवं हरियाणा सरकारों की ओर से ऐसी मुहिम चलाना बेहद आवश्यक है। दोनों राज्य सरकारों और अन्य राज्यों की भागीदारी से एजेंसियां मिलकर नशे के खिलाफ काम कर रही हैं। इस मुहिम में केंद्र सरकार भी अहम भूमिका निभा रही है। केंद्र सरकार ने देश के 400 जिलों की पहचान कर वहां नशे के खिलाफ अभियान शुरू करने की तैयारी की है। योजना के तहत प्रत्येक राज्य के कम से कम एक तिहाई जिलों को इसमें शामिल किया गया है। पंजाब में राज्य सरकार की ओर से इस पर कार्रवाई के लिए लगातार काम किया जा रहा है और अब मोहाली में एएनटीएफ यानी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का कार्यालय स्थापित किया गया है।

अवैध नशा ऐसा जुर्म है, जिसमें न जाने कितने लोग संलिप्त हैं और सबसे बढ?र इसकी जड़ें राजनीति तक फैली हुई हैं। दरअसल, पंजाब के लिए अब यह चेतने की आखिरी घड़ी होनी चाहिए, क्योंकि अगर अभी भी गौर नहीं किया गया तो यह समय फिर नहीं लौटेगा। राज्य की जनता को ऐसी मुहिम का सहयोग करना चाहिए और नशे पर लगाम लगानी चाहिए। पंजाब में रंगला बनने का पूरा सामर्थ्य है और उसकी खुशी पूरे देश की खुशी होती है। कितना अच्छा हो अगर पंजाब के बारे में यह सुनने को मिले कि अब नशाखोरी यहां बीते जमाने की बात हो गई है। संभव है, एक दिन ऐसा जरूर होगा। नशे की समस्या आज पूरे देश में है और कमोबेश हर राज्य किसी न किसी रूप में इससे पीड़ित मिलेगा। जब पंजाब की बात आती है तो चिंता का स्तर आसमान छू जाता है। यह भी कितना दुखद है कि इसी स्थिति को देखकर उड़ता पंजाब जैसी फिल्में बनती हैं। राज्य में आम आदमी पार्टी की सरकार मुख्यमंत्री भगवंत मान के निर्देशन में नशे के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई कर रही है। बहुत बार इसे राजनीतिक चश्मे से देखा जाता है, लेकिन प्रदेश देख रहा है कि नशे के खिलाफ जितना काम मौजूदा सरकार के समय में हो रहा है, उतना कभी नहीं हुआ है। यह कभी खत्म न होने वाला अभियान है, क्योंकि नशे की लत एक बार लगने के बाद छूटने में बहुत वक्त लेती है। उसी प्रकार नशे की बुराई के अंश बहुत व्यापक हैं। राज्य में यह भी पहली बार हो रहा है कि पुलिस विभाग के महानिदेशक अपने अधिकारियों के लिए डेडलाइन तय कर रहे हैं। निश्चित रूप से ऐसे प्रयास सरकार की मशीनरी को अनुशासित और लक्ष्यबद्ध करते हैं। पंजाब में हालात राजनीतिक और प्रशासनिक अनुशासन से बदले जा सकते हैं और मान सरकार यह लक्ष्य अवश्य हासिल कर सकती है।

# एआई से आत्मनिर्भरता तक : महिलाओं और युवाओं का नया भविष्य

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

भारत इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 की तैयारियों में जुटा है। इस समिट में दुनिया भर के एआई के धुरंधर शामिल होंगे और इस वैश्विक मंच पर भारत के युवाओं को भी अपना पुरुषार्थ दिखाने का अवसर मिलेगा। अब एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल मशीनों, एल्गोरिदम या ऑटोमेशन तक सीमित नहीं है। असली चर्चा इस बात की है कि एआई को सभी के लिए उपयोगी और सुलभ कैसे बनाया जाए। खासतौर पर महिलाओं, युवाओं और उन कामगारों के लिए, जो अब तक औपचारिक अर्थव्यवस्था से दूर रहे हैं।

एआई की सबसे बड़ी ताकत यह नहीं है कि वह इंसानों की जगह ले ले, बल्कि यह है कि वह इंसानों की क्षमता बढ़ाए। अगर सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए, तो एआई महिलाओं को आत्मनिर्भर बना सकता है, युवाओं को नए कौशल दे सकता है और असंगठित क्षेत्र में काम करने वालों को सुरक्षा और अवसर दोनों दे सकता है।

इसी सोच के साथ मार्च 2024 में सरकार ने इंडिया एआई मिशन को मंजूरी दी। इस मिशन का उद्देश्य है–भारत में एआई का विकास करना और एआई को भारत की जरूरतों के अनुसार काम में लाना। इसके तहत कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ाने, नए इनोवेशन सेंटर खोलने, भरोसेमंद डेटा प्लेटफॉर्म बनाने, एआई आधारित एप्लिकेशन विकसित करने, युवाओं को भविष्य के कौशल सिखाने और स्टार्टअप्स को वित्तीय मदद देने जैसे कई कदम उठाए गए। उनके सकारात्मक और सुखद परिणाम अब शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक, लैब से लेकर खेतों तक और संगीत व कला जैसे हर क्षेत्र में दिखाई देने लगे हैं।

इस मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है इंडिया एआई इनोवेशन सेंटर, जहाँ खास तौर पर समावेशी विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। यहाँ ऐसे एआई मॉडल तैयार किए जा रहे हैं, जो भारत की भाषाई और सामाजिक विविधता को समझ सकें। ये मॉडल किसानों, महिला उद्यमियों, गिग वर्कर्स और छोटे व्यापारियों की जरूरतों को ध्यान में रखकर बनाए जा रहे हैं। क्षेत्रीय भाषाओं में काम करने वाले एआई सहायक, छोटे-छोटे सलाह देने वाले डिजिटल टूल और अलग-अलग क्षेत्रों के लिए ज्ञान आधारित सिस्टम इसी दिशा में काम कर रहे हैं।

**एआई समिट से निकलेगी राह:** दुनिया के कई देशों में एआई को केवल उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के औज़ार के रूप में देखा जा रहा है। लेकिन भारत में एआई का असली असर रोज़गार, सुरक्षा, प्रशिक्षण और अवसर के रूप में सामने आ रहा है। फरवरी 2026 में होने वाले इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट में इसी सोच पर चर्चा होगी कि एआई का इस्तेमाल ÷जनता, विकास और धरती÷ के हित में कैसे किया जाए।



आज भारत की गिग और प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था में महिलाएं एआई की मदद से नई पहचान बना रही हैं। कई महिला उद्यमी एआई आधारित ऑनलाइन बाज़ारों से जुड़कर अपना कारोबार बढ़ा रही हैं। वहीं, टैक्सी चलाने वाली या डिलीवरी का काम करने वाली महिलाएं एआई आधारित सुरक्षा सुविधाओं की वजह से ज़्यादा सुरक्षित और आत्मविश्वास से भरी महसूस कर रही हैं। उदाहरण के लिए, ब्यूटी और हेल्थ से जुड़े प्लेटफॉर्म एआई का इस्तेमाल कर ग्राहकों को सही सेवा प्रदाता से जोड़ते हैं। इसमें स्थान, कौशल और पुराने अनुभव जैसी जानकारियों का ध्यान रखा जाता है। इससे महिलाओं को लचीले काम के घंटे, तय आमदनी और बेहतर सुरक्षा मिलती है। इसी तरह, टैक्सी और डिलीवरी सेवाओं में रियल-टाइम लोकेशन शेयरिंग और वॉयस-एक्टिवेटेड इमरजेंसी फीचर जैसी सुविधाओं ने महिला ड्राइवर्स का भरोसा बढ़ाया है।

ग्रामीण और अर्ध-शहरी भारत में भी एआई डिजिटल समावेशन को आगे बढ़ा रहा है। क्षेत्रीय भाषाओं में काम करने वाले एआई सहायक और आवाज से चलने वाली डिजिटल भुगतान सेवाएं उन महिलाओं के लिए मददगार साबित हो रही हैं, जो पढ़ना-लिखना कम जानती हैं। अब वे बिना झिझक अपने पैसों का लेन-देन और प्रबंधन कर पा रही हैं।

**'युवा एआई फॉर ऑल':** युवाओं के लिए एआई केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि नए भविष्य का दरवाज़ा है। सरकार और निजी क्षेत्र मिलकर देशभर में एआई से जुड़े कौशल सिखा रहे हैं, चाहे वह बुनियादी डिजिटल जानकारी हो या उन्नत मशीन लर्निंग। इसी कड़ी में शुरू किया गया 'युवा एआई फॉर ऑल' अभियान लाखों छात्रों को एआई की बुनियादी समझ दे रहा है। स्कूलों, कॉलेजों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के ज़रिये यह कोशिश की जा रही है कि एआई का ज्ञान किसी एक वर्ग तक सीमित न रहे।

आज एआई की भूमिका केवल रोज़गार तक सीमित नहीं रही, बल्कि वह जन-कल्याण से भी जुड़ गई है। कई स्टार्ट-अप्स रिहायशी इलाकों और दफ्तरों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए एआई आधारित निगरानी और विश्लेषण सिस्टम का इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं, आपातकालीन सेवाओं में एआई आधारित शिकायत निवारण सिस्टम से प्रतिक्रिया का समय कम हुआ है और सेवाएं ज़्यादा प्रभावी बनी हैं।

खेती के क्षेत्र में भी एआई बड़ा बदलाव ला रहा है। मौसम, कीट और फसल से जुड़े जोखिमों का अनुमान लगाकर एआई किसानों, खासकर महिला किसानों को बेहतर फैसले लेने में मदद कर रहा है। फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी के ज़रिये एआई आधारित क्रेडिट स्कोरिंग से उन महिला-नेतृत्व वाले कारोबारों को भी कर्ज़ मिल पा रहा है, जो पहले बैंकिंग व्यवस्था से बाहर थे।

नीति आयोग की रिपोर्ट भी बताती है कि एआई स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास और वित्तीय सेवाओं तक पहुंच बढ़ाकर करोड़ों असंगठित कामगारों को सशक्त बना सकता है। ये वही लोग हैं, जो भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।

जैसे-जैसे एआई का इस्तेमाल बढ़ रहा है, उसका नैतिक और निष्पक्ष उपयोग सुनिश्चित करना भी ज़रूरी हो गया है। भारत का दृष्टिकोण 'सभी के लिए एआई' पर आधारित है, जिसमें पारदर्शिता, जवाबदेही और समान अवसर पर ज़ोर दिया गया है। डिजिटल श्रमसेतु जैसी पहलें असंगठित क्षेत्र में तकनीक को पहुंचाने का काम कर रही हैं।

भारत की पहली डिजिटल क्रांति ने लोगों को जोड़ा, अब अगली एआई क्रांति का लक्ष्य उन्हें नए अवसर देना होना चाहिए। ऐसा भविष्य, जहां गांव की महिला उद्यमी, दूर-दराज़ का युवा और शहर का स्टार्टअप संस्थापक- सभी एआई के लाभ में बराबर के भागीदार हों। भारत में एआई की सफलता इस बात से नहीं मापी जाएगी कि उसके एल्गोरिदम कितने जटिल हैं, बल्कि इस बात से मापी जाएगी कि वह कितने लोगों को आगे बढ़ने का मौका देता है। महिलाएं, युवा और कामगार अब केवल लाभ लेने वाले नहीं हैं, बल्कि एक न्यायपूर्ण और समावेशी एआई अर्थव्यवस्था के निर्माता बन रहे हैं। यही भारत की असली ताकत है।

**श्रीमती कविता भाटिया**
(लेखिका- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के इंडिया एआई मिशन की सीओओ हैं।)

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### हरियाणा से राज्यसभा सीट के लिए एक और नामांकन

चंडीगढ़। गोहाना के ओम प्रकाश ने हरियाणा से राज्यसभा की सीट के लिए आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र के दाखिल किए जाने की आज अंतिम तिथि थी। सूत्रों का कहना है कि ओम प्रकाश का नाम 9 विधायकों द्वारा प्रस्तावित नहीं है इसलिए उसके रद्द होने की पूरी संभावना है। इंका उम्मीदवार के रूप में रामजी लाल पहले ही नामांकन पत्र दाखिल कर चुके है। अन्य किसी व्यक्ति द्वारा नामांकन भरे जाने का कोई समाचार नहीं है। रामजीलाल के निविरोध चुने जाने की पूरी संभावना है।

### जहरीला पदार्थ खाने से दो को पीजीआई में दाखिल करवाया

चंडीगढ़। सेक्टर-44 से एक युवती और एक व्यक्ति को अचानक कोई जहरीली वस्तु खाने से अस्पताल में दाखिल कराया गया है। सूत्रों से पता चला है कि सेक्टर 44 के मकान नंबर 2203 की युवती गुरजीत कौर जब कोई साईंस के प्रैक्टिकल कर रही थी तो अचानक उसके मुंह में पोटाशियम चला गया। जिससे उसकी हालत नाजुक होने से अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। इसी बीच इसी सेक्टर के निवासी मनीश बनर्जी को भी कोई जहरीला पदार्थ खाने से पीजीआई में दाखिल करवाया गया है। उक्त युवक सेक्टर-44 के मकान नंबर-3138 का निवासी है। जहरीला पदार्थ खाने के कारणों का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है।

### सेवादार की पिटाई के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

चंडीगढ़। टेलीफोन विभाग के एक सेवादार की पिटाई करने वाले दोषी गिरफ्तार कर लिए गए है। प्राप्त सूचना के अनुसार पंचकूला निवासी डिम्पी ओवराय जोकि टेलीफोन सेवाओं के लिए एजेंट के रूप में काम करता है, टेलीफोन कार्यालय में गया। वहां सेवादार महेन्द्र सिंह ने उसे कहा कि वह हाल में दाखिल होने की बजाय पहले काउंटर पर जाए। इस पर ओवराय नाराज होकर चला गया और और कुछ कुछ देर बाद भाई के साथ लौट कर आया और महेन्द्र सिंह की पिटाई कर दी। ड्यूटी पर तैनात सरकारी कर्मचारी को पीटने के अपराध के लिए मुख्य लेखा अधिकारी सीआर अंगरीश की रिपोर्ट पर ओवराय भाइयों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है।

### समिति का पुनर्गठन

चंडीगढ़। करसान कालोनी सुधार सभा, फेस 1 के सभा संस्थापक एवं चुनाव समिति के महासचिव मुकेश कुमार बोहित ने बताया कि चुनाव समिति का पुनर्गठन 10 वर्ष के लिए सर्वसम्मति से किया गया है। इस चुनाव समिति के चेयरमैन संत्रेश कुमार राही, अध्यक्ष आस्टर रामस्वरूप, उपाध्यक्ष जगदीश सिंह ढिंगीया तथा महासचिव मुकेश कुमार वोहित चुने गए है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1666: दुनिया को ताज महल के रूप में मोहब्बत का अजीम तोहफा देने वाले मुगल बादशाह शाहजहां का निधन।
1673: न्यूयॉर्क और बोस्टन के बीच डाक सेवा की शुरुआत हुई।
1760: वांदीवाश के युद्ध में अंग्रेजों ने फ्रांसिसियों को हराया।
1837: दक्षिणी सीरिया में भूकंप से हजारों लोगों की जान चली गई।
1892: भारत की आज़ादी के लिए संघर्ष करने वाले क्रांतिकारियों में से एक ठाकुर रोशन सिंह का जन्म।
1901: महारानी विक्टोरिया का निधन। क्वीन विक्टोरिया ने 1837 में ग्रेट ब्रिटेन और आयरलैंड की महारानी के रूप में सिंहासन संभाला और अपनी मृत्यु तक इस पर आरूढ़ रहीं।
1905: जार निकोलस द्वितीय से मिलने जा रहे निहत्थे श्रमिकों पर सैनिकों ने गोलियां बरसायीं, पांच से ज्यादा श्रमिक मारे गये।
1934: प्रसिद्ध फिल्म निर्माता विजय आनंद का जन्म।
1949: राजनीतिज्ञ एवं त्रिपुरा के 9वें मुख्यमंत्री माणिक सरकार का जन्म।
1963: देहरादून में दृष्टिहीन लोगों के लिए राष्ट्रीय पुस्तकालय की स्थापना हुई।
1972: भारतीय अभिनेत्री नम्रता शिरोडकर का जन्म।
1973: नाइजीरिया में जॉर्डन एयरलाइंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त, करीब 200 लोगों की मौत।
1973: अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने गर्भपात को कानूनी तौर पर मान्यता दे दी। इसे अपराध की श्रेणी से निकालते हुए अदालत ने इसे महिला की निजता का सवैधानिक अधिकार बताया।
1976: कर्नाटक संगीत शैली के प्रसिद्ध गायक तथा मैग्सेसे पुरस्कार प्राप्त व्यक्ति टी. एम. कृष्णा का जन्म।
1980: सोवियत संघ ने सरकार-विरोधी परमाणु वैज्ञानिक आन्द्रेई सखारोव को नज़रबंद किया। नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित सखारोव ने एक अमरीकी टेलिविज़न चैनल को दिए साक्षात्कार में अफ़ग़ानिस्तान से सोवियत सेनाएं वापस बुलाने की मांग की थी।
1996: कैलिफ़ोर्निया विश्वविद्यालय की वेधशाला के वैज्ञानिकों ने पृथ्वी से तकरीबन 3,50,000 प्रकाश वर्ष की दूरी पर दो नये ग्रहों की खोज की।
1993: इंडियन एयरलाइंस का विमान औरंगाबाद में क्रैश हुआ, जिसमें 61 यात्रियों की मौत हो गई।
1998: अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन पर मोनिका लेवेंस्की ने अवैध संबंध स्थापित करने का आरोप लगाया।
1999: ऑस्ट्रेलियाई मिशनरी ग्राहम स्टेन्स और उनके दो बेटों को उन्मादियों की भीड़ ने जिंदा जलाकर मार डाला।
2001: पाकिस्तान ने देश में तालिबान के सभी कार्यालयों को बंद किया और आतंक सरगना ओसामा बिन लादेन की संपतियों पर रोक लगा दी।
2006: श्रीलंका के राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे ने विद्रोही संगठन लिबरेशन टाइगर ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) से बातचीत की पेशकश की।
2008: राजग ने लोकसभा में विपक्ष के नेता लालकृष्ण आडवाणी को 2009 के लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया।

## बोल ब्यूटीफुल



**हर्ष गुप्ता मधुसुदनः** एआर रहमान बिल्कुल मोहम्मद अजहरूद्दीन वाले वाकये की याद दिला रहे है। यह पतन की पराकाष्ठा ही है जो त्रासद तो है, लेकिन हैरतअंगेज नहीं। देश ने आपको इतना प्यार किया और उसका यह परिणाम दिया।

**डा. पीएन अरोड़ाः** नोएडा में एक निर्माणाधीन माल के बेसमेंट में कार सवार युवक की मौत बहुत व्यथित करने वाली है। मानव जीवन की महत्ता समझी जानी चाहिए। ऐसी क्षति समाज की सामूहिक विफलता दिखाती है। इस पेशेवर की ऐसे हालात में जान गंवाना हृदयविदारक है, जो कभी नहीं होना चाहिए।

**विक्रम चन्द्राः** ट्रंप ने पुतिन को गाजा के लिए प्रस्तावित बोर्ड ऑफ फीस में शामिल होने का निमंत्रण दिया है। लेकिन रूसी तेल खरीदने को लेकर भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ ठोक दिया जाता है।

**कनिष्क दधीचः** सऊदी अरब ने पाकिस्तान के साथ रक्षा समझौता किया और अब संयुक्त अरब अमीरात ने भारत के साथ ऐसा ही करार किया है। यह महज कोई संयोग नहीं हो सकता।

# पर्यावरण संरक्षण कोष : जवाबदेही और पारदर्शिता का मॉडल

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

पर्यावरण संरक्षण को लेकर भारत ने जनवरी 2026 में ऐसा निर्णायक कदम उठाया, जिसने नीति और मानसिकता दोनों की दिशा बदल दी। अधिसूचित पर्यावरण संरक्षण कोष नियम केवल किसी कानून की औपचारिक घोषणा नहीं हैं, बल्कि उस पुराने टकरावपूर्ण दृष्टिकोण का अंत हैं जिसमें विकास को पर्यावरण का विरोधी मान लिया जाता था। अब प्रदूषण को नज़रअंदाज़ करने या मात्र दंड लगाकर औपचारिकता निभाने की नीति पीछे छूट रही है। भारत ने स्पष्ट और सख्त संदेश दिया है कि जो पर्यावरण को क्षति पहुँचाएगा, उसे उसकी भरपाई भी करनी होगी। यह नई सोच पर्यावरणीय शासन को नैतिक दायित्व, ठोस जवाबदेही और वास्तविक प्रभावशीलता से जोड़ने का सशक्त प्रयास है।

अब तक पर्यावरण कानूनों के उल्लंघन पर वसूली गई पेनल्टी प्रायः सरकारी खातों में निष्क्रिय पड़ी रह जाती थी। उसके उपयोग की दिशा स्पष्ट नहीं थी और पर्यावरण सुधार से उसका प्रत्यक्ष संबंध भी स्थापित नहीं हो पाता था। नए नियम इसी मूलभूत कमजोरी पर प्रहार करते हैं। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के अंतर्गत बने ये प्रावधान पेनल्टी के उपयोग को 11 स्पष्ट गतिविधियों से जोड़ते हैं। प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण और शमन से लेकर दूषित स्थलों के पुनर्विकास तक प्रत्येक पहल को ठोस वित्तीय समर्थन मिलता है। इस परिवर्तन ने पर्यावरणीय दंड को मात्र सज़ा नहीं, बल्कि सुधार की सशक्त प्रक्रिया में बदल दिया है।

इन नियमों के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण कोष को सार्वजनिक खाते में रखा जाएगा। इसके प्रभावी संचालन हेतु केंद्र और राज्यों के स्तर पर अलग-अलग परियोजना प्रबंधन इकाइयों का गठन किया गया है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की निगरानी व्यवस्था पारदर्शिता को संस्थागत रूप देती है। धन के दुरुपयोग की आशंका अब सैद्धांतिक बनकर रह जाती है। कुल राशि का 75 प्रतिशत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को देकर स्थानीय आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी गई है, जबकि शेष 25 प्रतिशत केंद्र के पास रहकर राष्ट्रीय निगरानी और नीति समन्वय को सुदृढ़ करेगा।

जन विश्वास अधिनियम 2023 ने इस कोष व्यवस्था को अतिरिक्त बल प्रदान किया है। अनेक पर्यावरणीय अपराधों को अपराधमुक्त कर मौद्रिक दंड में परिवर्तित किया गया, जिससे कानूनी प्रक्रिया अधिक सरल और व्यावहारिक बनी। अब अधिक मामलों में जुर्माना लगेगा और वही राशि सीधे पर्यावरण सुधार में व्यय होगी। इससे उद्योगों को स्पष्ट संकेत मिलता है कि उल्लंघन से बचना अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता है। यह व्यवस्था भय के स्थान पर जिम्मेदारी आधारित अनुपालन संस्कृति को प्रोत्साहित करती है, जो दीर्घकाल में कहीं अधिक प्रभावी सिद्ध होती है।

कार्बन-हैवी उद्योगों पर केंद्रित कठोरता इस नीति की सबसे निर्णायक विशेषता बनकर उभरती है। ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन तीव्रता के लक्ष्य अब कुछ सीमित क्षेत्रों तक सिमटे नहीं रहे। सीमेंट, एल्युमीनियम, क्लोर-अल्कली और कागज उद्योग के साथ अब पेट्रोलियम रिफाइनरी, पेट्रोकेमिकल्स, वस्त्र और सेकेंडरी एल्युमीनियम भी इसके दायरे में हैं। चार सौ साठ से अधिक औद्योगिक इकाइयों पर लागू ये लक्ष्य प्रति टन उत्पादन उत्सर्जन को 3 से 7 प्रतिशत तक घटाने की अनिवार्यता स्थापित करते हैं।



अनुपालन में चूक पर लगाया जाने वाला पर्यावरणीय मुआवजा इस नीति को वास्तविक प्रभाव देता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित दंड उस वर्ष के औसत कार्बन क्रेडिट व्यापार मूल्य से दोगुना होगा। ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी द्वारा जारी कार्बन क्रेडिट प्रमाणपत्र इस पूरी व्यवस्था की आधारशिला हैं। जो इकाइयाँ लक्ष्य से बेहतर प्रदर्शन करेंगी, वे अतिरिक्त क्रेडिट बेचकर आर्थिक लाभ अर्जित करेंगी। इस प्रकार प्रदूषण घाटे का सौदा बनता है और स्वच्छता लाभ का अवसर।

यह बाजार आधारित तंत्र उद्योगों को स्वच्छ प्रौद्योगिकी में निवेश की दिशा में मजबूती से प्रेरित करता है। ऊर्जा दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा और कम-कार्बन प्रक्रियाएं अब केवल पर्यावरणीय जिम्मेदारी नहीं रहीं, बल्कि आर्थिक विवेक का प्रतीक बन गई हैं। जो उद्योग समय रहते बदलाव अपनाएंगे, वे प्रतिस्पर्धा में बढ़त हासिल करेंगे। जो पीछे रहेंगे, उन्हें दंड भुगतना पड़ेगा। इस तरह नीति बाध्यता के माध्यम से नवाचार को गति देती है और हरित संक्रमण को तेज करती है।

इन नियमों का सीधा और स्पष्ट संबंध भारत की अंतरराष्ट्रीय जलवायु प्रतिबद्धताओं से जुड़ता है। नेट-जीरो 2070 का लक्ष्य और 2030 तक उत्सर्जन तीव्रता में पैंतालीस प्रतिशत कमी की प्रतिज्ञा अब कागज़ी घोषणा नहीं रह गई है। सीमेंट में 3.4 प्रतिशत, एल्युमिनियम में 5.8 प्रतिशत और अन्य क्षेत्रों में 7 प्रतिशत तक निर्धारित लक्ष्य इस बदलाव को रेखांकित करते हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि विकास के नाम पर प्रदूषण की छूट का दौर अब समाप्त हो चुका है।

स्वाभाविक रूप से इन नियमों ने उद्योग और पर्यावरण के बीच बहस को और तीव्र कर दिया है। उद्योग जगत लागत बढ़ने, प्रतिस्पर्धात्मक दबाव और रोजगार पर संभावित प्रभावों की चिंता जता रहा है। वहीं पर्यावरणविद् जलवायु संकट की गंभीरता, जहरीली होती हवा और जनस्वास्थ्य पर बढ़ते खतरों को सामने रख रहे हैं। सरकार का स्पष्ट मत है कि यह टकराव नहीं, बल्कि संतुलन साधने का प्रयास है। स्वच्छ प्रौद्योगिकी अपनाने हेतु प्रोत्साहन, सब्सिडी और क्रेडिट ट्रेडिंग जैसे उपाय इस संक्रमण को व्यावहारिक और सुगम बनाएंगे।

राज्य स्तर पर उपलब्ध कराई जाने वाली 75 प्रतिशत राशि इस नीति को वास्तविक जमीनी शक्ति प्रदान करती है। इसके माध्यम से वायु गुणवत्ता सुधार, नदी सफाई, औद्योगिक क्लस्टरों की निगरानी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रदूषण नियंत्रण की परियोजनाएं प्रभावी रूप से संचालित हो सकेंगी। स्थानीय समस्याओं के समाधान अब स्थानीय स्तर पर संभव होंगे। केंद्र द्वारा संचालित हिस्सा राष्ट्रीय डेटा, मानकों और तकनीकी क्षमता को सुदृढ़ करेगा। यह संघीय सहयोग का ऐसा ढांचा है जिसमें केंद्र दिशा निर्धारित करता है और राज्य क्रियान्वयन की शक्ति बनते हैं।

नए पर्यावरण पेनल्टी नियम जलवायु संघर्ष में भारत का अब तक का सबसे सशक्त हस्तक्षेप सिद्ध हो सकते हैं। यह नीति प्रदूषण करने वालों को जवाबदेह बनाकर प्रकृति को उसका अधिकार लौटाती है। उद्योगों के लिए उत्सर्जन घटाना अब केवल नैतिक आग्रह नहीं, बल्कि आर्थिक और कानूनी अनिवार्यता बन गया है। यदि इन नियमों का ईमानदार और कठोर क्रियान्वयन हुआ, तो भारत न केवल स्वच्छ पर्यावरण हासिल करेगा, बल्कि वैश्विक मंच पर नेतृत्व की भूमिका भी और मजबूत करेगा। यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित, संतुलित और सतत भविष्य की ठोस आधारशिला रखती है।

**मुख्यमंत्री ने संजौली हेलीपोर्ट से हेलीकॉप्टर सेवाओं का किया शुभारम्भ, बोले- बेहतर हवाई कनेक्टिविटी से प्रदेश में पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा**

# शिमला से चंडीगढ़-कुल्लू व रिकांगपिओ के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला के संजौली हेलीपोर्ट से हेलीकॉप्टर सेवाओं का शुभारम्भ किया। इसके साथ ही संजौली हेलीपोर्ट से कुल्लू ि?ला के भुंतर हवाई अड्डा और किन्नौर जिला के रिकांगपिओ (आईटीबीपी हेलीपैड) के लिए रोजाना हेलीकॉप्टर उ?ानें शुरू हो गई हैं।

इसके अलावा, चंडीगढ़ से संजौली हेलीपोर्ट के बीच सप्ताह में तीन दिन, सोमवार, शुक्रवार और शनिवार हेलीकॉप्टर सेवाओं का संचालन किया जाएगा। हेलीकॉप्टर का किराया संजौली से कुल्लू 3,500 रुपये प्रति यात्री, संजौली से रिकांगपिओ 4,000 रुपये प्रति यात्री तथा संजौली से चंडीग? 3,169 रुपये प्रति यात्री निर्धारित किया गया है। शीघ्र ही संजौली-ृरामपुर-रिकांगपिओ और संजौलीदृमनाली (सासे हेलीपैड) के लिए भी हेलीकॉप्टर सेवाएं शुरू की जाएंगी। इसके लिए डीजीसीए को प्रस्ताव भेजे गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सेवाएं पर्यटन से जु? लोगों और आम जनता दोनों के लिए बहुत फायदेमंद होंगी। यह एक पुरानी मांग थी, जो अब पूरी हो गई है। इस सेवा से यात्रा सुविधाजनक होने के साथ-साथ समय की बचत भी होगी। उन्होंने कहा कि संजौली हेलीपोर्ट आईजीएमसी अस्पताल के पास है, जिससे मेडिकल इमरजेंसी में भी काफी मदद मिलेगी। राज्य सरकार पर्यटन को ब?ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है और हेलीकॉप्टर सेवाओं से राज्य की हवाई कनेक्टिविटी मजबूत होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर जिले के मुख्यालय और प्रमुख पर्यटन स्थलों पर हेलीपोर्ट बना रही है। जिला हमीरपुर के जसकोट, कांग?ा के रक्क? और पालमपुर तथा चंबा में चार हेलीपोर्ट का काम अगले मार्च-अप्रैल तक पूरा हो जाएगा। हर हेलीपोर्ट पर लगभग 15 करो? रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इससे उच्च वर्ग के पर्यटक हिमाचल आएंगे और लोगों की आय भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार ने एक ह?ार करो? रुपये ऐसी इमारतों पर खर्च किए, जो बेकार और खाली पड़ी हैं। संजौली हेलीपोर्ट का शिलान्यास 13 सितंबर, 2017 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार के समय हुआ था। इसका निर्माण लगभग 15.86 करो? रुपये की लागत से किया गया। हालांकि हेलीपोर्ट का उद्घाटन 12 जनवरी, 2022 को हो गया था, लेकिन डीजीसीए की मंजूरी न मिलने के कारण सेवाएं शुरू नहीं हो सकीं। वर्तमान प्रदेश सरकार के प्रयासों से 7 अगस्त, 2025 को उ?ानों की अनुमति मिली। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष आर.एस. बाली, विधायक नीरज नैय्यर, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान, निदेशक पर्यटन विवेक भाटिया, उपायुक्त अनुपम कश्यप और अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## राज्य में पहली बार बनेगी पोषण नीति : मुख्यमंत्री

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज स्वास्थ्य विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की पहली पोषण नीति बनाएगी, ताकि लोगों को समग्र रूप से लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कई पोषण और खाद्य सुरक्षा योजनाएं चला रही है, जैसे एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस), मिड-डे मील योजना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली।



मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं को ध्यान में रखते हुए न्यूट्रिशनल प्रोफाइलिंग बहुत जरूरी है। इससे लोगों को भोजन में मौजूद पोषक तत्वों, कैलोरी और फूड फोर्टिफिकेशन के बारे में जागरूकता मिलेगी। उन्होंने कहा कि नीति को अंतिम रूप देने से पहले राज्य में पोषण और खाद्य परीक्षण से जु?ी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। इसके तहत कंडाघाट स्थित कंपोजिट टेस्टिंग लैब को अपग्रेड किया जाएगा और नई प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी। पहले चरण में कांग?ा जिले में नई लैब बनाई जाएगी। आने वाले वर्षों में राज्य के अन्य हिस्सों में भी क्षेत्रीय टेस्टिंग लैब स्थापित होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने हाल ही में कांग?ा, मंडी, शिमला और सोलन जिले के बद्दी में नई प्रयोगशालाएं खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि कंडाघाट लैब को मजबूत करने के लिए 8.50 करो? रुपये और कांग?ा में फूड टेस्टिंग लैब स्थापित करने के लिए 25 करो? रुपये जारी किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इन प्रयोगशालाओं के सुचारू संचालन के लिए पर्याप्त स्टाफ की व्यवस्था की जाए। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान, मुख्यमंत्री के सचिव राकेश कंवर, स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव जितेंद्र सांजटा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# छह माह के भीतर तकसीम के मामलों का निपटारा करने के निर्देश

**राजस्व मंत्री ने मंत्रिमंडलीय उप-समिति की बैठक की अध्यक्षता की**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** राजस्व एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रिमंडलीय उप-समिति की तीसरी बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी जिला के उपायुक्त वर्चुअल माध्यम से बैठक में जु?।

बैठक में अवगत करवाया गया कि राजस्व विभाग द्वारा विभिन्न विभागों को हस्तातंरित और उपयोग में लाई गई भूमि में अंतर पाया गया है। राजस्व विभाग द्वारा वर्ष, 2016 से कृषि विभाग को 399-14 बीघा, पशुपालन विभाग को 3029 बीघा, सहकारिता विभाग को 01-73-15 हेक्टेयर, शिक्षा विभाग को 1135-18 बीघा, मत्स्य पालन विभाग को 140 बीघा, स्वास्थ्य विभाग को 257-23 बीघा, गृह विभाग को 364-15 बीघा, न्यायपालिका को 319-17-18 बीघा, बागवानी विभाग को 68-15 बीघा, आवासीय विभाग को 3294 बीघा, उद्योग विभाग को 20601-14 बीघा, बहुउद्देशीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा विभाग को 3841 बीघा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को 252-18 बीघा, तकनीकी शिक्षा विभाग को 122-01 बीघा, पर्यटन को 718-16 बीघा, परिवहन विभाग को 89-17 बीघा और युवा सेवाएं एवं खेल विभाग को 123-05 बीघा भूमि हस्तातंरित की जा चुकी है।

राजस्व मंत्री ने सभी जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जिला में सभी विभागों के साथ बैठक आयोजित कर 31 मार्च, 2026 तक भूमि का आंक?ा एकत्रित करें। इसके लिए गूगल स्प्रेडशीट सभी जिला उपायुक्तों के साथ साझा की जाएगी। बैठक में अवगत करवाया गया कि संबंधित विभाग को भूमि हस्तातंरित होने के बाद दो वर्ष तक इस्तेमाल न किए जाने की स्थिति में भूमि राजस्व विभाग को वापस की जाती है। इस अवसर पर राजस्व लोक अदालतों के मामलों पर भी चर्चा हुई। राजस्व मंत्री ने प्रदेश सरकार द्वारा संशोधन के बाद हिमाचल भू-सुधार अधिनियम 1954 की धारा-123 के तहत नायब-तहसीलदार और तहसीलदार छह माह के भीतर तकसीम के मामलों का निपटारा करने के निर्देश दिए।

# शिमला सत्ता का केंद्र, हरोली सेवा का आधार

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** राजनीति में अक्सर ऊँचा पद दूरी का कारण बन जाता है, लेकिन उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने इसे अपनी ताकत बना लिया है। शिमला में पद की जिम्मेदारी निभाने के बावजूद उनका राजनीतिक और सामाजिक केंद्र आज भी हरोली ही है। यही वजह है कि हरोली की जनता उन्हें केवल नेता नहीं, अपना अभिभावक मानती है।

23 वर्षों के राजनीतिक जीवन में मुकेश अग्निहोत्री ने कभी यह नहीं माना कि सत्ता जनता से ऊपर होती है। लगातार पांचवीं बार हरोली विधानसभा क्षेत्र से जीत दर्ज कर उपमुख्यमंत्री बनना उनके लिए उपलब्धि जरूर है, लेकिन प्राथमिकता आज भी वही पुरानी–जनता की सुनवाई और मौके पर समाधान।

अक्सर यह शिकायत सुनने को मिलती है कि मंत्री बनने के बाद नेता सचिवालयों में सिमट जाते हैं, लेकिन हरोली में तस्वीर बिल्कुल उलट है। यहाँ आज भी लोग पूरे भरोसे से कहते हैं–यही भरोसा उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक पूंजी है। सड़क, पानी, बिजली, रोजगार या व्यक्तिगत समस्या–हर मुद्दे पर जनता को यह भरोसा है कि उनकी बात फाइलों में नहीं दबेगी।

सामाजिक जीवन में भी उनकी मौजूदगी औपचारिक नहीं रहती। विवाह हो या शोक, पंचायत का कार्यक्रम हो या जनसमस्या–मुकेश अग्निहोत्री को हरोली के लोग अपने बीच खड़ा पाते हैं। यही कारण है कि उनके और जनता के बीच नेताङ्कमतदाता का नहीं, परिवार जैसा रिश्ता बना हुआ है।

राजनीति में जहाँ दिखावा और दूरी आम होती जा रही है, वहीं मुकेश अग्निहोत्री की पहचान सादगी, संवाद और सेवा से बनी है। शायद इसी वजह से हरोली आज खुद को सौभाग्यशाली मानती है कि उसका प्रतिनिधि ऊँचे पद पर होते हुए भी जमीन से जुड़ा हुआ है।

हरोली के लिए यह सिर्फ विकास की बात नहीं, भरोसे की राजनीति है–और यही भरोसा आने वाले समय में भी उनकी सबसे बड़ी ताकत बना रहेगा।



## प्रो. धूमल से मिले शिक्षक प्रकोष्ठ के भाजपा प्रदेश सह-संयोजक रमेश रानौत

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर।** भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक रमेश रानौत ने आज पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर शिक्षक समुदाय से जुड़े विभिन्न विषयों, संगठनात्मक गतिविधियों तथा भावी कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस भेंट के दौरान शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक यशवीर जम्वाल, जिला सह-संयोजक राजेंद्र चंब्याल, विजय गौतम, रमेश शर्मा, दलजीत सिंह, बलदेव सिंह, जसवंत सिंह तथा राजेश कंवर भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने प्रो. धूमल को शिक्षक प्रकोष्ठ द्वारा जिले एवं प्रदेश स्तर पर किए जा रहे कार्यों, जनसंपर्क अभियानों और संगठन विस्तार से संबंधित गतिविधियों की जानकारी दी।

प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने शिक्षक प्रकोष्ठ की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षकों की भूमिका समाज और राष्ट्र निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर पर शिक्षकों से संवाद मजबूत करने, सकारात्मक विचारधारा के प्रसार और संगठनात्मक मजबूती के लिए निरंतर कार्य करने का मार्गदर्शन दिया।

# प्लॉट निर्माण की आड़ में 28 करोड़ का खेल

**खड्ड-नालों की जमीन को बताया 'कीमती', विजिलेंस की रडार पर बड़ा नेटवर्क**

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** हरोली विधानसभा क्षेत्र में प्लॉट निर्माण खरीद के नाम पर जो सौदा हुआ था , वह अब सरकारी धन की खुली लूट के तौर पर सामने आ रहा है। खड्डों, नालों और ढलानों से भरी जिस भूमि पर एक ईंट रखना भी जोखिम भरा था, उसे नियमों की धज्जियां उड़ाकर 28 करोड़ रुपये में खरीदा गया। यह सौदा नहीं, बल्कि सुनियोजित घोटाला था।

विजिलेंस जांच में सामने आया है कि लगभग 600 कनाल अनुपयुक्त भूमि को जानबूझकर समतल और विकास योग्य दर्शाया गया। जमीन की कीमत सर्किल रेट से कई गुना बढ़ाकर दिखाई गई, जिससे जमीन मालिक को सीधा फायदा और सरकारी खजाने को भारी चूना लगा। जांच अधिकारियों के मुताबिक कागज़ों में जमीन पूरी तरह समतल और प्लॉटिंग के लिए उपयुक्त बताई गई, जबकि हकीकत में वहां गहरी खड्डें, बहाव वाले नाले और अस्थिर ढलान मौजूद हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि मौके पर बिना वास्तविक निरीक्षण किए ही खरीद को मंजूरी दे दी गई।

विजिलेंस को इस पूरे मामले में राजस्व विभाग के अधिकारियों और संबंधित एजेंसियों की गहरी सांठगांठ के संकेत मिले हैं। नियमों को दरकिनार कर फाइलें आगे बढ़ाई गईं और आपत्तियों को जानबूझकर नजरअंदाज किया गया।

जांच में यह भी उजागर हुआ है कि जमीन खरीदने से पहले न तो कोई ठोस डेवलपमेंट प्लान बनाया गया और न ही तकनीकी रिपोर्ट तैयार की गई। इसके बावजूद करोड़ों रुपये का भुगतान कर दिया गया, जो सीधे-सीधे लापरवाही नहीं बल्कि साजिश की ओर इशारा करता है। जमीन खरीद की प्रक्रिया जिस दौर में पूरी हुई, उस समय सत्ता में भाजपा की सरकार थी। अब विजिलेंस की जांच ने उस फैसले पर बड़ा प्रश्नचिह्न लगा दिया है। जांच एजेंसी का मानना है कि राजनीतिक संरक्षण के बिना इतना बड़ा सौदा संभव नहीं था।

**कई बड़े नाम रडार पर :** विजिलेंस सूत्रों के अनुसार आने वाले दिनों में जमीन मालिक के अलावा कई बड़े अधिकारी और निर्णय लेने वाले लोग जांच के दायरे में आ सकते हैं। फाइलों, नोटशीट और भुगतान से जुड़े दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं।

डीएसपी विजिलेंस के नेतृत्व में चल रही जांच निर्णायक मोड़ पर है। रिपोर्ट सरकार को सौंपे जाने के बाद इस मामले में गिरफ्तारियों और विभागीय कार्रवाई की संभावना से इंकार नहीं किया जा रहा। विजिलेंस डीएसपी फिरोज खान ने कहां की टीम गहराई से मामले की जांच कर रही है और रिपोर्ट सरकार को भेजी जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### सोशल मिडिया पर भ्रांतिया फैलने पर कार्रवाई की मांग



**बद्दी ( विक्रम ठाकुर )।** कुल्हाड़ीवाला गांव के लोगों ने गांव के एक युवक पर देवी देवताओं को लेकर सोशल मीडिया पर भ्रांतियां फैलने का आरोप लगाया है। ग्रामीण इस बारे में एसपी विनोद धीमान से मिले। ग्रामीण, अजय कुमार, सुनील चौधरी, गुरदीप, दलेल सिंह, सोना देवी व देवो देवी समेत एक दर्जन से अधिक लोगों ने एसपी को बताया कि कुल्हाडीवाला में बजुर्गो के समय से पीर लखदाता मन्दिर और काली माता भैरव बाबा और नवनाथो का सांझा दरबार हैं और साथ में हमारी कुल माता नैनादेवी का मन्दिर हैं। गाँव के रहने वाले भगत सेवा दार पिछले 10 से 12 वर्ष से वहां पर सेवा कर रहे है। सभी गाँव वासी और श्रद्धालूओं की ओर से पिछले कुछ वर्षो से दरबार का जीर्णोद्धार करवाया जा रहा हैं जिसको लेकर हमारे गाँव का ही एक युवक निजी स्वार्थ के चलते लोगों को गलत अफवाह जानकारी दे रहा हैं कि इस दरबार में धर्म परिवर्तन का कार्य किया जा रहा हैं जिसको लेकर कई बार दरबार में लोगों को और हिन्दू संगठनो को लेकर आया हैं और माहोल खराब करने की कोशिश की गई। अब उक्त युवक ने सोशल मिडिया पर दरबार को लेकर गल्त पोस्ट डलवाई जा रही है जिससे हमें आशंका हैं कि भविष्य में दरबार में मौजूद भगत और संगत के साथ कोई अप्रिय घटना ना घटे । युवक धर्म परिवर्तन को लेकर अफवाहें फैला रहा है। एसपी ने ग्रामीणों को उचित कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए बरोटीवाला के थाना प्रभारी को जांच के आदेश दिए है।

### महिला सशक्तिकरण को मिली मजबूती : भुवनेश्वर



**मनाली (कुल्लू) 21 जनवरी।** मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के एक दिवसीय मनाली दौरे को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह दौरा मनाली विधानसभा क्षेत्र के लिए विकास के नए द्वार खोलने वाला सिद्ध हुआ है। उन्होंने करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं की सौगात देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शरदोत्सव मनाली के दौरान झांकियों तथा 'माह नाटी' में भाग लेने वाले महिला मंडलों की प्रोत्साहन राशि में ऐतिहासिक वृद्धि कर इसे 30 हजार से बढ़ाकर 35 हजार रुपये किया गया है, जिससे महिला मंडलों का उत्साह कई गुना बढ़ा है। विधायक ने विशेष रूप से मनाली विंटर कार्निवाल में भाग लेने वाले महिला मंडलों की सराहना करते हुए कहा कि ये महिला मंडल वर्षों से हिमाचल प्रदेश की समृद्ध लोक-संस्कृति, परंपराओं, वेशभूषा, लोकनृत्यों एवं लोकगीतों को जीवंत बनाए हुए हैं।

# आयकर विभाग की ओर से द लॉरेंस स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन।** आयकर विभाग द्वारा द लॉरेंस स्कूल, सनावर में स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) प्रावधानों पर एक आउटरीच एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 30 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

आयकर विभाग की टीम में शक्ति सिंह, संयुक्त आयकर आयुक्त; सुनील कुमार, आयकर अधिकारी; रविंदर यादव, कार्यालय अधीक्षक; ओम प्रकाश, कर सहायक; तथा सुरेंद्र कुमार, एमटीएस शामिल थे। टीम द्वारा टीडीएस के महत्वपूर्ण प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई तथा प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर दिए गए।

आयकर विभाग की टीम का प्रधानाचार्य हिम्मत सिंह ढिल्लों, उप-प्रधानाचार्य रवि कुमार एवं बर्सर मेहक सिंह द्वारा हार्दिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम में द लॉरेंस स्कूल, सनावर की वित्त टीम ने भी वित्त प्रबंधक श्री रितेश फार्मर के नेतृत्व में सक्रिय रूप से भाग लिया।

यह कार्यक्रम प्रतिभागियों में टीडीएस प्रावधानों के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं उनकी समझ को सुदृढ़ करने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ।

## सत्ती का सरकार व प्रशासन पर तीखा हमला



**ऊना (रोहित शर्मा)।** ऊना के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने जिला मुख्यालय के लालसिंगी में लोगों की जमीन की कथित हेराफेरी के मामले को लेकर प्रदेश सरकार और प्रशासन पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि गांव के लोग लगातार सड़क पर उतरकर अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष उठा रहे हैं, लेकिन प्रशासन पूरी तरह से उनकी अनदेखी कर रहा है।

विधायक ने सवाल उठाया कि प्रशासनिक अधिकारियों की ऐसी कौन-सी मजबूरी है, जिसके चलते वे लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव के लोगों की जमीन हड़पने के लिए भ्रष्ट अधिकारियों को बार-बार सेवा विस्तार दिया जा रहा है।

## चंडीगढ़ के वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप शर्मा अब ऊना में भी देंगे सेवाएं

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा




**ऊना।** ऊना जिले के मरीजों के लिए राहत की खबर है। चंडीगढ़ के प्रसिद्ध एवं अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप शर्मा अब ऊना में भी अपनी चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराएंगे। डॉ. शर्मा एमबीबीएस, एमडी, डीएम (न्यूरोलॉजी) एवं एफआईपीएम (पेन) हैं और लिवासा/आईवीवाई अस्पताल में न्यूरोलॉजी विभाग के डायरेक्टर एवं एचओडी रह चुके हैं।

डॉ. प्रदीप शर्मा तंत्रिका समस्या मस्तिष्क एवं नसों से संबंधित रोगों के विशेषज्ञ हैं। उनके मार्गदर्शन में मरीजों को आधुनिक जांच एवं उपचार की सुविधाएं मिलेंगी। वे लकवा, माइग्रेन, सिरदर्द, मिर्गी, दौरे, गर्दन व पीठ दर्द, दिमागी बुखार, नींद संबंधी विकार, अवसाद, हाथ-पैरों में झनझनाहट, चक्कर आना एवं हाथ-पैर कांपने जैसी बीमारियों का उपचार करेंगे।

डॉ. शर्मा प्रत्येक शुक्रवार को बंसल ऑर्थो हेल्थ सेंटर, जखेड़ा मोड़, मेहतपुर (ऊना) में ओपीडी सेवाएं देंगे। ओपीडी का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है।

मरीज अपॉइंटमेंट के लिए मोबाइल नंबर 9041136949 पर संपर्क कर सकते हैं।

## स्मार्ट बिजली मीटर से नहीं पड़ेगा बिजली के बिलों पर असर

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड (एचपीएसईबीएल) के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि प्रदेश में स्मार्ट बिजली मीटर लगाए जाने से बिजली सब्सिडी पर कोई असर नहीं प?ेगा। उन्होंने कहा कि 125 यूनिट तक मिलने वाली मुफ्त बिजली की सुविधा पूरी तरह से पहले की तरह जारी रहेगी और स्मार्ट मीटर लगने से बिजली के बिलों में कोई ब?ोतरी नहीं होगी।

प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश में अब तक 7.5 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। स्मार्ट मीटर केवल बिजली खपत को मापने का एक उपकरण है, ठीक वैसे ही जैसे पुराने सामान्य मीटर होते हैं। इसका बिजली की दरों (टैरिफ) या बिलिंग नीति से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर जो भ्रम फैलाया जा रहा है, वह सही जानकारी के अभाव में तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश किए जाने का परिणाम है।

**तैयारी** | **हैंडबॉल की राष्ट्रीय अंडर-19 छात्रा प्रतियोगिता के लिए आयोजित बैठक में बोले तकनीकी शिक्षा मंत्री**

# घुमारवीं में राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होना गर्व की बात : राजेश

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा



**बिलासपुर, 21 जनवरी।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि जिला बिलासपुर के घुमारवीं में आगामी 1 से 5 फरवरी तक राष्ट्रीय अंडर-19 छात्रा हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन होना एक गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में पहली बार किसी राष्ट्रीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। इस प्रतियोगिता के आयोजन से न केवल हिमाचल प्रदेश बल्कि जिला बिलासपुर सहित घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के युवाओं एवं स्कूली विद्यार्थियों में खेल संस्कृति को बल मिलेगा बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर खेल दृष्टिकोण से घुमारवीं को एक अलग पहचान भी मिलेगी। राजेश धर्माणी आज खंड विकास अधिकारी कार्यालय घुमारवीं के सम्मेलन कक्ष में राष्ट्रीय अंडर-19 छात्रा हैंडबॉल प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने घुमारवीं में राष्ट्रीय अंडर-19 छात्रा हैंडबॉल प्रतियोगिता के आयोजन को अनुमित प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू तथा शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के माध्यम से ब्रांड हिमाचल को प्रोमोट करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों सहित 40 टीमों के लगभग 800 खिला?ियों, आफिशियल के भाग लेने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता घुमारवीं स्थित राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के परिसर में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू तथा समापन शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर करेंगे।

राजेश धर्माणी ने इस राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के आयोजन को बेहतरीन बनाने के लिए स्कूल शिक्षा सहित अन्य सभी विभागों से आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने के भी निर्देश दिये। उन्होंनें देश भर से आने वाले खिला?ी हमारे मेहमान हैं तथा उनकी सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करने हुए समयबद्ध सभी आवश्यक प्रबंध पूर्ण करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन मात्र स्कूल शिक्षा विभाग का ही नहीं है बल्कि इसमें जिला के तमाम विभागों सहित जिला प्रशासन की भी अहम भूमिका है।

उन्होंने सभी विभागों से सभी आवश्यक प्रबंधों को पूरी गंभीरता के साथ लेते हुए आपसी समन्वय से कार्य करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी प्रकार की लापरवाही या ि?लाई को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने इस प्रतियोगिता के दौरान देश भर से आने वाले खिला?ी बच्चों को हिमाचल की लोक कला, संस्कृति, खानपान इत्यादि से भी रू-ब-रू करवाने पर जोर दिया ताकि खेल के साथ-साथ वह हिमाचल को भी जान सकें। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर गठित सभी समितियों के प्रभारी व सदस्य पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ अपने दायित्व का निवर्हन सुनिश्चित बनाएं।

इस दौरान खेल आयोजन को लेकर गठित विभिन्न समितियों खान-पान एवं भोजन, ठहराव, परिवहन, सुरक्षा एवं संरक्षा, प्रचार-प्रसार, सांस्कृतिक, स्वागत, स्टेज, चिकित्सा सुविधा सहित अन्य समितियों के प्रभारियों ने अपनी कार्य योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इससे पहले निदेशक स्कूल शिक्षा आशीष कोहली ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए इस राष्ट्रीय खेल आयोजन से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि पिछले दस वर्षों से प्रदेश में कोई भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन नहीं हुआ है। लेकिन वर्तमान सरकार के समय यह तीसरी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता है जो हिमाचल प्रदेश में आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार, एसडीएम गौरव चैधरी, सहायक आयुक्त राज कुमार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## बिना रजिस्ट्रेशन प्राइवेट प्ले वे स्कूल होंगे बंद, जल्द होगी जांच

**पंचकूला।** जिले में कई ऐसे प्राइवेट प्ले स्कूल चल रहे है जो ना तो पंजीकृत है और ना ही उनके पास बुनियादी सुविधाए उपलब्ध हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम जिले भर में प्राइवेट प्ले वे स्कूलों का निरिक्षण करेगी। इस दौरान बिना पंजीकरण के पाए गए प्राइवेट प्ले वे स्कूलों को तुरंत बंद कर दिया जायेगा और उनके खिलाफ नियमानुसार कारवाही की जाएगी। जिला में सभी प्राइवेट प्ले वे स्कूलों को नेशनल कमीशन फॉर प्रोटेक्शन आफ चाइल्ड राईट की हिदायतों के अनुसार चलाया जाना अनिवार्य है। इस संबंध में साइट पर प्राइवेट प्ले वे स्कूलों के लिए हिदायतें उपलब्ध करवाई गई हैं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ सविता नेहरा ने बताया कि प्राइवेट प्ले वे स्कूलों के पंजीकरण के लिए संचालक अब सरल पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते है। जिला पंचकूला में चल रहे प्राइवेट प्ले वे स्कूलों का एन.सी.पी.सी.आर की हिदायतों की पालना सुनिश्चित करने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया जाना अनिवार्य है।

### विश्लेषकों का मानना बी.सी. (बी) वर्ग की महिला के लिए रिजर्वेशन की संभावना कम

# पंचकूला, सोनीपत या अंबाला, एक सीट आज होगी रिजर्व

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** आगामी मार्च-अप्रैल में प्रदेश की तीन नगर निगमों अम्बाला, पंचकूला और सोनीपत के लिए निर्धारित आम चुनाव में उनके मेयर पद पर आरक्षण हेतु ड्रा करने के लिए बैठक, जो गत माह दिसम्बर, 2025 से अलग-अलग कारणों से टालनी पड़ी, अब गुरूवार 22 जनवरी को निर्धारित है। पंचकूला नगर निगम का पांच वर्ष का कार्यकाल इसी माह 4 जनवरी को, सोनीपत नगर निगम का गत 6 जनवरी को जबकि अम्बाला नगर निगम का बीते सप्ताह 13 जनवरी को पूरा हो गया है।

इसी कारण 2 जनवरी को प्रदेश के शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा जारी एक आदेशानुसार अम्बाला, पंचकूला और सोनीपत नगर निगमों के अगले आम चुनाव सम्पन्न होने और उसके बाद नव-निर्वाचित सदन की पहली बैठक होने तक तीनों नगर निगमों के कमिश्नरों को उनकी सम्बंधित नगर निगम का एडमिनिस्ट्रेटर ( प्रशासक) नियुक्त किया गया है। निर्धारित ड्रा में तीनों नगर निगमों-अम्बाला, पंचकूला और सोनीपत में किसी एक नगर निगम का मेयर पद पिछड़ा वर्ग- बी.सी. (बी) वर्ग के व्यक्ति के लिए आरक्षित होगा। उधर, विश्लेषक पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में एडवोकेट और म्युनिसिपल कानून जानकार हेमंत कुमार कहना है कि ऐसी सम्भावना बहुत कम है कि वह आरक्षण बी.सी. (बी) वर्ग की महिला के लिए आरक्षित किया जाए चूंकि मौजूदा तौर पर गुरुग्राम नगर निगम का मेयर पद पिछड़ा वर्ग-बी.सी. (ए) वर्ग की महिला के लिए आरक्षित है। गत वर्ष 1 जनवरी 2025 को प्रदेश सरकार के गजट में प्रकाशित एक नोटिफिकेशन के जरिए राज्य की 8 नगर निगमों फरीदाबाद, गुरुग्राम, हिसार करनाल, मानेसर, पानीपत, रोहतक और यमुनानगर के मेयर पद पर आरक्षण हेतु 26 दिसम्बर 2024 को किये गये ड्रा को अधिसूचित किया गया था, जिसमें यमुनानगर और रोहतक नगर निगम के मेयर का पद अनुसूचित जाति (एस.सी.) वर्ग के लिए एवं जिसमें से यमुनानगर नगर निगम मेयर का पद अनुसूचित जाति (एस.सी.-महिला) के लिए आरक्षित किया गया था। वहीं गुरुग्राम नगर निगम मेयर का पद पिछड़ा वर्ग (बी.सी.- ए महिला ) के लिए जबकि शेष पांच फरीदाबाद, हिसार, पानीपत, करनाल मानेसर नगर निगमों के मेयर का पद अनारक्षित निर्धारित किया गया। हालांकि, इन पांच में से फरीदाबाद नगर निगम मेयर का पद महिला के लिए आरक्षित हुआ।

**2016 में एक साथ हुआ सभी मेयर का ड्रा :** दिसम्बर, 2016 में प्रदेश की सभी तत्कालीन 10 नगर निगमों अम्बाला, फरीदाबाद, गुरुग्राम, हिसार, करनाल, पंचकूला, पानीपत, रोहतक, सोनीपत और यमुनानगर के मेयर पद पर आरक्षण हेतु एक साथ ड्रा किया गया था। तब फरीदाबाद और गुरुग्राम नगर निगम के मेयर का पद अनुसूचित जाति (एस.सी.) वर्ग के लिए एवं जिसमें से गुरुग्राम निगम मेयर का पद अनुसूचित जाति (महिला) के लिए आरक्षित हुआ था। वहीं पानीपत नगर निगम मेयर का पद पिछड़ा वर्ग (बी.सी.-महिला) के लिए जबकि शेष सात अम्बाला, पंचकूला, यमुनानगर, करनाल, रोहतक, हिसार, और सोनीपत नगर निगमों के मेयर का पद सामान्य वर्ग के लिए और उनमें में अम्बाला और करनाल नगर निगमों के मेयर का पद महिला के लिए आरक्षित किया गया था। तब सभी नगर निगमों के आम चुनाव एक साथ नहीं बल्कि अलग अलग समय पर कराये गये।

### एक साथ ड्रा क्यों नहीं

बहरहाल, इसी बीच पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में एडवोकेट और म्युनिसिपल कानून जानकार हेमंत कुमार ने गत माह प्रदेश के शहरी स्थानीय निकाय विभाग के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल और विभाग के उच्च पदाधिकारियों को लिखकर पॉइंट उठाया कि दिसम्बर, 2016 में हरियाणा के शहरी निकाय विभाग द्वारा प्रदेश की सभी तत्कालीन 10 नगर निगमों के लिए मेयर पद पर आरक्षण हेतु एक साथ ड्रा किया गया था। मेयर पद आरक्षण के लिए सम्पन्न ड्रा प्रक्रिया में अम्बाला, पंचकूला और सोनीपत तीनों नगर निगमों को शामिल नहीं किया गया। ऐसा प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि दिसंबर, 2024 में प्रदेश की सभी 11 नगरं निगमों के मेयर पद के आरक्षण हेतु एक साथ ड्रा क्यों नहीं कराया गया। बेशक आठ नगर निगमों -फरीदाबाद, गुरुग्राम, हिसार करनाल, मानेसर, पानीपत, रोहतक और यमुनानगर के आम चुनाव फरवरी-मार्च 2025 में कराये जाने थे जबकि शेष तीन-अम्बाला, पंचकूला और सोनीपत के उसके एक वर्ष पश्चात अर्थात वर्ष 2026 के आरम्भ में निर्धारित थे। प्रदेश में स्थापित सभी नगर निगमों के मेयर पद पर आरक्षण हेतु एक साथ ही ड्रा किया जाना चाहिए।

## नशे पर प्रहार : दो गांजा तस्करों की अवैध संपत्तियों पर चला बुलडोजर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** पंचकूला में नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आज पंचकूला पुलिस ने एक बड़ी और सख्त कार्रवाई को अंजाम दिया। नशे की अवैध कमाई से अर्जित संपत्तियों को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से पुलिस ने दो नशा तस्करों की अवैध प्रॉपर्टी को बुलडोजर की मदद से धराशायी कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी नशा तस्करों के ठिकानों पर लगातार और निर्णायक कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि नशे के कारोबार पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके।

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देश पर पंचकूला पुलिस द्वारा वर्ष 2019 में अलग-अलग मामलों में दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया था। पहले मामले में आरोपी अमर सिंह निवासी पिंजौर को उसकी महिला साथी के साथ 18 किलो गांजा के साथ काबू किया गया था, जिस संबंध में थाना पिंजौर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। वहीं दूसरे मामले में आरोपी सुलतान को पुलिस ने 35 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया था, जिसका केस थाना चंडीमंदिर में दर्ज है। दोनों मामलों में पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की थी। क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 के इंचार्ज मुकेश सैनी ने नगर परिषद कालका की टीम के साथ संयुक्त रूप से नशा तस्कर अमर सिंह निवासी पिंजौर और सुलतान सिंह निवासी पिंजौर की अवैध संपत्तियों को नष्ट किया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी पिंजौर क्षेत्र के वासुदेवपुरा में झुग्गियों में रह रहे थे, जहां नशे की अवैध कमाई से बनाई गई प्रॉपर्टी को चिन्हित कर कार्रवाई की गई।

# सड़क सुरक्षा नियमों की दी जानकारी

सड़क सुरक्षा माह-2026ः पंचकूला के विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हेलमेट, सीट बेल्ट और ट्रैफिक नियमों पर दिया गया विशेष जोर

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई



**पंचकूला 21 जनवरी।** परिवहन आयुक्त के निर्देशानुसार जनवरी, 2026 को सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए), पंचकूला द्वारा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर-15 तथा सेंट सोल्जर स्कूल, सेक्टर-16 में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों जैसे ट्रैफिक नियमों का पालन, सड़क पार करने के सही तरीके, ट्रैफिक संकेतों की जानकारी, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का महत्व तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने के बारे में जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को स्वयं नियमों का पालन करने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर आरटीए पंचकूला द्वारा दोनों विद्यालयों को सड़क सुरक्षा से संबंधित छोटे होर्डिंग्स भी प्रदान किए गए, जिन्हें विद्यालय परिसर में प्रदर्शित किया गया, ताकि विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।

आरटीए पंचकूला द्वारा सड़क सुरक्षा माह-2026 के अंतर्गत जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।



## प्रशासन ने 5 दिव्यांग व्यक्तियों के कानूनी संरक्षक प्रमाण पत्र किए अनुमोदित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** राष्ट्रीय न्यास अधिनियम के अंतर्गत दिव्यांग व्यक्तियों के संरक्षकों को कानूनी संरक्षक प्रमाण पत्र जारी करने के संबंध में प्रशासन की तरफ से 6 प्रकरणों में से 5 प्रकरणों को अनुमोदित किया गया है। बुधवार को उपायुक्त सतपाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई राष्ट्रीय न्यास अधिनियम के अंतर्गत स्थानीय स्तर की समिति ने इन प्रकाणों को अनुमोदित किया। समिति की बैठक में सदस्य सचिव-सह-जिला समाज कल्याण अधिकारी डा. विशाल सैनी, जिला न्यायवादी मनोज कुमार, डिप्टी सीएमओ डॉ. संजू, दिव्यांगजन प्रतिनिधि अंजू बनवाला तथा सदस्य सत्यपाल उपस्थित रहे। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय न्यास अधिनियम के अंतर्गत उपायुक्त की अध्यक्षता में स्थानीय स्तरीय समिति का गठन किया गया है, जो मन्दबुद्धिता, ऑटिज़्म, सेरेब्रल पाल्सी एवं बहुदिव्यांगता से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए संरक्षक नियुक्त किया जाता है। नियुक्त संरक्षक दिव्यांग व्यक्ति की देख-रेख तथा उसकी चल एवं अचल संपत्ति की देखभाल हेतु अधिकृत होता है। इन दिनों निरामय योजना के तहत इन दिव्यांगजनों के लिए स्वास्थ्य कार्ड बनाए जा रहे हैं। इस योजना में सामान्य वर्ग के लिए 500 रुपए वार्षिक स्वास्थ्य बीमा शुल्क निर्धारित किया गया है, जबकि अगले वर्ष से 250 रुपए शुल्क लगेगा। वहीं पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 250 रुपए वार्षिक शुल्क तथा अगले वर्ष से मात्र 50 रुपए शुल्क रखा गया है।

## हरियाणा सरकार का शिक्षा मॉडल जहां कॉलेज बिना प्रिंसिपल स्कूल बिना मुखिया एवं बच्चे बिना भविष्य के : ओपी सिहाग

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई



**पंचकूला, 21 जनवरी।** जननायक जनता पार्टी पंचकूला के वरिष्ठ नेताओं ने प्रदेश सरकार की शिक्षा नीति पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश की बीजेपी सरकार प्रदेश के युवाओ के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है ।प्रदेश के कालेजों एवं स्कूलों में प्रिन्सिपल से लेकर प्राध्यापकों एवं अध्यापकों के बहुत ज्यादा रेगुलर पद खाली पड़े हैं जिसकी वजह से बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त करने में पिछड़ रहे हैं। इस बारे जानकारी देते हुए जजपा जिला पंचकूला अध्यक्ष ओ पी सिहाग ने कहा कि आर टी आई से प्राप्त सूचना अनुसार प्रदेश के 185 सरकारी कॉलेजों में से 75 कालेज बिना नियमित प्रिंसिपल के हैं। उन्होंने कहा कि बड़े ही आश्चर्य की बात है कि 8 कॉलेजों में तो प्रिंसिपल का पद ही स्वीकृत नहीं है। उन्होंने बताया कि 8,137 स्वीकृत असिस्टेंट प्रोफेसर पदों में 4,902 खाली है यानी 60त्न पद खाली पड़े हैं।

जजपा जिला अध्यक्ष सिहाग ने बताया कि आर टी आई के द्वारा प्राप्त सूचना अनुसार सब्जेक्ट वाइज तो हालात और भी डरावने हैं। उन्होंने कहा कि अँग्रेजी सब्जेक्ट के कुल1146 रेगुलर पदों में से 792 पद खाली हैं । ज्योग्राफी के 806 रेगुलर पदों में से 508 खाली हैं , कॉमर्स के 1,034 में से 486 खाली हैं। सिहाग ने बताया कि मैथेमेटिक्स में 704 पदों में से 409 पद खाली हैं, कैमिस्ट्री में 583 में से 409 खाली हैं, हिस्ट्री में 366 में से 209 खाली हैं ।सिहाग ने बताया कि साईकोलोजी में 227 में से 130 पद खाली हैं। उन्होंने कहा कि बड़े ही अचरज की बात है कि आज के समय सबसे महत्वपूर्ण सब्जेक्ट एनवायरनमेंट में हंड्रेड प्रतिशत पद खाली है एक भी नियमित शिक्षक नहीं है।

जजपा नेता ओ पी सिहाग ने कहा कि प्रदेश भर के स्कूलों का भी यही हाल है। पूरे राज्य में 300 सरकारी स्कूल बिना नियमित प्रिंसिपल के चल रहे हैं तथा पी जी टी अध्यापकों को ÷चार्ज÷ देकर स्कूल चलाए जा रहे हैं ।उन्होंने कहा कि स्कूलों में भी बहुत ज्यादा पद खाली पड़े हैं।जहां स्टाफ ड्यूटी पर होता है उनसे बच्चों की पढ़ाई के अलावा दूसरी ड्यूटी में तैनात कर दिया जाता है। उनसे चुनाव के कार्य करवाने से लेकर विभिन्न सरकारी स्कीमों का सर्वे करवाने और तो और शहरो तथा गांवों में आवारा कुत्तों की जनसंख्या गिनने में भी लगा दिया जाता है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### नयागांव में सीवरेज ब्लॉकेज खोलने का काम शुरू

**न्यू चंडीगढ़ (जेके बत्ता)।** जनता नगर नयागांव के वार्ड नंबर -16 में ऑटो स्टैंड के पास लंबे समय से चली आ रही सीवरेज ब्लॉकेज की गंभीर समस्या को आज नगर काउंसिल की सेनेटरी टीम द्वारा सफलतापूर्वक खुलवा दिया गया। इस समस्या के समाधान हेतु होने वाला पूरा खर्च वार्ड नंबर -16 के पार्षद श्री विशाल मनसा राम पास्सी द्वारा स्वयं वहन किया गया। ब्लॉकेज खुलने से क्षेत्र में गंदे पानी की समस्या से निजात मिली तथा स्थानीय वार्ड के निवासियों को आवागमन में भी राहत मिली है। इस कार्य से कॉलोनी वासियों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद सपना पास्सी, उर्मिला रेखा, अनिल, अशोक कुमार, प्रिंस, पप्पू, लाला जी, कालू राम जी तथा सफाई कर्मी विक्रम जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। जीएमएसएसएसएस-35डी चंडीग? के जैवलिन थ्रोअर जोरावर सिंह ने गोल्ड मेडल और सूरज ने सिल्वर मेडल जीता। चंडीग?- शिक्षा विभाग चंडीग? द्वारा आयोजित एनुअल इंटर स्कूल स्टेट एथलेटिक मीट 2025-26 का शुभारंभ 20 जनवरी को स्कूल शिक्षा विभाग के निदेशक नीतीश सिंगला (पीसीएस) ने किया था। यह एथलेटिक्स मीट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-7, चंडीग? में 20 से 24 जनवरी तक संपन्न होगी। जीएमएसएसएसएस-35डी चंडीग? के स्पोर्ट्स टीचर डॉ.कुलदीप मेहरा ने जानकारी दी कि आज यहां इंटर स्कूल स्टेट एथलेटिक मीट में गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-35डी चंडीग? के एथलीटों जोरावर सिंह ने ल?कों के अंडर-19 जेवलिन थ्रो में 46.36 मीटर का थ्रो लगाते हुए गोल्ड मेडल जीतकर स्कूल का नाम रौशन किया। वहीं हमारे स्कूल के दूसरे एथलीट सूरज भी ल?कों के अंडर-17 जैवलिन थ्रो में अपना अबतक का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 50.50 मीटर का बेस्ट थ्रो लगाकर सिल्वर मेडल जीतने में कामयाब हुए।

### जीएमएसएसएसएस-35डी के जैवलिन थ्रोअर जोरावर सिंह ने गोल्ड मेडल और सूरज ने सिल्वर मेडल जीता

**चंडीगढ़।** शिक्षा विभाग चंडीग? द्वारा आयोजित एनुअल इंटर स्कूल स्टेट एथलेटिक मीट 2025-26 का शुभारंभ 20 जनवरी को स्कूल शिक्षा विभाग के निदेशक नीतीश सिंगला (पीसीएस) ने किया था। यह एथलेटिक्स मीट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-7, चंडीग? में 20 से 24 जनवरी तक संपन्न होगी। जीएमएसएसएसएस-35डी चंडीग? के स्पोर्ट्स टीचर डॉ.कुलदीप मेहरा ने जानकारी दी कि आज यहां इंटर स्कूल स्टेट एथलेटिक मीट में गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-35डी चंडीग? के एथलीटों जोरावर सिंह ने ल?कों के अंडर-19 जेवलिन थ्रो में 46.36 मीटर का थ्रो लगाते हुए गोल्ड मेडल जीतकर स्कूल का नाम रौशन किया। वहीं हमारे स्कूल के दूसरे एथलीट सूरज भी ल?कों के अंडर-17 जैवलिन थ्रो में अपना अबतक का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 50.50 मीटर का बेस्ट थ्रो लगाकर सिल्वर मेडल जीतने में कामयाब हुए। एथलीटों द्वारा मैडल जितने पर स्कूल की प्रिंसिपल सीमा बी. ग्रोवर ने स्कूल के एथलीटों और उनके स्पोर्ट्स टीचर डॉ. कुलदीप मेहरा को बधाई दी।




## राजकीय महाविद्यालय में 48वां वार्षिक एथलेटिक मीट उत्साह एवं खेल भावना के साथ संपन्न

अर्थ प्रकाश/जग्गी



**कालका।** राजकीय महाविद्यालय कालका में 48वां वार्षिक एथलेटिक मीट बड़े उत्साह एवं खेल भावना के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर गीता सुखीजा ने मुख्य अतिथि श्री एसपी सुखीजा, सेवानिवृत्त, संयुक्त निदेशक, उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा का हार्दिक स्वागत किया और अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा अनुशासन, टीम भावना एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं।

मुख्य अतिथि श्री एसपी सुखीजा ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक भाषण देते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में शिक्षा के साथ-साथ खेलों में सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। खेल विद्यार्थियों को जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते हैं और उन्हें सफलता की ओर अग्रसर करते हैं। खेल हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं और हमारे आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। एथलेटिक मीट में गेस्ट ऑफ ऑनर, डॉक्टर मीनाक्षी रिटायर्ड संयुक्त निदेशक उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा ने कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया। एथलेटिक मीट के अंतर्गत ल?के और लड़कियों की 100 मी, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मी, 1500 मी, 5000 मी दौ?, शॉट पुट, ऊंची कूद का आयोजन किया गया। लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान पर नेहा, द्वितीय स्थान पर तमन्ना और तृतीय स्थान पर भावना रही। लड़कियों की 200 मीटर दौड़ में तमन्ना प्रथम स्थान पर, नेहा द्वितीय स्थान पर और भावना तृतीय स्थान पर रही।

## चोरी का फरार आरोपी गिरफ्तार

**पंचकूला, (अप्रस)।** पंचकूला पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। चोरी के एक पुराने मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को एवीटी टीम ने आज सैक्टर-19 स्थित इंडस्ट्रियल एरिया से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान सतीश कुमार (46) के रूप में हुई। वह मूल रूप से जिला जींद के सफीदों का निवासी है। वर्तमान में आरोपी बलटाना, मोहाली में रह रहा है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी वर्ष 2019 के चोरी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए अपने ठिकाने बदलता रहा। एवीटी टीम इन्चार्ज सुनील कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि वर्ष 2019 में थाना सैक्टर-14 में दर्ज चोरी के मामले का आरोपी पंचकूला के इंडस्ट्रियल एरिया में मौजूद है।



## हेल्पेज इंडिया ने बुजुर्गों को बांटे कंबल

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 21 जनवरी।** कड़ाके की ठंड के बीच बुजुर्गों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से हेल्पेज इंडिया, चंडीगढ़ द्वारा बापूधाम कॉलोनी में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम हेल्पेज इंडिया के सेव (स्टूडेंट वैल्यू एजुकेशन) कार्यक्रम के अंतर्गत संपन्न हुआ, जिसके तहत 100 जरूरतमंद बुजुर्गों को कंबल वितरित किए गए।

कार्यक्रम में डिएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-8, चंडीगढ़ के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कंबल वितरण में सहयोग किया। इस पहल के माध्यम से छात्रों में बुजुर्गों के प्रति सम्मान, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का प्रयास किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम में पुरुष, महिलाएं और विधवा बुजुर्ग शामिल रहे। स्थानीय लोगों ने समय पर सहायता उपलब्ध कराने के लिए हेल्पेज इंडिया और कार्यक्रम से जुड़े सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## मढ़ावाला क्षेत्र में अवैध खनन के बाद सामग्री से भरे 2 टिप्पर पकड़े

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मढ़ावाला चौकी टीम ने 20 जनवरी को अवैध माइनिंग के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए मढ़ावाला क्षेत्र के नवानगर गांव के समीप दो अलग-अलग समय पर दो टिप्पर पकड?र बड़ी सफलता हासिल की है।

जानकारी के अनुसार चौकी इन्चार्ज भीम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र में गश्त और चेकिंग के दौरान दोनों टिप्परों को रोककर जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि एक टिप्पर बिना वैध टैक्स अदा किए संचालित किया जा रहा था, जबकि दूसरे टिप्पर में अवैध रूप से खनन की गई सामग्री भरी हुई थी। प्रारंभिक जांच में दोनों वाहनों के पास माइनिंग से संबंधित आवश्यक दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं पाए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा तुरंत माइनिंग विभाग को सूचित किया गया। माइनिंग विभाग की टीम ने दोनों टिप्परों को मौके पर ही इंपाउंड कर लिया गया। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी पंचकूला पुलिस फील्ड में सक्रिय रहते हुए अवैध माइनिंग में संलिप्त वाहनों और व्यक्तियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनन न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचाता है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## वार्डों के सीमांकन के खिलाफ कांग्रेस ने हाईकोर्ट में दायर की याचिका

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** नगर निगम चुनाव को लेकर प्रशासन की एडहॉक समिति द्वारा तय किए गए वार्डों पर कांग्रेस ने आपत्तियां जताते हुए पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। कांग्रेस के सूत्रों ने इसकी पुष्टि की और कहा कि मंगलवार को वार्डबंदी के खिलाफ याचिका दायर की गई, जिस पर हाईकोर्ट की ओर से नोटिस भी जारी किए। गौरतलब है कि हालही में विधायक चंद्रमोहन ने प्रेस वार्ता कर वार्डबंदी करते समय प्रशासन की एडहॉक समिति द्वारा सीमांकन नियमों को नजर अंदाज करने के आरोप लगाए और कहा कि वार्डबंदी के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर कर चुनौती दी जाएगी। सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस की इस कानूनी कार्रवाई के संबंध में जल्द वार्ता की जाएगी। कांग्रेस ने अपनी याचिका मंगलवार को दायर की, जिसमें सरकार पर वार्डों का सीमांकन करते समय निकाय अधिनियम 1994 के नियमों को अनदेखा करने के गंभीर आरोप लगाए है। कांग्रेस ने याचिका का आधार यह भी माना है कि नगर निगम के तहत 20 वार्ड हैं और कभी भी इनमें बदलाव नहीं किया गया। इनमें कोई नया एरिया शामिल नहीं किया। अब सीमांकन कर नए एरिया बनाए गए और गलत ढंग से इनको दूसरे वार्डों में जोड़ दिया गया। हालांकि, एडहॉक समिति के समक्ष इन आपत्तियों को रखा गया, लेकिन इनको अनसुना कर दिया गया। यह निकाय नियम के विरुद्ध है। नियमों के मुताबिक वार्डबंदी में वहां की भौगोलिक, जनसंख्या और लोगों को दी जाने वाली सार्वजनिक सुविधाओं का ध्यान रख कर सीमांकन किया जाता है।जो वार्डबंदी की गई उनके एरिया दूर दूर हैं। नियम के मुताबिक एरिया आपस में आते होने चाहिए और समान रूप से लोगों को वहां सुविधा मिलती हो।

कांग्रेस की तरफ से पंचकूला के 11 वार्डों पर आपत्तियां जताई हैं। कहा है कि वार्ड नं. 2ः एमडीसी सेक्टर-5 और सेक्टर 1/2 के बीच में सेना का कमांड अस्पताल क्षेत्र आता है। यह प्रस्ताव नियम 7 (ए) का उल्लंघन है।

वार्ड नं. 9ः सेक्टर-19 को रेलवे लाइन से उस पार फेस 2 से मिलाया गया है, लाइन इन दोनों क्षेत्रों को अलग करती है। इस लिए यह नियम का उल्लंघन है। वार्ड नं. 10 में गांव अभयपुर, सेक्टर-14 और इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1 को मिला दिया गया है। वार्ड नं. 11 में भौगोलिक सघनता का ध्यान नहीं रखा गया। गांव रेला -रैली, सेक्टर 12 और 12 ए को आपस में मिला दिया। वार्ड नं. 12 में सेक्टर-11 के हिस्से को सेक्टर-4 के हिस्से और गांव हरीपुर के साथ मिला दिया । वार्ड नं. 13 में जीरकपुर-शिमला राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा अलग किए गए क्षेत्र के अंतर्गत आते सेक्टर-4 के हिस्से को गांव देवी नगर और सेक्टर-21 के हिस्से के साथ मिला दिया, जो नियम के विरुद्ध है।

वार्ड नं. 14 के तहत सेक्टर-21 और 20 के हिस्सों को गांवों में लिया गया। गांव महेशपुर, मद्रासी कॉलोनी और गांव फतेहपुर में दोनों सेक्टरों को बांट दिया गया, जो भौगोलिक रूप से गलत है। वहीं वार्ड नं. 15 में ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों को पुनर्वासित कॉलोनियों और गांवो के साथ मिला दिया गया है। वार्ड नं. 16 में आते आर्मी एरिया के दोनों तरफ गांव चंडीकोटला और बीर घग्गर को खड़क मंगोली के साथ मिला दिया गया है।

### खरखौदा के समग्र विकास को लेकर प्रधान सलाहकार ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

# आईएमटी में चल रहे विकास कार्यों को एचएसआईआईडीसी तय समय-सीमा में करे पूरा: डीएस ढेसी

**मारुति प्लांट के दृष्टिगत वर्ष 2035 व 2041तक की दीर्घकालीन विकास व आवश्यक जरूरतों की योजना तैयार करने के लिए की गई विशेष कमेटी गठित**



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

खरखौदा (सोनीपत)। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी ने आईएमटी क्षेत्र में मारुति के प्लांट के निर्माण को ध्यान में रखते हुए खरखौदा के समग्र एवं योजनाबद्ध विकास को लेकर एसडीएम कार्यालय में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से खरखौदा क्षेत्र को औद्योगिक, आवासीय तथा आधारभूत संरचना के दृष्टिकोण से भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने पर गहन चर्चा की गई।

प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी ने आईएमटी खरखौदा में किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि हरियाणा स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एचएसआईआईडीसी) द्वारा आईएमटी में कराए जा रहे सभी विकास कार्यों को निश्चित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि आईएमटी में बुनियादी सुविधाओं से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी औद्योगिक विकास और निवेशकों के विश्वास को प्रभावित कर सकती है, इसलिए नियमित मॉनिटरिंग और आपसी समन्वय बेहद जरूरी है।

प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी ने कहा कि मारुति-सुजुकी इंडिया लिमिटेड, यूएनओ मिंडा के बड़े औद्योगिक प्लांट के आने से खरखौदा और आसपास के क्षेत्रों में अभूतपूर्व विकास की संभावनाएं उत्पन्न हुई हैं। इस परियोजना से जहां एक ओर बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा, वहीं दूसरी ओर जनसंख्या वृद्धि, आवासीय मांग, यातायात दबाव और नागरिक सुविधाओं की आवश्यकता भी तेजी से बढ़ेगी। इन्हीं पहलुओं को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2035 और 2041 के लिए दीर्घकालीन विकास योजना तैयार करने जरूरी है। इन्हीं जरूरतों को पूरा करने के लिए उन्होंने चीफ टाऊन प्लानर पीपी सिंह की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। प्रधान सलाहकार ने कहा कि इस कमेटी नगर नियोजन, लोक निर्माण, जनस्वास्थ्य, विद्युत, आदि उद्योग विभागों के अधिकारी शामिल रहेंगे। यह कमेटी खरखौदा के मास्टर प्लान को वैज्ञानिक, व्यावहारिक और सतत विकास के सिद्धांतों पर आधारित करते हुए तैयार करेगी। उन्होंने कमेटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मास्टर प्लान बनाते समय सड़क नेटवर्क, जलापूर्ति, सीवरेज, ड्रेनेज सिस्टम, ठोस कचरा प्रबंधन, बिजली आपूर्ति, हरित क्षेत्र, औद्योगिक जोन, आवासीय सेक्टर, वाणिज्यिक क्षेत्र, शैक्षणिक संस्थान, स्वास्थ्य सुविधाएं और सार्वजनिक परिवहन जैसे सभी महत्वपूर्ण पहलुओं को समग्र रूप से शामिल किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास ऐसा हो, जिससे आने वाले दशकों तक नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर, स्वच्छ वातावरण और सुदृढ़ बुनियादी सुविधाएं मिल सकें। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि भविष्य की बढ़ती आबादी और औद्योगिक गतिविधियों को देखते हुए ट्रैफिक मैनेजमेंट, पार्किंग व्यवस्था, रिंग रोड, ग्रीन बेल्ट और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष फोकस रखा जाएगा। साथ ही, स्मार्ट सिटी की अवधारणा को ध्यान में रखते हुए डिजिटल और तकनीकी समाधानों को भी योजना में शामिल किया जाएगा।

# सत्ता पाने के लिए बीजेपी करती है समाज को तोड़ने का काम: पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



फरीदाबाद। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में निकाली जा रही ÷सद्भाव यात्रा÷ मंगलवार को फरीदाबाद जिले की एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में पहुँची। यात्रा के एनआईटी क्षेत्र में प्रवेश करने पर स्थानीय नागरिकों ने फूल-मालाओं, आत्मीय स्वागत और उत्साहपूर्ण सहभागिता के साथ यात्रा का अभिनंदन किया। जनसमूह ने सामाजिक एकता, भाईचारे और सद्भाव के संदेश को खुले दिल से समर्थन एवं आशीर्वाद प्रदान किया। अपने 109वें दिन सद्भाव यात्रा ने निरंतर ऊर्जा, अनुशासन और व्यापक जनसहभागिता के साथ आगे बढ़ते हुए समाज के विभिन्न वर्गों के बीच संवाद, सौहार्द और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का कार्य किया।

आज सद्भाव यात्रा की शुरुआत सिरोही गांव से हुई, जो खोरी, आलमपुर, धौज, पाखल, पाली, नंगला, नंगला रोड, 60 फुटा रोड, सारण स्कूल रोड और शू मार्केट से होते हुए प्याली चौक पर संपन्न हुई। यात्रा का रात्रि विश्राम गुज्जर भवन, फरीदाबाद में निर्धारित हुआ। जनसभा को संबोधित करते हुए बृजेंद्र सिंह ने कहा कि 'सद्भाव यात्रा का उद्देश्य इतना पवित्र और महत्वपूर्ण है कि इसे केवल राजनीतिक लाभ से जोड़कर नहीं देखा जा सकता।'

उन्होंने कहा कि यह यात्रा भले ही कांग्रेस के झंडे तले निकाली जा रही हो, लेकिन इसका मूल उद्देश्य समाज में भाईचारे को मजबूत करना है। इस यात्रा से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है और जनता के साथ पार्टी का जुड़ाव और अधिक सशक्त हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी सत्ता में बने रहने के लिए समाज को तोड़ने का काम कर रही है, और इस विभाजनकारी राजनीति का मुकाबला करने की सबसे बड़ी ताकत आज कांग्रेस पार्टी है। श्री सिंह ने कहा कि पहले भी राजनीति में जाति और धर्म का इस्तेमाल होता रहा है, लेकिन कभी समाज में इस तरह का स्थायी बैर पैदा नहीं किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेता, सामाजिक प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से– पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौ. बीरेन्द्र सिंह, चांद सिंह, महिला कांग्रेस की पलवल इकाई प्रधान सविता कुण्डु, वेद प्रकाश यादव, मुकेश डागर, सूरज मान, पूनम गुलिया, कमांडो हिदायत खान, तेजपाल नैन, राजकुमार, मोहसीन, ब्लॉक समिति सदस्य आशिक अली, लियाकत अली, उसमान सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल रहे।


**सार्वजनिक सूचना**

मैं, जीत राम पुत्र गहना राम संपत्ति के संबंध में मालिक हूं। property i.e., Property id. 3RG47440, Old property id. SRS/B15/09889, Part of Bearing Khewat no. 135, Khatoni no.194 to 197, Kite 18 (131-12), Measuring 0K-5.3M (160 Sq. Yards), Situated at Khairpur, Tehsil and Distt Sirsa as per Sale deed 3415 dated 19.06.2025. मैंने सिरसा में कहीं भी बिक्री विलेख संख्या 10960 दिनांक 12.02.2020, बिक्री विलेख संख्या 18075 दिनांक 23.11.2011 को खो दिया है। सिरसा में एक डीडीआर नंबर 132380652600207 भी पंजीकृत है। मैं यह भी घोषणा करता हूं कि मैंने उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का ऋण, सीसी सीमा या ओडी सीमा नहीं ली है। यदि किसी को इस संपत्ति में कोई समस्या मिलती है, तो कृपया इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर एडवोकेट भूपेंद्र कुमार, फोन नंबर 8295949981 # 1591, सेक्टर 16-17, हिसार से संपर्क करें।

AP-7420

**सार्वजनिक सूचना**

[illegible]

सम्पदा प्रबंधक
हाउसिंग बोर्ड हरियाणा, पंचकूला

AP-7407


# संदीप गाहल्याण भाजपा किसान मोर्चा शहरी मंडल अध्यक्ष नियुक्त

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



समालखा। भाजपा जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा सुभाष कुहाड़ नें जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट और शीर्ष नेतृत्व से विचार विमर्श कर ब्लॉक किसान मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित की। जिसमें बेसहारा गोवंश चिकित्सालय से खजाँची संदीप कों शहरी मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा सुभाष कुहाड़ नें जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा किसान मोर्चा के शहरी मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति जिला और प्रदेश संगठन की सहमति से स्थानीय स्तर पर की गई। सभी नव नियुक्त पदाधिकारीयों कों हार्दिक शुभकामनायें।

वहीं भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ता संदीप को भाजपा किसान मोर्चा शहरी मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर शीश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहाँ कि पार्टी नेतृत्व ने उनके संगठनात्मक कौशल और लंबे समय से पार्टी के प्रति निष्ठा को देखते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज राय, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सुभाष कुहाड़ नें उन्हें विधिवत रूप से नियुक्ति पत्र सौंपा। अपनी नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए संदीप ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी का विषय है।

पार्टी और जनहित में हम पहले भी खड़े रहे हैं और आगे भी नई ऊर्जा के साथ कार्य करते रहेंगे। दिन प्रतिदिन पार्टी को आगे ले जाने काम करेंगे। अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ने का कार्य करेंगे। पार्टी की जनहितैषी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का बढ़-चढ़कर कार्य करेंगे। सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलेंगे।


**GREATER MOHALI AREA DEVELOPMENT AUTHORITY, PUDA BHAWAN, SECTOR-62, MOHALI**

**PUBLIC NOTICE**

**Regarding addition of area (9.5868 Acres) in approved layout plan of Affordable Residential Plotted Colony at Village Chappar Chiri Kalan, District SAS Nagar of M/s KLV Colonizers Pvt. Ltd.**

Competent Authority-cum-Chief Administrator, GMADA had released the Revised Layout Plan bearing Drg. no. KLV/SC/Late/1/R-1 of Affordable Residential Plotted colony of an area 27.266 acres situated at Village Chappar Chiri Kalan, Distt. SAS Nagar. Now the Promoter Company has requested the office of Competent Authority, GMADA, S.A.S. Nagar for approval of addition of 9.5868 area to the existing approved project of an area 27.266 acres which was discussed and approved in the 31st meeting of Layout Plan Approval Committee under the Chairmanship of Chief Administrator, GMADA. Committee decided that public notice may be given before issuing combined layout pain, for the information of general public regarding the addition of area.

Because the promoter has added an area of 9.5868 acres to the earlier approved layout Plan of the colony, therefore before approval of the this layout plan, the interested persons in this colony may be informed about these amendments and asked to file their suggestions/ objections, if any in this regard. In the light of above, the public notice is hereby published for inviting suggestions/ objections from the persons interested in this project.

The Revised layout pain has been uploaded on GMADA website www.gmada.gov.in for inspection of the public. Those desirous may submit their suggestions/ objections in writing within 15 days from the date of publication of this notice to the office of the undersigned, failing which layout plan will be released to the promoter.

Chief Administrator,
GMADA, S.A.S. Nagar.

AP-7417

**पार्सल स्थान के लिए ई-नीलाम लीजिंग**

लामडिंग मंडल से यात्रा प्रारंभ करने वाली रेलों में 3 सालों की एक अवधि हेतु एसएलआर की लीजिंग ठेका एवं एलवीपीएच/वीपीएच की राउंड ट्रिप के आधार पर लिजिंग हेतु ई-नीलाम ठेका। विवरण: एसएलआर कोचों में पार्सल स्थान (फ्रंट कम्पार्टमेंट)। रेट यूनिट प्रति ट्रिप में लाइसेंसिंग शुल्क।

ऑक्शन कैटलॉग संख्या. LEASE-LMG-04-26

| [illegible] | [illegible] | [illegible] |
|---|---|---|
| एफ/1 | 15613-एसएलआर-एफ1-... -23-1 (पार्सल-एसएलआर) | 730 |
| एफ/2 | 15624-एसएलआर-एफ1-... -26-1 (पार्सल-एसएलआर) | 157 |
| एबी/1 | 15603-15604-वीपी-1-... -25-1 (पार्सल-पार्सल वैन) | 1096 |
| एबी/2 | 19616-19615-वीपी-1-... -25-1 (पार्सल-पार्सल वैन) | 157 |
| एबी/3 | 15624-15623-वीपी-1-... -26-1 (पार्सल-पार्सल वैन) | 157 |
| एबी/4 | 15640-15639-वीपी-1-... -25-1 (पार्सल-पार्सल वैन) | 157 |
| एबी/5 | 15662-15661-वीपी-1-... -35-1 (पार्सल-पार्सल वैन) | 157 |

नीलाम प्रारंभ होने की तारीख एवं समय: 29-01-2026 तारीख के 12.00 घंटे में एवं बंद होने का समय: 15.30 घंटे में। इच्छुक बोलीदाता ... www.ireps.gov.in में ई-नीलाम लीजिंग मॉड्यूल अवलोकन करने की सलाह दी जाती है।

मंडल रेलवे प्रबंधक (सी), लामडिंग

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

AP-7425


# अखिल भारतीय सिविल सेवा शतरंज प्रतियोगिता के लिए चयन ट्रायल 29 को पंचकूला में: राजबीर रंगा

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द्र जैन

करनाल। जिला खेल अधिकारी राजबीर रंगा ने बताया कि अखिल भारतीय सिविल सेवा शतरंज (पुरुष एवं महिला) प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन 17 से 26 फरवरी तक त्यागराज स्टेडियम, आईएनए, नई दिल्ली किया जाएगा। प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य की टीम के लिए चयन ट्रायल 29 जनवरी 2026 को सुबह 10 बजे ताऊ देवी लाल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, पंचकूला में आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि ट्रायल में चयनित खिलाड़ी नई दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में टीम की संरचना 14 सदस्य (06 पुरुष, 06 महिला, 01 मैनेजर और 01 कोच) होगी। उन्होंने बताया कि जिला खेल अधिकारी, पंचकूला को इस चयन प्रक्रिया के लिए कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा बोर्ड के निर्देशों के अनुसार रक्षा सेवाओं, पुलिस, अर्धसैनिक बलों और आरपीएफ/सीआईएसएफ जैसे वर्दीधारी कर्मी, स्वायत्त निकायों/उपक्रमों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के कर्मचारी, दैनिक वेतन भोगी या कैजुअल कर्मचारी, अस्थाई ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी व नए कर्मचारी जिन्होंने नियमित सेवा में 6 महीने का समय पूरा नहीं किया , इन श्रेणियों के कर्मचारी इस प्रतियोगिता के लिए पात्र नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि चयन स्पर्धा में भाग लेने के लिए आने-जाने का किराया और टी.ए./डी.ए. खिलाड़ी के संबंधित विभाग द्वारा ही वहन किया जाएगा। इसके साथ ही प्रतिभागियों को अपने संबंधित विभाग से इस आशय का प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा कि वे उसी विभाग के नियमित कर्मचारी हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार के नियमों के अनुसार, ऑल इंडिया सिविल सेवा टूर्नामेंट में जाने वाली टीम में खेल विभाग के अधिकारियों और प्रशिक्षकों की कुल संख्या 10प्रतिशत तक ही सीमित रहेगी।


**अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS**

**आज ही बुक करें**
PH.: 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

I, Service No. 2498481L Rank Hav Dhanveer Singh s/o Sh. Jagdip Singh r/o Village Patlion, Tehsil Paonta Sahib, District Sirmour (H.P.)-173025 have changed the name of my minor son Harshdeep Singh Atwal to Harshdeep Singh vide affidavit (IN-HP67594115614695Y) dated 08-01-2026 before executive magistrate Paonta Sahib.
एपी-7406

**मैं,** हरदीप पुत्र श्री बल राज निवासी गांव कोलेखां तहसील कलायत जिला कैथल ने अपना नाम हरदीप से बदलकर हरदीप सिंह रख लिया है।

**मैं,** दरवेश पत्नी श्री हरदीप सिंह निवासी गांव कोलेखां तहसील कलायत जिला कैथल ने अपना नाम दरवेश से बदलकर दरवेश कौर रख लिया है।
एपी-7408

I, Kanta Rani, W/o Surinder Saini residing at 442, FF Phase 4 Mohali declare that I have changed my name from Kanta Rani to Kanta Saini.
एपी-7409

**मैं,** गुलफशा पुत्री सईद निवासी गायत्रीपुरम बागपत, उत्तर प्रदेश, शपथकर्ता मुस्लिम धर्म से संबंधित है, अपनी मर्जी व स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन कर हिंदू धर्म को अपना लिया है।
एपी-7410

I, SUNIL KUMAR Son of SOHAN LAL resident of VILLAGE BANAWALI, TEHSIL AND DISTRICT FATEHABAD STATE HARYANA 125050 have changed my minor son name From ANMOL to YOGRAJ
एपी-7411

**मैं,** अर्पाल सिंह, जगजीत सिंह चावला का पुत्र, निवासी #149, फेज XI, सेक्टर 65, मोहाली, पंजाब, ने अपना नाम अर्पाल सिंह से बदलकर अर्पाल सिंह चावला रख लिया है।

**मैं,** बेबी पत्नी रमनदीप सिंह निवासी मकान नंबर 48, बहलोलपुर, जिला एसएएस नगर मोहाली पंजाब ने अपना नाम बेबी से बदलकर रानो रख लिया है।

**मैं,** गगनदीप कौर कालरा पत्नी गगनदीप सिंह कालरा निवासी 76, बादल कॉलोनी पटियाला रोड जीरकपुर पंजाब ने अपना नाम गगनदीप कौर कालरा से बदलकर गगनदीप कौर रख लिया है।

**मैं,** कंवर आर.बी.एस औलख पुत्र बलवंत सिंह औलख, निवासी एच.एन.ओ.160, सेक्टर 44-ए, चंडीगढ़, ने अपना नाम कंवर आर.बी.एस औलख से बदलकर कंवर राजिंदरा बलवंत सिंह औलख रख लिया है।
एपी-7412

**मैं,** निधि पत्नी राकेश सुखीजा निवासी 54 पाकेट 1 अल्फ़ा इंटर नेशनल सिटी सेक्टर 28 करनाल हरियाणा ब्यान करती हूं कि मैंने अपना नाम निधि मखीजा से बदल कर निधि कर लिया है कृपया नोट करे।
एपी-7413

It is for general information that I, Pinki Devi W/o Sat Parkash Residence of Bahri (Part) (389), Distt Kurukshetra, Haryana - 136118, declare that name of mine has been wrongly written as Pinki in my minor daughter namly Shiristi aged 17 years in his 10th class CBSE mark sheet. The actual name of mine is Pinki Devi respectively. Which may be amended accordingly.

**मैं,** सुरेन्द्र कुमार पुत्र करतारा राम निवासी हरियापुर, थानेसर जिला कुरूक्षेत्र ब्यान करता हूं कि मैने अपना नाम सुरेन्द्र कुमार (Surneder Kumar) से बदलकर सुरेन्द्र कुमार (Surender Kumar) रख लिया है।

**मैं,** राजेश पुत्र राजबीर शर्मा निवासी मकान नंबर 678, ढांड, कैथल, हरियाणा -136020 ब्यान करता हूँ कि मैने अपना नाम राजेश से बदलकर राजेश कौशिक रख लिया है।
एपी-7414

**मैं,** रुपिंदर कौर Laller पत्नी सुनील Laller वासी गांव व डाक बन जिला कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर रुपिंदर कौर रखा है।

**मैं,** राहुल पुत्र अनिल कुमार वासी कारखाने वाली गली, जाखल मंडी जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर राहुल गर्ग रखा है।

**मैं,** जसविंदर सिंह पुत्र हरविंदर सिंह बेदी वासी मकान नं. 716, सैक्टर-7, अर्बन एस्टेट करनाल ने अपना नाम बदलकर जसविंदर सिंह बेदी से जसविंदर सिंह रखा है।

**मैं,** Charnjeet कौर पत्नी जगतार सिंह वासी गांव व डाक बाखली प्लाट नं. 5 तहसील पिहेवा जिला कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर Charnjeet कौर से Charanjeet कौर रखा है।

**मैं,** मुनीश कुमार पुत्र सुभाष चंद वासी मकान नं 2132 बिहाइंड श्यामल सेन हॉस्पिटल सैक्टर 13, करनाल ने अपना नाम बदलकर मुनीश कुमार से मुनीश बंसल रखा है।

**मैं,** प्रेम कुमार पुत्र पतम लाल वासी 2223 सैक्टर 21-सी चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर प्रेम कुमार से नेप बहादुर ओली रखा है।

**मैं,** राजेश कुमार पुत्र श्री.करन राज वासी 2080, सैक्टर-13, अर्बन एस्टेट, करनाल हरियाणा -132001, इंडिया ने अपना नाम बदलकर राजेश कुमार से राजेश कुमार ग्रोवर रखा है।

**मैं,** हरविंदर सिंह डोगरा पुत्र तरबीर सिंह डोगरा वासी मकान नं.970-डी, सैक्टर-9 अर्बन एस्टेट करनाल ने अपना नाम बदलकर हरविंदर डोगरा से हरविंदर सिंह डोगरा रखा है।
एपी-7415

**मैं,** योगेश पुत्र श्री राजेश कुमार निवासी सिंगवाल तह. नरवाना जिला जीन्द अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि मेरे लाईसंस नं0 HR32 20230001026 में मेरा नाम Yogesh S/o Rohtas दर्ज है और मेरे आधार कार्ड नं. 618638299919 में मेरा नाम Yogesh S/o Rajesh Kumar व मेरी 10 वी की डी. एम. सी में मेरा नाम Yogesh S/o Rajesh Kumar है। अब मेरे पिता को Rohtas की जगह पर Rajesh Kumar के नाम से जाना जाए।
एपी-7416

**मैं,** खजानी देवी, जन्मतिथि 15-02-1949, पत्नी रिटायर्ड स्वर्गीय पूर्ण चंद, आर्मी नं. 234197900205, रैंक नायक, निवासी गांव भागल, तहसील गुहला, जिला कैथल, सूचित करती हूं कि मेरे पति के आर्मी रिकॉर्ड में मेरा नाम KHAZANI DEVI, जन्मतिथि 15-02-1949 लिखा है, जो गलत है। मेरा सही नाम KHAJANI DEVI, जन्मतिथि 15-02-1949 है। कृपया सभी सम्बन्धित नोट करे।
एपी-7418

**मैं,** मकवाना भवानसिंह सैन्य संख्या-6502300N, रैंक- सिपाही/एएसएच, नाम- मकवाना जीगरसिंह भवानसिंह का पिता हुं जो वर्तमान में यूनिट- 603 एएससी बटालियन (एएम) पिन-905603 सी/ओ 56 एपीओ एन-एरिया चंडीगढ़ में तैनात है घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम मकवाना भवानसिंह से बदलकर मकवाना भवानसिंह तखतसिंह कर लिया है। शपथ पत्र संख्या-11AA 217004, दिनांक- 21/01/2026

**मैं,** विकास गोयल (पुराना नाम) (Vikas Goel) पुत्र श्री महेश गोयल निवासी मकान नंबर 1451, सेक्टर 11, पंचकुला, हरियाणा घोषणा करता हूं कि मेरा पुराना नाम विकास गोयल (Vikas Goel ) है और अब मैं अपना नाम विकास गोयल (Vikas Goel ) से बदलकर विकास गोयल (Vikas Goyal ) कर लिया है।

I, ANIL BHAGAT is Father of Army No: 2824760P Rank: Sep Name: Pravin Bhagat Permanent Address: 1, Matrewadi Road: Burudwadi Tq Bhum, Burudwadi (N.V.), PO: Bhoom, Dist: Osmanabad, State: Maharashtra, Pin - 413504 declare that I have changed My Name from ANIL BHAGAT to ANIL BHAGAVAT BHAGAT. Vide Affidavit No: 11AA 217005, Dated: 21/01/2026

I, MEENA is Mother of Army No: 2824760P Rank: Sep Name: Pravin Bhagat Permanent Address: 1, Matrewadi Road: Burudwadi Tq Bhum, Burudwadi (N.V.), PO: Bhoom, Dist: Osmanabad, State: Maharashtra, Pin - 413504 declare that I have changed My Name from MEENA to MEENA ANIL BHAGAT. Vide Affidavit No: 11AA 217006, Dated: 21/01/2026
एपी-7419

I Naveen kumar singla s/o. Lt. Sh. Subhash Chander R/o 31, PHASE 11, SECTOR 65, S.A.S NAGAR MOHALI have changed my minor daughter name from SHANAYA TO SHANAYA SINGLA

**मैं,** वीना उर्फ़ बीनू पत्नी श्री संजीव, निवासी गाँव सुंडरा, 140201, एसएएस. नगर, मोहाली (पंजाब), यह घोषित करती हूँ कि मैंने अपना नाम वीना उर्फ़ बीनू से बदलकर बीनू कर लिया है।

**मैं,** संगीता पत्नी श्री सुशील कुमार, निवासी- मकान संख्या 459, हनुमान मंदिर, गली, मानव कॉलोनी, गाँव-सुकेत्री, पंचकुला, हरियाणा, यह घोषणा करती हूँ कि संगीता और संगिता नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

**मैं,** सुशील कुमार पुत्र श्री राम आसरे, निवासी- मकान संख्या 459, हनुमान मंदिर, गली, मानव कॉलोनी, गाँव-सुकेत्री, पंचकुला, हरियाणा, यह घोषणा करता हूँ कि सुशील कुमार और सुशील नाम एक ही व्यक्ति के हैं।
एपी-7420

I, Sandeep S/o Raj Kumar Sheoran R/o H. No. 199 Near Gate No 4, H A U Defence Colony, Hisar Distt Hisar 125001 Haryana, have change my name Sandeep to Sandeep Sheoran
एपी-7421

**मैं,** Ajay Singh, पुत्र श्री Harish Chander, निवासी मकान नंबर 326, Mauli Jagran, Part-2, Mauli Jagran, Chandigah ब्यान करता हूँ कि मेरे दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम Harish Chandra Singh गलत दर्ज है। उनका सही नाम Harish Chander है। समबन्धित नोट करें।
एपी-7422

**मैं,** गीता रानी पत्नी सुरेन्द्र कुमार, गांव व डाकखाना पड़ाना तहसील जुलाना जिला जीन्द की स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम गीता रानी से बदलकर गीता देवी रख लिया है।

**मैं,** बंसीलाल पुत्र सुबे सिंह, गांव हैबतपुर तहसील व जिला जीन्द का स्थाई निवासी हूं। मैंने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम पूनम देवी की बच्ची से बदलकर उर्वी रख लिया है।
एपी-7423

**मैं,** शशि लूथरा पत्नी देविंदर कुमार निवासी मकान नंबर 1414-सी, राजपुरा टाउन, तहसील राजपुरा, जिला पटियाला ने अपना नाम बदलकर शशि कला रख लिया है।

**मैं,** देविंदर लूथरा पुत्र घनशाम दास निवासी मकान नंबर 1414-सी, राजपुरा टाउन, तहसील राजपुरा, जिला पटियाला ने अपना नाम बदलकर देविंदर कुमार रख लिया है।

**मैं,** राजबीर कौर, पत्नी क्रमांक 3408938Y, हवलदार दर्शन सिंह, निवास ग्राम रतुल बेट, तहसील जीरा, जिला फिरोजपुर, पंजाब, घोषणा करती हूं कि मेरे पति के सेना रिकॉर्ड में मेरी जन्मतिथि 11.09.84 दर्ज है। मेरी सही जन्मतिथि 17.12.1982 है।
एपी-7420

**मैं,** मनप्रीत पुत्री श्री कुलवंत सिंह निवासी 214, गांव नलवीपार, जिला करनाल ब्यान करती हूं कि मेरा पुराना नाम मनप्रीत है और मैने अपना नाम बदलकर अन्नू करना चाहती हूं।अब भविष्य में मुझे अन्नू नाम से जाना व पहचाना जाए। यह है कि मेरे पुराने नाम से किसी भी कोर्ट में कोई केस पेंडिंग नहीं है और नहीं कोई बैंक लोन है।

**मैं,** राम सवरूप पुत्र श्री रति राम निवासी शेखपुरा सोहना, जिला करनाल ब्यान करता हूं कि मेरा पुराना नाम सवरूप है और मैने अपना नाम बदलकर राम सरुप करना चाहता हूं। अब भविष्य में मुझे राम सरुप नाम से जाना व पहचाना जाए। यह है कि मेरे पुराने नाम से किसी भी कोर्ट में कोई केस पेंडिंग नहीं है और नहीं कोई बैंक लोन है।
एपी-7424

I, Yoginder Singh S/o Nathi Ram R/o H-No-23A, Boh Road, Raju Touar Tarvels Wali Gali, Near Bakshi Cement Store, Defance Enclave, PO-Boh Ambala Cantt, Dist-Ambala, Haryana - 133001, have changed my minor Son name from Soreeya Aged 13 Years to Shaurya Rana forever.
एपी-7426

**बेदखली सूचना**

**मैं,** बलजीत कौर, पत्नी स्वर्गीय श्री यादविंदर सिंह, मकान नंबर 2471/ए, सेक्टर 39-सी, चंडीगढ़ सूचित करती हूँ कि मेरा पुत्र गुरकीरपाल सिंह (Gurkirpal singh ) मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करती हूँ। उससे लेन-देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मैं और मेरा परिवार उसके किसी भी कार्यों के लिए जिम्मेदार नहीं होंगें।
एपी-7412

**मैं,** ओम प्रकाश पुत्र श्री गोविंदराम निवासी अदियाना मतलौड़ा, पानीपत । मेरा पुत्र तेजबीर व उसकी पत्नी आशु मेरे कहने सुनने से बाहर है, उनका आचरण ठीक नहीं है। इसीलिए मैं इनको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। कोई भी इनके साथ किसी प्रकार का लेनदेन करता है तो उसके लिए वो ही जिम्मेवार होंगे, मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-7410

**मैं,** अमर सिंह पुत्र श्री करतार सिंह पता राक्सेडा, तहसील समालखा, जिला पानीपत ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र चानन सिंह मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मै इसको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इसके साथ लेन देन व अन्य व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-7424

**खोया और पाया**

**मैं,** जीवन सिंह छाबड़ा, पुत्र देवेंद्र सिंह छाबड़ा, निवासी बी1-602, निर्मल छाया, वीआईपी रोड, ज़ीरकपुर, एसएएस नगर, पंजाब। मेरा प्लॉट नंबर 104-ईपी-90-295, सेक्टर-104, एसएएस नगर, मोहाली पंजाब का मूल बिल्डर बायर एग्रीमेंट, जिसकी तारीख 10-07-2013 है, जो Emaar इंडिया लिमिटेड द्वारा जारी किया गया था, खो गया है। अगर किसी को मिले तो कृपया ऊपर बताए गए पते पर लौटा दें।
एपी-7417

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# राहुल गांधी की विशेषज्ञता देश जानता है कि कितने चुनाव इन्होंने हरवाए, अब वही ज्ञान बांटने आए हैं: अनिल विज

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अंबाला, 21 जनवरी।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी के कुरुक्षेत्र में कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्षों की मीटिंग को लेकर तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी की विशेषज्ञता सारा देश जनता है कि कितने चुनाव ये अपनी पार्टी को हरवा चुके है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि 'जो ज्ञान राहुल गांधी के पास है वो अपने नीचे वाले कार्यकर्ताओं को देने आए है'। विज ने कहा कि ये कांग्रेस का अपना मामला है इससे हमें कोई लेना देना नहीं है। श्री विज आज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

**भाजपा में प्रजातांत्रिक चुनाव, विपक्ष में 'एजेंसी' सिस्टम, 'नीचे से ऊपर बनाम ऊपर से नीचे' मंत्री अनिल विज ने समझाया भाजपा और खानदानी पार्टियों के चुनाव का बड़ा अंतर:** भाजपा को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल गया है जिसे लेकर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि सारे हिंदुस्तान में जितने भी राजनीतिक दल है उनमें से केवल भाजपा की एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमें प्रजातांत्रिक तरीके से चुनाव होता है। सबसे पहले बूथ कमेटी बनती है, उसके बाद वार्ड बनता है, फिर जिला, फिर प्रदेश और आखिर में राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव होते है। मंत्री अनिल विज ने विपक्षी पार्टियों पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा ने दूसरी खानदानी, पारिवारिक पार्टियों की तरह नहीं जिसमें पहले से प्रधान तय होते है। हमारा चुनाव नीचे से ऊपर जाता है जबकि विपक्षियों का ऊपर से नीचे आता है। उनमें प्रधान तय होते है, वो ही प्रदेशों के प्रमुख तय कर देते हैं, प्रदेशों के प्रमुख जिलो के प्रमुख तय कर देते हैं। जैसे एजेंसियां बांटी जाती है जिनमें कंपनी मालिक नीचे प्रदेशों के डिस्ट्रीब्यूटरशिप बनाता है, फिर जिलों के बाकि पार्टियां भी इसी तरह हैं। मंत्री अनिल विज ने कहा कि मेरा मानना है कि जिस पार्टी के अंदर प्रजातंत्र व लोकतंत्र नहीं वो पार्टी देश के 140 करोड़ लोगों के प्रजातंत्र की रक्षा नहीं कर सकती।

### दिग्विजय के 'डराने' वाले बयान पर विज का प्रहार

कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह का कहना है कि आरएसएस हिंदुओं और ओवैसी मुसलमान को डराते हैं, जिस पर पलटवार करते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि दिग्विजय सिंह सो-सो कर जागते है और नींद में ही कुछ न कुछ बोलते रहते है। हिंदुओं को मजबूत करने के लिए आरएसएस ने हमेशा काम किया है। राष्ट्र और देश भक्ति ये सिर्फ आरएसएस ने ही अपने कैडर को सिखाई है। इसीलिए कहीं पर भी देश में कोई आपदा आती है तो हमारे स्वयं सेवक सबसे पहले वहां जाकर सेवा देने के लिए खड़े होते हैं।

### सुरजेवाला को सिर्फ राजनीति करनी आती है लोगों का हित देखना नहीं आता

वहीं, कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के टविट किया की भाजपा सरकार हरियाणा के बीपीएल परिवारों के लिए सजा बन गई है, जिस पर पलटवार करते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि सुरजेवाला अच्छी तरह से जानते हैं कि किसी का भी जायज हक छीना नहीं जा सकता। बीपीएल परिवार 1.80 लाख रुपए तक की आय वालों को ही मिलता है, वो अच्छी तरह जानते हैं। विज ने तंज कसते हुए कहा कि सुरजेवाला को सिर्फ राजनीति करनी आती है लोगों का हित देखना नहीं।

# फिजी वायरस व बाढ़ से खराब धान का मुआवजा नहीं मिलने से किसानों में भारी रोष

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य

**मुख्यमंत्री व खाद्य मंत्री का फूंका पुतला:** किसानों के सब्र का बाँध टूटने पर प्रदर्शन के दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री श् नायब सिंह सैनी तथा खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री श राजेश नागर का पुतला फूंका गया। किसानों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाज़ी करते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को अनदेखा किया गया तो आंदोलन और तेज़ किया जाएगा। प्रदर्शन के उपरांत किसानों ने अपनी सभी मांगों को लेकर एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा, जिसमें शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई। किसानों ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो किसान सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

**पिहोवा, 21 जनवरी।** भारतीय किसान यूनियन (पिहोवा) के आह्वान पर सैकड़ों किसानों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ ज़ोरदार विरोध प्रदर्शन किया और किसान रेस्ट हाउस से पिहोवा चौंक तक रोष मार्च निकालकर मुख्यमंत्री व खाद्य मंत्री का पुतला फूंका। ब्लॉक प्रधान बलविंदर कंबोज व युवा प्रधान मनीष मलिक सहित किसानों का कहना है कि सरकार की अनदेखी और लापरवाही के कारण किसान लगातार आर्थिक तबाही झेल रहा है।भाकियू (प्रवक्ता) प्रिंस वड़ैच ने बताया की फ़िज़ी वायरस व बाढ़ से खराब धान का मुआवज़ा नहीं मिला,जिले में तक़रीबन 81000 एकड़ के धान ख़राबे का मुआवजा किसानो ने मांगा था लेकिन सूत्रो से पता चला है की केवल 7000 एकड़ का मुआवजा जारी किया गया है बाक़ी सारा खराबा पोर्टल से हटा दिया गया । सरकार द्वारा मुआवज़े की घोषणा के बावजूद लगभग 90 प्रतिशत किसान आज भी मुआवज़े से वंचित हैं। सुखविंदर मुकिमपुरा ने बताया कि मारकंडा एवं घग्गर नदियों से हर वर्ष किसानों की फसलें, घर और ज़मीन बर्बाद हो जाती हैं। नैसी, ठसका, शेरगढ़, मडादो, डेरा मोहम्मद शाह, अजमतपुर, जलबेहड़ा, दुनिया माजरा, खंजरपुर, अजीत नगर, पिपली प्लॉट, दीवाना, अधोया, कराह साहिब सहित अनेक गांव गंभीर रूप से प्रभावित हैं।किसानों ने नदियों का स्थायी समाधान, मजबूत बाँध, नदियों को चौड़ा-गहरा करने और बरसात से पहले सुरक्षा कार्य पूरे करने की मांग की।युवा वरिष्ठ उपप्रधान गुरलाल असमांनपुर ने कहा कि पूरे हरियाणा में बड़े स्तर पर धान घोटाला सामने आने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कुरुक्षेत्र जि़ले में भी घोटाला उजागर हुआ, लेकिन न जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हुई और न ही दोषियों के खिलाफ कानूनी कदम उठाए गए। फिजिकल वेरिफिकेशन के दौरान राइस मिलों में कम स्टॉक मिलने के बावजूद अभी तक किसी भी घोटालेबाज़ पर कुरुक्षेत्र में एफ0 आई0 आर 0 नहीं दर्ज़ की गई ।

किसानों ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय व निष्पक्ष जाँच कराकर दोषियों के खिलाफ सख़्त कार्रवाई की मांग की। बिबीपुर झील क्षेत्र में लगभग 12 गांवों की 6000 एकड़ से अधिक निजी किसानों की भूमि में हर वर्ष बरसात के समय नरवाना ब्रांच व एस वाई ऐल नहर का पानी जानबूझकर छोड़ा जाता है। इससे किसानों की फसलें पूरी तरह नष्ट हो जाती हैं और ज़मीन लंबे समय तक जलभराव में रहती है। किसानों ने निजी भूमि में पानी छोड़ने की प्रक्रिया स्थाई रूप से तुरंत बंद करने, स्थायी ड्रेनेज व्यवस्था और पिछले वर्षों के नुकसान का मुआवज़ा देने की मांग की।

## न्यूज ब्रीफ

### राकेश अरोड़ा बने न्यू सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/राजकुमार वालिया)।** न्यू सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन, सलारपुर रोड कुरुक्षेत्र का सर्वसम्मति से चुनाव संपन्न हुआ। इस चुनाव में पवन कुमार और वीरभान को संगठन का संरक्षक चुना गया। शहर की कई धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं से जुड़े समाजसेवी एवं व्यापारी राकेश कुमार अरोड़ा को सर्वसम्मति से एसोसिएशन का प्रधान नियुक्त किया गया। इसी प्रकार अश्विनी अरोड़ा को महासचिव, राजेश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, सुनील मलिक को मीडिया प्रभारी चुना गया। एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्यों में रमेश कुमार मुखी और शिवदयाल को शामिल किया गया है। नवनियुक्त प्रधान राकेश अरोड़ा ने कहा कि सब्जी मंडी के व्यापारी साथियों ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, वे पूरी निष्ठा, मेहनत और ईमानदारी के साथ उस जिम्मेवारी को निभाएंगे। सभी व्यापारी साथियों को साथ लेकर मंडी में सफाई व्यवस्था, सुरक्षा और विकास को लेकर सकारात्मक कदम उठाएंगे। इस मौके पर सब्जी मंडी में व्यापारियों ने नवनियुक्त प्रधान राकेश अरोड़ा का फूल मालाएं पहनाकर, उन्हें लड्डू खिलाकर, ढोल की थाप पर नाच गाकर उनका स्वागत अभिनंदन किया। सभी ने राकेश अरोड़ा को प्रधान बनने पर बधाई दी और कहा कि उनके नेतृत्व में मंडी का चहुमुखी विकास होगा और दुकानदारों की समस्याओं का समाधान होगा। इस मौके पर राकेश कुमार वालेचा, राजेश कुमार, गगन राजकुमार, संजीव कुमार, कृष्ण लाल, धर्मेंद्र कुमार, कीर्ति धवन, चंद्रलाल आदि भी मौजूद रहे।

### रणबीर बपदी बने कांग्रेस के जिला महासचिव



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त जिला महासचिव रणबीर बपदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी 36 बिरादरी की पार्टी है और सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। पार्टी का संगठन सबसे मजबूत संगठन है, जिसे औश्र मजबूत बनाने के लिए पार्टी के शीर्ष नेता कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर पार्टी के शीर्ष नेताओं सहित पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मेवा ङ्क्षसह का भी आभार प्रकट किया और विश्वास दिलाया की वह पार्टी के संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का काम करूंगा। रणबीर बपदी बुधवार को लाडवा में अपनी नियुक्ति के बारे में पत्रकारों को जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में हर वर्ग सरकार की गलत नीतियों से तंग व दुखी हो चुका है। भाजपा सरकार ने प्रदेश की जनता को लाइनों में उलझाकर रख दिया है। किसी की पैंशन काट दी जाती है किसी किसान का पोर्टल नहीं चलता। किसानों को अपनी फसलों के लिए खाद लेने के लिए पहले पोर्टल चैक करवाने पड़े रहे है। पोर्टल है तो खाद मिल रहा है नहीं तो किसानों को खाद तक नहीं मिल रहा। सरकार की मंशा जनता को लाभ देना नहीं है, बल्कि जनता को परेशान करना व गुमराह करके सत्ता पर काबिज रहना है।

### युवा अग्रवाल सभा ने लगाया पांचवा रक्तदान शिविर

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** आज बीपी (रिलायंस) पेट्रोल पंप पर स्वर्गीय गुलशन गोयल के जन्मदिन पर युवा अग्रवाल सभा द्वारा पांचवा रक्तदान शिविर व पुष्प अर्पित करने का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए रक्त एकत्रित किया गया और स्वर्गीय गुलशन गोयल को शिवर में आए सभी जनों ने अपनी नम आंखों से पुष्प अर्पित किए हुए श्रद्धांजलि दी । इस रक्तदान शिविर में मानव सेवा संगम ब्लड बैंक की टीम ने अपना योगदान दिया। रक्तदान शिविर के अवसर पर युवा अग्रवाल सभा के नवयुक्त प्रधान गौरव बंसल ने कहा कि गुलशन गोयल एक सच्चे समाज सेवक थे और युवा अग्रवाल सभा के लिए प्रेरणा स्रोत थे रक्तदान शिविर के अवसर पर पूर्व पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने भी स्वर्गीय गुलशन गोयल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी इस अवसर पर अजय गोयल, रमेश गोयल, अशोक गर्ग, अधिवक्ता पी पी जैन, कृष्ण गोयल, स्वर्ण सिंह, राज पंसारी और युवा अग्रवाल सभा के पूर्व प्रधान त्रिलोक सिंगला ,कपिल गर्ग, गौतम जैन ,दीपक बंसल, उज्जवल जैन, अमित जैन, मनीष गोयल और युवा अग्रवाल सभा के प्रेस प्रवक्ता रोशन जिंदल आदि उपस्थित थे।

### डीएसपी ने लिया गुरु रविदास जयंती कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा

**नरवाना (अप्रस/हितेश गर्ग)।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की जयंती के अवसर पर 22 जनवरी को आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम से पूर्व मंगलवार को डीएसपी कमलदीप राणा ने अम्बेडकर भवन नरवाना पहुंचकर कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएसपी कमलदीप राणा सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों और आयोजकों से चर्चा करते नजर आए। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर वे संतुष्ट दिखाई दिए और आयोजकों को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अम्बेडकर सभा के प्रधान वीरेंद्र सिंह चोपड़ा, उपप्रधान फूलकुमार, पोलूराम पुनिया, दारा सिंह, अमित मूँवाल सहित सभा के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। अम्बेडकर सभा के गणमान्य लोगों ने डीएसपी कमलदीप राणा का स्वागत भी किया। 22 जनवरी को गुरु रविदास जी महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में अम्बेडकर भवन में महान संत समागम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में डेरा सिरसगढ़ से महान संत मंदीप दास महाराज अनेकों संतों के साथ पहुंचकर गुरु रविदास जी महाराज की अमृतवाणी का गुणगान करेंगे। इस अवसर पर विभिन्न गांवों से संगतें एवं महिलाएं भजन-कीर्तन करते हुए कार्यक्रम में भाग लेंगी।

# सरकारी ऑडिटोरियम में एरिया सभा शुरू, दो दिन चला वेरिफिकेशन अभियान

अर्थ प्रकाश/ईशा

**घरौंडा, 21 जनवरी।** घरौंडा नगर पालिका क्षेत्र के लोगों की सामाजिक योजनाओं से जुड़ी पात्रता जांच के लिए सरकारी ऑडिटोरियम में एरिया सभा का आयोजन किया गया। दो दिनों तक चले इस कार्यक्रम में 17 वार्डो के लोगों की पेंशन और जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित वेरिफिकेशन किया जा रहा है। बड़ी संख्या में लोग सुबह से ही ऑडिटोरियम में पहुंचे और अपनी वेरिफिकेशन करवाई।

मंगलवार को एरिया सभा के पहले दिन नगर पालिका घरौंडा के वार्ड 01 से वार्ड 08 तक के लोगों की वेरिफिकेशन प्रक्रिया पूरी की गई और दूसरे दिन 9 से 17 वार्डो की। इस दौरान वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों की वैरिफिकेशन, विधवा पेंशन के लाभार्थियों की वैरिफिकेशन और दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लाभार्थियों की वैरिफिकेशन की गई। दो दिनों में 2500 से ज्यादा लोगों की वेरिफिकेशन की गई। नगरपालिका सचिव रविप्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह बैठक हरियाणा नगर पालिका भागीदारी अधिनियम, 2008 के प्रावधानों के अनुसार हो रही है। इसमें निर्धारित योजनाओं की वेरिफिकेशन के साथ-साथ एरिया सभा की अनुमति से अन्य कोई भी एजेंडा रखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि एरिया सभा के दौरान पेंशन विभाग के कर्मचारी भी मौके पर मौजूद हैं, जो लाभार्थियों से संबंधित डेटा कलेक्ट कर रहे हैं। एकत्रित की गई जानकारी की रिपोर्ट तैयार कर सरकार को भेजी जाएगी, ताकि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ सही तरीके से मिलता रहे।

# सीएनजी जैसे वैकल्पिक ईंधन के उपयोग से प्रदूषण में आएगी कमी स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ने में मिलेगी मदद: भगवान दास कबीरपंथी

विधायक भगवान दास कबीरपंथी के नेतृत्व में हरियाणा विधानसभा की कल्याण समिति ने इंदौर के सीएनजी प्लांट का किया दौरा

अर्थ प्रकाश/वीरता



**करनाल, 21 जनवरी।** हरियाणा विधान सभा की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़े वर्गो के कल्याण संबंधी समिति ने चेयरपर्सन भगवान दास कबीरपंथी के नेतृत्व में आज मध्य प्रदेश के इंदौर में सी.एन.जी. सेंटर का दौरा किया गया। इस मौके पर समिति के सदस्य पवन खरखौदा, शीशपाल केहरवाला व हरियाणा विधानसभा के स्टाफ के सदस्यों में अधीक्षक राजेन्द्र कुमार, सहायक शमशेर सिंह तथा रिपोर्टर संजय गर्ग भी मौके पर मौजूद रहे। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ ईंधन की कार्यप्रणाली और इसके सफल क्रियान्वयन को समझना था। बता दे कि हरियाणा विधान सभा की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा पिछड़े वर्गो के कल्याण संबंधी समिति 17 जनवरी से 22 जनवरी तक मध्य प्रदेश दौरे पर रहेगी।

इस दौरान प्लांट में संचालित कार्यप्रणाली, सुरक्षा मानकों, गैस आपूर्ति व्यवस्था तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया। प्लांट प्रबंधन द्वारा समिति को सी.एन.जी. उत्पादन की प्रक्रिया, भंडारण क्षमता, वितरण प्रणाली एवं भविष्य की विस्तार योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

विधायक एवं समिति के चेयरपर्सन भगवान दास कबीरपंथी समिति के सदस्यों ने सी.एन.जी. को स्वच्छ एवं पर्यावरण के अनुकूल ईंधन बताते हुए इसके अधिकाधिक उपयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सी.एन.जी. जैसे वैकल्पिक ईंधन के उपयोग से प्रदूषण में कमी आएगी और प्रदेश को स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।

इस मौके पर समिति ने मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से भी एक शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान आपसी हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई तथा प्रशासनिक अनुभवों का आदान-प्रदान किया गया। हरियाणा विधान सभा समिति का यह दौरा दोनों प्रदेशों के बीच आपसी समन्वय एवं सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# महिलाओं को अपने स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए रोजाना खेल मैदान पर करना चाहिए अभ्यास: बलजीत कौर

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**शाहबाद 21 जनवरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर ने कहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए और अपनी दिनचर्या में व्यायाम और योगा को भी शामिल करना चाहिए। इसके साथ ही महिलाओं को किसी ना किसी खेल के साथ जुड़कर निरंतर अभ्यास भी करने का प्रयास करना चाहिए।

पीओआईसीडीएस बलजीत कौर शाहबाद में विभागीय खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता के उदघाटन समारोह में बोल रही थी। इससे पहले पीओआईसीडीएस बलजीत कौर ने विधिवत रूप से शाहबाद खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान महिलाओं ने साइकिल रेस, डिस्कस थ्रो, पैदल रेस, 100 व 400 मीटर रेस सहित अन्य प्रतियोगिताओं में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि विभाग की तरफ से सरकार के आदेशानुसार समय-समय पर खेलकूद के साथ-साथ अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इन आयोजनों के माध्यम से महिलाओं के प्रतिभा में निखार लाने के लिए एक मंच उपलब्ध करवाया जाता है। इस मंच के माध्यम से महिलाओं में भाईचारे की भावना के साथ-साथ आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

उन्होंने कहा कि उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के मार्गदर्शन में ही विभाग के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं में छिपी प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं में विजेता महिला प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया जाता है। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से महिलाओं को अन्य विषयों के प्रति भी जागरूक किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में अपनी भागीदारी जरूर सुनिश्चित करनी चाहिए। इस प्रतियोगिता में महिलाओं को स्वास्थ्य और खानपान के भी टिप्स विषय विशेषज्ञों द्वारा दिए गए।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**रादौर (अप्रस/योगेश कुमार)।** मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में बुधवार को इतिहास विभाग की ओर से डॉ. ऋचा सीकरी की देखरेख में सरस्वती नदी पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ. ऋचा सीकरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि सरस्वती नदी जो अब विलुप्त हो गई है, यह भारत की पवित्र नदियों में से एक है। इसके तट पर दो प्रसिद्ध सभ्यताओं सिंधु और वैदिक विकसित हुई। वेदों की रचना की गई। इस नदी के क्षेत्र को जानने के लिए इस पर शोध भी चल रहा है। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी, दूसरा स्थान श्रेया व तीसरा स्थान पायल देसवाल ने प्राप्त किया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ माला शर्मा ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी और इस तरह आयोजन में भाग लेने को कहा। इस अवसर पर प्रो बंटी कुमार व पंकज कुमार भी उपस्थित रहे।

# नगर परिषद के सामने बनी मेडिकल एनक्लेव में अतिक्रमण करने वाले नहीं देते एम्बुलेंसों को भी रास्ता

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 21 जनवरी।** शहर की नगर परिषद के बिल्कुल सामने मेडिकल एनक्लेव डॉक्टरों की कॉलोनी के नाम से मशहूर कॉलोनी है। यह कॉलोनी की शुरुआत होते ही बड़े-बड़े बोर्ड अतिक्रमण का स्वागत करते मिलेंगे फिर सभी शोरूम में डॉक्टर के हॉस्पिटलों के आगे व्हीकल जिनमें ज्यादातर टू व्हीलर आड़े तिरछे और उनके आगे जूस व चाय की रेहड़ी वालो ने सारा रोड ही बंद कर रखा होता दिखाई देता है डॉक्टर के अस्पताल कॉलोनी में ज्यादा होने के कारण एंबुलेंस में आने वाले मरीज को भी रास्ता नहीं मिलता है जिससे कभी भी कोई भी अप्रिय घटना हो सकती है मेडिकल एनक्लेव में आए मरीजो में लोग यह भी कहते देखे गए हैं कि क्या यह बड़े-बड़े शोरूम और बड़ी-बड़ी बिल्डिंग में अस्पताल बनाने वाले डॉक्टर क्या अपनी प्राइवेट पार्किंग नहीं बना सकते थे यह मरीज को परेशान क्यों करते हैं नगर परिषद के अधिकारी तो सिर्फ अतिक्रमण के नाम पर रोड शो करने सड़कों पर निकलते हैं मेडिकल एनक्लेव में तो कभी भी किसी प्रकार का अतिक्रमण हटाते नहीं देखे गए हैं ज्यादातर व्हीकल व मेडिकल एनक्लेव में भीड़ सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 तक देखने को मिलती है कॉलोनी में चल रहे प्राइवेट कोचिंग अकादमी में भी अतिक्रमण के नाम की सारी हदें पार करते हुए हर वक्त टू व्हीलरों की भारी भीड़ सड़क पर देखी जा सकती है मेडिकल एनक्लेव में बने सभी हॉस्पिटलों के नक्शे भवन निर्माण अधिकारियों द्वारा जांच किए जाने चाहिए और अतिक्रमण यदि नगर परिषद के अधिकारी हटाने में असमर्थ हैं तो ट्रैफिक पुलिस को इसकी जिम्मेदारी लेते हुए मेडिकल एनक्लेव के किए हुए सभी रास्तों से टू व्हीलर हटाने चाहिए ताकि प्राथमिकता के आधार पर मेडिकल एनक्लेव में एंबुलेंस में आए मरीजों को रास्ता मिल सके।

# लघु सचिवालय परिसर में गणतंत्र दिवस समारोह की प्रथम रिहर्सल आयोजित



अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 21 जनवरी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपमंडल स्तरीय समारोह के सफल आयोजन को लेकर लघु सचिवालय परिसर, टोहाना में बुधवार को प्रथम रिहर्सल का आयोजन किया गया।

प्रिंसिपल सुनील बंसल और सुशील गुप्ता ने रिहर्सल के दौरान मुख्य अतिथि की भूमिका में शिरकत कर आगमन, मंचासीन होने तथा सलामी लेने की प्रक्रिया का अभ्यास किया। संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों ने आपसी समन्वय के साथ सभी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया, ताकि गणतंत्र दिवस समारोह निर्धारित समय और गरिमा के अनुरूप संपन्न हो।

इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने अनुशासित मार्च पास्ट में भाग लिया। इसके साथ ही डंबल पीटीएम एवं लेजियम अभ्यास का भी सफल प्रदर्शन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने शारीरिक संतुलन और तालमेल का प्रभावशाली परिचय दिया। परेड में शामिल विभिन्न टुकड़ियों ने कदमताल, पंक्तिबद्धता और अनुशासन का अभ्यास किया। वहीं, विद्यालयों के विद्यार्थियों ने बैंड की मधुर धुन पर सुंदर कदम ताल प्रस्तुत कर माहौल को उत्साह और देशभक्ति की भावना से भर दिया। रिहर्सल के दौरान सामने आए बिंदुओं पर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए, ताकि आगामी रिहर्सलों में सभी गतिविधियां और अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत की जा सकें।

# महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही है दीनदयाल लाड़ो लक्ष्मी योजना: सुमन सैनी

मेहरा में साढ़े 54 लाख रुपए से बने सब हेल्थ केयर सेंटर का किया उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/विकास कश्यप



**लाडवा, 21 जनवरी।** लाडवा खंड के गांव मेहरा में बुधवार को उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का आयोजन ग्राम पंचायत मेहरा द्वारा किया गया, जिसमें हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुई, जबकि समारोह की अध्यक्षता गांव के सरपंच सुरमुख ङ्क्षसह द्वारा की गई। मुख्यातिथि सुमन सैनी ने गांव मेहरा में 54 लाख 45 हजार रुपए की लागत से बने सब हेल्थ केयर सेंटर/ आयुष्मान आरोग्य मंदिर का रिबन काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने घर की मकान की मुरम्मत के लिए गांव के रहने वाले इस्लाम को 80 हजार रुपए और संतोष को 50 हजार रुपए का चेक सहायतार्थ राशि के रूप में दिया। सुमन सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं बना रही हैं तथा महिलाओं के लिए दीनदयाल लाड़ो लक्ष्मी योजना वरदान साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा पहला ऐसा राज्य है जहां पर 24 फसलों पर एम.एस.पी. दिया जा रहा है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को बधाई दी।

इसके बाद सुमन सैनी ने लाडवा पी.डबल्यू.डी.कार्यालय में पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की तथा उनकी समस्याएं भी सुनी। इस मौके पर मार्कीट कमेटी लाडवा की तरफ से मुख्यमंत्री किसान एवं खेतिहर श्रमिक जीवन सुरक्षा योजना के तहत लाभार्थियों को चेक भी वितरित किए। विश्राम गृह में पहुंचने पर मंडल प्रधान शिव गुप्ता, मार्कीट कमेटी के चेयरमैन डा.गणेश दत्त, गूढ़ा मंडल प्रधान नरेंद्र ङ्क्षसह दबखेड़ा द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए सुमन सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के लगातार विकास कार्य करवा रही है। मुख्यमंत्री नायब ङ्क्षसह सैनी के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के सिद्धांत पर प्रदेश सरकार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा में बिना खर्ची बिना पर्ची युवाओं को रोजगार दिया जा रहा है। यही नहीं विदेशों में भी हरियाणा के युवा अपना परचम लहरा रहे हैं। इस मौके पर उनके साथ मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, गांव मेहरा के सरपंच सुरमुख सिंह, धर्मपाल मेहरा, गुरदेव शर्मा मेहरा, पूनम सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डीजीपी पंजाब के नेतृत्व में गैंगस्टरों पर सीधा वार, पंजाब पुलिस का 'प्रहार मोड'

# गैंगस्टर इकोसिस्टम पर हमला: सिर्फ गिरफ्तारी नहीं, नेटवर्क का होगा खात्मा

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

पंजाब पिछले कुछ समय से गैंगस्टर संस्कृति और संगठित अपराध की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। फायरिंग, वसूली, धमकियों



और टार्गेट किलिंग जैसी घटनाओं ने आम लोगों के मन में डर पैदा किया है। ऐसे माहौल में पंजाब पुलिस द्वारा शुरू किया गया 'ऑपरेशन प्रहार' सिर्फ एक पुलिस कार्रवाई नहीं, बल्कि यह भरोसा दिलाने की कोशिश है कि राज्य में कानून का राज कायम रहेगा।

20 जनवरी 2026 में शुरू हुए इस अभियान के तहत पंजाब पुलिस की 72 घंटे के राज्यव्यापी अभियान में 12 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों और 2 हजार टीमों की तैनाती यह दिखाती है कि यह कार्रवाई प्रतीकात्मक नहीं है। पुलिस का निशाना उन गैंगस्टरों पर रहा जो विदेशों में बैठकर पंजाब में अपने गुर्गों के जरिए अपराध चला रहे हैं। शुरुआती कार्रवाई में ही 1300 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया गया और कई संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की गई। इससे साफ है कि इस बार पुलिस केवल छोटे अपराधियों तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि पूरे नेटवर्क को तोड़ने के इरादे से आगे बढ़ रही है।

पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने साफ शब्दों में कहा है कि यह लड़ाई सिर्फ अपराधियों को पकड़ने की नहीं, बल्कि पूरे गैंगस्टर इकोसिस्टम को खत्म करने की है। केवल शूटर पकड़ने से काम नहीं चलेगा, इसलिए हथियार सप्लाई करने वालों, पैसे का इंतजाम करने वालों और गैंगस्टरों को छिपने की जगह देने वालों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है। एक गंभीर विषय यह भी है की कई गैंगस्टर अब विदेशों से भी नेटवर्क चला रहे हैं – विशेषकर कनाडा या



अन्य देशों से – जिससे न सिर्फ पंजाब बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज़ से भी मामले जटिल हो गये हैं। यही कारण है कि पुलिस ने ओवरसीज़ फ्यूजीटिव ट्रैकिंग और एक्स्ट्रैडेशन सेल (OFTEC) भी गठित की है, ताकि दोषियों को कानूनी प्रक्रिया के तहत वापस लाया जा सके।

पिछले सालों के आंकड़े बताते हैं कि पुलिस लगातार सक्रिय रही है। साल 2025 में ही 900 से ज्यादा गैंगस्टरों और आपराधिक गिरोहों पर कार्रवाई की गई और बड़ी मात्रा में अवैध हथियार बरामद हुए। इसके बावजूद अपराध का विदेशों से संचालन एक नई चुनौती बनकर सामने आया है, जिससे निपटना आसान नहीं है। यही वजह है कि मौजूदा कार्रवाई को लंबे समय तक चलने वाली मुहिम के रूप में देखा जाना चाहिए।

हालांकि सच्चाई यह भी है कि सिर्फ पुलिस की सख्ती से समस्या पूरी तरह खत्म नहीं होगी। गैंगस्टर संस्कृति के पीछे बेरोजगारी, नशा और तेज़ी से पैसा कमाने की चाह जैसी सामाजिक वजहें भी हैं। जब तक युवाओं को बेहतर अवसर और सही दिशा नहीं मिलेगी, तब तक यह खतरा बना रहेगा।

कुल मिलाकर, नशे के विरुद्ध युद्ध मुहीम के बाद अब 'ऑपरेशन प्रहार' यह साफ संकेत देता है कि पंजाब में अब अपराध के लिए कोई नरमी नहीं होगी। अगर यह अभियान इसी मजबूती और ईमानदारी से आगे बढ़ता रहा, तो आने वाले समय में पंजाब को ज्यादा सुरक्षित और शांत राज्य बनाने में यह बड़ी भूमिका निभा सकता है। आम लोगों का भरोसा लौटना ही इस लड़ाई की असली जीत होगी।

**-दिनेश दिक्षित**
राजनीतिक विश्लेषक

## संतोष का मतलब कायरता या प्रयास न करना नहीं है: मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक

चंडीगढ़। संतोष का मतलब कायरता या प्रयास न करना नहीं है, बल्कि यह उस अवस्था में होता है जब आप परम आनंद में होते हैं और हर चीज़ में मस्ती होती है। अन्यथा, लोग अक्सर डर या असफलता के कारण संतोष की बात करते हैं, जो कि एक खतरनाक समझौता हो सकता है। जीवन में जो कुछ भी हमें मिला है, उसी में संतोष रखना ही सच्चा सुख है।अधिक पाने की दौड़ में जो है उसे नजरअंदाज़ कर देना मन को अशांत करता है,जबकि कृतज्ञता और संतोष से जीवन सहज, शांत और समृद्ध बनता है। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने अणुव्रत भवन सैक्टर-24 के तुलसी सभागार में सभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा जो कुछ भी प्राप्त हो गया हो उस पर संतोष रखें और भविष्य की शुभ संभावनाओं की कल्पना में सदैव सच्चे मन से प्रसन्न रहना चाहिए। अगर जीवन में दुख, तकलीफ संकट आदि ऐसी परस्थितियां इंसान के साथ ना घटित हो तो जीवन एक पहलू ही सामने नजर आता दिखाई देता है लेकिन जल्द ही अगर दूसरे पहलू भी दिखाई देने लगे तो जीवन जीने का असली मकसद दिखाई देना शुरू हो जाता है। दुख सुख व अमीरी गरीबी आदि में समन्वयय करने वाला व्यक्ति ही जीवन का असली आनंद उठा पाता



है। संकटों को जीवन-विकास का एक अनिवार्य उपाय मानकर इंसान को उनका स्वागत करना चाहिए, उनको चुनौती स्वीकार करना चाहिए और एक आपत्ति को दस कष्ट सहकर भी दूर करते रहना चाहिए। यही पुरुषार्थ और इंसानियत है। इसे प्रसन्नता से सफलता की ओर उन्नति का उपाय स्वीकार करना श्रेयष्कर है। नवीन उपलब्धियों में हमें प्रसन्न होना चाहिए कठिनाइयों की शिक्षा से ही मनुष्य का बद्धि कौशल विकसित होकर ज्ञान-विज्ञान की इस सीमा तक पहुंचा है, जो बुरा व अशुभ है, वह हमारी प्रखरता के लिए एक चुनौती है। परीक्षा में प्रश्न-पत्र को देखकर विद्यार्थी रोने लगे तो उसे अध्ययन-मननशील नहीं माना जा सकता। अकारण चिंतित होकर कई लोग अपने जीवन के आनंद से वंचित रह जाते हैं। इसलिए प्रसन्न रहने का अकयास किया जाना चाहिए। संसार में न केवल दुख है और न सुख ही सुख है।

मनीषीश्रीसंत ने अंत मे फरमाया आपको पद मिल गया, संपत्ति भी मिल गई, मनचाही इच्छाएं भी पूरी हो गई। आप इतने ताकतवर बन चुके हैं कि किसी की भी खुशियों पर चंद मिनटों में पानी फेर सकते हैं। लेकिन यह मत भूलिए आपके पद व वैभव का मद दीर्घकाल तक आपका साथ नहीं दे सकता। जिन्हें आप शायद अस्तित्वहीन समझते हैं। दुनिया के बाजार में बहुत कुछ ख़रीद सकते हैं, लेकिन खुशियां नहीं खरीद सकते। खुशियां बाजार में नहींमिलतीं। ठीक वैसे ही जैसे आप बाजार से दवाएं तो खरीद सकते हैं, लेकिन स्वास्थ्य नहीं खरीद सकते। अच्छा स्वास्थ्य बनाने के लिए आपको संतुलित-पौष्टिक खान-पान और व्यायाम करने की जरूरत पड़ेगी। कहने का आशय यह है कि हमें अपने अंदर झांकने की। इसी से हमें अपने जीवन में खुशियों की राह हासिल होगी।

इस अवसर पर अतुल मुनि जी ने फरमाया हमारा दृष्टिकोण जैसा होता है, संसार उसी तरह दिखने लगता है। आशावादी व्यक्ति को चारों ओर प्रकृति की मुस्कान दिखती है और निराशावादी व्यक्ति को इस संसार में केवल कांटे ही दिखते हैं। हमें जीने का नजरिया बदलना होगा, हमें जीवन जीने की विधि सीखनी होगी, तकी हम जीवन का सार्थक उपयोग कर सकते हैं। जीवन का एक-एक पल कीमती है, आनंदपूर्ण है।

## जनहित व मंगलकामना के लिए इस्टेट ऑफिस एडवोकेट वेलफेयर एसोसिएशन ने किया पूजा-पाठ आयोजन



**अर्थ प्रकाश संवाददाता**

चंडीगढ़। बुधवार को इस्टेट आफिस एडवोकेट वेलफेयर एसोशियन (रजि.) सम्पदा कार्यालय, कचहरी कम्पाउंड, डी.सी. कार्यालय सैक्टर 17, चंडीगढ़ जेठा मंगलवार को पंडित लक्की शर्मा, सोशल वर्कर एवं प्रार्थना फाउडेशन ट्रस्ट, गऊशाला सैक्टर 25, चंडीगढ़ के कर कमलों द्वारा जनहित की खुशहाली व मंगल कामना हेतु पूजा-पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के संयोजक एडवोकेट बी.एस. सैनी, नरेश कुमार मेहन, करण पूरी, बी.एस. मनकोटिया, विजय कुमार शर्मा, रजनीश कश्यप, पी. के. दास, भूपिन्द्र सिंह, डी.के. जैन, एस.के. मेहता, जी.एल. अग्रवाल, रोमी गर्ग, आर. के. आरोड़ा व अन्य स्टाफ हुक्म चन्द स्वृडिया, विजय कुमार, श्रीमत्ति नीलम साहनी, केशव शर्मा, सोनी एवं अन्य सदस्य शामिल हुए।

## संत अपना सन्तों वाला स्वभाव नहीं छोड़ते

देखने वाले को तो नज़र आ रहा है चारों तरफ आग लगी हुई है। देश में लगी हुई है, विदेशों में लगी हुई है। चारों ओर वैर, ईर्ष्या की भावनाएं कार्य करती हैं, लेकिन गुरमुख महापुरुष जहां बीच में आ जाता है, वहीं पर शीतलता हो जाती है। आगे इस अग्नि को बढ़ने के लिए कोई रास्ता ही नहीं मिलता। शायद इसलिए संसार के लोग महापुरुषों को अपने रास्ते की रुकावट मानते हैं। वो मानते हैं कि ये प्रेम की, मानवता की बातें करते हैं, ये भाई-भाई को अपनाने की बात करते हैं, लेकिन हमने जाति का सहारा लेकर जो सत्ता हथियानी है, हमें वोट या कुर्सी हासिल कर लेनी है, तो अब यह कैसे होगा? हमने गाँव की प्रधानगी तो जाति के सहारे पर लेनी है या धर्म के नाम लेनी है। ये तो हरेक को समान दृष्टि से देखते हैं, हर एक को यही बताते हैं कि सारे मानव प्रभु के बन्दे हैं, ये तो हमारे रास्ते में रुकावट हैं। इसलिए संसार में महापुरुषों के साथ वैर, ईर्ष्या, नफ़रत होती रही है, लेकिन सन्त फिर भी अपना स्वभाव नहीं छोड़ते हैं। जिस तरह भले ही सांप लिपटा हो, चन्दन का पेड़ अपनी महक देता ही रहता है।



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

इसी तरह से कोई गंगा के किनारे खड़ा हो और बड़े गुस्से और जोर-जोर से बड़े-बड़े पत्थर उस गंगा की तरफ, पानी की तरफ फेंकने शुरु कर दे तो जो पानी में पत्थर फेंक रहा है, गंगा का जल क्या उसके लिए नहीं है? वो फिर भी जल दिए जा रही है। हर एक की प्यासर, हर एक की मैल फिर भी मिटती जा रही है। सन्तों का जीवन भी ऐसा ही होता है। कहने का भाव, गुरुमुख महापुरुष-सन्तों के पास शीतलता होती है। सन्त अपना सन्तों वाला स्वभाव नहीं छोड़ते, चाहे करोड़ों असन्त क्यों न मिल जाएं। क्योंकि ऐसे स्वभावसे ही शान्ति प्राप्त होती है, ऐसे गुणों से ही मन में चैन रहता है, ऐसे गुणों से संसार के जो पापी हैं, उनका भी पार उतारा हो सकता है, उनकाभी उद्धार हो सकता है। आप महापुरुष धन्य है, जिन्होंने इस मालिक, इस निरंकार के साथ नाता जोड़ा है। तभी तो ऐसे गुणों का जीवन में प्रवेश हुआ है। जब तक परमात्मा के साथ नाता नहीं जुड़ा, तब तक हम अपने मनों को खोज लें कि क्या जब से हमने इस प्रभु की प्राप्ति की, गुरुमुख महापुरुषों संगति हुई, तब के और पहले के जीवन में अन्तर नहीं आया है? क्या हमें कोई फर्क मालुम नहीं पड़ा? पहले हमारी दृष्टि कितनी तंग हुआ करती थी और हम किस तरह संकीर्ण दायरों से बंधे हुए थे। आज वे दायरे टूट चुके हैं, आज हम हर एक का भला चाहते हैं। हरएक का भला करते हैं। गुरुमुख-महापुरुषों के साथ नाता जोड़कर इस ईश्वर निरंकार की प्राप्ति करके, निरन्तर दास बन के ही जीवन में तबदीली आ जाया करती है।

महापुरुष खण्डन-मण्डन और वाद-विवाद से बच कर रहते हैं। वे तर्क यादलील भी दूसरे महापुरुषों के सामने अक्सर नहीं देते। जैसे एक इन्सान बैठा हुआ सफर कर रहा था। उसके मुंह में सिगरेट लगा हुआ था। ऊपर धूम्रपान न कीजिए (No Smoking) का साईन बोर्ड लगा हुआ था।

अटेन्डेन्ट ने आकर कह दिया, भाई साहब, आप पढ़ नहीं सकत? यहां पर 'नो स्मोकिंग' का साईन बोर्ड लगा है।

## पंचांग

बृहस्पतिवार, 22 जनवरी, 2026, सूर्योदयः 07:14 ए एम, सूर्यास्तः 05:52 पी एम, चन्द्रोदयः 09:22 ए एम, चन्द्रास्तः 09:19 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः माघ, पूर्णिमान्त महीनाः माघ, वारः गुरुवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः चतुर्थी - 02:28 ए एम, जनवरी 23 तक, नक्षत्रः शतभिषा - 02:27 पी एम तक, योगः वरीयान् - 05:38 पी एम तक, करणः वणिज - 02:40 पी एम तक, द्वितीय करणः विष्टि - 02:28 ए एम, जनवरी 23 तक, सूर्य राशिः मकर, चन्द्र राशिः कुम्भ, राहुकालः 01:53 पी एम से 03:12 पी एम, गुलिक कालः 09:53 ए एम से 11:13 ए एम, यमगण्डः 07:14 ए एम से 08:33 ए एम, अभिजित मुहूर्तः 12:12 पी एम से 12:54 पी एम, दुर्मुहूर्तः 10:46 ए एम से 11:29 ए एम, दुर्मुहूर्तः 03:02 पी एम से 03:44 पी एम, अमृत कालः 06:31 ए एम, जनवरी 23 से 08:07 ए एम, जनवरी 23, वर्ज्यः 08:52 पी एम से 10:29 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** आपकी सेहत बिगड़ सकती है और आप भावनात्मक रूप से परेशान भी हो सकते हैं। आपको मन शांत रखने की कोशिश करनी चाहिए।

**वृषः** आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन प्राप्त होगा। नौकरीपेशा लोगों को काम में सफलता हासिल होगी।

**मिथुनः** आप अपना आने वाला समय हंसी खुशी व्यतीत करेंगे। आने वाले दिनों में अधिक धन लाभ होगा।

**कर्कः** आपको अपने व्यवसाय और अन्य उपक्रमों से लगातार लाभ और मुनाफा प्राप्त होता रहेगा। आप अपने अधीनस्थों के समर्थन का आनंद लेंगे।

**सिंहः** आज करियर के मामले में चीज़ें बेहतर होने के आसार हैं। आप अपना काम अच्छे से पूरा करने की कोशिश करेंगे।

**कन्याः** अगर ऑफिस में आप गुप्त रूप से होने वाले कामों में सक्रिय रहते हैं, तो आज आपके लिए चुनौतीपूर्ण स्थिति बन सकती है। काम पर चीजें थोड़ी अजीब हो सकती हैं।

**तुलाः** आज आपको मिश्रित परिणाम मिलेंगे लेकिन कुल मिलाकर वे सकारात्मक रहेंगे। आप कठिनाइयों से दो-चार हो सकतें हैं।

**वृश्चिकः** आज तरक्की के नये रास्ते खुले नजर आयेंगे। शाम तक कोई अच्छी खबर मिलने की संभावना बन रही है।

**धनुः** कोई असुविधाजनक स्थिति अचानक बन सकती है। बढ़ते हुए खर्चो की वजह से या पैसे के लेनदेन की वजह से आपसी मनमुटाव हो सकता है।

**मकरः** आप सभी प्रकार के भौतिक सुखों का आनंद लेंगे और नए अधिग्रहण हो सकते हैं।

**कुंभः** कार्यक्षेत्र में धन लाभ के अवसर मिलेंगे। आज आप कुछ ऐसे लोगों के साथ जु?ंगे, जो आपकी हर तरह से मदद के लिये तैयार रहेंगे।

**मीनः** आप किसी नए कार्य की शुरुआत कर सकते हैं, भागीदारों का पूरा सहयोग मिलेगा। आप सामाजिक तौर पर अधिक सक्रिय रहेंगे।

## अमेजन ग्रेट रिपब्लिक डे सेल 2026, अमेजन बाजार पर रोजमर्रा की जरूरतों के अल्ट्रा-अफॉर्डेबल प्रोडक्ट्स पर 80 प्रतिशत तक की छूट

शिमला। अमेजन बाजार अपने ग्राहकों के लिए फैशन, इलेक्ट्रॉनिक एक्सेसरीज़ सहित कई कैटेगरी में शानदार बचत के मौके लेकर आया है, जहां उत्पादों की कीमतें 99 रुपये से शुरू हो रही हैं। अमेजन ग्रेट रिपब्लिक डे सेल 2026 के दौरान ग्राहक चुनिंदा टॉप प्रोडक्ट्स पर 80 प्रतिशत तक की छूट और 500 रुपये तक का कैशबैक पा सकते हैं। इसके अलावा 99 रुपये से शुरू होने वाले आइटम्स पर और अमेजन बाजार की पहली खरीदारी पर ग्राहकों को 50 रुपये तक का कैशबैक भी मिलेगा।बेहद किफायती रेंज और बहुत कम कीमतों के साथ अमेजन बाजार देशभर में ग्राहकों की अलग-अलग जरूरतों और पसंद को ध्यान में रखते हुए ट्रेंडी और बजट-फ्रेंडली प्रोडक्ट्स तक आसान पहुंच उपलब्ध करा रहा है।ग्राहक अमेजन पे के जरिए समझदारी से खरीदारी कर सकते हैं और कई तरह के पेमेंट व रिवॉर्ड फायदों के साथ ज्यादा बचत कर सकते हैं। इसमें अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड पर प्राईम मेंबर्स को अनलिमिटेड 5 प्रतिशत कैशबैक और नॉन-प्राईम मेंबर्स को 3 प्रतिशत कैशबैक मिलता है, साथ ही 2500 रुपये तक के वेलकम रिवॉर्ड्स भी दिए जाते हैं।योग्य ग्राहक अमेजन पे लैटर के जरिए 60000 रुपये तक का इंस्टेंट क्रेडिट ले सकते हैं, एक्सक्लूसिव शॉपिंग रिवॉर्ड्स का फायदा उठा सकते हैं और मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन व अप्लायंसेज़ पर 99 रुपये प्रति दिन ईएमआई स्टोर के जरिए किफायती खरीदारी कर सकते हैं। रिवार्ड गोल्ड के तहत ग्राहक तीन महीनों में पेमेंट पूरा कर 15 से ज्यादा ब्रांड्स और कैटेगरी में तय 5 प्रतिशत कैशबैक कमा सकते हैं।

## भीम पेमेंट्स ऐप ने सीवाई 2025 में मासिक लेन देन में 4 गुना से अधिक की वृद्धि दर्ज की

गुरुग्राम। एनपीसीआई भीम सर्विसेज़ लिमिटेड (एनबीएसएल) द्वारा विकसित भीम पेमेंट्स ऐप ने कैलेंडर वर्ष 2025 में मजबूत वृद्धि दर्ज की, जो भारत में विभिन्न उपयोगकर्ता वर्गों के बीच इसके बढ़ते अपना और निरंतर विश्वास को दर्शाती है। सीवाई 2025 के दौरान, भीम पेमेंट्स ऐप के मासिक लेनदेन जनवरी में 3.897 करोड़ से बढ़कर दिसंबर में 16.51 करोड़ हो गए, जो वर्ष के दौरान चार गुना से अधिक की वृद्धि को दर्शाता है। इस अवधि में औसत मासिक वृद्धि लगभग 14 प्रतिशत रही। दिसंबर 2025 में लेनदेन मूल्य 20,854 करोड़ तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लेनदेन मात्रा में 390त्न से अधिक और मूल्य के आधार पर 120त्न से अधिक की वृद्धि को दर्शाता है। सीवाई 2025 में, दिल्ली भीम पेमेंट्स ऐप के प्रमुख बाजारों में से एक के रूप में उभरा, जहां छोटे टिकट और उच्च आवृत्ति वाले भुगतानों में मजबूत वृद्धि देखी गई। दिल्ली में वर्ष के दौरान पीयर-टू-पीयर (पी2पी) भुगतान कुल लेनदेन का 28 प्रतिशत रहे, इसके बाद किराना 18 प्रतिशत, फास्ट फूड रेस्टोरेंट 7 प्रतिशत, भोजनालय और रेस्टोरेंट 6 प्रतिशत, दूरसंचार सेवाएं 4 प्रतिशत, सर्विस स्टेशन 3 प्रतिशत और ऑनलाइन मार्केटप्लेस 2 प्रतिशत रहे। यह ऐप आईपीओ मैनडेट्स के लिए भी पसंदीदा ऐप्स में शामिल है, जिसका कारण इसका सरल इंटरफेस और महत्वपूर्ण प्रमाणीकरण प्रक्रियाओं में इसकी विश्वसनीयता है। यह उच्च मूल्य के लेनदेन के लिए भी भरोसेमंद माना जाता है, जो इसकी सुरक्षा और लेनदेन स्थिरता में उपयोगकर्ताओं के मजबूत विश्वास को दर्शाता है।


## महंत श्री राजेंद्र पुरी का विशेष आध्यात्मिक संदेश, साधना, सेवा और शक्ति से ही राष्ट्र का कल्याण संभव

**अर्थप्रकाश/राजकुमार वालिया/ अरविंद मोहन शर्मा**

कुरुक्षेत्र। गुप्त नवरात्रि के पावन, रहस्यमयी एवं शक्तिसाधना के महापर्व पर जग ज्योति संस्थान में महंत श्री राजेंद्र पुरी जी के पवित्र सान्निध्य में प्रतिदिन नवदुर्गा हवन-यज्ञ का भव्य एवं दिव्य आयोजन पूरे विधि-विधान के साथ किया जा रहा है। वैदिक मंत्रोच्चारण, हवन कुंड की पावन अग्नि और माँ भगवती के जयकारों से संपूर्ण वातावरण भक्तिरस और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया है।

इस पावन अनुष्ठान के माध्यम से माँ जगदंबा से विशेष प्रार्थना की जा रही है कि इस घोर कलियुग में समस्त भारतवर्ष के नागरिकों को उत्तम स्वास्थ्य, मानसिक शांति, सद्बुद्धि एवं मंगलमय जीवन का वरदान प्राप्त हो। नवदुर्गा हवन-यज्ञ विश्व कल्याण, राष्ट्र की उन्नति और समाज में धर्म, करुणा एवं सद्भाव की स्थापना का सशक्त माध्यम बन रहा है।

महंत श्री राजेंद्र पुरी का विशेष आध्यात्मिक संदेश महंत श्री राजेंद्र पुरी जी ने गुप्त नवरात्रि के अवसर पर अपने विशेष संदेश में कहा– 'जब-जब समाज दिशाहीन होता है, तब-तब माँ भगवती शक्ति बनकर प्रकट होती हैं। नवरात्रि का यह पावन काल आत्मशुद्धि, संयम और सेवा का है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने भीतर की नकारात्मकता को त्यागकर साधना और सेवा के मार्ग पर चले, तो राष्ट्र स्वयं शक्तिशाली और समृद्ध बन जाएगा।



उन्होंने आगे कहा कि माँ दुर्गा की उपासना केवल व्यक्तिगत कल्याण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संपूर्ण समाज और राष्ट्र को ऊर्जा, साहस और धर्मबोध प्रदान करती है। साधना के साथ सेवा का भाव ही सनातन संस्कृति की आत्मा है।

आध्यात्मिक साधना के समानांतर जग ज्योति संस्थान की गौशाला में गौ माता की सेवा को भी सर्वोच्च स्थान दिया जा रहा है। सनातन परंपरा में गौ माता को समस्त देवताओं का वास माना गया है। इसी श्रद्धा भाव के साथ गौ माता के संरक्षण, पोषण और स्वास्थ्य की निरंतर व्यवस्था की जा रही है।

सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए गौ माता के शारीरिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उनके यकृत (लिवर) को सुदृढ़ एवं स्वस्थ बनाए रखने हेतु उत्तम एवं प्रभावी औषधियाँ दी जा रही हैं, ताकि गौ माता निरोग, सशक्त और स्वस्थ रह सकें। इसके साथ ही स्वच्छता, पौष्टिक आहार और नियमित देखभाल की समुचित व्यवस्था भी की गई है।

जग ज्योति संस्थान द्वारा किया जा रहा यह नवदुर्गा हवन-यज्ञ और गौ सेवा समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक चेतना को जागृत कर रहा है, बल्कि धर्म, सेवा और राष्ट्र कल्याण के सनातन संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य भी कर रहा है। गुप्त नवरात्रि के इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की आस्था, साधना और सेवा का यह संगम पंजाब केसरी शैली में एक सशक्त आध्यात्मिक संदेश प्रस्तुत करता है।

## अवैध हथियार की घटना में संलिप्त आरोपी गिरफ्तार

**अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी**

सोनीपत। जिले की क्राईम यूनिट गोहाना की पुलिस टीम ने अवैध हथियार की घटना मे संलिप्त आरोपी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी मोनू पुत्र सुरेन्द्र निवासी मदीना जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि 21 को क्राईम यूनिट गोहाना की अनुसन्धान टीम मे नियुक्त सहायक उप निरीक्षक अनित कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त पड़ताल हेतु गोहाना से महम रोड, नजदीक गाँव आहुलाना (गोहाना), ड्रेन के पास मौजूद था कि खुफिया जानकारी प्राप्त हुई कि मोनू पुत्र सुरेन्द्र निवासी गाँव मदीना जिला सोनीपत अवैध हथियार लिये हुए है जो कुछ देर बाद महम की तरफ से पैदल-पैदल इसी तरफ आएगा अगर तुरंत नाकाबन्दी की जाये तो अवैध हथियार सहित काबू आ सकता है जो पुलिस टीम ने प्राप्त सूचना के आधार पर वहीं दुरस्त नाकाबन्दी की तो कुछ देर बाद एक नौजवान लड़का महम की तरफ से पैदल पैदल आता दिखाई दिया जिसको पुलिस टीम ने शक की बिनाह पर काबू करके नाम पता पूछा तो शख्स ने अपना नाम मोनू पुत्र सुरेन्द्र निवासी गाँव मदीना जिला सोनीपत बतलाया जो पुलिस टीम ने शक की बिनाह पर शख्स की नियमानुसार तलाशी अमल में लाई तो उसकी पहनी हुई पैंट एक पिस्तौल देशी 12. बोर व एक जिन्दा रौद 12. बरामद हुआ।

## आज नागे बाबा मंदिर मुरथल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे शिरकत

**कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए एसडीएम सुभाष चंद्र ने किया आयोजन स्थल का निरीक्षण**

**अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी**

सोनीपत। मुरथल स्थित ऐतिहासिक एवं आस्था के प्रमुख केंद्र नागे बाबा मंदिर में 22 जनवरी को आयोजित होने वाले भव्य धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विशेष रूप से शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं, ताकि कार्यक्रम को शांतिपूर्ण,



सुव्यवस्थित एवं गरिमामय ढंग से संपन्न कराया जा सके। कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के एसडीएम सुभाष चंद्र ने बुधवार को नागे बाबा मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, बिजली आपूर्ति, मेडिकल सुविधा तथा आपातकालीन सेवाओं की तैयारियों का जायजा लिया।एसडीएम सुभाष चंद्र ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं उच्च स्तरीय एवं समयबद्ध रूप से पूरी की जाएं।

उन्होंने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने, श्रद्धालुओं की सुविधा के उचित व्यवस्था करने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए रखने के लिए वैकल्पिक रूट प्लान, पार्किंग स्थलों की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने कहा कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संत-महात्मा एवं गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे, ऐसे में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।







## पंजाब लोक भवन में छह राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों का राज्य स्थापना दिवस समारोह

# 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' राष्ट्रीय एकता की मजबूत नींव : राज्यपाल

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 21 जनवरी।** पंजाब लोक भवन, चंडीगढ़ में उत्तर प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा, दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव के राज्य स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मेघालय के राज्यपाल श्री चंद्रशेखर एच. विजयशंकर का वीडियो संदेश प्रसारित किया गया। इसके पश्चात मेघालय की सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत पर आधारित एक वृत्तचित्र दिखाया गया। कार्यक्रम में भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराओं को दर्शाती रंगारंग प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मणिपुर का पुंग चोलम और थांग-ता, मेघालय का खासी नृत्य, त्रिपुरा का ममिता नृत्य, दादरा एवं नगर हवेली का फिशरमैन डांस, उत्तर प्रदेश की रसलीला और कजरी तथा दमन एवं दीव का मछली नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों को भारत की सांस्कृतिक विविधता का जीवंत अनुभव कराया।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के नागरिकों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन भारत की ÷एकता में विविधता÷ की भावना को सुदृढ़ करते हैं और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' अभियान को मजबूती प्रदान करते हैं।

राज्यपाल ने मणिपुर, त्रिपुरा और मेघालय सहित उत्तर-पूर्वी राज्यों के विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि ये राज्य खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश को भगवान राम और भगवान कृष्ण की भूमि बताते हुए उसकी आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक विरासत की सराहना की। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को सुरक्षित और अनुशासित राज्य बनाने के प्रयासों की भी प्रशंसा की।

राज्यपाल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों मंगल पांडे और राम प्रसाद बिस्मिल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनके बलिदान और योगदान ने देश की आजादी और राष्ट्र निर्माण की नींव रखी। उन्होंने मेघालय की पर्यावरणीय जागरूकता, दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव की पर्यटन क्षमता और विकास कार्यों की भी प्रशंसा की। उन्होंने युवाओं से अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

## जनगणना 2027 की तैयारियों ने पकड़ी रफ्तार एसएलसीसी की दूसरी बैठक आयोजित



मुख्य सचिव की अध्यक्षता में जनगणना तिथियां, डिजिटल व्यवस्था और प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर लिए गए अहम फैसले

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 21 जनवरी।** भारत की जनगणना 2027 को लेकर चंडीगढ़ प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में बुधवार को यूटी/राज्य स्तरीय जनगणना समन्वय समिति (एसएलसीसी) की दूसरी बैठक चंडीगढ़ सचिवालय, सेक्टर-9 में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद ने की।

बैठक में जनगणना 2027 से संबंधित प्री-सेंसेस गतिविधियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और बजटीय प्रबंधों की विस्तृत समीक्षा की गई। यह बैठक निदेशक, जनगणना संचालन, यूटी चंडीगढ़ द्वारा बुलाई गई थी, जिसमें स्थानीय निकाय, राजस्व, मुख्य वास्तुकार, शहरी नियोजन, वित्त और शिक्षा विभाग सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि फेज-1 (हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन) 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक 30 दिनों की अवधि में कराया जाएगा। इसके साथ ही 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक 15 दिनों की स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) अवधि भी निर्धारित की गई है। इन तिथियों को शीघ्र ही यूटी चंडीगढ़ के राजपत्र में अधिसूचित किया जाएगा।

मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद ने सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना से जुड़ी सभी तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए और आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए चंडीगढ़ में जनगणना प्रक्रिया को सुचारू एवं सफल बनाया जाए।

**डिजिटल जनगणना की तैयारी:** डिजिटल जनगणना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रधान जनगणना अधिकारी (डिप्टी कमिश्नर) और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों व चार्ज अधिकारियों के लिए 25 फरवरी 2026 को एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

**प्री-सेंसेस गतिविधियों की समीक्षा:** बैठक में सारंगपुर और सेक्टर-22, चंडीगढ़ में किए गए प्री-टेस्ट कार्यों की सफलता की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि मुख्य जनगणना के लिए तैयारियां तय कार्यक्रम के अनुसार आगे बढ़ रही हैं।

**फरवरी के तीसरे सप्ताह से प्रशिक्षण:** मास्टर ट्रेनर्स और फील्ड ट्रेनर्स को शामिल करते हुए विस्तृत प्रशिक्षण कार्यक्रम को मंजूरी दी गई। प्रशिक्षण सत्र फरवरी 2026 के तीसरे सप्ताह से शुरू होंगे।

**बजट और आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर:** बैठक में बजट की उपलब्धता और स्वीकृत वित्तीय मानकों की समीक्षा की गई। इसके तहत तकनीकी स्टाफ की भर्ती और आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर की खरीद प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने का निर्णय लिया गया।
















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

# जनभागीदारी से और भव्य होगा उत्तर प्रदेश दिवस- 2026 : मुख्यमंत्री योगी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



लखनऊ। प्रदेश के प्रत्येक जनपद की सक्रिय सहभागिता, सांस्कृतिक विविधता और विकास की साझा चेतना के साथ उत्तर प्रदेश दिवस-2026 इस वर्ष एक भव्य जनोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। 24 से 26 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले इस आयोजन में उत्तर प्रदेश की संस्कृति, शिल्प, व्यंजन और विकास यात्रा को जनभागीदारी के माध्यम से एक ही मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रदेश की पहचान, उपलब्धियों और संभावनाओं को जनसहयोग के साथ प्रदर्शित करने का अवसर है। उन्होंने निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश दिवस को जनोत्सव के रूप में आयोजित किया जाए, जिसमें प्रदेश की आत्मा हर स्तर पर दिखाई दे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष उत्तर प्रदेश दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की गरिमामयी उपस्थिति आयोजन को राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान प्रदान करेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं गरिमा, अनुशासन एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित की जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसका सीधा प्रसारण प्रदेश के सभी जनपदों में किया जाएगा, ताकि उत्तर प्रदेश दिवस का उत्सव एक साथ पूरे प्रदेश में मनाया जा सके। बैठक में अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' की थीम पर आधारित विशेष प्रदर्शनी और शिल्प मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश की विकास यात्रा, नवाचार, बुनियादी ढांचे, उद्योग, कृषि, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। इस वर्ष 'एक जनपद-एक व्यंजन' को आयोजन का प्रमुख आकर्षण होगा। इसके अंतर्गत प्रदेश के प्रत्येक जनपद के पारंपरिक और विशिष्ट व्यंजन एक ही परिसर में उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि आगंतुक उत्तर प्रदेश के विविध स्वाद, खान-पान परंपराओं और स्थानीय पहचान से परिचित हो सकें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि संस्कृति उत्सव 2025-26 के अंतर्गत प्रस्तावित सांस्कृतिक कार्यक्रमों को उत्तर प्रदेश दिवस से प्रभावी रूप से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि 'हमारी संस्कृति-हमारी पहचान' की भावना के अनुरूप लोक, शास्त्रीय एवं समकालीन कला रूपों को मंच प्रदान किया जाए तथा कलाकारों एवं आगंतुकों के लिए समुचित सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि 24 जनवरी को आयोजित मुख्य समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सभी जनपदों के गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया जाए, ताकि प्रदेश की सामूहिक उपलब्धियों का सम्मान किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस-2026 को ऐसा आयोजन बनाया जाए, जो प्रदेश की संस्कृति, स्वाद, शिल्प और विकास दृष्टि को एक साथ प्रस्तुत करे तथा प्रत्येक आगंतुक के लिए यह अनुभव प्रेरणादायी, स्मरणीय और गर्व का विषय बने।

## बरसाना में रंगोत्सव 2026 की तैयारियां तेज, मुख्यमंत्री योगी के संभावित दौरे से प्रशासन अलर्ट

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



बरसाना। राधा रानी की नगरी बरसाना में फाल्गुन की दस्तक के साथ ही रंगोत्सव 2026 की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित आगमन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। मंडल स्तर से लेकर जिला प्रशासन तक को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि आयोजन के दौरान किसी भी स्तर पर अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विश्व प्रसिद्ध लड्डू होली और लठामार होली में हर साल लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। इसे देखते हुए सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता और श्रद्धालु सुविधाओं को लेकर विस्तृत योजना बनाई गई है। आगरा मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में पीडब्ल्यूडी निरीक्षण भवन में हुई समीक्षा बैठक में सभी विभागों को समयबद्ध लक्ष्य सौंपे गए, ताकि रंगोत्सव से पहले व्यवस्थाएं धरातल पर दिखाई दें। प्रशासन ने बताया कि 23 जनवरी को श्री राधा रानी मंदिर में 40 दिवसीय होली के डांडा गढ़ने के साथ रंगोत्सव का शुभारंभ होगा। 24 जनवरी को लड्डू होली और 25 जनवरी को विश्व प्रसिद्ध लठामार होली का आयोजन होगा। इसके अलावा राधा बिहारी इंटर कॉलेज में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। मेला क्षेत्र में मंच, प्रवेश द्वार, सेल्फी प्वाइंट, साज-सज्जा और लाइव प्रसारण की जिम्मेदारी ब्रज तीर्थ विकास परिषद और पर्यटन विभाग को सौंपी गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एकल मार्ग व्यवस्था लागू की जाएगी, जिसमें श्रीजी गेट से प्रवेश और जयपुर मंदिर की ओर निकास होगा। होटल और पार्किंग संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि दर्शन से पहले श्रद्धालु अपने जूते-चप्पल होटल या वाहन में ही रखें, ताकि रास्तों में बाधा न आए।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने समय से पहले पार्किंग, स्वच्छता, पेयजल और मंदिर मार्ग की व्यवस्था पूरी करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही खाद्य सामग्री में मिलावट पर सख्त कार्रवाई के आदेश भी दिए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि पूरे मेला क्षेत्र में 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों और पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम से निगरानी रखी जाएगी। भीड़ और यातायात नियंत्रण के लिए विशेष पुलिस टीमें तैनात रहेंगी। इसके साथ ही अतिरिक्त सफाई कर्मी, मोबाइल टॉयलेट और डस्टबिन लगाए जाएंगे। जर्जर भवनों और गिरासू छज्जों को हटाने के लिए भवन मालिकों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं, ताकि रंगोत्सव पूरी तरह सुरक्षित और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके। बरसाना में रंगोत्सव 2026 की तैयारियां तेज, सीएम योगी के संभावित आगमन से प्रशासन सतर्क बरसाना में फाल्गुन के साथ ही रंगोत्सव 2026 की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस बार मुख्यमंत्री योगी के संभावित दौरे को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है।

अधिकारियों को साफ निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं समय से पहले पूरी हों। विश्व प्रसिद्ध लड्डू होली और लठामार होली में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। इसी को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता और दर्शन व्यवस्था को लेकर विस्तृत योजना बनाई गई है। आगरा मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में सभी विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं ताकि आयोजन से पहले बरसाना हर तरह से तैयार नजर आए।

## पीरमुछल्ला में सड़क हादसा, बुलेट सवार युवक गंभीर रूप से घायल

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर। पीरमुछल्ला क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार की लापरवाही से हुई टक्कर में बुलेट मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा 17 जनवरी 2026 को दोपहर करीब 1:30 बजे डी-मार्ट, पीर मुछल्ला के पास हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरप्रीत सिंह (33), निवासी खरड़, अपने दोस्त इंदरजीत मान के साथ बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार होकर हिलव्यू ढकोली जा रहे थे। उनके पीछे एक अन्य दोस्त हितेश अलग मोटरसाइकिल पर आ रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही सफेद रंग की किआ सेल्टोस कार के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन मोड़ दिया, जिससे बुलेट को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर के बाद इंदरजीत मान सड़क पर गिर पड़े और उनके सिर से अत्यधिक रक्तस्राव हुआ, जिससे वे बेहोश हो गए। मौके पर मौजूद कार चालक और पास की सोसाइटी के सुरक्षा गार्ड की मदद से घायल इंदरजीत मान को पहले सेक्टर-21 पंचकूला स्थित अल्केमिस्ट अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते उन्हें पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया। बाद में परिजनों के सहयोग से उन्हें फेज-6 मोहाली स्थित मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार, इंदरजीत मान के सिर में गंभीर चोटें आई हैं और उनके बाएं पैर में फ्रैक्चर है। हादसे में बुलेट मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मामले को लेकर गुरप्रीत सिंह ने ढकोली पुलिस स्टेशन में बयान दर्ज कराया, जिसके आधार पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है।

## झारखंड में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट से बदलेगी पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था : डॉ इरफान अंसारीं

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

रांची। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने राज्य की सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ और आधुनिक बनाने की दिशा में एक और ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी कदम उठाया है।

ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट की स्थापना और संचालन से झारखंड के स्वास्थ्य तंत्र में व्यापक, संरचनात्मक और सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट को ब्लॉक स्तर पर एक विकेन्द्रीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं सेवा वितरण मंच के रूप में विकसित किया गया है, जिसका उद्देश्य क्लिनिकल सेवाओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। यह इकाई निगरानी, योजना निर्माण, आपातकालीन तैयारी और समन्वित सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रतिक्रिया के लिए ब्लॉक स्तर की प्रमुख संस्थागत इकाई के रूप में कार्य करेगी।

डॉक्टर अंसारी ने कहा कि ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट की स्थापना झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। हमारा उद्देश्य है कि हर ब्लॉक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं, समय पर जांच, सटीक डाटा और त्वरित स्वास्थ्य प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी बीमारी या महामारी से पहले ही प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। विशेष रूप से आदिवासी, दूरदराज और वंचित क्षेत्रों के लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। मेरी प्राथमिकता है कि झारखंड की स्वास्थ्य प्रणाली आधुनिक, संवेदनशील और जन-केंद्रित बने, और इसके लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

एक मौजूदा सेवा प्रदाय संस्थान (जैसे- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र/अनुमंडलीय अस्पताल/ब्लॉक पीएचसी) एक ब्लॉक पब्लिक हेल्थ प्रयोगशाला, एक ब्लॉक हेल्थ मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम सेल, बीपीएचयू की स्थापना का मुख्य उद्देश्य ब्लॉक क्षेत्र की जनसंख्या के स्वास्थ्य की सुरक्षा एवं उन्नयन करना है, विशेषकर दूरस्थ, दुर्गम, आदिवासी एवं वंचित समुदायों पर विशेष फोकस के साथ। इससे ब्लॉक स्तर पर विकेन्द्रीकृत योजना, स्वास्थ्य जोखिमों की समय पर पहचान और प्रमाण-आधारित त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी।

मंत्री डॉ. अंसारी के नेतृत्व में यह पहल झारखंड में जमीनी स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने वाला एक महत्वपूर्ण संस्थागत सुधार है। सेवा वितरण, जांच सुविधाओं, रोग निगरानी, डिजिटल स्वास्थ्य प्रणालियों और बहु-क्षेत्रीय समन्वय को एकीकृत कर बीपीएचयू व्यवस्था बीमारियों की समय रहते पहचान, त्वरित महामारी नियंत्रण, बेहतर जवाबदेही और बेहतर स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित करेगी।

प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन एवं 15वें वित्त आयोग के तहत राज्य भर में 245 ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट्स की स्थापना से झारखंड को एक मजबूत, लचीली, विकेन्द्रीकृत और जन-केंद्रित सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली की ठोस नींव प्राप्त होगी।

यह पहल विशेष रूप से आदिवासी, दूरस्थ और वंचित क्षेत्रों के लिए वरदान साबित होगी और राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

## टैक्सी चालकों को यातायात नियमों के पालन के लिए किया जागरूक



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर। ट्रैफिक पुलिस ज़ीरकपुर की ओर से टैक्सी चालकों को यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान चालकों को अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट पहनने, ओवरस्पीडिंग से बचने और शराब पीकर वाहन न चलाने के निर्देश दिए गए।

ट्रैफिक पुलिस ने टैक्सी चालकों को ट्रैफिक लाइटों और सड़क संकेतों का पालन करने के साथ-साथ यात्रियों एवं आम जनता की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए सुरक्षित और अनुशासित ड्राइविंग अपनाने की अपील की।

ट्रैफिक इंचार्ज इंस्पेक्टर मनफूल सिंह ने कहा कि यातायात नियमों का पालन न केवल कानून का हिस्सा है, बल्कि यह सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और लोगों की जान बचाने के लिए भी बेहद जरूरी है। उन्होंने चालकों से जिम्मेदार नागरिक बनकर सड़क सुरक्षा में सहयोग करने का आह्वान किया।

## यूपी के 746 केजीबीवी की छात्राओं को मिलेगा शैक्षिक-ऐतिहासिक एक्सपोजर का अवसर

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय

लखनऊ। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को धरातल पर उतारते हुए बेसिक शिक्षा विभाग ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) में अध्ययनरत बालिकाओं के लिए एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। इसके अंतर्गत प्रदेश के 746 केजीबीवी की छात्राओं को राज्य स्तरीय शैक्षिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के एक्सपोजर विजिट का अवसर प्रदान किया जाएगा। इस योजना के लिए 1283.12 लाख की धनराशि जारी कर दी गई है। भ्रमण कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़ाकर इतिहास, विज्ञान, संस्कृति, आधुनिक तकनीक एवं राष्ट्र की विकास यात्रा से प्रत्यक्ष परिचित कराना है। एक्सपोजर विजिट के दौरान छात्राएं त्रिवेणी संगम, आनंद भवन, विज्ञान केंद्र, आईआईटी कानपुर, ताजमहल, आगरा किला, फतेहपुर सीकरी, सारनाथ, रामनगर किला, कुशीनगर, तथा दिल्ली के राष्ट्रपति भवन, इंडिया गेट, लाल किला, जंतर-मंतर, कुतुबमीनार सहित अन्य शैक्षिक-ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगी। इसके अतिरिक्त नोएडा सेक्टर-62 स्थित साइंस एवं रिसर्च सेंटर्स जैसे आधुनिक संस्थानों से भी बालिकाओं को परिचित कराया जाएगा।

## आरेडिका में तीन दिवसीय 'हिंदी नाट्य कार्यशाला' का आयोजन



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

रायबरेली। आरेडिका के कार्मिकों को नाट्य विधा में पारंगत करने, संवाद अदायगी, भाव-प्रस्तुति, अभिनय तकनीक तथा नाट्य अनुशासन आदि का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से आरेडिका के राजभाषा विभाग द्वारा 19 से 21 जनवरी तक तीन दिवसीय 'हिंदी नाट्य कार्यशाला' का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में हिंदी रंगमंच के 25 से अधिक वर्षों का समृद्ध अनुभव रखने वाले प्रतिष्ठित रंगकर्मी अर्पित मिश्रा उपस्थित रहे। उन्होंने नाट्य कर्मियों को नाट्य विधा के विविध पक्षों-जैसे मंचीय आचरण, पात्र-निर्माण, स्वर संवाद, भाव इत्यादि पर न केवल सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया, बल्कि स्वयं मंच पर अभिनय करके उदाहरण भी प्रस्तुत किए, जिससे प्रतिभागियों को सीखने में विशेष सहूलियत हुई।

कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य राजभाषा अधिकारी, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं राजभाषा अधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। उपस्थित अधिकारियों एवं दर्शकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ कर्मचारियों की सृजनात्मक क्षमता के विकास के साथ-साथ राजभाषा हिंदी के प्रयोग को भी सुदृढ़ करती हैं। इस कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों को नाट्य विधा के विभिन्न आयामों की गहन जानकारी प्राप्त हुई, जो भविष्य में नाट्य प्रस्तुतियों को अधिक प्रभावी, अनुशासित एवं दर्शक-सापेक्ष बनाने में सहायक सिद्ध होगी। साथ ही, कार्यशाला ने आरेडिका में सांस्कृतिक चेतना और टीम भावना को भी नई दिशा प्रदान की।

## झांसी मंडल के सिथौली-ग्वालियर-बिरलानगर खंड में ऑटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली हुई कमीशन

यात्रियों को मिलेगा अधिक सुरक्षित व समयबद्ध रेल संचालन का लाभ



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह के कुशल मार्गदर्शन तथा प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता सतेंद्र कुमार एवं झाँसी मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार के नेतृत्व में एवं मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता (प्रोजेक्ट-II) भोलेन्द्र सिंह एवं समस्त मुख्यालय की टीम के सक्रिय सहयोग से उत्तर मध्य रेलवे के रेल संरक्षा एवं परिचालन दक्षता को सुदृढ़ करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में सिथौली-ग्वालियर-बिरलानगर खंड में ऑटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली का सफलतापूर्वक कमीशन किया गया है।

ऑटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली लागू होने से अब ट्रेनें एक-दूसरे के पीछे कम दूरी पर भी सुरक्षित रूप से चलाई जा सकेंगी, जिससे खंड की लाइन क्षमता बढ़ेगी और ट्रेनों की समयबद्धता में उल्लेखनीय सुधार होगा। साथ ही इस तकनीक से ट्रेन संचालन के दौरान मानवीय त्रुटियों की संभावना कम हो जाएगी, जिससे यात्रियों की सुरक्षा और अधिक सुनिश्चित हो सकेगी। इस परियोजना के अंतर्गत कुल तीन ब्लॉक सेक्शन एक ही दिन में चालू किए गए, जो एक बड़ी उपलब्धि है। तीन प्रमुख स्टेशनों (सिथौली, ग्वालियर एवं बिरलानगर) पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली को उन्नत किया गया, जिससे सिग्नल संचालन और अधिक सटीक एवं तेज़ हो गया है। इस खंड में 49 अत्याधुनिक ट्रैक डिटेक्शन उपकरण (स्प्ष्छ्ट) लगाए गए हैं, जो ट्रेन की स्थिति का सटीक पता लगाते हैं और सिग्नलिंग को और अधिक भरोसेमंद बनाते हैं। इसके अतिरिक्त सोलह सिग्नलों को अपग्रेड करके अब उन्हें चार पहलू वाला बनाया गया है, जिससे लोको पायलट को दूर से ही स्पष्ट संकेत मिलते हैं और ट्रेन की गति व नियंत्रण में सुधार होता है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक झाँसी मंडल के दिल्ली-चेन्नई मेन लाइन रूट पर कुल 14 ब्लॉक सेक्शन (104.15 किमी) ऑटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली के अंतर्गत चालू किए जा चुके हैं।

## विशेष आरक्षित ट्रेन संख्या 04081/ 04082 की सेवाओं में विस्तार

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



जम्मू। यात्रियों की भीड और सुविधाओं को देखते हुए, उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल ने विशेष आरक्षित ट्रेन संख्या 04081/ 04082 के संचालन की अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया हैं। इस विशेष आरक्षित ट्रेन की संचालन अवधि को पहले भी कई बार बढ़ाया गया हैं, जो कि यात्रियों के लिए अन्य ट्रेनों के मुकाबले यात्रा का बेहतर विकल्प बनता जा रहा हैं। इसी विकल्प को महत्वत्ता देते हुए, विशेष आरक्षित ट्रेन की संचालन अवधि को बढ़ाया गया हैं।

ट्रेन नंबर 04081 नई दिल्ली से श्री माता वैष्णो देवी कटरा (4 ट्रिप)
पहले से निर्धारित अवधि- 27 दिसंबर से 17 जनवरी, 2026
विस्तारित अवधिः 23 जनवरी से 26 जनवरी 2026 ( सिर्फ 4 ट्रिप)
ट्रेन नंबर 04082 श्री माता वैष्णो देवी से नई दिल्ली (4 ट्रिप)
पहले से निर्धारित अवधि- 28 दिसंबर से 18 जनवरी, 2026
विस्तारित अवधि- 24 जनवरी से 27 जनवरी 2026 ( सिर्फ 4 ट्रिप)

इस विशेष आरक्षित ट्रेन की विस्तारित अवधि के संबंध में, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उचित सिंघल ने कहा, कि इस विशेष आरक्षित ट्रेन की संचालन अवधि को फिर से बढ़ाया गया हैं, क्योंकि पहले भी इस विशेष आरक्षित ट्रेन का संचालन सफल रहा हैं, जो कि यात्रियों के लिए किफायती विकल्प साबित हुई हैं। पिछले संचालनों में ट्रेन की लगभग 100 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी रही है। इस ट्रेन से न केवल जम्मू कश्मीर के यात्रियों को सुविधा मिल रही हैं, बल्कि मार्ग में आने वाले अन्य रेलवे स्टेशन जैसे जलंधर कैंट, लुधियाना, अम्बाला कैंट के यात्रियों को भी लाभ मिल रहा हैं। जिसके परिणामस्वरूप, फिर एक बार विशेष आरक्षित ट्रेन के संचालन अवधि को चार ट्रिप के लिए बढ़ाया गया है। यात्रियों से अनुरोध हैं, कि अपनी यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व ट्रेन की समय सारिणी डायल 139 और NTES पर अवश्य जांच लें।

## सलमान परिवार को मिला वाईएस जगन का समर्थन, कानूनी लड़ाई में पूरा साथ देने का ऐलान

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी



ताडेपल्ली। पूर्व मुख्यमंत्र वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी ने सलमान के बेटों मरियादासु और भिक्षम (प्रवीण), बेटी राहेल और पिन्नेली गांव के लोगों से मुलाकात की, जिन्होंने उन्हें बताया कि उनके पिता की हत्या राजनीतिक दुश्मनी के कारण हुई और पुलिस की धमकियों और झूठे मामलों ने उनकी जिंदगी तबाह कर दी है। वाईएस जगन ने उन्हें न डरने का आश्वासन दिया, पार्टी के लीगल सेल के ज़रिए पूरा कानूनी समर्थन देने का वादा किया, और सरकार के समर्थन से अराजकता फैलने देने के लिए पुलिस की कड़ी निंदा की।

वाईएस जगन ने थेलुकुटला गांव के वाईएसआरसीपी कार्यकर्ता चाल्ला नागराजू से भी मुलाकात की, जिन पर अक्टूबर 2024 में पोलिंग एजेंट के तौर पर काम करने के लिए लोहे की रॉड से बेरहमी से हमला किया गया था, जिससे वे व्हीलचेयर पर आ गए। नागराजू ने हमले और अपने परिवार के लगातार उत्पीड़न के बारे में बताया। वाईएस जगन ने उन्हें आश्वासन दिया कि पार्टी उनके साथ खड़ी रहेगी और उनके परिवार का समर्थन करेगी।

बाद में, सलमान के परिवार के साथ मीडिया से बात करते हुए, पूर्व गुराजला विधायक कासु महेश रेड्डी ने कहा कि वाईएसआरसीपी दलित कार्यकर्ता मंडा सलमान के परिवार के साथ मज़बूती से खड़ी रहेगी और न्याय मिलने तक पूरी कानूनी लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने घोषणा की कि इस रविवार को पिन्नेली में पार्टी के नेतृत्व में एक स्मारक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें राज्य के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे, और कहा कि वाईएसआरसीपी अदालतों, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग से संपर्क करेगी। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था चरमरा गई है और सलमान मामले में लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए, चेतावनी देते हुए कहा कि उन्हें कानूनी तौर पर जवाबदेह ठहराया जाएगा।

महेश रेड्डी ने कहा कि जब से गठबंधन सरकार सत्ता में आई है, पिन्नेली में आतंक का माहौल है, जिससे लगभग 300 परिवार और 1,000 से ज़्यादा लोग भागने पर मजबूर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि 9,000 लोगों का एक शांतिपूर्ण गांव अब डर का कब्रिस्तान बन गया है, जहां लोगों की आजीविका खत्म हो गई है और यहां तक कि व्यापारी भी रहने से डरते हैं। उन्होंने कहा कि सलमान को लोहे की रॉड से पीट-पीटकर मार डाला गया, जब वह अपनी बीमार पत्नी को देखने के लिए लौटे थे, और उनके अपने ही गांव में उनके अंतिम संस्कार को रोकने की भी कोशिश की गई। उन्होंने सरकार पर शासन की जगह अराजकता और राजनीतिक हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। सलमान के भाई, मंडा अनोजि राव ने बदले की राजनीति खत्म करने की अपील करते हुए कहा कि नफरत और हत्याओं से विकास नहीं हो सकता और सलमान की हत्या आखिरी होनी चाहिए। उन्होंने सरकार और सीनियर पुलिस अधिकारियों से दखल देने, दोषियों को सज़ा देने और बातचीत के ज़रिए पिन्नेली में शांति बहाल करने की गुज़ारिश की।

# नगर परिषद के अधिकारियों की अनदेखी की कीमत चुका रहा जीरकपुर

## ना बायो-रेमेडिएशन, ना कोई नया एसटीपी फिर भी जीरकपुर नगर परिषद के दावे बड़े-बड़े

पर्यावरण को नुकसानः नगर परिषद पर हर माह 15 लाख का जुर्माना, 10 साल में कई करोड़ बकाया





अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 21 जनवरी।** शहर की सफाई और पर्यावरण संरक्षण को लेकर बड़े-बड़े दावे करने वाली नगर परिषद जीरकपुर की हकीकत बिल्कुल उलट नजर आ रही है। पर्यावरण को लगातार नुकसान पहुंचाने के मामले में पंजाब पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा नगर परिषद पर हर महीने करीब 15 लाख रुपये का एनवायरमेंट कंपनसेशन (जुर्माना) लगाया जा रहा है। यह जुर्माना पिछले करीब 10 वर्षों से लगातार लगाया जा रहा है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि नगर परिषद ने अब तक यह राशि जमा नहीं करवाई है। जीरकपुर से होकर बहने वाली सुखना चो, सिंह नाला और गाजीपुर ड्रेन में लंबे समय से बिना ट्रीट किया हुआ सीवरेज पानी डाला जा रहा है। पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा बार-बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद नगर परिषद के अधिकारियों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। मजबूरन बोर्ड को एनवायरमेंट कंपनसेशन लगाना पड़ा।

पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अनुसार, बायो-रेमेडिएशन सिस्टम न लगाने पर हर माह 5 लाख रुपये सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित न करने पर 10 लाख रुपये का जुर्माना नगर परिषद जीरकपुर पर लगाया जा रहा है। बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि पिछले साढ़े 10 साल में नगर परिषद ने जुर्माने की राशि का एक रुपया भी जमा नहीं करवाया, जबकि यह राशि हर महीने बढ़ती जा रही है। नगर परिषद के अधिकारी इसे गंभीरता से लेने की बजाय यह तर्क दे रहे हैं कि ऐसा जुर्माना पंजाब की लगभग सभी नगर निगमों और नगर परिषदों पर लगा हुआ है।

### करीब 10 साल में कई करोड़ तक पहुंची जुर्माने की रकम

पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा लगाए गए एनवायरमेंट कंपनसेशन के अनुसार नगर परिषद पर एक साल में करीब 1 करोड़ 80 लाख रुपये का जुर्माना बनता है। हर महीने जुर्माना जुड़ते रहने से यह रकम अब कई करोड़ रुपये के आसपास पहुंच चुकी है। इसके बावजूद नगर परिषद के अधिकारी न तो जुर्माना भर रहे हैं और न ही पर्यावरण संबंधी खामियों को दूर करने के लिए गंभीर नजर आ रहे हैं।

### जहां खुलेआम हो रही है पर्यावरण की अनदेखी

बलटाना एरिया में कई स्थानों से दूषित पानी और कूड़ा सीधे चो में गिराया जा रहा है। बिशनपुरा और गाजीपुर के पास चो के ऊपर से गुजर रही सीवरेज लाइन में ढकोली एरिया की कई सोसाइटियों का सीवर जुड़ा हुआ है। यह सीवरेज लाइन कई जगहों से ओवरफ्लो और टूटी हुई है, जिससे गंदा पानी सीधे चो में जा रहा है। बिशनपुरा की ओर बनी कई रिहायशी सोसाइटियों का सीवरेज भी बिना ट्रीटमेंट चो में डाला जा रहा है।

### वर्षों से अटके एसटीपी प्रोजेक्ट

शहर में फिलहाल सिंहपुरा में एकमात्र एसटीपी स्थापित है, जिसकी क्षमता 17 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) है। जबकि जीरकपुर शहर से हर रोज 30 से 40 एमएलडी से अधिक सीवरेज निकल रहा है। इस कारण पूरा सीवरेज ट्रीट नहीं हो पा रहा और बड़ा हिस्सा सीधे प्राकृतिक जल स्रोतों में पहुंच रहा है। पिछले कई वर्षों से नए एसटीपी लगाने की बातें होती रहीं, लेकिन अभी तक कोई ठोस प्रगति नहीं हुई।

'मुझे जुर्माने के बारे में कोई जानकारी नहीं है। पाइपलाइन को जल्द से जल्द रिपेयर करवा दिया जाएगा।'

— एम. ई. चरणपाल सिंह, नगर परिषद, ज़ीरकपुर

# सिनेस्टार ग्लोबल पर निवेशकों के ठगी आरोपों का कंपनी ने किया खंडन

कंपनी मालिक सनी राज ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रेस वार्ता को किया संबोधित




अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 21 जनवरी।** दो दिन पहले जालंधर में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान सिनेस्टार ग्लोबल कंपनी के कुछ निवेशकों द्वारा कंपनी पर निवेश की गई राशि ठगने के आरोप लगाए गए थे। निवेशकों सुखबीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य ने कंपनी मालिकों पर पाकिस्तान से संबंध होने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए थे। इन आरोपों के जवाब में शुक्रवार को जीरकपुर में सिनेस्टार ग्लोबल की ओर से एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान कंपनी के कानूनी सलाहकार निखिल शर्मा ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रेस वार्ता हाल ही में कुछ व्यक्तियों द्वारा लगाए गए झूठे, भ्रामक एवं मानहानिपूर्ण आरोपों के संदर्भ में की जा रही है। निखिल शर्मा ने स्पष्ट किया कि सिनेस्टार ग्लोबल एक वैध संगीत एवं फिल्म निर्माण कंपनी है, जो कंटेंट क्रिएशन, फिल्म एवं म्यूजिक प्रोडक्शन से जुड़ी गतिविधियों में संलग्न है। कंपनी किसी भी प्रकार की चैनल पार्टनर स्कीम, पिरामिड स्कीम या रेफरल आधारित योजना का संचालन नहीं करती। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा व्यक्तियों से प्राप्त धनराशि पूरी तरह परियोजना-आधारित निवेश के रूप में ली जाती है, जो विशिष्ट फिल्मों और संगीत प्रोजेक्ट्स से संबंधित होती है। ऐसे निवेश मनोरंजन उद्योग की प्रकृति के अनुसार व्यावसायिक जोखिम, बाजार स्थितियों एवं परियोजना की समय-सीमा पर निर्भर करते हैं। कानूनी सलाहकार ने कहा कि सिनेस्टार ग्लोबल पर धोखाधड़ी एवं अवैध योजनाओं से जुड़े लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह निराधार, झूठे और मानहानिपूर्ण हैं। उन्होंने आशंका जताई कि ये आरोप कंपनी की छवि खराब करने और उस पर अवैध दबाव बनाने के उद्देश्य से लगाए गए हैं। निखिल शर्मा ने यह भी कहा कि यदि कंपनी और किसी निवेशक के बीच कोई विवाद है, तो वह नागरिक प्रकृति का मामला है और उसका समाधान केवल सक्षम कानूनी मंच पर ही किया जाना चाहिए। बिना किसी न्यायिक निर्णय के मीडिया ट्रायल और सार्वजनिक आरोप लगाना गैर-जिम्मेदाराना एवं कानून के विरुद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सिनेस्टार ग्लोबल वास्तविक और प्रामाणिक चिंताओं के समाधान के लिए पारदर्शी और विधिसम्मत तरीके से प्रतिबद्ध है तथा झूठी और मानहानिपूर्ण जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ नागरिक और आपराधिक कार्रवाई का अधिकार सुरक्षित रखती है। इस प्रेस वार्ता के दौरान दुबई में मौजूद कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर सनी राज ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इन सभी बातों की पुष्टि की और लगाए गए आरोपों को पूरी तरह खारिज किया।

'सिनेस्टार कंपनी में मेरे और मेरे अन्य साथियों द्वारा जितने भी पैसे निवेश किए गए हैं अथवा कंपनी द्वारा हमें जितनी भी राशि वापस की गई है, उसके सभी सबूत हमारे पास मौजूद हैं। अगर कंपनी हमारे खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई करती है, तो हमारे पास भी अदालत का रुख करने का विकल्प है।'

— सुखबीर सिंह, निवेशक

# भगवंत मान सरकार की 'गैंगस्टरों पर वार' के तहत 'ऑपरेशन प्रहार' ने गैंगस्टर नेटवर्क पर शिकंजा कसा; दूसरे दिन विदेशी गैंगस्टरों के 1,100 से अधिक साथी और सहयोगी गिरफ्तार

60 विदेशी गैंगस्टरों के साथियों के ठिकानों पर छापेमारी जारी रखते हुए पुलिस टीमों ने 48 घंटों में 2,500 आरोपियों को किया गिरफ्तार

लोग एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन 93946-93946 पर गोपनीय रूप से दे सकते हैं जानकारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 21 जनवरी।** मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा राज्य को गैंगस्टर मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही निर्णायक मुहिम 'गैंगस्टरां पर वार' के तहत पंजाब पुलिस ने 'ऑपरेशन प्रहार' के अंतर्गत लगातार दूसरे दिन भी व्यापक कार्रवाई की। इस दौरान विदेशों में बैठे गैंगस्टरों के चिन्हित और मैप किए गए ठिकानों से जुड़े सहयोगियों के खिलाफ पूरे राज्य में छापेमारी की गई।

मंगलवार को गैंगस्टरों के खिलाफ बड़े स्तर पर जंग का ऐलान करते हुए पंजाब पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने 'ऑपरेशन प्रहार' नामक 72 घंटे लंबे अभियान की शुरुआत की थी। इस अभियान के तहत संगठित अपराध को जड़ से खत्म करने के लिए लगभग 12,000 पुलिस कर्मियों की तैनाती के साथ 2,000 से अधिक पुलिस टीमें राज्य भर में तैनात की गई।

ऑपरेशन के दूसरे दिन के परिणाम साझा करते हुए पुलिस के विशेष महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) अर्पित शुक्ला, जो इस जारी अभियान की व्यक्तिगत रूप से निगरानी के लिए मोहाली पहुंचे थे, ने बताया कि दूसरे दिन राज्य भर में विदेशी गैंगस्टरों के 1,186 सहयोगियों और सहायक अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही कुल गिरफ्तारियों की संख्या 2,500 तक पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन प्रहार के पहले दिन 1,314 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया था।

विशेष डीजीपी अर्पित शुक्ला ने कहा कि संगठित अपराध को सहारा देने वाली पूरी सहायता प्रणाली को ध्वस्त करने के उद्देश्य से वित्तीय नेटवर्क, लॉजिस्टिक्स, हथियार आपूर्ति श्रृंखला और संचार लिंक सहित विभिन्न पहलुओं की गहन जांच की जा रही है।

नागरिकों से संगठित अपराध के खिलाफ इस अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील करते हुए विशेष डीजीपी ने कहा कि एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 के माध्यम से लोग वांछित अपराधियों और गैंगस्टरों के बारे में गोपनीय रूप से जानकारी दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर यदि किसी गैंगस्टर की गिरफ्तारी होती है, तो संबंधित व्यक्ति को 10 लाख रुपये तक की इनामी राशि देकर सम्मानित किया जाएगा।

# आवारा कुत्तों का आतंक जारी, गहरी नींद में नगर परिषद के अधिकारी

## आवारा कुत्तों का कहर , युवक की कॉलर बोन में फ्रैक्चर और 5 से 6 पसलियों टूटी,छात्रा पर हमला, जैकेट ने बचाई जान

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा




**जीरकपुर, 21 जनवरी।** ढकोली क्षेत्र में नगर परिषद की घोर लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है। आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर कोई नियंत्रण न होने के कारण रविवार देर रात एक युवक गंभीर सड़क हादसे का शिकार हो गया। यह हादसा उस प्रशासनिक उदासीनता का नतीजा है, जिसकी कीमत आम नागरिक अपनी जान और स्वास्थ्य से चुका रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार विनय श्रीवास्तव, निवासी कृष्णा एनक्लेव, ढकोली, रविवार देर रात ढकोली पेट्रोल पंप से मोटरसाइकिल में पेट्रोल भरवाकर अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह सब्जी मंडी के पास पहुंचे, अचानक 4 से 5 आवारा कुत्तों का झुंड उनके पीछे दौड़ पड़ा। कुत्तों से जान बचाने के प्रयास में विनय घबरा गए और बाइक की रफ्तार बढ़ा दी। इसी अफरा-तफरी में उनका संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर पड़े। हादसा इतना गंभीर था कि विनय श्रीवास्तव को एक साइड कॉलर बोन में फ्रैक्चर और 5 से 6 पसलियों के टूटने जैसी गंभीर चोटें आईं। उन्हें तुरंत एमकेयर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। निजी नौकरी करने वाले विनय के परिवार पर इस हादसे के बाद आर्थिक और मानसिक संकट टूट पड़ा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ढकोली में आवारा कुत्तों का आतंक कोई नया नहीं है। बार-बार शिकायतों और हादसों के बावजूद नगर परिषद आंखें मूंदे बैठी है। न तो कुत्तों की धरपकड़ हो रही है और न ही उनकी संख्या पर कोई ठोस नीति बनाई गई है। सवाल यह है कि आखिर किसी की जान जाने के बाद ही प्रशासन जागेगा? लोगों का आरोप है कि नगर परिषद केवल कागज़ी कार्रवाई और खोखले दावों तक सीमित रह गई है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि सड़कों पर आम आदमी असुरक्षित महसूस कर रहा है। यह हादसा सीधे तौर पर नगर परिषद की नाकामी और गैर-जिम्मेदाराना रवैये को उजागर करता है।

प्रभात क्षेत्र में स्थित कुत्तों की नसबंदी के लिए बनाए गए अस्पताल में 7 दिन के भीतर कुत्तों की नसबंदी का काम शुरू हो जाएगा। इस संबंधी टेंडर लगा दिया जा चुका है और इसी सप्ताह वर्क आर्डर संबंधित कंपनी को दे दिया जाएगा।

परविंदर सिंह भट्टी कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद जीरकपुर

### छात्रा पर हमला, जैकेट ने बचाई जान



गुलमोहर ट्रेंड्ज सोसाइटी के निवासी राजीव जैन ने बताया कि कुछ दिन पहले उनकी 22 वर्षीय बेटी रिदम जैन, जो चितकारा यूनिवर्सिटी में पढ़ती है, घर से कॉलेज जा रही थी। गली नंबर 1 में भट्टी डिपार्टमेंटल स्टोर के सामने एक आवारा कुत्ते ने उसकी बाजू पकड़ ली और दांतों से वार करता रहा। संयोगवश उस दिन छात्रा ने मोटे कपड़े की जैकेट पहन रखी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होने से बच गई। बावजूद इसके कुत्ता लगातार उसे काटने की कोशिश करता रहा और पीछा करता रहा। अंत में छात्रा ने ईंट फेंककर किसी तरह अपनी जान बचाई।

# पुलिस ने नाकाबंदी कर 65 संदिग्ध लोगों को लिया हिरासत में

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल





**जगराओं 21 जनवरी।** पंजाब में गैंगस्टरों के खिलाफ मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार ने %ऑपरेशन प्रहार% शुरू किया है। इसके तहत लुधियाना देहात जगराओं पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 65 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। ऑपरेशन के दौरान, लुधियाना देहात पुलिस की 20 विशेष टीमों ने जिलेभर में नाकाबंदी की। इन टीमों ने वाहनों की सघन तलाशी ली और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. अंकुर गुप्ता स्वयं पुलिस अधिकारियों के साथ गैंगस्टरों और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर छापेमारी करते दिखे। एसएसपी की सड़कों पर मौजूदगी ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि गैंगस्टरों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। एसएसपी डॉ. अंकुर गुप्ता ने बताया कि 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत अब तक लगभग 65 ऐसे लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनका आपराधिक नेटवर्क से सीधा या परोक्ष संबंध सामने आया है। इनसे पूछताछ जारी है और आने वाले दिनों में और बड़ी कार्रवाई की संभावना है।

पुलिस की इस आक्रामक कार्रवाई से गैंगस्टरों और उनके नेटवर्क में हड़कंप मच गया है, जबकि आम लोगों ने प्रशासन की इस सख्ती का स्वागत किया है। वहीं, कुछ हलकों में यह चर्चा भी है कि सरकार विधानसभा चुनावों के अंतिम वर्षों में ऐसी कार्रवाई कर लोगों का विश्वास जीतने का प्रयास कर रही है।

# सनातन संपर्क यात्रा पहुंची पटियाला, अमेरिका से आए बाबा अनल और माता मधु के मार्गदर्शन में हुआ यज्ञ

अर्थ प्रकाश/सुधीर पाहूजा



**पटियाला, 20 जनवरी।** सनातन संस्कृति के संरक्षण और राष्ट्रीय चेतना के जागरण के उद्देश्य से उत्तरप्रदेश की सभी 75 जिलों में हवन यज्ञ करने के बाद पंजाब में सभी 23 जिलों में हवन करने के अंतर्गत फतेहगढ़ साहिब से आरंभ करने के बाद पटियाला शहर के भूतनाथ मंदिर में यज्ञ का आयोजन संपन्न हुआ। यह यज्ञ अमेरिका से आए स्वामी कृष्णानंद सरस्वती जी की शिष्य परंपरा से आए बाबा अनल एवं विनोभा भावे की शिष्या माता मधु के मार्गदर्शन में वैदिक विधि-विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराया गया। इस अवसर पर बाबा अनल ने कहा कि यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भारत की आत्मा को पुनः जागृत करने का प्रयास है। बाबा अनल ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश के अस्तित्व के लिए आवश्यक है कि इंडिया अब भारत बने। उन्होंने युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि भारतीय पारिवारिक और सांस्कृतिक मूल्यों को अपनाएं और हमारी यात्रा का उद्देश्य है कि सनातन धर्म की परंपराओं को समझाया जाए और बिखरे हुए सनातन समाज को एक ही सनातन समाज की छत के नीचे इकठ्ठा किया जाये।

उन्होंने यह भी बताया कि उनकी यह सनातन संपर्क यात्रा पंजाब में 18 जनवरी को शुरू होकर 16 फरवरी को श्री अमृतसर में में सम्पन्न होगी।

उन्होंने ने पटियाला में त्रिपड़ी के हरिंद्र शर्मा के परिवार और प्रिंसिपल नीरज गोयल और मंदिर कमेटी के अध्यक्ष डॉ. के सिंगल, प्रधान तरुण खन्ना विशेष रूप से धन्यवाद किया।

इस अवसर कार्यक्रम दौरान नौजवान युवराज शर्मा का जन्मदिन मना कर सनातन परंपरा की उदाहरण पेश की। इस अवसर पर भूतनाथ मंदिर में हवन दौरान मोदी कालज के प्रिंसिपल नीरज गोयल, विपिन शर्मा, मानसी शर्मा, दीक्षित, युवराज, तरुण और मोदी कालेज कमेटी के सदस्यों के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

# स्कूली बच्चों को ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक किया

## नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगीः ट्रैफिक इंचार्ज

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 21 जनवरी।** 1 जनवरी से 31 जनवरी तक मनाए जा रहे 37वें नेशनल रोड सेफ्टी मंथ 2026 के तहत ट्रैफिक पुलिस ने बेबी कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों को ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक करने के लिए एक जागरूकता प्रोग्राम आयोजित किया। इस जागरूकता सेमिनार के दौरान ट्रैफिक इंचार्ज मनजीत सिंह ने स्कूली बच्चों को ट्रैफिक नियमों, रोड सेफ्टी, साइकिल चलाने और पैदल चलने के नियमों, नाबालिगों के गाड़ी चलाने पर रोक और दूसरे नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस दौरान उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट का इस्तेमाल करने, रोड सेफ्टी, स्पीड और ट्रैफिक नियमों का पालन करने के महत्व पर जोर दिया और बनूड़ इलाके के स्कूल प्रबंधकों और स्कूल बस ड्राइवरों से सेफ स्कूल व्हीकल पॉलिसी के नियमों का पालन करने की अपील की। ट्रैफिक इंचार्ज ने स्कूल बस ड्राइवरों को चेतावनी दी कि अगर कोई भी बस ड्राइवर सेफ स्कूल व्हीकल पॉलिसी के नियमों का पालन नहीं करता है, तो कानून के मुताबिक सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर ए एस आई रणधीर सिंह, शरणजीत सिंह, राजिंदर सिंह, परमजीत सिंह के अलावा ट्रैफिक पुलिस के जवान, स्कूली बच्चे, बस ड्राइवर और सारा स्टाफ मौजूद था।

# सफाई सेवक यूनियन और सीवरमैन यूनियन जगराओं ने नए एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट का स्वागत किया

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं 21 जनवरी।** म्युनिसिपल काउंसिल जगराओं में सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और वाइस प्रेसिडेंट का चुनाव हुआ, जिसमें पार्षद कवरपाल सिंह सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और जगजीत सिंह जग्गी वाइस प्रेसिडेंट चुने गए। आज नए चुने गए प्रेसिडेंट में कवरपाल सिंह के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट चुने जाने के बाद, सफाई सेवक यूनियन पंजाब, सफाई सेवक यूनियन म्युनिसिपल काउंसिल जगराओं और सीवरमैन यूनियन ने मिलकर सफाई सेवक यूनियन पंजाब के डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट अरुण गिल की लीडरशिप में उन्हें बुके देकर स्वागत किया। स्वागत के बाद सफाई सेवकों और सीवरमैनों ने अपनी प्रॉब्लम पर खुलकर बातचीत की। नए चुने गए प्रेसिडेंट ने भरोसा दिलाया कि उन्हें भविष्य में कोई प्रॉब्लम नहीं आने दी जाएगी। इस मौके पर पार्षद सतीश कुमार पप्पू, पूर्व पार्षद अमरनाथ कल्याण, करमजीत सिंह कैंथ, पूर्व पार्षद अनमोल गुप्ता, बरिंदर कलेर, साजन मल्होत्रा, सैनिटेशन ब्रांच के क्लर्क हरीश कुमार, सफाई सेवक यूनियन के जिला प्रधान अरुण गिल, आरजी मेट राजिंदर कुमार, प्रदीप कुमार गिल, सनी सुंदर, उपप्रधान राम प्रकाश, संदीप कुमार, ब्रह्मपाल, बलविंदर कल्याण, भारत भूषण, सुखविंदर खोसला, सुरजीत सिंह, संतोख राम, धर्मवीर, मदन, लाल समेत सभी सफाई सेवक व सीवरमैन मौजूद थे।

# केंद्र की मोदी सरकार ने मनरेगा कानून में बदलाव करके मज़दूरों के हक पर डाका डाला: जसबीर मूनक

अर्थ प्रकाश/दर्शन शर्मा



कांग्रेस पार्टी की पंजाब प्रदेश महिला विंग की उपाध्यक्ष जसबीर मूनक, मूनक ब्लॉक के गांवों में मनरेगा वर्करों को नए कानून की कमियों के बारे में जागरूक करते हुए।

**मूनक 21 जनवरी।** केंद्र की मोदी सरकार ने मनरेगा कानून में बदलाव करके मज़दूरों के हक पर डाका डाला है। ये शब्द पंजाब कांग्रेस पार्टी की महिला विंग की पंजाब की उप अध्यक्ष जसबीर मूनक ने गांव देहेला, पापडा भाटुआं, भुटाल खुर्द, शेरगढ़ में मनरेगा मज़दूरों की मीटिंग को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने यह कानून खत्म कर दिया है, जो 20 साल पहले डॉ. मनमोहन सिंह की कांग्रेस सरकार के समय गरीबों की रोजी-रोटी के लिए, शुरू किया गया था। पुराने कानून में मज़दूर को काम करने और मांगने का कानूनी हक था। जब कोई मज़दूर काम मांगता था, तो सरकार की भी कानूनी ज़िम्मेदारी होती थी कि वह उसे काम दे, लेकिन अब भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार के नए कानून ने काम देना या न देना सरकार की मर्ज़ी पर निर्भर कर दिया है। और नए कानून में सरकार ने बजट पहले ही तय कर दिया है। कि जब बजट खत्म हो जाएगा, तो सरकार काम देने से मना कर सकती है, यानी अब काम मांगने का हक खत्म कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा मजदूर वर्ग के साथ चट्टान की तरह खड़ी रही है और हमेशा खड़ी रहेगी। वह इस कानून को बदलने के लिए केंद्र सरकार की कड़ी निंदा करते हैं और पुराने कानून को बहाल करने की मांग करते हैं। कांग्रेस पार्टी लोगों को जागरूक करेगी और उनके सहयोग से केंद्र की भाजपा सरकार को यह कानून वापस लेने के लिए मजबूर करेगी। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी महिला विंग की ब्लॉक अध्यक्ष रानी कोर भाटुआं, उपाध्यक्ष लाभ कोर पापडा, बलदेव कोर, जिंदर कोर, रिंपी कोर, बीबो देवी, तेज कोर, बिमला रानी, जसवीर कौर और अलग-अलग गांवों से अलग-अलग यूनिट की मनरेगा वर्कर और महिलाएं मौजूद थीं।

# 130 महिला मंडलों की 1100 महिलाओं ने डाली महा नाटी

## राइट बैंक व लेफ्ट बैंक की महिलाओं के बीच चल रही है प्रतियोगिता

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**मनाली (कुल्लू) 21 जनवरी।** राष्ट्रीय विंटर कार्निवाल के दूसरे दिन आयोजित महा नाटी ने जश्न को दोगुना कर दिया। मनाली के माल रोड पर राइट बैंक के 130 महिला मंडलों की करीब 1100 महिलाओं ने एक साथ सामूहिक नाटी डालकर समां बांध दिया। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की मधुर धुन और लोकगीतों की गूंज से पूरा मनाली क्षेत्र झूम उठा।

नाटी के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक पट्टू, धाठू, गले में चांदी का चंद्रहार, सोने का पातकू, गोखड़ू, बाजूबंद और पाजेब पहन रखी थीं, जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। महिला सशक्तीकरण का संदेश देती इस भव्य प्रस्तुति में मनाली मानो लोक संस्कृति के रंगों में पूरी तरह सराबोर हो गई। महा नाटी विंटर कार्निवाल का प्रमुख आकर्षण रही। नाटी के दौरान उमड़ी महिलाओं की भीड़ को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वर्गलोक की देवियां धरती पर उतर आई हों। कार्यक्रम के दौरान माहौल पूरी तरह खुशनुमा बना रहा। विधायक भुवनेश्वर गौड ने सभी महिलाओं को विंटर कार्निवाल की शुभकामनाएं दीं और उनकी भव्य प्रस्तुति की सराहना की। वहीं कार्निवाल कमेटी के उपाध्यक्ष एवं एसडीएम मनाली रमन शर्मा ने कहा कि कार्निवाल के सफल आयोजन के लिए प्रशासन और समिति द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 23 जनवरी को लेफ्ट बैंक की महिलाएं अपनी महा नाटी प्रस्तुति देंगी, जिससे कार्निवाल का उत्साह और भी बढ़ने की उम्मीद है।

### रंग बरसे बड़ा बांका गाने पर नाच उठा मनुरंगशाला

**मनाली (कुल्लू ) (अशेष शर्मा)।** राष्ट्रीय विंटर कार्निवल मनाली की पहली सांस्कृतिक संध्या में पहाड़ी लोकगीतों की धूम रही है। इस बार कार्निवल की



सांस्कृतिक संध्या में कुल्लू के ही कलाकारों को तरजीह दी गई है। कुल्लू के प्रसिद्ध एवं हिमाचली लोक गायक कुशल वर्मा ने एक से बढ़कर एक कुलवी गाने पेश कर मनु रंगशाला में बैठे हजारों लोगों को झूमनेपर विवश किया। उन्होंने ...आमा जुले आमा जुले,.. रंग बरसे बड़ा बांका,...रोहडू जाणा मेरी आमिये,.. पड़ल मारी,मारी साइकिल तू चलदी,... जोथ दुबड़ी लगी मेरी सरला और ...ए आए ते कोटके ए आए साराजी गीतों पर खूब धमाल मचाया और दशकों से जमकर तालियां लूटी। इसके अलावा सैंज के कलाकार लाल सिंह और जाणा की लक्ष्मी ने भी पहाड़ी तरानों के साथ दर्शकों को झुमाया। इसके अलावा मनाली के मनाली के अंकुश, ओमप्रकाश, विपिन, मनाली बाहंग सेस राम, कुलंग की आंचल, हरीश म्यूजिकल ग्ररुप मनाली, डेविड, बंजार के पवन के अलावा दीवान, सनी वर्मा, सनी वर्मा, टीएल प्रधान, ट म्यूजिकल ग्ररुप नलाहच, खेमराज और नीरू चांदनी ने भी खूब तालियां बटोरी। कार्निवल की पहली सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी और कलाकारों के गाने पर जमकर मस्ती की। उधर,माल रोड में सजे मंच में भी कई कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति देकर पर्यटकों का खूब मनोरंजन किया।

## बच्चें उठाएं डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना का लाभः अनिल कुमार

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू का स्पष्ट दृष्टिकोण है कि हिमाचल प्रदेश का कोई भी विद्यार्थी केवल आर्थिक अभाव के कारण उच्च शिक्षा से वंचित न रहे। इसी सोच को साकार करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना आरंभ की गई है, जो युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रख रही है।वर्ष 2023 में शुरू की गई यह योजना उन मेधावी विद्यार्थियों के लिए एक भरोसेमंद सहारा है, जो उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहते हैं, लेकिन आर्थिक संसाधनों की कमी उनके मार्ग में बाधा बनती रही है। योजना के अंतर्गत हिमाचल सरकार द्वारा 20 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण मात्र 1 प्रतिशत ब्याज दर पर प्रदान किया जा रहा है। इस ऋण राशि का उपयोग ट्यूशन फीस, आवास, भोजन तथा अन्य शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किया जा सकता है।

ऊना जिला के उप निदेशक उच्चतर शिक्षा अनिल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना के आरंभ में लाभार्थी परिवार की वार्षिक आय सीमा 4 लाख रुपये निर्धारित थी, जिसे अब बढ़ाकर 12 लाख रुपये कर दिया गया है।

इस निर्णय से प्रदेश के कहीं अधिक विद्यार्थी योजना के दायरे में आए हैं और उच्च शिक्षा के अवसर प्राप्त कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि हिमाचल के विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर ज्ञान, कौशल और अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। इस दिशा में डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना एक प्रभावी और दूरदर्शी पहल सिद्ध हो रही है। वर्तमान में ऊना जिला से तीन विद्यार्थी इस योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

उपनिदेशक ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक का हिमाचल प्रदेश का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है।

## सार्वजनिक रास्ता अवैध रूप से बंद करने का आरोप, ग्रामीणों ने डीसी ऊना से लगाई गुहार

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** ऊना की ग्राम पंचायत लालसिंगी के अंतर्गत एक मुख्य सार्वजनिक रास्ते को अवैध रूप से बंद किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने इस संबंध में उपायुक्त ऊना जतिन लाल को शिकायत पत्र सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत में बताया गया है कि संत बाबा बैलीराम के डेरा से पहाड़ी के साथ-साथ झलेड़ा तक जाने वाला लगभग चार किलोमीटर लंबा सार्वजनिक रास्ता, जिसकी उम्र करीब 100 वर्ष बताई जा रही है, को जानबूझकर अवैध तरीके से बंद कर दिया गया है। आरोप है कि यह रास्ता संदीप कुमार पुत्र तिलक राज द्वारा कब्जे में लेकर बंद किया गया है।

ग्रामीणों के अनुसार यह रास्ता पुराने खसरा नंबर 721 रकबा 21 कनाल 12 मरला तथा नए खसरा नंबर 1707 में विधिवत दर्ज है और वर्ष 1955-56 की जमाबंदी में भी स्पष्ट रूप से अंकित है। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस पूरे रास्ते को पहले ही पक्का किया जा चुका है तथा आज भी दोनों सिरों से पक्का रास्ता मौजूद है।

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि संदीप कुमार की जमीन इस सार्वजनिक रास्ते के दोनों ओर स्थित है, जिसके अलग-अलग खसरा नंबर हैं। आरोप है कि अपनी जमीन को एकसार दिखाने के उद्देश्य से बीच से गुजर रहे सार्वजनिक रास्ते को भी शामिल कर लिया गया, ताकि लोगों को यह भ्रमित किया जा सके कि यहां कोई सार्वजनिक मार्ग नहीं है, जबकि कागजातों और मौके पर स्थिति इसके विपरीत है।

रास्ता बंद होने के कारण गांव के लोगों को रोजमर्रा के आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से मांग की है कि मौके पर तुरंत निरीक्षण करवाकर सार्वजनिक रास्ते को बहाल किया जाए तथा दोषी व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाए।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होना पड़ेगा। इस मौके पर मलकीत सिंह दिनेश कुमार, महेश चंद, पत्तिम्बर चंद, महिंदर पाल, अमरीक सिंह, विश्वास कुमार, संजीव चौधरी, भगत राम चौधरी, मुल्कराज , सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। जिलाधीश जतिनलाल ने कहा कि मामले की निपक्ष जांच की जाएगी ।

## कांग्रेस ने हिमाचल की 28 लाख महिलाओं से किया ऐतिहासिक धोखा : डेजी ठाकुर

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष डेजी ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा मनाली विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं को 1500 रुपये देने की घोषणा पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने झूठ का चोला ओढ़कर



हिमाचल प्रदेश की 28 लाख महिलाओं को ठगने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज महा ठग मित्र मंडली पार्टी के रूप में सामने आ चुकी है, जिसने सत्ता प्राप्त करने के लिए महिलाओं की भावनाओं के साथ सबसे बड़ा राजनीतिक छल किया।

डेजी ठाकुर ने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के शीर्ष नेता–प्रियंका गांधी, राजीव शुक्ला और अलका लांबा–ने घर-घर जाकर यह गारंटी दी थी कि हिमाचल प्रदेश की हर महिला को बिना किसी शर्त हर माह 1500 रुपये दिए जाएंगे। उस समय न आय सीमा की बात थी, न क्षेत्र की, न ही किसी तरह की पात्रता की शर्तें रखी गई थीं। लेकिन जैसे ही कांग्रेस सत्ता में आई, यह वादा धुएं की तरह गायब हो गया।

उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री केवल लगभग 80 हजार महिलाओं को 1500 रुपये देने की घोषणा कर रहे हैं, जबकि प्रदेश में महिलाओं की संख्या 28 लाख से अधिक है। यह न केवल महिलाओं के साथ भेदभाव है, बल्कि खुलेआम धोखाधड़ी भी है। मुख्यमंत्री जहां भी जाते हैं, उसी विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं को भ्रमित कर अस्थायी घोषणाएं कर देते हैं, लेकिन पूरे प्रदेश की महिलाओं को उनका अधिकार आज भी नहीं मिल पाया है।

डेजी ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार को बने लगभग तीन वर्ष हो चुके हैं, लेकिन महिलाएं आज भी अपने मुख्यमंत्री से 1500 रुपये का हिसाब मांग रही हैं। मुख्यमंत्री बार-बार यह कहते हैं कि योजना पर शर्तें हैं, जबकि चुनाव के समय स्पष्ट रूप से कहा गया था कि कोई शर्त नहीं होगी और हर महिला को 1500 रुपये मिलेंगे। यह कांग्रेस की दोहरी नीति और झूठे चरित्र को उजागर करता है।

## 'श्री गुरु रविदास की शिक्षाएं पूरी मानवता के लिए प्रासंगिक'

20वें विशाल एवं ऐतिहासिक श्री गुरु रविदास जोड़ मेला संतोषगढ़ में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए एससी आयोग अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान



अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान ने कहा कि संत श्री गुरु रविदास जी किसी एक समुदाय तक सीमित नहीं थे, बल्कि उनकी शिक्षाएं सम्पूर्ण मानवता के कल्याण के लिए हैं, जो आज के आधुनिक दौर में भी पूरी तरह प्रासंगिक हैं। उन्होंने श्री गुरु रविदास के विचारों को आत्मसात कर भेदभाव-मुक्त, समरसता एवं समानता पर आधारित समाज के निर्माण का आह्वान किया तथा आशा जताई कि श्री गुरु रविदास के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज सौहार्द एवं भाईचारे के साथ निरंतर आगे बढ़ेगा।

एससी आयोग अध्यक्ष बुधवार को संतोषगढ़ में आयोजित 20वें विशाल एवं ऐतिहासिक श्री गुरु रविदास जो? मेला में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने जो? मेला में उपस्थित जनसमुदाय तथा मेला प्रबंधक समिति को भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जो? मेला केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि इसका इतिहास सामाजिक संघर्ष, चेतना और जागरूकता से भी जु?ा हुआ है। मंदिर निर्माण एवं समाज के उत्थान के लिए संघर्ष करने वाले सभी व्यक्तियों का योगदान समाज के लिए प्रेरणादायी एवं सम्माननीय है।

कुलदीप कुमार धीमान ने कहा कि संत श्री गुरु रविदास ने अपने जीवन में समाज से भेदभाव मिटाने और लोगों को एकजुट करने का निरंतर प्रयास किया। उनके विचार समाज को जो?ने, आपसी भाईचारे को मजबूत करने और समानता का संदेश देने वाले हैं। उन्होंने कहा कि संत रविदास की शिक्षाएं हमें मिल-जुलकर रहने तथा आदर्श, न्यायपूर्ण एवं समावेशी समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करती हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अखिल भारतीय पंचायत परिषद हिमाचल प्रदेश ने मनाई डॉक्टर त्यागी की जयंती




**सोलन (यशपाल कपूर)।** अखिल भारतीय पंचायत परिषद के पूर्व अध्यक्ष डॉ लाल सिंह त्यागी जी की 121वी जयंती दिनांक 21 जनवरी 2026 को हिमाचल पंचायत परिषद द्वारा निर्मल ग्राम पंचायत नोनी माझगांव कार्यालय मे आयोजित की गई! इस अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे पंचायत प्रतिनिधि एवं पंचायती राज विशेषज्ञ, गांधीवादी विचारकों एवं पंचायतीराज मे रूचि रखने वाले व्यक्तियों ने भाग लिया! इस अवसर पर शामिल होकर डॉ लाल सिंह त्यागी जी को नमन एवं श्रद्धांसुमन अर्पित किये! इस अवसर पर अखिल भारतीय पंचायत परिषद राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य एवं नगर परिषद सोलन के अध्यक्ष श्री कुल राकेश पंत जी, हिमाचल पंचायत परिषद के अध्यक्ष बलदेव ठाकुर, नोनी पंचायत के प्रधान मदन हिमाचली प्रधान नोनी माझगांव , श्री नन्द राम प्रधान शमरो?,उप प्रधान श्री हरदेव ठाकुर, श्री राजेंदर मेहता महामंत्री पंचायत परिषद हिमाचल प्रदेश सदस्य पंचायत शिव चरण, नरेंदर कुमार, अनीता कौडल, पुष्पा शर्मा, विद्या कुमारी, राधा ठाकुर, मीरा मेहता. अजय ठाकुर बीडीसी, बाके लाल उप प्रधान, एवं अंयलॉग उपस्थित हूए!

## कुल्लू में पीएमजीएसवाई योजना में 65 सड़कों को मिली मंजूरी

सड़कों के निर्माण पर खर्च होने 557.07 करोड़, बीजेपी अध्यक्ष अमित ने जताया केंद्र सरकार का आभार

कहा करोड़ों रुपए से होगा सड़कों का निर्माण, ग्रामीण क्षेत्र में सड़क निर्माण से लोगों को मिलेगी राहत

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 21 जनवरी।** केंद्र की भाजपा सरकार के द्वारा पीएमजीएसवाई योजना चार के पहले चरण में जिला कुल्लू में 65 नई सड़कों को मंजूरी दी गई है। ऐसे में केंद्र सरकार की ओर से जिला कुल्लू के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए यह एक बड़ा तोहफा है और करोड़ों रुपए की राशि से इन सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इन सड़कों के निर्माण पर 557.07 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी।

जिला कुल्लू भाजपा के अध्यक्ष अमित सूद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद कंगना रनौत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज भाजपा के नेताओं के प्रयासों से जिला कुल्लू में 65 सड़कों को मंजूरी मिली है। ऐसे में इस योजना के तहत आनी विधानसभा क्षेत्र में 26 सड़कों को मंजूरी मिली है। जिसके लिए 250.850 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। बंजार विधानसभा क्षेत्र की बात करें तो यहां पर 17 सड़कों को मंजूरी मिली है। जिस पर 120.27 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। कुल्लू विधानसभा क्षेत्र में भी 20 सड़कों को मंजूरी मिली है। जिस पर कुल 174.61 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। मनाली विधानसभा क्षेत्र में दो सड़के इस योजना के तहत मंजूर की गई है और उस कर 11.31 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। जिला कुल्लू भाजपा के अध्यक्ष अमित सूद ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़के अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का कार्य करती है। इन सड़कों के निर्माण से हजारों लोगों को फायदा होगा और उन्हें पैदल सफर से भी निजात मिलेगी। ऐसे में जिला कुल्लू के ग्रामीण भी इन सभी सड़कों के निर्माण के लिए केंद्र की भाजपा सरकार का आभार व्यक्त करते हैं और उम्मीद करते हैं कि जल्द से जल्द इन सभी सड़कों का निर्माण कार्य शुरू हो। ताकि लोगों को अपने रोजमर्रा की जरूरत के लिए पैदल न भटकना पड़े।

## ग्रामीण सड़क परियोजनाओं के लिए 2,247.24 करोड़ रुपये मंजूर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज यहां कहा कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री ग्राम स?क योजना-? बैच-? के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश द्वारा प्रस्तावित स?क परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इन प्रस्तावों की समीक्षा सशक्त समिति द्वारा 4 नवंबर, 2025 को आयोजित बैठक में की गई थी और समिति की सिफारिशों तथा राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत अनुपालन रिपोर्ट के आधार पर इन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि 294 स?क कार्यों को स्वीकृति दी गई है, जिनकी कुल लंबाई 1,538.058 किलोमीटर तथा लागत 2,247.24 करो? रुपये है। इसमें से 2,019.70 करो? रुपये ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा वहन किए जाएंगे, जबकि राज्य सरकार का अंश 227.54 करो? रुपये होगा, जिसमें उच्च विनिर्देश लागत के रूप में 3.124 करो? रुपये शामिल हैं। इसकी प्रति किलोमीटर औसत लागत 146.11 लाख रुपये निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि इनमें से चार स?कें बिलासपुर, 65 चंबा, दो हमीरपुर, 12 कांग?ा, आठ किन्नौर, 65 कुल्लू, दो लाहौल-स्पीति, 23 मंडी, 97 शिमला, 11 सिरमौर, तीन सोलन तथा दो ऊना जिले के लिए स्वीकृत की गई हैं।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि स्वीकृत परियोजनाओं से राज्य के ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में स?क संपर्क में उल्लेखनीय सुधार होगा। इससे लोगों की आवाजाही सुगम होने के साथ-साथ आवश्यक सेवाओं तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित होगी तथा स्थानीय समुदायों के लिए आर्थिक अवसरों में वृद्धि होगी।

लोक निर्माण मंत्री ने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजनाएं राज्य सरकार की ग्रामीण अवसंरचना को सुदृ? करने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेंगी।

## अंडर-14 उपविजेता टीम का भव्य स्वागत

**कुल्लू 21 जनवरी।** कुल्लू जिला के क्रिकेट खिला?ी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं। हाल ही में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की अंडर-14 टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं वरिष्ठ वर्ग में महिला टीम ने भी उपविजेता रहकर जिले को गौरवान्वित किया।

यह जानकारी कुल्लू जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष दानवेन्द्र सिंह ने पत्रकार वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि जिले के महिला व पुरुष खिला?ी न केवल जिला और राज्य बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुरुष वर्ग के खिला?ी रणजी ट्रॉफी में खेल रहे हैं, जबकि महिला खिला?ी आईपीएल और डब्ल्यूपीएल जैसे ब? मंचों पर शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। दानवेन्द्र सिंह ने कहा कि ÷बेटी अनमोल है÷ का नारा जिले की बेटियां साकार कर रही हैं। हाल ही में महिला टीम ने दूसरे स्थान पर रहकर 50 हजार रुपये की पुरस्कार राशि जीती है।

## स्मार्ट मेन्युफैक्चरिंग विषय पर कार्यशाला आयोजित

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन।** केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय एवं उद्योग विभाग हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में आज सोलन ि?ला के कण्डाघाट में स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता उद्योग विभाग कण्डाघाट के विस्तार अधिकारी सुनील कौशल ने की।

सुनील कौशल ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिला सोलन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग के तहत उपलब्ध सुविधाओं जैसे डिजिटल परिवर्तन, क्षमता निर्माण, क्लस्टर विकास, हरित सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग पहल और सरकारी सहायता योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है।

कार्यशाला में प्रतिभागियों को अवगत करवाया गया कि इनके माध्यम से उद्योगों की उत्पादकता, प्रतिस्पर्धात्मकता, और दीर्घकालिक स्थिरता को ब?ाया जा सकता है।

उन्होंने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के प्रतिनिधियों को उद्योग 4.0 समाधानों, स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग टूल्स, और सरल एवं सुलभ डिजिटल अपनाने की रणनीतियों के बारे में सारगर्भित जानकारी प्रदान की।

सेन्ट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटिड के विषय विशेषज्ञ इलैयाराजा सावरी मारियादास ने कृत्रिम मेधा (ए.आई.), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आई.ओ.टी.), मशीन लर्निंग (एम.एल.), स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग, क्लाउड कम्प्यूटिंग सहित अन्य विषयों पर जानकारी प्रदान की गई।

## नितिन नवीन के नेतृत्व में नई ऊर्जा, नड्डा युग बना भाजपा का स्वर्णिम काल : अखिलेश कपूर

**कुल्लू, 21 जनवरी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन नवीन की नियुक्ति पर पूरे प्रदेश में उत्साह और प्रसन्नता का वातावरण है। भाजपा के प्रदेश नेतृत्व, वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं समस्त कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए संगठन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

इस अवसर पर भाजपा हिमाचल प्रदेश के प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने एक बयान जारी करते समस्त हिमाचल वासियों की ओर से नितिन नवीन को इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं । उन्होंने कहा कि युवा, कर्मठ और संगठननिष्ठ नेतृत्व में भाजपा संगठन नई ऊर्जा, अनुशासन और समर्पण के साथ देश सेवा के पथ पर और अधिक सशक्त होकर आगे बढ़ेगा।

## प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत कुल्लू की 20 सड़कों को मंजूरी

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 21 जनवरी।** कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के लिए ब?ी विकासात्मक सौगात मिली है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत कुल्लू की 20 सड़कों को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिन पर करीब 170 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण कार्य किया जाएगा। यह जानकारी कुल्लू के विधायक सुंदर ठाकुर ने देते हुए जनता को बधाई दी।

विधायक सुंदर ठाकुर ने बताया कि ग्रामीण सड़क नेटवर्क के विस्तार के उद्देश्य से इन सड़कों को मंजूरी मिली है। जिन क्षेत्रों में गिफ्ट डीड की औपचारिकताएं पूरी की गई थीं, वहां स?कों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि इन सड़कों को स्टेज-वन और स्टेज-टू, दोनों तरह की मंजूरी प्राप्त हुई है।

उन्होंने जानकारी दी कि दोहरा नाला से शिलिहार-चेस्टा स?क को स्टेज-टू मेटलिंग व टायरिंग की मंजूरी मिली है। पचाली से पधर स?क को भी स्टेज-टू की स्वीकृति दी गई है। लग घाटी के दुर्गम गांव खोपरिंग को भी स?क सुविधा मिलने जा रही है। इसके अलावा लिंक रोड भल्यानी को मेटलिंग-टायरिंग, शिलिहार से नरोगी तथा लिंक रोड पुलगा को स्टेज-टू की मंजूरी मिली है।

विधायक ने बताया कि गुड्डू-बिहाल स?क को स्टेज-वन और स्टेज-टू दोनों की मंजूरी दी गई है। इसके अतिरिक्त बुआई स?क, बदाह नाला से राजगिरि, डुंखरा से पुन्थल, खरका-जठाणी, सारणी से पिणी, रुजग से ब?ी नेरी, पाह नाला से लिगरी, शेता-जोल से बिरनी तथा बालू-रा-घेरा से टिप्परी स?कों को भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

सुंदर ठाकुर ने बताया कि कुल्लू जिले के लिए यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि चार सड़कें नाबार्ड के माध्यम से भी स्वीकृत होने वाली हैं तथा पिरडी पुल का टेंडर भी शीघ्र खुलने वाला है।

उन्होंने इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री, लोक निर्माण मंत्री, संबंधित मंत्रालय और लोक निर्माण विभाग का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा समय पर डीपीआर तैयार किए जाने से ही यह संभव हो पाया है। इन स?कों के निर्माण से क्षेत्र में विकास को गति मिलेगी और आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा।



# जिला रोहतक बम निरोधक दस्ते ने चलाया चेकिंग अभियान

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक, 21 जनवरी।** बम निरोधक दस्ता प्रभारी निरीक्षक नवीन के नेतृत्व मे बम निरोधक दस्ता व स्वाट टीम द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। स्वाट टीम आधुनिक हथियारों से लैस है तथा किसी भी प्रकार की परिस्थिति से निपटने में सक्षम है। इसका सीधा सम्पर्क जिला कण्ट्रोल रुम तथा उच्च अधिकारियों से रहेंगा। वहीं बम निरोधक दस्ता के पास बम का पता लगाने व निष्क्रिय करने के सक्षम उपकरण उपलब्ध है। विशेष टीम द्वारा आज बस स्टैंड, पार्किंग, रेलवे स्टेशन, रेलवे रोड, पालिका बाजार, मॉडल टाउन मार्केट, भिवानी स्टैंड, माल गोदाम रोड आदि स्थानो पर गहनता से जांच की गई। रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर आने जाने वाले यात्रियों से गहनता से पूछताछ की गई। बम निरोधक दस्ता टीम द्वारा शहर के प्रमुख स्थलों जैसे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि के अलावा शहर के बाजार व व्यस्त इलाके जैसे रेलवे रोड, किला रोड, कपड़ा मार्केट, शोरी मार्केट, बड़ा बाजार, गांधी कैंप मार्केट, भिवानी स्टैंड, डी-पार्क आदि जगहों पर गस्त करेगी तथा निरंतर जांच करेगी।

# पर्यावरण संरक्षण जन आंदोलन बने यही मिशन LiFE का उद्देश्य : भूपेंद्र

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने फरीदाबाद में 'आरोग्यवन' का किया शुभारंभ, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** सेक्टर- 19 स्थित एक निजी स्कूल के प्रांगण में भारत सरकार में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता को समर्पित 'आरोग्यवन' का भव्य शुभारंभ और साथ ही वृक्षारोपण कर आरोग्यवन का विधिवत शिलान्यास किया।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने पंचतत्व–पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश–की अवधारणा को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया और बताया कि आज का मानव एक एनर्जी-ड्रिवन सिविलाइजेशन में रह रहा है, जहां जीवन की हर गतिविधि ऊर्जा पर आधारित है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ऊर्जा केवल अग्नि तक सीमित नहीं है, बल्कि जल, वायु और अन्य प्राकृतिक स्रोतों से भी प्राप्त होती है। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने बताया कि कार्बन उत्सर्जन और औद्योगिक गतिविधियां पर्यावरण असंतुलन का प्रमुख कारण हैं और इसका समाधान रिन्यूएबल एनर्जी को अपनाने में है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किए गए मिशन LiFE का उल्लेख करते हुए केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने इसके सात प्रमुख सिद्धांतों–सेव एनर्जी, सेव वाटर, सेव फूड, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, ई-वेस्ट का रीयूज एवं रीसायकल, सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध और हेल्दी लाइफस्टाइल–पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने भारत में रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में हुई उल्लेखनीय प्रगति का उदाहरण देते हुए छात्रों को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका समझने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण और एआई पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

इस अवसर पर उपायुक्त (डीसी) आयुष सिन्हा, एसडीएम ब?खल त्रिलोक चंद, प्रधानाचार्य संगीता चक्रवर्ती, शिक्षकगण, अभिभावक तथा छात्रङ्कछात्राएं उपस्थित रहे।



# राहुल गांधी के समक्ष बलजीत कौशिक ने 50 सालों के परिवारिक रिश्तों का दिया ब्योरा

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** धर्म नगरी कुरूक्षेत्र में आयोजित हरियाणा व उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस के जिलाध्यक्ष के प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज अपने पिता स्व. प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तरह ही सीधे पार्टी जिलाध्यक्षों व उनके परिजनों से मिलें और उनका हालचाल जाना।

राहुल गांधी इस दौरान फरीदाबाद कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बलजीत कौशिक की भोजन की टेबल पर भी पहुंचे जहां श्री कौशिक के भतीजे विनोद कौशिक, बलजीत कौशिक की धर्मपत्नी सुमन कौशिक, बेटा जयंत कौशिक, पुत्रवधु अंकिता कौशिक, बेटी डाक्टर आंचल से मिलकर पारिवारिक कुशलक्षेम पूछा और पूर्व विधायक आनन्द कौशिक के स्वास्थ्य के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान बलजीत कौशिक ने भी राहुल गांधी के समक्ष अपने परिवार की 50 साल की राजनैतिक और पारिवारिक निष्ठा के बारे में अवगत और उन्होंने बताया कि उनके बड़े भाई एवं पूर्व विधायक आनन्द कौशिक जो पूर्व में इंदिरा गांधी के समय से कांग्रेस में सक्रिय है और उन्होंने स्व. राजीव गांधी, चेयरपर्सन सोनिया गांधी के साथ पार्टी संगठन में युवा से लेकर पार्टी की जरनल बॉडी में विभिन्न पदों पर कार्य करते रहे हैं।

## अधिवक्ता दीपक गुप्ता भाजपा फरीदाबाद के युवा मोर्चा जवाहर मंडल के महामंत्री नियुक्त

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद महानगर के युवा मोर्चा जवाहर मंडल के पदाधिकारियों की संगठनात्मक नियुक्तियां की गई। जिसमें जवाहर मंडल अध्यक्ष, भाजपा युवा मोर्चा, फरीदाबाद महानगर लक्की भगत द्वारा अधिवक्ता दीपक गुप्ता को भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद महानगर के युवा मोर्चा जवाहर मंडल का महामंत्री नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने कहा कि पार्टी ने यह जिम्मेदारी अधिवक्ता दीपक गुप्ता को उनके लंबे सामाजिक अनुभव, संगठन के प्रति समर्पण और समाजसेवा के कार्यों को देखते हुए सौंपी है। वे समाज, प्रशासन और पार्टी के साथ निरंतर जुड?र सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि वे इस दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करेंगे।

# पठानिया पब्लिक स्कूल में अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता से निखरी विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति क्षमता



अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक, 21 जनवरी।** पठानिया पब्लिक स्कूल में दिनांक को 19 से 21 जनवरी 2026 कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी भाषण,प्रतियोगिता का सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 650 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया के प्रेरणादायी उद्बोधन से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अंग्रेजी भाषा आज वैश्विक संप्रेषण का सशक्त माध्यम है तथा इसके माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास संभव है। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों ने शिक्षा का महत्व, पर्यावरण संरक्षण, युवा शक्ति, डिजिटल भारत, नैतिक मूल्यों तथा सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे समसामायिक विषयों पर सुस्पष्ट उच्चारण, प्रवाहपूर्ण एवं प्रभावोत्पादक भाषण, प्रस्तुत किए विद्यार्थियोंकी,सशक्त, अभिव्यक्ति स्पष्ट उच्चारण प्रवाहपूर्ण भाषा और आत्मविश्वासपूर्ण मंच प्रस्तुति ने उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंग्रेजी भाषा की अध्यापिकाओं सीमा, सुनीता वर्मा, मोनिका पाहवा, रश्मि राहा के दिशा-निर्देशन में विद्यार्थियों ने मंच का संचालन बखूबी किया।

# उपराष्ट्रपति करेंगे 39वें अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड मेले का शुभारंभ : डीसी

उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर डीसी ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** 31 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक फरीदाबाद में आयोजित होने जा रहे सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले के उद्घाटन समारोह को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में देश के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल सहित हरियाणा सरकार के मंत्रीगण एवं विधायक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

उक्त कार्यक्रम की तैयारियों के मद्देनज़र डीसी आयुष सिन्हा ने जिला प्रशासन के सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आज बुधवार को एक विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में उद्घाटन समारोह, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, साफ-सफाई, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की गई तथा सभी अधिकारियों की ड्यूटी सुनिश्चित की गई। डीसी आयुष सिन्हा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम का स्तर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय महत्व का है, इसलिए किसी भी स्तर पर कोई चूक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां निर्धारित समय-सीमा से पहले पूरी कर ली जाएं ताकि आयोजन सुचारू, सुरक्षित और सफल रूप से संपन्न हो।





डीसी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि मेले के आसपास एवं वीआईपी आवागमन मार्गों पर सड़कों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट्स की व्यवस्था, सफाई कार्य, साइन बोर्ड, पेयजल एवं शौचालय व्यवस्था समय रहते पूर्ण की जाए। साथ ही उन्होंने लोक निर्माण विभाग, नगर निगम एवं बिजली विभाग को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीसी आयुष सिन्हा ने पुलिस विभाग को विशेष दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि उपराष्ट्रपति एवं अन्य वीआईपी/वीवीआईपी के आगमन को ध्यान में रखते हुए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक डायवर्जन प्लान, पार्किंग व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस, स्वास्थ्य एवं दमकल विभाग को पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए।

# राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में घरेलू हिंसा पर छात्राओं को किया जागरूक

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम

**फतेहाबाद, 21 जनवरी।** चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में महिला प्रकोष्ठ व राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में घरेलू हिंसा विषय पर जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. लखबीर कौर ने की।

इस अवसर पर महिला थाना फतेहाबाद की अतिरिक्त एसएचओ सब इंस्पेक्टर प्रियंका ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्राओं और एनएसएस स्वयंसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने घरेलू हिंसा के शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और सामाजिक रूपों पर विस्तार से जानकारी दी तथा इससे जुड़े कानूनी प्रावधानों और महिलाओं के अधिकारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को घरेलू हिंसा की स्थिति में उपलब्ध कानूनी सहायता, शिकायत प्रक्रिया और सुरक्षा उपायों के बारे में भी अवगत कराया। व्याख्यान का उद्देश्य छात्राओं को घरेलू हिंसा के खिलाफ सशक्त बनाना और उनमें कानूनी जागरूकता विकसित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रश्न पूछकर विषय की गहन समझ विकसित की। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी डॉ. शकुंतला सिहाग, सहायक प्राध्यापक रमन, महिला प्रकोष्ठ की सदस्य मंजू बाला, सुमन, भतेरी सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



फोटो:- फतेहाबाद। राजकीय महिल कॉलेज, भोडिया खेड़ा में घरेलू हिंसा विषय पर आयोजित जागरूकता व्याख्यान को संबोधित करते हुए वक्तागण।

# धर्म के नाम पर ढोंग नहीं चलेगा, आप को पंजाब से बाहर करेंगे लोग : एनके शर्मा

अर्थ प्रकाश/चौहान

**डेराबस्सी।** शिरोमणि अकाली दल के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक एन के शर्मा ने सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी को धर्म के नाम पर पाखंड करने वाली पार्टी करार देते हुए कहा है कि विपक्ष में रहते हुए गायों को बूचड?ानों में भेजने का प्रस्ताव लेकर आने वाली पार्टी आज भगवान राम के नाम का सहारा लेकर अपने पाप धोने का प्रयास कर रही है लेकिन पंजाब की जनता अब इन्हें सबक सिखाने के लिए तैयार है।

आज यहां जारी एक बयान में एनके शर्मा ने कहा कि विकास के नाम पर जीरो कारगुजारी वाली आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को यह याद करने की जरूरत है कि 26 फरवरी 2020 को वह विधानसभा में एक प्रस्ताव लेकर आए थे। जिसमें उन्होंने पंजाब में गायों को दो हिस्सों में बांटकर अमेरिकन गायों व गौवंशी बैलों को बूचड?ानों में भेजने का प्रस्ताव विधासभा में रखा था।



विधानसभा में यह प्रस्ताव उस समय के स्पीकर राणा के पी ने अलाओ किया था। शिरोमणि अकाली दल ने गायों तथा गौवंशियों का सम्मान करते हुए इस प्रस्ताव का जमकर विरोध किया। जिसके चलते यह प्रस्ताव पारित नहीं हो सका। पंजाब वासियों को अपने दोहरे किरदार से गुमराह करने वाली आम आदमी पार्टी के नेताओं की राजनीतिक बेड़ी जब डूब रही है तो वह भगवान राम के नाम का सहारा ले रहे हैं। धर्म के नाम पर पाखंड रचते हुए सरकार ने हमारे राम के नाम से शो करवाने का ऐलान किया है। इस आयोजन पर पैसा पंजाब सरकार द्वारा खर्च किया जाएगा।

# नशा बेचने वालों पर पुलिस की सख्त नजर, रतिया क्षेत्र व गांव नन्हेड़ी में सघन तलाशी अभियान चलाया

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम

**रतिया, 21 जनवरी।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस के दिशा-निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन जीवन ज्योति के तहत फतेहाबाद जिले में नशे के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में रतिया क्षेत्र व गांव नन्हेड़ी में अलग-अलग स्थानों पर स्वतंत्र रूप से सघन पुलिस अभियान संचालित किए गए।

पहले अभियान के तहत रतिया क्षेत्र में थाना शहर रतिया की महिला निरीक्षक पुष्पा के कुशल नेतृत्व में नशा बेचने व नशा फैलाने वालों पर नजर रखते हुए सतर्कता व निगरानी अभियान चलाया गया। इस दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर निगाह रखी गई तथा क्षेत्र में सक्रिय असामाजिक तत्वों के संबंध में सूचनाएं एकत्रित की गईं। पुलिस टीम ने आमजन से संवाद कर नशा तस्करों के विरुद्ध सहयोग की अपील की और गोपनीय सूचना देने के लिए प्रेरित किया। वहीं, दूसरे स्वतंत्र अभियान के तहत पुलिस चौकी कुल्ला के प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक जितेंद्र के नेतृत्व में गांव नन्हेड़ी में विशेष सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इस अभियान में डॉग स्क्वॉड टीम व कमांडो टीम की विशेष रूप से भागीदारी रही। डॉग स्क्वॉड टीम द्वारा घरों, कमरों, खुले स्थानों व संदिग्ध ठिकानों की सूंघकर बारीकी से जांच की गई, ताकि किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ की मौजूदगी को पूरी तरह से खंगाला जा सके। कमांडो टीम की मौजूदगी से अभियान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत व अनुशासित बनाए रखा गया। तलाशी अभियान के दौरान पुलिस टीम ने उन व्यक्तियों के घरों की जांच की, जिनके विरुद्ध पूर्व में नशा बेचने या नशा फैलाने से संबंधित शिकायतें या सूचनाएं प्राप्त हुई थीं। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



इस अवसर पर महिला निरीक्षक पुष्पा ने कहा कि नशा समाज के लिए एक गंभीर समस्या है, जो युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेल देती है। वहीं सहायक उपनिरीक्षक जितेंद्र ने स्पष्ट किया कि नशा बेचने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी और किसी भी सूरत में नशा तस्करी को पनपने नहीं दिया जाएगा। फतेहाबाद पुलिस द्वारा चलाया जा रहा ऑपरेशन जीवन ज्योति न केवल नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का प्रतीक है, बल्कि नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में एक दृढ़, निरंतर और प्रतिबद्ध प्रयास भी है।

# नगराधीश गौरव गुप्ता ने पीएम विकसित भारत रोजगार योजना लाभ उठाने का किया आह्वान

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम

**फतेहाबाद, 21 जनवरी।** नगराधीश गौरव गुप्ता ने जिला के औद्योगिक संस्थानों से प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि यह योजना केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके तहत युवाओं को अधिक अवसर उपलब्ध होंगे और उद्योगों को कार्यबल सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी।

नगराधीश गौरव गुप्ता ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत रोजगार आधारित प्रोत्साहन योजना को प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के रूप में लागू किया गया है। विकसित भारत पहल के अनुरूप तैयार की गई यह योजना देशभर में समावेशी एवं स्थायी रोजगार अवसरों के सृजन में सहायक सिद्ध हो रही हैं। योजना के दो प्रमुख भाग निर्धारित किए गए हैं। ईपीएफओ में पहली बार पंजीकृत कर्मचारियों को लक्षित करते हुए, इस भाग में एक महीने का पीएफ वेतन, अधिकतम 15,000 रुपये दो किस्तों में दिया जाएगा। 1 लाख रुपये तक के वेतन वाले कर्मचारी इसके पात्र होंगे। पहली किश्त 6 महीने की सेवा के बाद और दूसरी किस्त 12 महीने की सेवा और कर्मचारी द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम पूरा करने के बाद देय होगी। बचत की आदत को प्रोत्साहित करने के लिए, प्रोत्साहन राशि का एक हिस्सा एक निश्चित अवधि के लिए बचत साधन या जमा खाते में रखा जाएगा और कर्मचारी बाद में इसे निकाल सकेगा।

तैयारी — 77वें गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर रिहर्सल जारी

# स्वास्थ्य मंत्री वॉर मेमोरियल पर देंगी शहीदों को श्रद्धांजलि

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार में स्वास्थ्य मंत्री आरती राव जिला फरीदाबाद में 26 जनवरी को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी। सर्व प्रथम स्वास्थ्य मंत्री आरती राव सेक्टर-12 वॉर मेमोरियल में शहीदों को श्रद्धांजलि देंगी। इसके पश्चात सेक्टर-12 हेलीपैड ग्राउंड में 77वें गणतंत्र दिवस समारोह में तिरंगा फहराएंगी। तिरंगा फहराने के बाद स्वास्थ्य मंत्री आरती राव द्वारा आमजन को सम्बोधित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त (डीसी) आयुष सिन्हा ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री के संबोधन के बाद मार्च पास्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे और कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रीय गान की प्रस्तुति दी जाएगी। साथ ही उप-मंडल स्तरीय कार्यक्रम में एनआईटी 01 स्थित दशहरा ग्राउंड में ब?खल विधायक धनेश अदलखा व बल्लभग? स्थित दशहरा ग्राउंड में बल्लभग? विधायक मूलचंद शर्मा तिरंगा फहराएंगे।



77वें गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के मद्देनजर सेक्टर-12 स्थित हेलीपैड मैदान आज पुलिस विभाग, होम गार्ड, एनसीसी बॉयज एंड गर्ल्स, हिंदुस्तान स्काउट्स, भारत स्काउट्स, भारत गाइड, प्रजातंत्र के प्रहरी, एनसीसी जूनियर आर्मी, एनसीसी जूनियर नेवी बॉयज एंड गर्ल्स, सेंट जोन ब्रिगेड, एनएसएस ब्रिगेड और स्कूली विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट की रिहर्सल की गयी।

# सुरक्षा योजना के तहत दुर्घटनाओं में मिलेगी व्यापक आर्थिक सहायता : कार्यवाहक डीसी

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम

**फतेहाबाद, 21 जनवरी।** हरियाणा सरकार की सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी महत्वाकांक्षी योजना दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना के बारे में जानकारी देते हुए कार्यवाहक डीसी अनुराग ढालिया बताया कि इस योजना के तहत आवारा पशुओं जैसे गाय, सांड, बैल, भैंस, नीलगाय तथा कुत्तों के हमले या उनसे हुई दुर्घटनाओं में मृत्यु, चोट अथवा दिव्यांगता की स्थिति में प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

योजना के अंतर्गत मृत्यु अथवा 70 प्रतिशत या उससे अधिक स्थायी पूर्ण दिव्यांगता की स्थिति में पात्र परिवार को अधिकतम 5 लाख रुपये तक की सहायता राशि दी जाती है, जबकि 70 प्रतिशत से कम आंशिक दिव्यांगता के मामलों में दिव्यांगता के प्रतिशत के अनुसार मुआवजा प्रदान किया जाता है। कुत्ते के काटने से हुई चोट के मामलों में भी निर्धारित शर्तों के अनुसार आर्थिक सहायता का प्रावधान है, जिसकी राशि कर्मचारी मुआवजा अधिनियम, 1923 के प्रावधानों के अनुरूप तय की जाती है। कार्यवाहक डीसी ने बताया गया कि योजना का लाभ उन्हीं परिवारों को मिलेगा जो परिवार पहचान पत्र में पंजीकृत हों, जिनके साथ घटना हरियाणा राज्य की सीमा में घटित हुई हो तथा दुर्घटना या हमला आवारा पशु या कुत्ते के कारण हुआ हो। इसके साथ ही दावा घटना की तिथि से 90 दिनों के भीतर करना अनिवार्य है।

## डिप्टी सीएम के दौरे से पहले पुलिस की गाड़ी लेकर भागा शराबी

बागपत (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बागपत में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के प्रस्तावित दौरे से ठीक एक रात पहले पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव उस वक्त फूल गए, जब सुरक्षा में लगी एक सरकारी गाड़ी चोरी हो गई। हैरान करने वाली बात यह है कि जिस पुलिस पर जिले की सुरक्षा का जिम्मा था, एक शराबी युवक उनकी आंखों के सामने से ही सरकारी टाटा सूमो लेकर फरार हो गया। इस घटना ने पुलिस की मुस्तैदी पर गंभीर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। जानकारी के मुताबिक, नेशनल हाईवे-709बी के वंदना चौक पर ट्रैफिक पुलिस की गाड़ी खड़ी थी। तभी एक नशे में धुत युवक वहां पहुंचा और मौका पाकर ड्राइवर की सीट पर बैठ गया। पुलिसकर्मी कुछ समझ पाते, इससे पहले ही वह गाड़ी स्टार्ट कर रफूचक्कर हो गया। अपने सामने ही सरकारी गाड़ी को चोरी होते देख पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया और तुरंत हाईवे पर फिल्मी अंदाज में पीछा शुरू हुआ। शराबी युवक गाड़ी को मेरठ-बागपत हाईवे की तरफ तेज रफ्तार में दौड़ाता रहा। पुलिस की टीम लगातार उसका पीछा कर रही थी, लेकिन कुछ दूरी पर जाकर युवक ने गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया। अनियंत्रित टाटा सूमो सड़क किनारे एक दुकान में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दुकान का अगला हिस्सा और सरकारी गाड़ी दोनों क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद युवक घायल होकर बेहोश हो गया, जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और राहत की सांस ली। डिप्टी सीएम के संवेदनशील दौरे से पहले हुई इस चूक ने विभाग के भीतर खलबली मचा दी है।

## पान मसाला विज्ञापन को लेकर सलमान कोर्ट में नहीं हुए पेश, अगली सुनवाई 5 को



मुंबई (एजेंसी)। बालीवुड के भाईजान और सुपरस्टार सलमान खान के खिलाफ पान मसाला का विज्ञापन को लेकर शिकायत दर्ज हुई थी, जिसमें आरोप लगाए थे और कहा था सलमान खान और पान मसाला कंपनी जनता को गुमराह कर रही है, क्योंकि 5 रुपए के पाउच में असली केसर का इस्तेमाल मुमकिन नहीं है। वहीं, इस मामले में मंगलवार को कोटा कंज्यूमर कोर्ट में सुनवाई हुई, लेकिन सलमान खान अदालत में पेश नहीं हुए। अब अगली सुनवाई 5 फरवरी को तय की है और शिकायतकर्ता ने एक्टर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए जाने की गुहार लगाई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ये मामला बीजेपी नेता इंद्र मोहन सिंह हनी द्वारा दायर किया गया है। वकिल रिपु दमन सिंह ने बताया कि कोर्ट ने 26 दिसंबर को आदेश दिया था कि सलमान खान 20 जनवरी को व्यक्तिगत रूप से पेश हों, लेकिन वे नहीं आए। परिवादी पक्ष ने कोर्ट को बताया कि इसी तरह के एक मामले में 15 जनवरी को जयपुर उपभोक्ता आयोग ने भी सलमान खान के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है। बता दें अब न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 5 फरवरी तय की है। साथ ही पहले फोरेंसिक जांच के लिए भेजे गए हस्ताक्षरों की रसीद भी अगली तारीख पर पेश करने के निर्देश दिए हैं।

## सोशल मीडिया पर वजन घटाने का उपाय... 24 घंटे में चली गई 19 साल की लड़की की जान

मदुरै (एजेंसी)। सोशल मीडिया पर वजन घटाने के उपाय लोगों को आकर्षित करते हैं, लेकिन हाल ही में ऐसा ही एक उपाय एक छात्रा की जान का कारण बन गया। 19 वर्षीय कलैयारसी, जो सेलूर के मीनाम्बलपुरम की रहने वाली थी और नरिमेडु स्थित एक निजी महिला कॉलेज में स्नातक की प्रथम वर्ष की छात्रा थी, ने वजन कम करने के लिए इंटरनेट पर एक यूट्यूब वीडियो में बताए गए तरीके का सहारा लिया। वीडियो में 'वेंकारम' (बोरेक्स) के सेवन से वजन घटाने की सलाह दी गई थी। पुलिस के अनुसार, कलैयारसी ने 16 जनवरी को लोकल दवा की दुकान से यह पदार्थ खरीदा और अगले दिन वीडियो के अनुसार इसका सेवन किया। इसके तुरंत बाद युवती को उल्टी और दस्त शुरू हो गए। उसकी मां ने निजी अस्पताल ले जाया, जहां उपचार के बाद लड़की को घर भेज दिया गया। शाम को लक्षण फिर उभरे और पास के एक अन्य अस्पताल में इलाज के बाद घर लौटने पर तेज पेट दर्द और मल में खून आने की शिकायत हुई। इसके बाद रात करीब 11 बजे उसकी हालत गंभीर हो गई। पड़ोसियों की मदद से सरकारी राजाजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया और मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने चेताया है कि सोशल मीडिया और इंटरनेट पर वजन घटाने के लिए साझा किए जाने वाले उपाय अक्सर खतरनाक हो सकते हैं और किसी भी दवा या पदार्थ का सेवन डॉक्टर की सलाह के बिना नहीं करना चाहिए। इस दुखद घटना ने लोगों के लिए एक गंभीर संदेश छोड़ा है कि स्वास्थ्य संबंधी सलाह केवल प्रमाणित स्रोतों से ही ली जानी चाहिए।

## जगन्नाथ मंदिर को बम हमले की धमकी, सुरक्षा को बढ़ाया गया

पुरी(एजेंसी)। ओडिशा के पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर को बम हमले की धमकी मिलने के बाद मंदिर परिसर और उसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि इस ऑनलाइन पोस्ट के संबंध में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि फेसबुक संदेश में बीजू जनता दल (बीजद) के राज्यसभा सदस्य सुभाषीश खुंटिया और तीर्थ नगरी पुरी के एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स पर हमले की धमकी भी दी गई थी। अधिकारी के अनुसार, जिस महिला के अकाउंट से पोस्ट की गई थी, उस महिला ने इसमें किसी भी तरह की संलिप्तता से इंकार कर दावा किया है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके नाम से फर्जी यूजर आईडी बनाकर दहशत फैलाने की कोशिश की होगी। महिला के बयान के आधार पर पुलिस ने एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए पकड़ा है।

## होली के त्यौहार के मौके पर महिलाओं को मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर देगी रेखा सरकार

नई दिल्ली(एजेंसी)। दिल्ली सरकार मार्च में होली के त्यौहार के मौके पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) की महिलाओं को मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर देगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में दिल्ली मंत्रिमंडल ने इस संबंध में एक प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। होली और दीपावली के मौके पर ईडब्ल्यूएस परिवारों की महिलाओं को मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध कराना, साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को 500 रुपये प्रति सिलेंडर की रियायती दर पर सिलेंडर उपलब्ध कराना, दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के घोषणापत्र का हिस्सा था।

# अंतरिक्ष यात्री विलियम्स ने की कल्पना चावला की मां से मुलाकात तो भर आईं आंखें

### –दोनों ने एक-दूसरे के गले लगकर स्वागत किया और पुरानी यादें की ताजा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने दिवंगत अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला के परिवार से मुलाकात की। यह मुलाकात दो परिवारों का मिलन नहीं, बल्कि यादों और साझा विरासतों का एक भावुक संगम था। सुनीता दिल्ली में कल्पना चावला की 90 साल की मां, संजोगता खरबंदा और उनकी बहन दीपा से मिलीं। जैसे ही सुनीता ने कल्पना की मां को गले लगाया, कमरे में सन्नाटा छा गया और आंखें नम हो गईं। दोनों ने एक-दूसरे का गले लगकर स्वागत किया जिसने पुरानी यादें ताजा कर दीं। भारत में जन्मीं अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला चालक दल के उन सात सदस्यों में से एक थीं, जिनकी फरवरी 2003 में अंतरिक्ष शटल कोलंबिया के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण मृत्यु हो गई थी।

बता दें दुर्घटना उस वक्त हुई थी जब अंतरिक्ष यान पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश के दौरान टूटकर नष्ट हो गया था। वह अंतरिक्ष में जाने वाली भारतीय मूल की पहली महिला थीं और उनकी मृत्यु पर भारत में गहरा शोक व्यक्त किया गया। सुनीता विलियम्स (60) ने मंगलवार को दिल्ली स्थित 'अमेरिकन सेंटर' में आयोजित 'आंखें सितारों पर, पैर जमीं पर' नामक एक संवाद सत्र में भाग लिया था। करीब एक घंटे के इस कार्यक्रम के खत्म होते ही विलियम्स मंच से नीचे उतरीं और सभागार में पहली पंक्ति में बैठी कल्पना चावला की मां संयोगिता चावला की ओर बढ़ीं तथा उन्हें गर्मजोशी से गले लगाया। विलियम्स इस दौरान अपने चिरपरिचित अंतरिक्ष यात्री के लिबास में थीं।

उन्होंने कल्पना चावला की बहन दीपा से भी मुलाकात की, जो इस कार्यक्रम में अपनी मां के साथ आई थीं। विलियम्स वर्तमान में भारत यात्रा पर हैं। वह 22 जनवरी से शुरू होने वाले केरल साहित्य महोत्सव के नौवें संस्करण में भाग लेने वाली हैं। आयोजकों ने दिसंबर के अंत में इसकी घोषणा की थी।

अमेरिकी नौसेना की पूर्व कप्तान सुनीता विलियम्स का जन्म 19 सितंबर, 1965 को अमेरिका के ओहायो के यूक्लिड में हुआ था। उनके पिता दीपक पंड्या गुजराती थे और मेहसाणा जिले के झुलासन के रहने वाले थे जबकि उनकी मां उर्सुलिन बोनी पंड्या स्लोवेनियाई थीं। अपने संबोधन में सुनीता ने यह भी कहा कि भारत आने पर घर वापसी जैसा महसूस हो रहा है, क्योंकि यह वह देश है जहां उनके पिता का जन्म हुआ था। बाद में चावला की मां ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि वह (विलियम्स) परिवार के सदस्य की तरह हैं। कल्पना चावला की मां ने कहा कि कोलंबिया हादसे के बाद ''वह तीन महीने तक हमारे घर आती रहीं। नियमित रूप से सुबह से रात तक रुकती थीं और ''शोक में डूबे हमारे परिवार'' को सांत्वना देती थीं। उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि विलियम्स और चावला अंतरिक्ष यात्री के तौर पर एक-दूसरे को अपने साझा पेशे में और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया करती थीं।

अपनी बेटी के जीवन को याद करते हुए कल्पना की मां ने कहा कि वह अपने साथ अनमोल खजाना लेकर आई थी। उसने हमें बहुत कुछ सिखाया। हम क्या कह सकते हैं? संयोगिता चावला ने कहा कि उन्होंने अपनी बेटी को उसके सपनों को पूरा करने में पूरा समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि कल्पना अक्सर कहा करती थी कि मानवता ही एकमात्र धर्म है और उसने कभी कोई दूसरा नाम नहीं लिया। जब हम उससे पूछते थे, तुम्हारा धर्म क्या है? तो वह कहती थी, 'मेरा धर्म कर्म है'।

## जम्मू-कश्मीर के कठुआ में फिर दिखा पाकिस्तानी ड्रोन, 10 दिन में पांचवीं घटना



श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास मंगलवार देर रात एक पाकिस्तानी ड्रोन देखे जाने से सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं। ड्रोन दिखते ही भारतीय सेना ने तुरंत अपना एंटी-ड्रोन सिस्टम सक्रिय कर दिया। सेना के सूत्रों के मुताबिक, यह ड्रोन नियमित निगरानी के दौरान पकड़ा गया। जवाबी कार्रवाई के बाद ड्रोन पाकिस्तान की ओर लौट गया। बीते 10 दिनों में सीमा और लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के पास ड्रोन देखे जाने की यह पांचवीं घटना है। इससे पहले 17 जनवरी को रामगढ़ सेक्टर में, 15 जनवरी को एक बार फिर रामगढ़ में, 13 जनवरी को राजौरी जिले में दो बार और 11 जनवरी को नौशेरा, धरमसाल, रियासी, सांबा और पुंछ के मंकोट सेक्टर में एक साथ पांच ड्रोन देखे गए थे। लगातार सामने आ रही इन घटनाओं को देखते हुए एलओसी और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर निगरानी और चौकसी बढ़ा दी गई है। सेना और खुफिया एजेंसियां ड्रोन गतिविधियों के उद्देश्य का पता लगाने में जुटी हैं। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां हालात पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं।

## लिव-इन पर कोर्ट ने की अहम टिप्पणी: महिला तभी सुरक्षित, जब पत्नी का दर्जा मिले

**चेन्नई (एजेंसी)।** मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर एक महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा, कि ऐसे रिश्तों में रहने वाली महिलाओं को वास्तविक सुरक्षा तभी मिल सकती है, जब उन्हें पत्नी के समान दर्जा दिया जाए। कोर्ट ने माना कि मौजूदा कानूनी ढांचे में लिव-इन रिलेशनशिप में महिलाओं को वैवाहिक सुरक्षा प्राप्त नहीं है, ऐसे में अदालत की जिम्मेदारी बनती है कि वह महिलाओं को संरक्षण प्रदान करे।

यह टिप्पणी जस्टिस एस. श्रीमथी ने एक आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए की। आरोपी पर आरोप था कि वह एक महिला के साथ पहले लिव-इन रिलेशनशिप में रहा और बाद में शादी का झूठा वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब रिश्ते में तनाव बढ़ा तो आरोपी ने शादी से इनकार कर दिया।

कोर्ट ने अपने आदेश में पुरुषों की मानसिकता पर भी सख्त टिप्पणी की। जस्टिस श्रीमथी ने कहा कि कई पुरुष खुद को ÷मॉडर्न÷ दिखाने के लिए लिव-इन रिलेशनशिप में रहते हैं, लेकिन जब रिश्ता टूटता है तो वही पुरुष महिला के चरित्र पर सवाल उठाने लगते हैं। उन्होंने कहा कि पुरुष ऐसा इसलिए कर पाते हैं क्योंकि कानून में लिव-इन रिलेशनशिप को लेकर स्पष्ट नियमों और सुरक्षा प्रावधानों का अभाव है।

अदालत ने यह भी कहा कि भारत में भले ही लिव-इन रिलेशनशिप को सामाजिक तौर पर पूरी तरह स्वीकार नहीं किया गया हो, लेकिन यह अब एक आम वास्तविकता बन चुकी है। रिश्ते के दौरान पुरुष आधुनिक सोच का दावा करते हैं, लेकिन जब हालात बिगड़ते हैं तो महिलाओं को दोषी ठहराने और सार्वजनिक रूप से शर्मिंदा करने से पीछे नहीं हटते।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस मामले में आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 के तहत मुकदमा चलाया जा सकता है, जो धोखे से शारीरिक संबंध बनाने से जुड़ी है। अग्रिम जमानत याचिका खारिज करते हुए कोर्ट ने संकेत दिया कि ऐसे मामलों में महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की रक्षा सर्वोपरि है।

# पीठासीन अधिकारी का व्यवहार निष्पक्ष और न्यायसंगत होना चाहिए-लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला


**लखनऊ (एजेंसी)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि सदन का समय बहुत कीमती होता है। ऐसे में जरूरी है कि सदन में संवाद हो। सहमति-असहमति हो पर गतिरोध नहीं होना चाहिए। सदन के अंदर सभी राजनीतिक दलों से इस बात की चर्चा होनी चाहिए कि कभी गतिरोध ना आए। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी के रूप में हमें निष्पक्ष और न्यायसंगत होना चाहिए।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला बुधवार को उप्र की राजधानी लखनऊ के विधान भवन में 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि राज्य की विधानसभा ही है जिसके द्वारा अंतिम व्यक्ति की आवाज सदन में और सरकार तक पहुंचती है। जैसे न्यायालय के अंदर लोगों का विश्वास रहता है उसी तरह राज्य विधानमंडल में भी अगर सकारात्मक दृष्टिकोण से जनप्रतिनिधि अपनी बात रखेंगे तो इन विधानसभाओं के माध्यम से परिणाम भी आएंगे। यह लोकतंत्र वही व्यवस्था है जिसमें सभा में होने वाली चर्चाओं से ठोस परिणाम निकलते हैं। इन्हीं संवादों और विमर्शों के माध्यम से लोकतांत्रिक संस्थाएं निरंतर सुदृढ़ होती हैं और समाज को आगे बढ़ाने का कार्य करती हैं। आज जब हम यह संकल्प लेते हैं तो यह केवल एक विधायी संस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाले समय में हम अपने-अपने लोकतांत्रिक संस्थानों के माध्यम से ÷विकसित भारत÷ के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए अपने राज्य को विकसित राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए आवश्यक है कि सभी माननीय सदस्य चर्चा, संवाद और विचार-विमर्श में सक्रिय भागीदारी करें।

उन्होंने कहा कि विकास के लिए हमें यह विचार करना होगा कि संवाद और विमर्श के माध्यम से राज्य को किस प्रकार दिशा और आधार दिया जा सकता है, ताकि भारत वैश्विक स्तर पर और अधिक सशक्त बन सके। समाज की भूमिका इसमें मार्गदर्शक की होनी चाहिए और समाज के विभिन्न वर्गों से प्राप्त सुझावों को गंभीरता से सुना और अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने लगातार यह प्रयास किया है कि लोकतांत्रिक सरकारें अधिक जवाबदेह बनें और शासन-प्रशासन से जुड़ी चुनौतियों को विधायी स्तर पर उठाया जाए। कई बार विधायी प्रक्रियाओं और विपक्ष की भूमिका को सशक्त करने के प्रयास किए गए हैं जिनके सकारात्मक परिणाम भी सामने आए हैं। आने वाले समय में हम यह भी सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि राज्य की विधानसभा की न्यूनतम 30 दिन बैठकें हों, जिनमें सहमति और असहमति दोनों के माध्यम से जनहित से जुड़े विषयों पर सार्थक चर्चा हो।

उन्होंने कहा कि विधानसभा वह मंच है जहां आम नागरिक की आवाज लोकतांत्रिक व्यवस्था के माध्यम से स्थापित होती है। मतदाता मतदान करने के बाद यह अपेक्षा करता है कि अगले पांच वर्षों तक उसका चुना हुआ प्रतिनिधि उसकी समस्याओं और चुनौतियों को उठाएगा तथा उनके समाधान के लिए प्रयास करेगा। जिस प्रकार जनता का विश्वास न्यायालयों में है उसी प्रकार राज्य विधानमंडल पर भी जनता का अटूट विश्वास होना चाहिए कि उसकी बात यहां अवश्य सुनी जाएगी। हमने विधानसभा को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए आधुनिक तकनीक और डिजिटल माध्यमों का उपयोग बढ़ाया है। एआई और नवीन तकनीकों के माध्यम से पुरानी बहसों, चर्चाओं और निर्णयों को अधिक सुलभ, पारदर्शी और प्रभावी बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य विधानसभाओं के बीच आपसी संवाद, विधायी सूचकांक,



भागीदारी, जवाबदेही और कार्यकुशलता को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है। नए नियम, नई प्रक्रियाएं और प्रभावी संसदीय समितियां लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत बनाती हैं। संविधान के अधीन कार्य करते हुए यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम निष्पक्षता, पारदर्शिता और जनउत्तरदायित्व को सर्वोच्च स्थान दें।

## एकनाथ शिंदे को एमएनएस के समर्थन पर बोले संजय राउत- यह राज ठाकरे का फैसला नहीं

**मुंबई (एजेंसी)।** कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) द्वारा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना को समर्थन दिए जाने के बाद सियासी घमासान तेज हो गया है। इस मुद्दे पर शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने बड़ा खुलासा करते हुए कहा है कि यह फैसला एमएनएस प्रमुख राज ठाकरे का नहीं, बल्कि पार्टी के स्थानीय नेताओं का है।



सांसद संजय राउत ने बुधवार 21 जनवरी को मीडिया से बातचीत में दावा किया कि राज ठाकरे इस घटनाक्रम से बेहद नाराज और व्यथित हैं। उन्होंने कहा, राज ठाकरे बहुत व्यथित हैं जिस तरह से स्थानीय नेताओं ने यह फैसला लिया है। उनका साफ कहना है कि इस फैसले में उनकी भूमिका नहीं है और न ही पार्टी की आधिकारिक भूमिका है। संजय राउत के मुताबिक, राज ठाकरे का मानना है कि यदि स्थानीय नेताओं ने पार्टी लाइन के खिलाफ जाकर निर्णय लिया है, तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

संजय राउत ने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे अंबरनाथ में कांग्रेस के 12 पार्षद बीजेपी के साथ चले गए थे और उन्हें पार्टी से निकाल दिया गया था, उसी तरह पार्टी विरोधी गतिविधियों पर सख्त कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी में भी जो पार्टी के खिलाफ काम करता है, उसे बाहर का रास्ता दिखाया जाता है।

शिवसेना (यूबीटी) सांसद ने कल्याण-डोंबिवली के घटनाक्रम को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सत्ता के लिए महाराष्ट्र के साथ बेईमानी करने वालों के साथ जो भी खड़ा होता है, जनता उसे भी बेईमान मानती है। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां के लोगों ने बहुत बड़ी गलती की है और इसका राजनीतिक खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ सकता है।

गौरतलब है कि कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका में बहुमत के लिए 62 पार्षदों की जरूरत है। यहां शिवसेना के पास 52 और बीजेपी के पास 51 पार्षद हैं, जबकि एमएनएस के 5 पार्षद निर्णायक स्थिति में हैं। इसी कारण एमएनएस के समर्थन को सत्ता गठन के लिए अहम माना जा रहा है।

### श्रीकांत बोले- महायुति की सत्ता बनेगी

वहीं, शिंदे गुट की ओर से प्रतिक्रिया देते हुए डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के बेटे और लोकसभा सांसद श्रीकांत शिंदे ने कहा कि एमएनएस ने महायुति को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी, शिवसेना, एमएनएस और अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर यहां महायुति की सत्ता बनेगी और विकास के लिए जो भी साथ आना चाहता है, उसका स्वागत है। इस पूरे घटनाक्रम ने महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर नई बहस और हलचल पैदा कर दी है।

## स्टालिन का बयान हेट स्पीच की श्रेणी वाला, मद्रास हाईकोर्ट ने की सख्त टिप्पणी

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के युवा कल्याण और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म को लेकर दिए गए बयान पर चल रही राजनीतिक और कानूनी बहस के बीच मद्रास हाईकोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की है। अदालत ने बुधवार को कहा कि मंत्री द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा हिंदू धर्म पर स्पष्ट हमला है और यह हेट स्पीच की श्रेणी में आती है। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस तरह के शब्दों का अर्थ जनसंहार की ओर इशारा करता है, जिसे किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता।



यह टिप्पणी उस याचिका की सुनवाई के दौरान आई, जिसमें एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म संबंधी बयान पर सवाल उठाए गए थे। याचिका में कहा गया था कि मंत्री की टिप्पणी सनातन धर्म को मानने वालों के खिलाफ 'जनसंहार' का आह्वान करती है। हालांकि, उदयनिधि स्टालिन ने अपने बचाव में कहा था कि उनके बयान को गलत तरीके से तोड़-मरोड़कर पेश किया गया और उनका आशय किसी समुदाय या धर्म के अनुयायियों को आहत या नुकसान पहुंचाने का नहीं था।

मद्रास हाईकोर्ट ने सुनवाई के दौरान स्पष्ट शब्दों में कहा, यदि यह कहा जाए कि सनातन धर्म का पालन करने वाले लोगों का अस्तित्व नहीं होना चाहिए, तो इसके लिए सही शब्द 'जनसंहार' है। अगर सनातन धर्म को एक धर्म माना जाए, तो यह 'रिलिजिसाइड' यानी धर्म के विनाश की श्रेणी में आएगा। कोर्ट ने आगे कहा कि ऐसी भाषा लोगों के उन्मूलन की ओर संकेत करती है, चाहे वह किसी भी तरीके से हो, जिसमें इकोसाइड, फैक्टोसाइड और कल्चरसाइड जैसे रूप शामिल हो सकते हैं।

कोर्ट ने तमिल भाषा में प्रयुक्त शब्द 'सनातन ओझिप्पु' की व्याख्या करते हुए कहा कि इसका सीधा अर्थ सांस्कृतिक उन्मूलन या संस्कृति के नाश से जुड़ा है। इसी आधार पर अदालत ने माना कि मंत्री के बयान पर सवाल उठाने वाली सोशल मीडिया पोस्ट को हेट स्पीच नहीं कहा जा सकता। कोर्ट की इस टिप्पणी के बाद राजनीतिक गलियारों में बयानबाजी तेज हो गई है।


# बीजेपी के नए अध्यक्ष नितिन नबीन को अब राज्यसभा लाने पर विचार कर रही पार्टी

### –झारखंड से जून 2026 में खाली हो रही सीट वहां से किया जा सकता है नामांकित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीजेपी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को जल्द ही राज्यसभा में प्रवेश मिलेगा। पार्टी सूत्रों के मुताबिक इस साल कई राज्यसभा सीटें खाली होने वाली हैं और पार्टी उन्हें राज्यसभा में लाने पर विचार कर रही है। हालांकि, फिलहाल उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया जाएगा, क्योंकि पार्टी एक व्यक्ति, एक पद के सिद्धांत का पालन कर रही है। 45 साल के नितिन नबीन बिहार के पांच बार के विधायक हैं। वह बीजेपी के सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष बने गए हैं। उनका जन्म रांची (झारखंड) में हुआ था। उनके पिता नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा भी वरिष्ठ बीजेपी नेता थे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार को उन्होंने पार्टी मुख्यालय में औपचारिक रूप से अध्यक्ष पद की कमान संभाली, जहां पीएम मोदी समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें बधाई दी। मोदी ने उन्हें मिलेनियल बॉस कहकर संबोधित किया और पार्टी में नई ऊर्जा का संकेत दिया। पार्टी सूत्रों का कहना है कि नितिन नबीन को उनकी नई जिम्मेदारी के अनुरूप संसद में लाया जाएगा। बिहार से राज्यसभा की कोई सीट अभी खाली नहीं है, लेकिन पड़ोसी राज्य झारखंड से एक विकल्प उपलब्ध है। झारखंड से बीजेपी सांसद दीपक प्रकाश का कार्यकाल जून 2026 में खत्म हो रहा है। सूत्रों ने बताया कि नितिन नबीन का जन्म रांची में होने के कारण उन्हें वहां से नामांकित किया जा सकता है। हालांकि पार्टी की केंद्रीय नेतृत्व किसी भी राज्य से उन्हें भेज सकती है, जहां उपयुक्त सीट उपलब्ध हो। इस साल कुल 71 राज्यसभा सदस्य रिटायर हो रहे हैं, जिनमें से 30 बीजेपी के हैं। इनमें यूपी से 8, गुजरात से 3, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश, असम, कर्नाटक, ओडिशा और हरियाणा से दो-दो सीटें शामिल हैं। झारखंड, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और मणिपुर से एक-एक सीट खाली हो रही है। बीजेपी के दो प्रमुख सदस्यों- केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की यूपी से सीटें भी खाली होंगी।

नितिन नबीन के राज्यसभा में आने से पार्टी को युवा और संगठनात्मक रूप से मजबूत चेहरा मिलेगा, जो संसद में सक्रिय भूमिका निभागा। उन्हें हाल ही में लुटियंस दिल्ली में आधिकारिक आवास भी आवंटित किया गया है। अध्यक्ष पद संभालने के बाद नबीन का पहला बड़ा कार्यक्रम 21 जनवरी को राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक है, जिसमें पीएम मोदी और संसदीय बोर्ड के सदस्य शामिल होंगे। इसके बाद 27 जनवरी को बजट सत्र से पहले संसदीय दल की बैठक की अध्यक्षता भी वे करेंगे।



# एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के मुनाफे में 26 प्रतिशत का उछाल, 668 करोड़ रहा शुद्ध लाभ

**तीसरी तिमाही में मार्जिन और एसेट क्वालिटी में दिखा मजबूत सुधार; रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना बने नए ब्रांड एंबेसडर**

**मुंबई ।**

देश के प्रमुख एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही के शानदार नतीजे घोषित कर दिए हैं। बैंक का शुद्ध लाभ (पीएटी) वार्षिक आधार पर 26 प्रतिशत की बढ़त के साथ 668 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह आंकड़ा 528 करोड़ रुपये था। बैंक ने न केवल मुनाफे में बल्कि जमा राशि और ऋण वितरण में भी दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की है। जीएसटी दरों में कटौती और त्योहारी सीजन की मजबूत मांग ने बैंक के प्रदर्शन को नई ऊंचाई देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

बैंक के वित्तीय स्वास्थ्य के लिहाज से यह तिमाही काफी महत्वपूर्ण रही। नेट इंटरेस्ट मार्जिन पिछली तिमाही के 5.5 प्रतिशत से बढ़कर 5.7 प्रतिशत हो गया है। सबसे उत्साहजनक पहलू बैंक की एसेट क्वालिटी रही है, जहां सकल एनपीए घटकर 2.30 प्रतिशत पर आ गया है। साथ ही बैंक की ऋण लागत में 34 प्रतिशत की बड़ी कमी देखी गई है, जो बेहतर जोखिम प्रबंधन और अनुशासित अंडरराइटिंग का प्रमाण है। जमा पुस्तक में भी 23.3 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे कुल जमा राशि 1.38 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है।

बोर्ड ने बैंक के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए नेतृत्व के स्तर पर महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। उत्तम टिब्रेवाल अप्रैल 2026 के बाद भी डिप्टी सीईओ के रूप में कार्यभार संभालते रहेंगे, जबकि विवेक त्रिपाठी को होल टाइम डायरेक्टर (कार्यकारी निदेशक) के रूप में नियुक्त करने का प्रस्ताव दिया गया है। बैंक ने अपने गवर्नेंस ढांचे को और मजबूत करने के लिए तीन नए स्वतंत्र निदेशकों की भी नियुक्ति की है। तकनीकी मोर्चे पर बैंक अपनी प्रक्रियाओं को एआई-नेटिव आर्किटेक्चर में बदलने पर काम कर रहा है ताकि ग्राहकों को अधिक सुगम और सुरक्षित अनुभव मिल सके।

बैंक ने अपनी भौगोलिक उपस्थिति बढ़ाते हुए इस तिमाही में 100 नए टचपॉइंट जोड़े हैं, जिससे अब कुल नेटवर्क 2,726 केंद्रों तक पहुंच गया है।

# जनवरी में रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में करीब 10 फीसदी की गिरावट आई

**-कंपनी के रिफाइनिंग कारोबार पर भू-राजनीतिक तनाव का सीधा असर पड़ा**

**नई दिल्ली।**

मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज के लिए साल 2026 की शुरुआत अच्छी नहीं रही। जनवरी में ही कंपनी के शेयरों में करीब 10 फीसदी की गिरावट आई। इससे पहले जनवरी में इतनी बड़ी गिरावट आखिरी बार 2011 में आई थी। करीब 19.12 लाख करोड़ रुपए के मार्केट कैप वाली रिलायंस के शेयरों में आई इस गिरावट का असर सीधे निफ्टी 50 पर भी पड़ा, जो अब तक करीब 2 फीसदी फिसल चुका है। कंपनी के उम्मीद से कमजोर तिमाही नतीजों के बाद शेयरों में एक ही दिन में 3 फीसदी की गिरावट आई।

विशेषज्ञों के मुताबिक रिलायंस के रिफाइनिंग कारोबार पर भू-राजनीतिक तनाव का सीधा असर पड़ा है। रूस से कच्चे तेल की सप्लाई घटने और फ्रेट कॉस्ट बढ़ने से कंपनी के ऑयल-टू-केमिकल बिजनेस पर दबाव बढ़ा है। ब्रोकरेज के मुताबिक पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के चलते रिलायंस ने दिसंबर में रूस से तेल आयात में 32.4 फीसदी की कटौती की, जो फरवरी 2024 के बाद सबसे निचला स्तर है। जनवरी में भी रूसी तेल आयात कम रहने की संभावना है। हालांकि कंपनी वेनेजुएला से तेल आयात दोबारा शुरू करने पर अमेरिका से बातचीत कर रही है, जिससे रूसी तेल की कमी की भरपाई हो सकती है।

रिफाइनिंग और फ्यूल बिजनेस में वॉल्यूम ग्रोथ और बेहतर फ्यूल क्रैक्स से कुछ राहत मिली है, वहीं रिलायंस का रिटेल कारोबार कंपनी की कमजोर कड़ी बनकर उभरा है। रिलायंस रिटेल की नेट रेवेन्यू ग्रोथ सिर्फ 9 फीसदी रही, जबकि उसकी प्रतिद्वंद्वी एवेन्यू सुपरमार्ट्स ने 13 फीसदी की ग्रोथ दर्ज की। कंपनी ने इसके लिए त्योहारों की तारीखों में बदलाव और कंज्यूमर प्रोडक्ट्स डिवीजन के डिमर्जर को जिम्मेदार ठहराया। त्योहारी सीजन में भारी छूट और क्विक कॉमर्स में किए गए निवेश के चलते मार्जिन पर भी दबाव पड़ा है। भारत में तेजी से बदलते उपभोक्ता व्यवहार के बीच अब ध्यान पारंपरिक दुकानों से ऑनलाइन और फिर क्विक कॉमर्स की ओर शिफ्ट हो रहा है। 10 मिनट में डिलीवरी वाले इस मॉडल में जहां बड़े मौके हैं, वहीं जोखिम भी कम नहीं हैं। हाल ही में जोमैटो, स्विगी और फिलपकार्ट जैसे प्लेटफॉर्म्स की तेज डिलीवरी मॉडल को लेकर आलोचना भी हुई है। हालांकि रिलायंस का दावा है कि उसका क्विक कॉमर्स बिजनेस पहले से ही मुनाफे में है।

# नई नेशनल इलेक्ट्रिसिटी पॉलिसी का मसौदा जारी, बिजली क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश की तैयारी

**नई दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार ने नई नेशनल इलेक्ट्रिसिटी पॉलिसी का मसौदा जारी कर दिया है, इसके अंतर्गत देश के बिजली क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश और सुधारों की योजना तैयार की गई है। पॉलिसी के अनुसार, 2032 तक 50 लाख करोड़ रुपये और 2047 तक 200 लाख करोड़ रुपये का निवेश पावर प्रोडक्शन, ट्रांसमिशन और डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर्स में होगा। इस नई पॉलिसी का मकसद पावर सेक्टर को वित्तीय रूप से मजबूत बनाना, इस कारोबारी रूप से सस्टेनेबल करना और 2047 तक प्रति व्यक्ति बिजली खपत को 4,000 यूनिट (किलोवॉट प्रतिघंटा) तक पहुंचाना है। इसके साथ ही बिजली आपूर्ति में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और गैर-जीवाश्म ऊर्जा की हिस्सेदारी को तेजी से बढ़ाने पर जोर है। ड्राफ्ट पॉलिसी में बताया गया है कि देश की बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) पर वर्तमान में करीब 6.9 लाख करोड़ रुपये का घाटा है और उनका कुल बकाया कर्ज 7.18 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। पॉलिसी में माना गया है कि मौजूदा बिजली दरें लागत के अनुरूप नहीं हैं और क्रॉस-सब्सिडी के कारण उद्योगों को महंगी बिजली मिल रही है, जिससे भारतीय उद्योगों की वैश्विक प्रतिस्पर्धा कमजोर हो रही है। नई नेशनल इलेक्ट्रिसिटी पॉलिसी के तहत केंद्र सरकार ने पावर डिस्ट्रिब्यूशन सेक्टर में एकाधिकार को खत्म करने का प्रस्ताव रखा है। इसके लिए एक ही इलाके में एक से ज्यादा बिजली सप्लायरों को अनुमति देने, पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) को बढ़ावा देने और स्ट्रिब्यूशन कंपनियों को शेयर बाजार में सूची करने की योजना है। ड्राफ्ट में बताया गया हैं कि हर वित्त वर्ष की शुरुआत से पहले टैरिफ ऑर्डर जारी होना अनिवार्य होगा। बीते साल के खर्चों का समायोजन उसी वित्त वर्ष में होगा और डिस्ट्रिब्यूशन व सप्लाई टैरिफ को अलग-अलग दिखाया जाएगा। नियामकीय प्रक्रिया को 120 दिनों के भीतर पूरा करने की व्यवस्था का भी प्रस्ताव है। पॉलिसी के मुताबिक, वित्तीय साल 27 से बिजली दरें पूरी तरह लागत आधारित होंगी और रेगुलेटरी एसेट बनाने से बचा जाएगा। अगर राज्य नियामक आयोग समय पर टैरिफ तय नहीं करता है, तब दरों में ऑटोमैटिक सालाना संशोधन लागू हो सकेगा। इसके अलावा, बिजली खरीद लागत में बढ़ोतरी को हर महीने सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाने और कीमतों में उतार-चढ़ाव को संभालने के लिए स्टेबलाइजेशन फंड बनाने का सुझाव दिया गया है।

# चीन को लेकर भारत के रुख में नरमी के संकेत

**नई दिल्ली।**

करीब पांच वर्ष पहले गलवान घाटी की घटना के बाद भारत सरकार ने चीन के प्रति सख्त रुख दिखाया था। चीनी कंपनियों के निवेश, सरकारी खरीद और उत्पादों पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए, साथ ही देशभर में चीनी सामान के बहिष्कार किया गया। लेकिन बदलते वैश्विक राजनीतिक समीकरणों के बाद मोदी सरकार चीन को लेकर अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करती नजर आ रही है।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, वर्ष 2020 के बाद चीनी कंपनियों की भारत में निवेश और सरकारी टेंडरों में भागीदारी पर कई स्तरों पर रोक लगी थी। अब यह समझ बन रही है कि यदि कोई निवेश देश में रोजगार सृजन करता है और घरेलू उत्पादन क्षमता को मजबूत करता है, तब उस निवेश को प्रोत्साहन मिलना चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार राष्ट्रवादी भावनाओं के बजाय अब आर्थिक लाभ और व्यावहारिक जरूरतों को महत्व दे रही है। हालांकि टेलीकॉम, रक्षा और रणनीतिक बुनियादी ढांचे जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध फिलहाल जारी रहेगा।

मोदी सरकार इसतरह के निवेश पर फोकस कर सकती है जो तकनीक हस्तांतरण के साथ बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराएं। नीति-निर्माताओं का मानना है कि निवेश को निवेशक की राष्ट्रीयता के बजाय उसकी गुणवत्ता और परियोजना की उपयोगिता के आधार पर आंका चाहिए। इसी दिशा में गैर-रणनीतिक क्षेत्रों में चीनी कंपनियों को सरकारी खरीद में सीमित अनुमति देने पर भी विचार हो रहा है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) से जुड़े नियमों में भी आंशिक ढील की संभावना है। कड़ी जांच प्रक्रिया को कुछ क्षेत्रों, जैसे रिन्यूएबल एनर्जी और मैन्युफैक्चरिंग, में आसान किया जा सकता है। केंद्र सरकार का तर्क है कि यदि वस्तुओं का निर्माण देश में संभव है, तब विदेशी पूंजी और तकनीक के जरिए रोजगार बढ़ाया जाना चाहिए।

# कमजोर डॉलर और ग्रीनलैंड संकट ने आसमान पर पहुंचाए दाम

## सोना पहली बार 1.5 लाख पार, चांदी 10 हजार बढ़कर 3.20 लाख पर पहुंची

**सोने-चांदी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड!**

**नई दिल्ली।**


सोने और चांदी की कीमतें ताजा रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गईं। कमजोर अमेरिकी डॉलर और ग्रीनलैंड संकट पर बढ़ते तनाव के बीच मजबूत सेफ-हेवन मांग से दोनों महंगी धातुओं के दाम में जमकर इजाफा हुआ। जापानी सरकारी बांडों में मंदी से अतिरिक्त समर्थन मिला। बुधवार को 10 ग्राम सोने की कीमत 151,575 पर खुली जबकि पिछले सत्र में यह 150,565 थी। कीमती धातु आज 153,831 प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। बुधवार को एमसीएक्स पर 1 किलोग्राम चांदी की कीमत 322,566 से शुरू हुई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 323,672 थी। सफेद धातु आज 1 किलोग्राम के लिए 326,487 की नई सर्वकालिक ऊंचाई पर पहुंच गई। अगर अमेरिकी टैरिफ और मध्य पूर्व में तनाव और बढ़ता है, तो सोना 2026 के मध्य तक 1,90,000 के स्तर को छू सकता है।

**ग्लोबल टेंशन और ग्रीनलैंड विवाद**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की जिद और इस मुद्दे पर यूरोपीय देशों को टैरिफ की धमकी ने वैश्विक बाजारों बाजारों अस्थिरता बढ़ गई है। जब भी दुनिया में ट्रेड वॉर का खतरा बढ़ता है, निवेशक शेयर बाजार से पैसा निकालकर सुरक्षित निवेश यानी सोने की ओर भागते हैं।

**रुपए की रिकॉर्ड कमजोरी**

भारत में सोने की कीमत केवल वैश्विक दरों पर नहीं, बल्कि डॉलर-रुपया एक्सचेंज रेट पर भी निर्भर करती है। आज रुपया डॉलर के मुकाबले 91.10 के ऑल-टाइम लो पर है। एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी के अनुसार, रुपए की कमजोरी की वजह से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खरीदे जाने वाले सोने की लैंडिंग कॉस्ट भारत में बहुत महंगी हो गई है, जिससे घरेलू बाजार में कीमतें 1.5 लाख के पार निकल गईं।



**सेंट्रल बैंकों की भारी खरीदारी**

दुनिया भर के केंद्रीय बैंक (जैसे भारत का आरबीआई) अपने विदेशी मुद्रा भंडार को सुरक्षित रखने के लिए सोने का स्टॉक बढ़ा रहे हैं।

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के आंकड़ों के अनुसार, 2025 में रिकॉर्ड खरीदारी के बाद 2026 की शुरुआत में भी सेंट्रल बैंकों की मांग मजबूत बनी हुई है, जिससे सप्लाई कम और डिमांड ज्यादा होने के कारण कीमतें बढ़ रही हैं।

# निफ्टी का रुझान कमजोर, गोल्ड ईटीएफ में खरीदारी की दी सलाह जो मजबूत तेजी में है

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में कमजोरी के संकेत और गहरे होते नजर आ रहे हैं। कारोबारी सत्र के दौरान निफ्टी इंडेक्स ने 25,473 के अहम स्तर को मजबूती से तोड़ दिया, जिसे तकनीकी रूप से एक बड़ा सपोर्ट माना जा रहा था। अब निफ्टी 200 दिन के मूविंग एवरेज के बेहद करीब पहुंच गया है, जो करीब 25,160 से 25,113 के बीच है। यह स्तर फिलहाल आखिरी बड़ा तकनीकी सहारा माना जा रहा है। एचडीएफसी सिक्यूरिटीज के सीनियर टेक्निकल और डेरिवेटिव एनालिस्ट के मुताबिक सभी टाइम फ्रेम पर निफ्टी का रुझान कमजोर बना हुआ है। अगर इंडेक्स 200डीएमए के नीचे चला जाता है, तो इसमें और बिकवाली देखने को मिल सकती है और निफ्टी 24,800 से 24,900 के स्तर तक जा सकता है। वहीं, अगर बाजार में थोड़ी रिकवरी आती है, तो 25,470 से 25,500 का दायरा अब रेजिस्टेंस के तौर पर काम करेगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा बाजार हालात में गोल्ड एक सुरक्षित विकल्प के तौर पर उभर रहा है। उन्होंने एसबीआई गोल्ड ईटीएफ में खरीदारी की सलाह दी है। यह ईटीएफ इस समय मजबूत तेजी में है और सभी अहम मूविंग एवरेज के ऊपर ट्रेड कर रहा है। इसके साथ ही वॉल्यूम में भी बढ़ोतरी देखने को मिली। उनका कहना है कि बीते डेढ़ साल से गोल्ड एसेट क्लास लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। गोल्ड ईटीएफ में 129.58 के आसपास खरीदारी की सलाह दी गई है। इसमें स्टॉप लॉस 125 रखा गया है, जबकि ऊपर की ओर 136 का लक्ष्य बताया गया है। फिन निफ्टी इंडेक्स को लेकर एक्सपर्ट ने सावधानी बरतने की सलाह दी है। विनय रजानी के मुताबिक फिन निफ्टी ने डेली चार्ट पर एक बेयरिश हेड एंड शोल्डर पैटर्न से ब्रेकडाउन दिया है, जो कमजोरी का संकेत है। इसके साथ ही इंडेक्स ने 50 डीईएमए का सपोर्ट भी तोड़ दिया है और इस गिरावट के दौरान वॉल्यूम ज्यादा रहा है, जिससे कमजोरी की पुष्टि होती है। उन्होंने फिन निफ्टी जनवरी फ्यूचर्स में 27,200 के स्तर पर बिकवाली की सलाह दी है। इसमें 27,350 का स्टॉप लॉस रखने को कहा गया है, जबकि गिरावट में 27,000 का लक्ष्य दिया गया है।

# भारत पर लगे 50 फीसदी टैरिफ की कीमत अमेरिकी खरीदारों ने चुकाई

**-भारतीय निर्यातकों ने अमेरिका भेजे जाने वाले सामान की मात्रा घटाई**

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने जब भारत से आने वाले सामान पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया, तो माना जा रहा था कि भारतीय निर्यातक दबाव में कीमतें घटा देंगे, लेकिन यह गलत साबित हुआ। भारतीय निर्यातकों ने अपने दाम जस के तस रखे। घाटा उठाने के बजाय उन्होंने अमेरिका को भेजे जाने वाले सामान की मात्रा ही कम कर दी। जर्मनी की नई रिसर्च बताती है कि अमेरिका जाने वाला भारतीय निर्यात 18 से 24 फीसदी तक घट गया। इसके उलट यूरोप, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे दूसरे बाजारों में भारतीय निर्यात पर टैरिफ की मार नहीं पड़ी। इससे यह साफ हो गया कि टैरिफ का असर कीमतों पर नहीं बल्कि व्यापार की मात्रा पर पड़ा। रिसर्च में सबसे अहम सुराग कीमतों से मिला। अगर भारतीय निर्यातक टैरिफ का बोझ खुद उठा रहे होते, तो अमेरिका भेजे गए सामान के दाम दूसरे देशों के मुकाबले गिरते, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अमेरिका और यूरोपीय संघ, कनाडा व ऑस्ट्रेलिया को भेजे गए भारतीय सामान के दाम करीब एक जैसे रहे। इसका मतलब साफ है कि टैरिफ की कीमत अमेरिकी खरीदारों ने चुकाई। हालांकि यह तस्वीर भारत को राहत देने वाली नहीं है। दिसंबर में अमेरिका को भारत का निर्यात साल दर साल 1.83 फीसदी घटकर 6.88 अरब डॉलर रह गया। इससे भी बड़ा झटका जेम्स और ज्वैलरी सेक्टर को लगा, जहां अप्रैल से दिसंबर के बीच निर्यात 44 फीसदी से ज्यादा टूट गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कील इंस्टीट्यूट ने जनवरी 2024 से नवंबर 2025 के बीच दुनिया भर के 2.5 करोड़ से ज्यादा व्यापारिक सौदों और करीब 4 ट्रिलियन डॉलर के कारोबार का विश्लेषण किया। अध्ययन में सामने आया कि वैश्विक स्तर पर लगाए गए टैरिफ का सिर्फ 4 फीसदी बोझ निर्यातकों ने झेला, जबकि पूरे 96 फीसदी की कीमत अमेरिकी नागरिकों को चुकानी पड़ी।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

## सेंसेक्स 270, निफ्टी 75 अंक गिरा

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही अमेरिकी सरकार के ग्रीनलैंड को लेकर यूरोप से टकराव की आशंका से भी आई है। इससे घरेलू बाजार पर दबाव पड़ा है क्योंकि निवेशकों ने दूरी बरतना जारी रखा है। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 270.84 अंक टूटकर 81,909.63 और 50 शेयरों पर आधारित निफ्टी 75 अंक नीचे आकर 25,157.50 पर बंद हुआ। कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, डिफेंस, पीएसयू बैंक और फाइनेंशियल सर्विसेज इंडेक्स के शेयर नीचे आये। इन सभी में 1.66 फीसदी की गिरावट रहीं। वहीं दूसरी ओर धातु, ऑयलएंडगैस, इन्फ्रा, एनर्जी और कमोडिटीज के शेयरों में खरीददारी हावी रही। आज लार्जकैप की जगह पर मिडकैप और स्मॉलकैप में अधिक बिकवाली रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 661.70 अंक नीचे आकर 57,423.65 और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 149.85 अंक नीचे आकर 16,551.20 पर रहा। सेंसेक्स पैक में अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडिगो, अदाणी पोर्ट्स, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, टीसीएस, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा और बजाज फाइनेंस के शेयर लाभ में रहे जबकि आईसीआईसीआई बैंक, ट्रेंट, बीईएल, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी, एसबीआई, मारुति सुजुकी और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर गिरे। बाजार में बिकवाली का दबाव काफी बढ़ गया । बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में बढ़ने वाले शेयरों की संख्या 1,437 और गिरने वाले शेयरों की संख्या 2,831 और 137 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए।।



इससे पहले आज सुबह गिरावट पर खुला। सुबह सेंसेक्स 81,794 अंक पर खुला। सुबह यह 92.99 अंक बढ़कर 82,273.46 अंक पर कारोबार कर रहा था। वहीं इसी तरह निफ्टी भी 25,141 अंक पर खुला। शुरुआत में ये 4.20 अंक की गिरावट के साथ 25,228.30 पर था। वहीं दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजार में गिरावट में रहे। इसकी कारण ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका द्वारा यूरोपीय देशों को दी गई धमकी है। इससे जापान का निक्केई इंडेक्स 0.35 फीसदी टूटा। अमेरिका ने आठ यूरोपीय देशों पर 10 फीसदी टैरिफ लगाया है, जो 1 फरवरी से लागू होगा और अगर ये ग्रीनलैंड मामले में विरोध करते रहे तो ये जून में बढ़कर 25 फीसदी हो जाएगा। वॉल स्ट्रीट में भी गिरावट रही। बाजार में उतार-चढ़ाव नवंबर के बाद सबसे ज्यादा स्तर पर पहुंच गया। एसएंडपी 500 और नैस्डैक दोनों इंडेक्स 2 फीसदी से ज्यादा टूटकर बंद हुए। अब सभी की नजरे दावोस में हो रहे वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम पर है। यहां दुनिया भर के नेताओं ने अमेरिका का विरोध किया है।

# जियो की लिस्टिंग और रिटेल कारोबार में तेजी से कंपनी को सपोर्ट मिलेगा

**-ब्रोकरेज ने स्टॉक पर टारगेट प्राइस बढ़ाया, मिल सकता है 30 फीसदी का रिटर्न**

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयरों में मंगलवार को गिरावट देखने को मिली। तेल से लेकर रिटेल सेक्टर की कंपनी के शेयर बीएसई पर 1.4 फीसदी गिरकर 1391 रुपए पर बंद हुए। यह सेंसेक्स के सबसे ज्यादा गिरावट में रहने वाले शेयरों में शामिल रहा और इंडेक्स के सबसे बड़े नेगेटिव कंट्रीब्यूटर में से एक रहा। शेयर में जारी उतार-चढ़ाव के बीच ब्रोकरेज हाउस सीएलएसए ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर पर बुलिश आउटलुक दिया है। ब्रोकरेज का कहना है कि जियो की लिस्टिंग और रिटेल कारोबार में तेजी से कंपनी को सपोर्ट मिलेगा। सीएलएसए ने रिलायंस इंडस्ट्रीज पर बाय' की रेटिंग को बरकरार रखा है। ब्रोकरेज ने स्टॉक पर टारगेट प्राइस बढ़ाकर 1800 रुपए कर दिया है। इस तरह मौजूदा भाव से करीब 30 फीसदी का रिटर्न दे सकता है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर मंगलवार को 1393 रुपए पर बंद हुए थे। ब्रोकरेज ने रिपोर्ट में कहा है कि जियो की लिस्टिंग साल 2026 के मध्य तक हो सकती है और यह इस साल कंपनी के लिए एक अहम घटना साबित होगी। ब्रोकरेज के मुताबिक मार्च 2027 तक रिलायंस के दूरसंचार कारोबार जियो का एंटरप्राइज वैल्यू करीब 161 अरब डॉलर आंका गया है। वहीं मार्च 2028 तक यह बढ़कर 190 अरब डॉलर हो सकता है। यह वैल्यूएशन वैश्विक कंपनियों की तुलना में 15 फीसदी प्रीमियम पर किया गया है, जिसमें फ्री कैश फ्लो को मुख्य आधार माना गया है। हालांकि ब्रोकरेज ने नए एनर्जी बिजनेस के लिए अपने मल्टिपल घटा दिए हैं। साथ ही रिटेल कारोबार के वैल्यूएशन में भी कटौती की है, जिसे दो साल पहले हुई हिस्सेदारी बिक्री के इक्विटी मूल्य से करीब 10 फीसदी कम माना गया है। ब्रोकरेज का कहना है कि क्विक कॉमर्स, एफएमसीजी और मीडिया कारोबार में संभावित बढ़त से भी कंपनी को अतिरिक्त मूल्य मिल सकता है। रिलायंस इंडस्ट्रीज का अक्टूबर-दिसंबर अवधि में कंपनी का नेट प्रॉफिट 18,645 करोड़ रहा, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 18,540 करोड़ था। एक्सचेंज फाइलिंग में कंपनी ने बताया कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में उसका ऑपरेशन से रेवेन्यू बढ़कर 2.69 लाख करोड़ रुपए हो गया, जो अक्टूबर-दिसंबर 2024 में 2.43 लाख करोड़ रुपए था। रिलायंस इंडस्ट्रीज की टेलीकॉम और डिजिटल इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स ने दिसंबर तिमाही में मजबूत प्रदर्शन किया है। कंपनी ने बताया था कि बीते साल की समान तिमाही के मुकाबले उसका कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट 11.3 फीसदी बढ़कर 7,629 करोड़ रुपए पहुंच गया।

# रुपया डॉलर के मुकाबले फिर धड़ाम, 76 पैसे गिरकर सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंचा

**डॉलर के मुकाबले 91.73 पर पहुंचा रुपया**

**नई दिल्ली।**

वैश्विक बाजारों में सतर्कता और डॉलर की मजबूत मांग के बीच बुधवार को भारतीय रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले तेज गिरावट के साथ रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 76 पैसे गिरकर सर्वकालिक निचले स्तर 91.73 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा व्यापारियों का कहना है कि रुपये ने 16 दिसंबर, 2025 को अपना अब तक का सबसे निचला स्तर 91.14 दर्ज किया था और इस महीने अब तक स्थानीय मुद्रा में 1.50 प्रतिशत की गिरावट आई है।

फॉरेक्स कारोबारियों के अनुसार, बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितता और अमेरिका से मिल रहे विस्तारवादी संकेतों के चलते निवेशकों में जोखिम से बचने का रुख बढ़ा है। इसका दबाव उभरती अर्थव्यवस्थाओं की मुद्राओं पर बना हुआ है, जिसमें भारतीय रुपया भी शामिल है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में, रुपया 91.05 पर खुला और डॉलर के मुकाबले दिन के निचले स्तर 91.74 तक गिर गया। मंगलवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 7 पैसे गिरकर रिकॉर्ड निचले स्तर 90.97 पर बंद हुआ।

रुपया क्यों हो रहा कमजोर?

सीआर फॉरेक्स एडवाइजर्स के एमडी अमित पबारी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा व्यापार युद्ध की बयानबाजी को फिर से शुरू करने और ग्रीनलैंड पर अपना दबाव बढ़ाने से बाजार पहले से ही अस्थिर थे।

अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड चार महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जबकि डॉलर लगातार दूसरे दिन कमजोर हुआ। यह इस बात का संकेत है कि निवेशक न केवल जोखिम बल्कि दिशा पर भी सवाल उठा रहे हैं। पबारी ने आगे कहा कि लगातार वैश्विक बेचैनी, साथ ही 91.07 से ऊपर लगातार गिरावट, धीरे-धीरे 91.70-92.00 क्षेत्र की ओर द्वार खोल सकती है, जब तक कि आरबीआई के सक्रिय हस्तक्षेप द्वारा इसे रोका न जाए। उन्होंने कहा कि नकारात्मक गिरावट की ओर देखें तो, किसी भी सुधारात्मक गिरावट को 90.30-90.50 के दायरे में पहला समर्थन मिलने की संभावना है। इस बीच, डॉलर सूचकांक, जो छह मुद्राओं की एक टोकरी के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापता है, 0.02 प्रतिशत गिरकर 98.61 पर कारोबार कर रहा था।

# कच्चे तेल की कीमतों में बदलाव से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आया फर्क

**नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल क्रूड की कीमतों में आये बदलाव से देश भर में पेट्रोल डीजल की कीमतों पर भी प्रभाव पड़ा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 64 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गयी हैं जिससे घरेल बाजार में भी पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर असर पड़ा है। इससे यूपी के गौतमबुद्ध नगर जिले में पेट्रोल की कीमतें 14 पैसे बढीं हैं जिससे ये 94.88 रुपये लीटर पहुंच गया। वहीं डीजल की कीमतों में भी 17 पैसे की बढ़त रही जिससे ये 87.98 रुपये लीटर पहुंच गया है। वहीं गाजियाबाद में पेट्रोल की कीमतें 12 पैसे कम हुई हैं जिससे ये 94.58 रुपये प्रति लीटर और डीजल 14 पैसे सस्ता होने के बाद 87.67 रुपये लीटर आ गया जबकि बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल की कीमतें 20 पैसे बढ़ी जिससे ये 105.73 रुपये लीटर पहुंच गया है। दूसरी ओर डीजल की कीमतें 19 पैसे बढ़ी हैं जिससे ये 91.96 रुपये लीटर आ गयी हैं कच्चे तेल की कीमतों में पिछले 24 घंटे में गिरावट रही है। ब्रेंट क्रूड का भाव 0.83 डॉलर गिरकर 64.09 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। वहीं डब्ल्यूटीआई का भाव करीब 0.90 डॉलर बढ़त के साथ 60.34 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। चारों महानगरों की बात करें तो दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर। मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर।

# 86वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन संपन्न, मुख्यमंत्री योगी ने सदन को बताया समग्र विकास का मंच

देश की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक संस्था भारतीय संसद दुनिया के लिए प्रेरणा- योगी आदित्यनाथ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लखनऊ, 21 जनवरी (वेब वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत दुनिया के लोकतंत्र की जननी है और यहां प्राचीन काल गांवों में पंच की व्यवस्था लोकतंत्र का हिस्सा थी और आज देश की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक संस्था भारतीय संसद दुनिया के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि आम लोगों को न्याय देने के लिए कानून भी विधायिका बनाती है और विकास की योजनाएं भी इसी सदन में बनती हैं। इसलिए सदन समग्र विकास का मंच होता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा में आयोजित तीन दिवसीय 86वें पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। समापन समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश, उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, उत्तरप्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह मंचस्थ रहे।

समापन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मेलन की मेजबानी का मौका उत्तर प्रदेश विधानसभा को देने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सदन समग्र विकास का मंच होते हैं और इस मंच का उपयोग कैसे और कहां करना है, यह पीठ को तय करना है । भारतीय संविधान की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भारत में लोकतंत्र की जड़ें बहुत मजबूत है और दुनिया में सबसे पुराना लोकतंत्र भारत का है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वराज की अवधारणा गांवों की इसी व्यवस्था में निहित है।

**सबसे बड़ी लोकतांत्रिक संस्था है संसद**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति ने संसद के नियम और परिनियम समझ लिए तो उसे विधानसभा चलाने में कोई दिक्कत नहीं आएगी। संसद में कैसे सवाल आते हैं और किस प्रकार से जवाब दिए जाते हैं। यह सब आसानी से सीखा जा सकता है। अपने सांसद के कार्यकाल को याद करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमने बहुत सीखा है और उससे कार्य करने में बड़ी मदद मिली है। उत्तर प्रदेश की विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व विधान परिषद सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह बहुत ही अच्छे तरीके से सदन चलाते हैं। विपक्ष को भरपूर मौका मिलता है। यहां सदन का समय बर्बाद नहीं होता है और विपक्ष को पूरा समय मिलता है और मंत्री और प्रश्नकर्ता भी पूरी तैयार से आते हैं।

**चुनौतियों के बीच तकनीक को अपनाना होगा**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पहले के मुकाबले अब तरह तरह की चुनौतियां आ रही हैं। इन्हीं चुनौतियों के बीच हमें तकनीक को अपनाते हुए सदन चलाना होगा। उन्होंने प्रसन्नता जताई कि उत्तर प्रदेश विधानसभा और परिषद में पेपरलेस है। कैबिनेट भी पेपरलेस और बजट तक पेपरलेस है। इस पेपरलेस व्यवस्था से हजारों वनस्पतियां कटने से बची और प्रकृति का संरक्षण किया जा रहा है।

**ज्वलंत मुद्दों को सदन में उठाएं जनप्रतिनिधि**

उन्होंने पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में सदन की न्यूनतम 30 दिन की बैठकें आयोजित करने के प्रस्ताव की सराहना की। उन्होंने कहा कि सदन में समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज उठनी चाहिए। समाज के कल्याणकारी योजनाओं बननी चाहिए और जनप्रतिनधियों को चाहिए कि वे ज्वलंत मुद्दों को उठाएं और उनका निराकरण कराएं।

**उप्र विधानसभा में चर्चा की रहती है होड़**

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा और विधान परिषद में चर्चा के लिए होड़ लगी रहती है। यहां विकसित भारत को लेकर 24 घंटे सार्थक चर्चा हुई और रात 11 बजे तक लगभग 300 प्रतिनिधि इस चर्चा में शामिल रहे। स्थिति यह रहती है कि सदस्य लंच से ज्यादा चर्चा के लिए उत्सुक रहते हैं। पीठ पक्ष और विपक्ष को भरपूर समय देती है और हम इस चर्चा में आए सुझावों सदस्यों के अनुभवों को प्रदेश के विकास की योजनाओं में शामिल करते हैं।

**सम्मेलन ने विकसित भारत की संकल्पना को सार्थक बनाया**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन महत्वपूर्ण है। उत्तर प्रदेश भी पूरी तरह से तैयार है। विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश और आत्मनिर्भर भारत और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। सरकार ने उत्तर प्रदेश के विकसित उत्तर प्रदेश के लिए प्रदेश के सभी लोगों से सुझाव मांगे हैं और लगभग 98 लाख सुझाव प्राप्त हुए हैं। इन सुझावों को श्रेणीवार तैयार किया जा रहा है। प्रत्येक जिले के लिए एक कमेटी बनाई गई है। प्रदेश के पूर्व नौकरशाह, शिक्षाविद और युवाओं की एक कमेटी इस दिशा में बेहतर काम कर रही है। इन सुझावों को विजन डाक्यूमेंट का हिस्सा बनाएंगे और स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष तक इस पर अमल में लाएंगे।




**सदन में नारेबाजी व प्रदर्शन की जगह नहीं: लोकसभा अध्यक्ष**

समापन समारोह में इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से कहा कि सदन का हर समय कीमती होता है। इसलिए सदन के अंदर सहमति -असहमति के लिए जगह है, लेकिन गतिरोध के लिए बिल्कुल जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार के प्रदर्शन के लिए भी सदन नहीं है। अगर किसी सदस्य को करना है तो राजनीतिक प्रदर्शन सदन के बजाए बाहर करें। ताकि शासन की पारदर्शिता हो सके। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि हम सब पीठासीन अधिकारी हैं और हमारी जवाबदेही है। उन्होंने आशा जताई कि दो दिन की चर्चा के बाद हम आगे बढ़ेंगे। हमारी कोशिश होगी कि जनता का संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा बढ़े। सम्मेलन को राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने भी संबोधित किया। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए सभी प्रतिनिधियों को सहयोग के लिए आभार जताया। कहा कि अगर कोई त्रुटि हुई हो तो वे स्वयं जिम्मेदार हैं । उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने मंचस्थ अतिथियों और देश के विभिन्न राज्यों से आए पीठासीन अधिकारियों के प्रति आभार जताया। अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के समापन समारोह में पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के साथ कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस सम्मेलन में 28 राज्यों, तीन केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं और छह विधान परिषदों के पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया। समापन के बाद सभी प्रतिनिधियों का अयोध्या भ्रमण व श्रीराम लला के दर्शन का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

## CP 67 में हुआ पंजाबी फिल्म 'बेबे मैं बदमाश बनूंगा' का ट्रेलर लॉन्च



अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह/ चंडीगढ़- सेक्टर-67 स्थित छ्क67 मॉल में पंजाबी फिल्म 'बेबे मैं बदमाश बनूंगा' का ट्रेलर भव्य आयोजन के बीच लॉन्च किया गया। ट्रेलर लॉन्च के साथ ही फिल्म की थीम और टैगलाइन – 'चढ़ती उम्र में एक कीड़ा बहुत तंग करता है, वह है बदमाशी का' – ने दर्शकों के बीच खास चर्चा बटोरी। पंजाबी के साथ-साथ हिंदी फिल्म उद्योग में भी अपनी अलग पहचान बना चुके बहुमुखी अभिनेता जगजीत संधू इस फिल्म के जरिए एक बार फिर बिल्कुल अलग और चुनौतीपूर्ण भूमिका में नजर आने जा रहे हैं। ट्रेलर में उनके किरदार की झलक ने दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। फिल्म का निर्माण फाइडे रश मोशन पिक्चर्स और जगजीत संधू फिल्म्स के संयुक्त बैनर तले किया गया है। इसका लेखन एवं निर्देशन सुखमंदर धंजल ने किया है, जो इससे पहले कई चर्चित और सफल फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। फिल्म की कहानी किशोरावस्था और युवावस्था में पनपने वाली उस मानसिकता पर केंद्रित है, जहां 'बदमाशी' एक आकर्षण बन जाती है। इस सोच के सामाजिक और व्यक्तिगत प्रभावों को मनोरंजक अंदाज़ में प्रस्तुत किया गया है। फिल्म में जगजीत संधू के साथ चर्चित मॉडल व अभिनेत्री अवीरा सिंह मेसन भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। ट्रेलर लॉन्च के दौरान मौजूद दर्शकों और मीडिया ने फिल्म के कंटेंट और प्रस्तुति की सराहना की। निर्माता आर रूपाली गुप्ता व जगजीत संधु के अनुसार, 'बेबे मैं बदमाश बनूंगा' युवाओं से जुड़े एक संवेदनशील विषय को मनोरंजन के साथ प्रभावशाली संदेश के रूप में पेश करेगी और जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

## दिल्ली विंढमगंज रेलवे स्टेशन पर दो ट्रेनों के ठहराव को लेकर चेयरमैन रेलवे बोर्ड से की मुलाकात



अर्थ प्रकाश /अनिल गुप्ता / दिल्ली । भूतपूर्व सांसद राज्यसभा श्री राम शकल एवं क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं सीईओ श्री सतीश कुमार से कल मुलाकात कर सोनभद्र जनपद के विंढमगंज रेलवे स्टेशन पर रांची चोपन एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 18631/18632 एवं स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12873/12874 दो ट्रेनों के ठहराव की मांग रखी। उन्होंने अवगत कराया कि करोना से पहले इन दोनों ट्रेनों का ठहराव विंढमगंज रेलवे स्टेशन पर होता था, लेकिन करोना महामारी के समय इन ट्रेनों ठहराव बंद कर दिया था। पूर्व राज्यसभा सांसद ने एक पत्र सौंपकर उल्लेखित किया कि विंढमगंज रेलवे स्टेशन उत्तर प्रदेश एवं झारखंड की सीमा पर स्थित है जो दोनों राज्यों के रेल यात्री इस रेलवे स्टेशन से यात्रा करते हैं। यह रेलवे स्टेशन चार थाना क्षेत्र से भी घिरा हुआ है जो सुरक्षा की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण स्टेशन है। ट्रेनों का ठहराव कराया जाना बहुत आवश्यक है। चेयरमैन ने दोनों ट्रेनों के शीघ्र ठहराव प्रारंभ कराये जाने का आश्वासन दिया। इसके अतिरिक्त श्री गौतम ने सोनभद्र-सुकृत -अहरौरा दीनदयाल उपाध्याय नगर लंबाई 70 किलोमीटर एवं रेणुकूट-अंबिकापुर लंबाई 140 किलोमीटर नई रेल परियोजनायें जिनकी की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट रेलवे बोर्ड में संबंधित रेलवे जोनों द्वारा जमा की जा चुकी है। इन दोनों परियोजनाओं हेतु रेल मंत्रालय द्वारा धनराशि स्वीकृत किए जाने की भी मांग रखी।

## चैम्बर ने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति के लिये प्रति वर्ष कम से कम 10 प्रतिशत रेलवे ट्रैक का विस्तार करने का अनुरोध

अर्थ प्रकाश /पटना, । बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं रेलवे बोर्ड के सदस्य (इन्फ्रास्ट्रक्चर) को पत्र लिखकर मांग की है कि देश में रेलवे ट्रैक की लंबाई में तेज़ी से वृद्धि किया जाना चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### भारतीय जनता पार्टी के नये अध्यक्ष श्री नितिन नवीन जी पद भार ग्रहण करने पर न्यू चंडीगढ़ इलाके के युवा भाजपा नेता जगतार सिंह सिद्धू ने खुशी जताई

अर्थ प्रकाश / जे के बत्ता न्यू चंडीगढ। भारतीय जनता पार्टी के न्यू चंडीगढ़ इलाके के युवा नेता जगतार सिंह सिद्धू ने बातचीत के दौरान श्री नितिन नवीन को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी जताई और



कहा कि केंद्र में भाजपा की अगुवाई वाली सरकार देश को खुशहाली और तरक्की की ओर ले गई है, जिसकी वजह से पंजाब में भारतीय जनता पार्टी का बड़े पैमाने पर विस्तार हुआ है और बड़े राजनीतिक नेता भारतीय जनता पार्टी में खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं और ऐसे कई और चेहरे हैं जो भाजपा में शामिल होने के लिए तैयार हैं। पार्टी हाईकमान की युवाओं को राजनीति में लाने की कोशिशें एक अच्छा संकेत हैं, जबकि कांग्रेस और दूसरी पार्टियों में भाई-भतीजावाद की राजनीति आम है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान देती है। उन्होंने कहा कि भाजपा पंजाब के लोगों की पसंद बन गई है, क्योंकि देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा अच्छा काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी आने वाले समय में बड़े पैमाने पर जीतेगी और पंजाब में अपनी सरकार बनाएगी।

### मप्र के इंदौर में दूषित पानी से एक और मौत, मृतकों की संख्या बढ़कर 25 हुई

अर्थ प्रकाश/ इंदौर। मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से एक और मौत हो गई है। भागीरथपुरा के रहने वाले हेमंत गायकवाड़ (51) का अरविंदो अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां बुधवार तड़के करीब तीन बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके बाद क्षेत्र में दूषित पानी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 25 हो गई है। परिजनों के अनुसार, हेमंत परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। ई-रिक्शा चलाकर वह अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनकी चार बेटियां- रिया (21), जिया (20), खुशबू (16) और मनाली (12) हैं। बेटी जिया ने बताया कि पिताजी को उल्टी दस्त के कारण पहले 24 दिसंबर को वर्मा नर्सिंग होम में भर्ती किया था। इसके बाद 28 दिसंबर को उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया था, लेकिन घर पर उनकी तबीयत फिर से खराब हो गई और 8 जनवरी को अरविंदो अस्पताल में भर्ती किया गया था। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, उन्हें सेल कार्सिनोमा नामक कैंसर और किडनी की बीमारी थी, लेकिन उल्टी दस्त के कारण भर्ती किया गया था। इसके बाद उनकी हालत खराब होती गई। कई दिनों तक चले इलाज के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। इंदौर में हुई इस मौत के बाद मृतकों का आंकड़ा 25 पहुंच गया है। मृतकों में उर्मिला यादव (60), नंदलाल पाल (75), उमा कोरी (31), मंजूला (74), ताराबाई कोरी (70), गोमती रावत (50), सीमा प्रजापत (50) जीवन लाल बरेडे (80), अव्यान साहू (5 माह), शंकर भाया (70), संतोष बिगोलिया, अरविंद लखर, गीताबाई, अशोक लाल पंवार, ओमप्रकाश शर्मा, हरकुंवर बाई, रामकली, सुमित्रा बाई, श्रवण खुपराव, हीरालाल, सुनीता वर्मा, कमला बाई, भगवानदास, शुभद्राबाई (78) और हेमंत गायकवाड़ (51) शामिल हैं। जिला प्रशासन का कहना है कि भागीरथपुरा क्षेत्र में जलजनित घटना के उपरांत की गई त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के परिणामस्वरूप क्षेत्र में स्थिति तेजी से सामान्य हो रही है। ओपीडी में मरीजों की संख्या में कमी आई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि क्षेत्र में मरीजों की संख्या लगातार घट रही है। मंगलवार को भागीरथपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी में 122 मरीज पहुंचे थे, जिसमें से डायरिया के तीन मरीज थे। अस्पतालों में अब तक कुल 449 मरीज भर्ती किए जा चुके हैं, जिसमें से 433 स्वस्थ होकर अपने घरों को लौट गए हैं। फिलहाल 09 मरीज अभी भी वार्ड में भर्ती हैं और 07 आईसीयू में उपचारत हैं। उन्होंने बताया कि कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार क्षेत्र में 02 एम्बुलेंस लगाई गई हैं। साथ ही चिकित्सकों की ड्यूटी क्षेत्र में लगाई गई है। मरीजों को एमवाय चिकित्सालय, अरविंदों अस्पताल तथा बच्चों को चाचा नेहरु अस्पताल में रेफर करने की व्यवस्था की गई है। इन अस्पतालों को नि:शुल्क उपचार, जांच एवं औषधि हेतु निर्देशित किया गया है।

# आदर्श है यूपी विजन डॉक्यूमेंट : हरिवंश

86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का समापन

सतीश महाना ने कहा, सीएम योगी ने अनुशासन व जनता के साथ निरंतर संवाद से बदलते उत्तर प्रदेश की छाप देश के सामने रखी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लखनऊ, 21 जनवरी** - देशभर की विधायी संस्थाओं के अनुभव, संवाद और संकल्प का केंद्र बने 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का समापन लखनऊ में गरिमामय वातावरण में हुआ। समापन समारोह में लोकतंत्र की मजबूती, जनहित की सर्वोच्चता और बदले हुए उत्तर प्रदेश की प्रशासनिक पहचान प्रमुख रूप से उभरकर सामने आई। इस अवसर पर राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने उत्तर प्रदेश के विजन 2047 डॉक्यूमेंट की जमकर तारीफ की और इसे सबके लिए प्रेरणादायी बताया। यूपी विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने भी कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने त्याग, अनुशासन और जनता के साथ निरंतर संवाद के माध्यम से बदलते उत्तर प्रदेश और सशक्त प्रशासन की स्पष्ट छाप देश के सामने रखी है।

86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने इसे एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायी आयोजन बताया। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में देशभर से आए पीठासीन अधिकारियों, विधान सभाओं और लोकसभा के पदाधिकारियों के अनुभवों एवं उनके द्वारा अपनाए गए नवाचारों से हम सभी को सीखने का अवसर मिला है, जो भविष्य में देश की संसदीय और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने में मार्गदर्शक सिद्ध होंगे। चाहे विधानमंडल हो या सरकार, हम सभी का उद्देश्य संवाद और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के माध्यम से देश के विकास में योगदान देना है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना की सराहना करते हुए कहा कि जिस तरह से उत्तर प्रदेश सरकार ने लगातार गहन विचार-विमर्श के बाद विकसित उत्तर प्रदेश-2047 का विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया, वो हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। ये विजन डॉक्यूमेंट, लोकतांत्रिक संवाद और सहभागिता के माध्यम से विकास की रूपरेखा तय करने का उत्कृष्ट उदाहरण है। राज्यसभा के उपसभापति ने कर्नाटक, मध्य प्रदेश और राजस्थान के विधानसभा अध्यक्षों के विधानसभा की कार्यवाही में विधायकों की उपस्थिति बढ़ाने और सोशल मीडिया के प्रयोग से सदन की कार्यवाही को आमजन तक पहुंचाने की पहल को अनुकरणीय बताया। साथ ही उन्होंने देश भर से आए विधानसभा अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के साझा किए अनुभवों और नवाचार पहलों को देश में संसदीय और विधायी कार्यवाही को अधिक प्रभावी बनाने के लिए मार्गदर्शक बताया।

अपने संबोधन में प्रदेश विभानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के मार्गदर्शन से सभी को संबल और दिशा मिलती है। श्री महाना ने विभिन्न राज्यों से आए पीठासीन अधिकारियों और प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि विधायिका लोकतंत्र का सबसे मजबूत स्तंभ है। यहां जनता के बीच से चुनकर आया प्रतिनिधि होता है। जनहित की बात करना, प्रदेश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाना और जनता की अपेक्षाओं को सरकार तक पहुंचाना विधायिका की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

**यहां का प्रशासनिक मॉडल और लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुभव अपने राज्य में साझा करें**

सतीश महाना ने कहा कि सम्मेलन के दौरान पीठासीन अधिकारियों की ओर से कई महत्वपूर्ण सुझाव सामने आए हैं। विगत वर्षों में सरकार ने प्रभावी ढंग से कार्य किया है। भले ही सभी का एजेंडा अलग-अलग हो, लेकिन लक्ष्य एक ही है जनहित और विकास। आप सभी के आगमन से उत्तर प्रदेश का स्वरूप पूरे देश में जाएगा। यहां की कार्यसंस्कृति, प्रशासनिक मॉडल और लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुभव आप सभी अपने-अपने प्रदेशों में साझा करें।

# यूपी ने मिटाया 'बीमारू राज्य' का दाग: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी ने दुनिया को दिखाया विकास का नया मॉडल

कायम की नई मिसाल, तस्वीर के साथ तकदीर भी बदली उत्तर प्रदेश की

कानून-व्यवस्था से बदला माहौल, माफिया और दंगों पर सख्ती ने लौटाया भरोसा

निवेश के लिए आकर्षण बना प्रदेश, डिफेंस कॉरिडोर और औद्योगिक क्लस्टर बने आधार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लखनऊ, 21 जनवरी।** हर वर्ष 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस मनाया जाता है। यह दिन केवल प्रदेश के गठन की स्मृति मात्र नहीं है, वरन यह आत्ममंथन का भी अवसर है कि उत्तर प्रदेश आज कहां खड़ा है और किस दिशा में आगे बढ़ रहा है। एक समय था जब उत्तर प्रदेश को देश के बीमारू राज्यों की श्रेणी में रखा जाता था। बदहाल कानून-व्यवस्था, कमजोर बुनियादी ढांचा, पलायन करती आबादी और निवेशकों की उदासीनता इस पहचान का सबसे बड़ा कारण थी। वर्ष 2017 में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रदेश की तस्वीर और तकदीर, दोनों में उल्लेखनीय ठोस बदलाव परिलक्षित होने लगे। जब योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री के रूप में सत्ता संभाली तब उन्हें मात्र 12.88 लाख करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश मिला था, जिसे उनकी सरकार ने अपने पौने नौ वर्षों के कार्यकाल में लगभग 31 लाख करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंचा दिया है। अब उन्होंने 2029-30 तक उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है।

**कानून-व्यवस्था से शुरुआत बदले विश्वास की बुनियाद**

सत्ता में आने के बाद योगी सरकार ने सबसे पहले अपना खास ध्यान कानून-व्यवस्था पर केंद्रित किया। संगठित अपराध, माफिया राज और दंगों की राजनीति ने उत्तर प्रदेश की छवि को लंबे समय तक हानि पहुंचाने का काम किया था। मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट संदेश दिया कि अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी, पुलिस सुधार अभियानों, संगठित अपराधियों पर कार्रवाई और माफिया की संपत्तियों की जब्ती ने अपराधियों का मनोबल तोड़ने के साथ-साथ आम नागरिकों और निवेशकों में सुरक्षा का भरोसा भी लौटाया। योगी सरकार में बड़े दंगों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया और आपराधिक घटनाओं में लगातार गिरावट दर्ज की गई। यह बदलाव सामाजिक वातावरण में भी दिखाई देने लगा है। जहां लोग देर रात तक काम और यात्रा करने में पहले से अधिक सुरक्षित महसूस करने लगे हैं, महिलाओं के लिए तो उत्तर प्रदेश अब पूर्ण सुरक्षित हो गया है।

**बुनियादी ढांचे में निवेश से विकास को मिली गति**

दरअसल, कभी उत्तर प्रदेश को बीमारू राज्य का तमगा मिलने के पीछे कमजोर बुनियादी ढांचा (इंफ्रास्ट्रक्चर) भी एक बड़ा कारण था। सड़कों की खस्ता हालत, अधूरी परियोजनाएं और कनेक्टिविटी की कमी ने औद्योगिक विकास की राह में रोड़ा अटकने का काम किया था। योगी सरकार ने इस मोर्चे पर आक्रामक रणनीति अपनाई, एक्सप्रेस-वे का जाल बिछाने का जो काम शुरू किया गया, उसने प्रदेश का नक्शा ही बदल दिया। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे, गंगा एक्सप्रेस-वे और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे जैसी परियोजनाओं ने न केवल आवागमन को सुगम बनाया, वरन औद्योगिक क्लस्टरों के विकास का मार्ग भी प्रशस्त किया। हवाई अड्डों के विस्तार और नए एयरपोर्ट की योजनाओं ने प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने का काम किया है।

**निवेश और औद्योगीकरण से नई पहचान की ओर उत्तर प्रदेश**

कानून-व्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार का सीधा असर निवेश पर पड़ा। योगी सरकार द्वारा आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट ने उत्तर प्रदेश को निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य के रूप में स्थापित किया। रक्षा उत्पादन, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, डेटा सेंटर, फार्मा और फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में बड़े निवेश प्रस्ताव आए। डिफेंस कॉरिडोर की स्थापना ने प्रदेश को सामरिक और औद्योगिक दोनों दृष्टि से नई पहचान दी। लखनऊ, कानपुर, झांसी, आगरा और अलीगढ़ जैसे शहर रक्षा उत्पादन केंद्र के रूप में उभरने लगे हैं, इससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़े और तकनीकी कौशल को बढ़ावा मिल रहा है।

**कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर विशेष ध्यान**

उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा कृषि पर निर्भर है, पुरानी बीमारू छवि का एक कारण ग्रामीण क्षेत्रों की बदहाली भी थी। योगी सरकार ने कृषि को लाभकारी बनाने के लिए सिंचाई परियोजनाओं, फसल बीमा योजनाओं और गन्ना किसानों के बकाया भुगतान पर विशेष ध्यान दिया। गन्ना भुगतान में तेजी और किसानों को समय पर पैसा मिलने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नकदी का प्रवाह बढ़ा, इसके साथ ही डेयरी, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने से कृषि आधारित रोजगार के नए अवसर पैदा हुए।

**सामाजिक योजनाएं और शासन की नई शैली से आया बदलाव**


योगी सरकार के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश की कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने पर जोर दिया गया। आवास योजना, उज्ज्वला योजना, शौचालय निर्माण और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का लाभ बड़े स्तर पर लोगों तक पहुंचा। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा और लाभार्थियों को सीधे सहायता मिलने लगी। शासन की यह पारदर्शी शैली उत्तर प्रदेश की प्रशासनिक संस्कृति में अभूतपूर्व बदलाव का वाहक बनी।

# आईसीसी बैठक में बांग्लादेश की टी20 विश्व कप मैच भारत से बाहर रखे जाने की मांग खारिज

**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कांउंसिल (आईसीसी) ने यहां हुई एक बैठक के बाद बांग्लादेश की टी20 विश्वकप के लिए मैच स्थल बदलने की मांग खारिज कर दी है। इससे पहले बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इंकार करते हुए कहा था कि उसके मैचों को श्रीलंका में रख दिया जाये। आईसीसी ने इस मामले में आंखिरकार अंतिम फैसला सुना दिया है। आईसीसी ने बीसीबी की भारत में टी20 विश्व कप नहीं खेलने खेलने की मांग को ठुकरा दिया है। इसे लेकर वोटिंग की गई और 14-2 के बहुमत के बाद बांग्लादेश की भारत में टी20 विश्व कप नहीं खेलने की मांग को खारिज किया गया। इसी के साथ ही अब यदि बांग्लादेश टीम भारत में नहीं खेलने की मांग पर अड़ी रहती है तो उसे टी20 विश्व कप से बाहर कर दिया जाएगा। ऐसे में बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया जाएगा। बांग्लादेश टूर्नामेंट में ग्रुप सी में है। उन्हें अपने पहले तीन मैच 7, 9 और 14 फरवरी को कोलकाता में और आखिरी मैच 17 फरवरी को मुंबई में खेलना है।

आईसीसी की बैठक इसके चेयरमैन जय शाह के साथ बीसीबी प्रेसिडेंट अमीनुल इस्लाम, बीसीसीसीआई सेक्रेटरी देवजीत सैकिया, श्रीलंका बोर्ड के प्रेसिडेंट शम्मी सिल्वा, पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी, सीए चेयरमैन माइक बेयर्ड सहित सभी बोर्ड प्रमुख शामिल थे। गौरतलब है कि बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों से भारत में टी20 विश्व कप नहीं खेलने की मांग की थी। अब अगर बीसीबी आधिकारिक तौर पर टूर्नामेंट से हटता है, तो आईसीसी स्कॉटलैंड को सीधे ग्रुप सी में शामिल कर लेगा।

# इंडोनेशिया मास्टर्स में सिंधु ने की जीत से शुरुआत, श्रीकांत भी अगले दौर में पहुंचे



**जकार्ता (एजेंसी)।** भारत की पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत ने इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत करते दूसरे दौर में प्रवेश किया है। वहीं अन्य खिलाड़ियों को हार का सामना करना पड़ा है।

सिंधु ने महिला एकल के पहले दौर में जापान की मनामी सुइज़ू को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 22-20, 21-18 से हराया। 53 मिनट तक चले इस मैच का पहला गेम जीतकर सिंधु ने बढ़त हासिल की। इसके बाद दूसरे गेम में भी सिंधु ने ये सिलसिला बनाये रखा। दूसरे दौर में सिंधु का मुकाबला डेनमार्क की लाइन केयर्सफील्ड और चीनी की हान कियासी के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा।

वहीं पुरुष एकल में श्रीकांत को भी काफी पसीना बहाना पड़ा। श्रीकांत ने जापान के कोकी वतनाबे (जापान) को 21-15, 21-23, 24-22 से हराया। यह मुकाबला 1 से अधिक समय तक चला। तीसरे गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच काफी कड़ा मुकाबला हुआ पर अंत में श्रीकांत ने बाजी मार ली। अब श्रीकांत का मुकाबला चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन से होगा। तिएन ने एक अन्य मुकाबले में आयरलैंड के न्हाट गुयेन को 21-14, 21-15 से पराजित किया।

भारत के ही किरण जॉर्ज पुरुष एकल के पहले दौर में ही इंडोनेशिया के मोह जकी उबैदिल्लाह से 21-17, 21-14 से हार गये। इसके अलावा महिला सिंगल्स में आकार्शी कश्यप को डेनमार्क की जूली डावॉल जैकबसेन ने 8-21, 22-20, 21-17 से पराजित किया। मिश्रित युगल में भी भारतीय खिलाड़ी असफल रहे। ध्रुव कपिला और तनिष क्रास्टो को फ्रांस की जूलियन माओ और लिया पालेर्मो की जोड़ी ने 21-23, 22-20, 21-6 से पराजित किया। इसके अलावा रोहन कपूर और रुथविका की जोड़ी को फ्रांस की थॉम गिकेल और डेल्फिन डेलरू के हाथों 21-9, 22-20 से हार का सामना करना पड़ा।

# आरसीबी और रॉयल्स 27 जनवरी तक बतायें घरेलू मैदान का नाम : बीसीसीआई



**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल के 2026 सत्र में घरेलू मैदान को लेकर राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मामला अभी तक हल नहीं हुआ है। ऐसे में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इन दोनो को 27 जनवरी तक का समय दिया है। तब तक इन दोनो को बताना होगा कि ये दोनो अपने मैच घरेलू मैदान पर ही चाहते हैं या किसी अन्य स्थल को घरेलू मैदान मान सकते हैं। दोनो ही टीमों को शायद ही घरेलू मैदानों पर खेलने का अवसर मिल पाये। रॉयल्स को जयपुर इसलिए नहीं मिल सकता क्योंकि राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) के चुनाव नहीं हुए हैं। वहीं बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल 2025 की जीत के बाद मैदान में हुए जश्न के दौरान भगदड़ में कई लोगों की मौत हो गयी थी। उसको देखते हुए अब आईपीएल आयोजक उसे यहां खेलने की अनुमति देंगे इसकी संभावना नहीं है। ऐसे में रॉयल्स अपने घरेलू मैच पुणे में खेल सकती है, जबकि आरसीबी डीवाई पाटिल स्टेडियम में पांच और रायपुर में दो घरेलू मैच रख सकती है। नवी मुंबई में मैच आयोजित कराने के लिए आरसीबी को मुंबई इंडियंस से अनुमति लेनी होगी, क्योंकि आईपीएल के नियमों के मुताबिक, एक शहर में दो टीमों के मैच आयोजित नहीं हो सकते हैं। आरसीबी के मालिक इसलिए भी बेंगलुरु के मैदान पर अधिक जोर नहीं देंगे क्योंकि नये कानून के अनुसार अगर कोई घटना होती है तो उन्हें जिम्मेदार माना जाएगा। आईपीएल 2026 की शुरुआत 26 मार्च से होने वाली है और फाइनल मुकाबला 31 मई को आयोजित होगा।

# अंडर-19 यूथ विश्वकप : ऑस्ट्रेलिया के विल मलाजचुक ने 51 गेंदों ही शतक लगाकर वैभव का रिकार्ड तोड़ा



**विंडहॉक (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के युवा बल्लेबाज विल मलाजचुक ने अंडर-19 विश्वकप में जापान के खिलाफ मुकाबले में 51 गेंदों में ही शतक लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाने के अलावा एक बड़ी उपलब्धि भी अपने नाम की है। अब विल अंडर-19 क्रिकेट में सबसे तेज शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गये हैं। इससे पहले ये रिकार्ड पाकिस्तान के समीर मिन्हास के नाम था। मिन्हास ने केवल 42 गेंदों में ही शतक लगा दिया था। वहीं अपनी इस पारी से विल ने भारत के वैभव सूर्यवंशी का रिकार्ड जरुर तोड़ दिया वैभव ने 52 गेंदों में शतक लगाया था। इस मैच में विल की तूफानी पारी से ऑस्ट्रेलिया ने जापान को आठ विकेट से हराकर ग्रुप-ए में लगातार दूसरी जीत हासिल की है।

इस मैच में जापानी टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 50 ओवर में 8 विकेट पर 201 रन बनाये। सबसे अधिक 79 रन ह्यूगो केली ने बनाये। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से नादोन कूराय ने तीन जबकि विल बायरम ने दो विकेट लिए। इसके बाद 202 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत धमाकेदार रही। विल मलाजचुक ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए तेजी से रन बनाये और 51 गेंदों में शतक लगा दिया।। इसके साथ ही वह विश्कप में सबसे तेज शतक लगाने वो दूसरे बल्लेबाज बन गये हैं। यूथ वनडे में सबसे तेज शतक का रिकार्ड पाकिस्तान के समीयर मिन्हास के नाम है। मिन्हास ने 42 गेंदों में ही शतक लगाया था। वहीं भारत के वैभव 52 गेंदों में शतक के साथ ही तीसरे नंबर पर खिसक गये हैं। मलाजचुक इस मैच में 12 चौके और पांच छक्के लगाकर 102 रन बनाये जबकि सैमुअल ने 60 रन बनाये जिससे ऑस्ट्रेलिया ने आसानी से जापान को हरा दिया।

# पर्थ स्कॉर्चर्स बीबीएल लीग के फाइनल में पहुंची

पर्थ । पर्थ स्कॉर्चर्स की टीम ऑस्ट्रेलिया में जारी घरेलू बिग बैश लीग (बीबीएल) क्रिकेट के फाइनल में पहुंच गयी है। स्कॉर्चर्स ने क्वालिफायर मुकाबले में सिडनी सिक्सर्स को 48 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया है। सिडनी सिक्सर्स ने क्वालिफायर मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी शुरु करते हुए 9 विकेट पर 147 रन बनाए। उसकी ओर से फिन एलेन ने 30 गेंद पर सबसे अधिक 49 रन बनाये। वहीं कप्तान एश्टन टर्नर ने 29 जबकि झे रिचर्डसन ने 20 रन बनाये। सिडनी सिक्सर्स की ओर से मिचेल स्टार्क, बेन ड्वारशुईस और जैक एडवॉर्ड्स ने 2-2 विकेट लिए जबकिजोएल डेविस और बेंजामिन मानेंटी को 1-1 विकेट मिला। इसके बाद जीत के लिए मिले 148 रन रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सिडनी सिक्सर्स के बल्लेबाज असफल रहे और टीम 15 ओवर में केवल 99 रन ही बना पायी। इस प्रकार उसे 48 रनों से हार का सामना करना पड़ा है। स्टीव स्मिथ ने 24 गेंदों पर सबसे ज्यादा 37 रन की पारी खेली। उनके अलावा कोई भी बल्लेबाज पर्थ के गेंदबाजों का सामना नहीं कर सका। बाबर आजम फिर फ्लॉप रहे और 2 गेंदों पर बिना खाता खोले आउट हो गए। वहीं स्कॉर्चर्स की ओर से महली बियर्डमैन ने सबसे अधिक 3 विकेट लिए जबकि कूपर कोनोली और डेविड पायने को 2-2 विकेट मिले। झे रिचर्डसन और आरोन हार्डी ने 1-1 खिलाड़ी को आउट किया। लीग का फाइनल मुकाबला 25 जनवरी को खेला जाएगा।

# एम्बाप्पे ने दागे दो गोल, रियल मैड्रिड ने मोनाको को हराया

मैड्रिड। किलियन एम्बाप्पे ने अपने पुराने क्लबों में से एक के खिलाफ दो गोल किए जिससे रियल मैड्रिड ने घरेलू मैदान पर मोनाको को 6-1 से हराकर चैंपियंस लीग शुरुआती चरण के टॉप आठ में जगह बनाने की अपनी संभावनाओं को मजबूत किया। स्ट्राइकर एम्बाप्पे ने मंगलवार को खेले गये मुकाबले में फेडे वाल्वरडे के थ्रू बॉल पर शानदार फिनिश के साथ पांचवें मिनट में गोल दागकर रियल मैड्रिड को बढ़त दिलाई और फिर 26वें मिनट गोलकर हाफटाइम तक स्कोर 2-0 कर दिया। मैच का तीसरा गोल फ्रेंको मास्टांटोनो ने 51वें मिनट में किया। फिर थिलो केहरर ने 55वें मिनट में गेंद को अपने ही नेट में डाल दिया। विनिसियस जूनियर ने गोलकर स्कोर 5-0 किया और जूड बेलिंघम ने छठा गोल किया। वहीं मोनाको के लिए एकमात्र गोल जोडर्न तेजे ने किया।



# शुभमन अपने खिलाड़ियों का बेहतर प्रयोग नहीं कर पाये : अश्विन

चेन्नई । भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने भारतीय टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान शुभमन गिल की नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाये हैं। अश्विन के अनुसार न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में बीच के ओवरों में प्रबंधन की कमी दिखी। अश्विन के अनुसार सही से गेंदबाज रोटेट नहीं किये गये। विशेषकर दूसरे ओर तीसरे एकदिवसीय में बीच के ओवरों में संसाधनों का सही से उसयोग नहीं किया गया जिससे मुकाबल भारतीय टीम के हाथों से निकल गये। अश्विन के अनुसार जब मैच दांव पर लगा था, तब शुभमन अपने सबसे बेहतर खिलाड़ियों का सही से उपयोग नहीं कर पाए। अश्विन ने डेरिल मिशेल और ग्लेन फिलिप्स के खिलाफ स्पिनर कुलदीप के इस्तेमाल के तरीके पर भी सवाल उठाये। अश्विन ने कहा, महेन्द्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा की कप्तानी की इतनी तारीफ इसलिए होती रही है क्योंकि उन्हें पता होता है कि अपने संसाधनों का इस्तेमाल कहां और कब करना है और किस बल्लेबाज के खिलाफ। इस सीरीज में इस बात की थोड़ी कमी नजर आयी। अश्विन ने सुझाव दिया कि शुभमन के फैसले पिछले मैचों की विफलता से प्रभावित लग रहे थे, जिससे अहम तीसरे मैच उनके गेंदबाजों पर उनका भरोसा कम हो गया जबकि पिछले मैच के आधार पर किसी गेंदबाज को नहीं आंका जाना चाहिये। अश्विन ने कहा कि शुभमन के पास एक तरीका विफल होने पर प्लान बी नहीं था। उन्होंने कहा, अगर आप संसाधनों का सही इस्तेमाल करते हैं और फिर भी असलता मिलती है, तो कोई बात नहीं पर पहले सही प्रकार से प्रयोग तो करें।

# प्रिटोरिया कैपिटल्स के खिलाफ एस20 लीग में पूरी गंभीरता से खेलना होगा : स्टब्स

**जोहांसबर्ग (एजेंसी)।** (ईएमएस)। सनराइजर्स ईस्टर्न केप के कप्तान ट्रिस्टन स्टब्स ने कहा है कि प्रिटोरिया कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले एसए20 लीग के पहले क्वालीफायर में उनकी टीम को पूरी गंभीरता से खेलना होगा। स्टब्स के अनुसार ये मुकाबला आसान नीं रहेगा। इसलिए हमें जीत के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने टीम को अतिआत्मविश्वास से बचने को भी कहा है। उन्होंने कहा कि प्ले ऑफ से पहले लय हासिल करना अच्छा है पर लीग चरण में शीर्ष पर होने से कोई खास फर्क नहीं पड़ता है। इसलिए बुधवार को होने वाले मैच में उन्हें अच्छी शुरुआत करनी होगी। गौरतलब है कि पहली बार स्टब्स की कप्तानी में खेलते हुए सनराइजर्स की टीम ने 10 मैच में से पांच मैच जीतकर तालिका में 28 अंक के साथ नंबर एक स्थान हासिल किया है।

स्टब्स ने कहा, ' लीग में नंबर एक होना जीत की गारंटी नहीं है। यह अच्छा है कि हमने पूरे सत्र में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन प्ले ऑफ से पहले हमें पता है कि आप हर मैच में शून्य से शुरुआत करते हैं। प्ले ऑफ से पहले लय हासिल करना अच्छा है लेकिन इसका कोई खास मतलब नहीं है।' गत उप विजेता सनराइजर्स ने अब तक चारों सत्र में प्ले ऑफ में जगह बनाई है और उन्होंने कहा कि पुराने अनुभवों से भी टीम को लाभ होगा।

स्टब्स ने कहा, 'निश्चित तौर पर मुझे तो ऐसा ही लगता है। मुझे लगता है कि हमारे पास बहुत से ऐसे खिलाड़ी हैं जो पहले भी इन मुकाबलों में खेल चुके हैं और जानते हैं कि इसे जीतने के लिए क्या करना पड़ता है। इससे निश्चित रूप से मदद मिलती है लेकिन जैसा कि मैंने पहले कहा, यह अब भी क्रिकेट का खेल है। ।'

स्टब्स ने अपनी टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक की सराहना की जिन्होंने इस सत्र में चार अर्धशतक की मदद से 328 रन बनाये हैं। कप्तान ने कहा, 'डिकॉक ने हमारे लिए शानदार प्रदर्शन किया है। जिस तरह से उन्होंने मैदान पर और मैदान के बाहर आगे बढ़कर अगुआई की है वह युवा खिलाड़ियों के लिए बहुत अच्छे रहे हैं।' स्टब्स ने क्रिस ग्रीन की भी जमकर तारीफ की जिन्होंने एमआई केपटाउन के खिलाफ खेलते हुए 29 रन देकर तीन विकेट लिए।



# ऑस्ट्रेलियन ओपन : डेनियल मेदवेदेव शुरुआती मुश्किलों से बचकर तीसरे राउंड में पहुंचे



मेलबर्न । रूस के डेनियल मेदवेदेव बुधवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे राउंड में फ्रांसीसी खिलाड़ी क्वेंटिन हैलिस के खिलाफ शुरुआती मुश्किलों से बच गए, लेकिन उन्होंने कड़ी मेहनत करके 6-7(9) 6-3 6-4 6-2 से जीत हासिल की। मेलबर्न पार्क में तीन बार के फाइनलिस्ट मेदवेदेव ने पहले सेट में एक घंटे से ज़्यादा समय तक संघर्ष किया, लेकिन एक कड़े टाईब्रेक के बाद हार गए। रूसी खिलाड़ी का दूसरे सेट में भी दुनिया के 83वें नंबर के खिलाड़ी ने शुरुआती गेम तोड़ दिया था, लेकिन उन्होंने अपनी लय वापस पाई और मैच बराबर कर लिया। 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने तीसरे सेट में बेसलाइन पर नियंत्रण रखा और शुरुआती ब्रेक पॉइंट को भुनाया और उसके बाद आक्रामक सर्विस गेम खेला। फिर मेदवेदेव ने हैलिस के कमजोर रिटर्न का फायदा उठाते हुए ज़ोरदार ग्राउंडस्ट्रोक से जीत हासिल की और तीसरे राउंड में पहुंच गए। जीत के बाद मेदवेदेव ने कहा, 'मुझे लगता है कि मैं ब्रिस्बेन में बहुत बेहतर खेल रहा था। मैं अभी भी यहां के कोर्ट के हिसाब से पूरी तरह से ढल नहीं पाया हूं। मुझे लगता है कि मेरे शॉट्स में थोड़ी पावर की कमी है। लेकिन जब आप किसी टूर्नामेंट में जीतते रहते हैं, तो आप धीरे-धीरे इसमें ढल जाते हैं। यह पिछले कुछ सालों में पहली बार है जब मैं किसी ग्रैंड स्लैम के तीसरे राउंड में हूँ, इसलिए अच्छा महसूस कर रहा हूं।'

# घर से टी20 वर्ल्ड कप देखना थोड़ा अजीब लगेगा: रोहित शर्मा

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत के 2024 टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाले कप्तान रोहित शर्मा जियोहॉटस्टार के 'कैप्टन रोहित शर्माज रोडमैप फॉर टी20 वर्ल्ड कप' में जतिन सप्रू के साथ बैठे, जहां उन्होंने पहले टी20 वर्ल्ड कप के बारे में बात की जिसमें वह हिस्सा नहीं लेंगे, अपने टीम के साथियों के साथ बनाए गए रिश्तों और बॉन्ड के बारे में अपने विचार शेयर किए, मुश्किल सिलेक्शन के फैसले लेने और आने वाले टूर्नामेंट के लिए टीम के बारे में अपनी राय बताई।

रोहित शर्मा ने माना कि अपने करियर में पहली बार टी20 वर्ल्ड कप मिस करना उनके लिए एक अजीब एहसास होगा। उन्होंने कहा, 'हम घर पर इस बारे में बात कर रहे थे कि घर से इसे देखना अजीब लगेगा, खासकर टी20 वर्ल्ड कप। जब से यह शुरू हुआ है, तब से अब तक मैं हर वर्ल्ड कप का हिस्सा रहा हूं, इसलिए यह अलग लगेगा। जब मैं टीम को टी20 मैच खेलते हुए देखता हूं, तो मिस करने का एहसास उतना नहीं होता। लेकिन जब आप वर्ल्ड कप मिस करते हैं, तो असलियत का एहसास होता है। तभी आपको पता चलता है कि आप इसका हिस्सा नहीं बनने वाले हैं। तो यह थोड़ा अजीब लगेगा। हालांकि, मैं स्टेडियम में कहीं रहूंगा। यह वैसा नहीं होगा और यह एक अलग अनुभव होगा, लेकिन मैं असल में इसके लिए उत्सुक हूं। यह काफी शानदार होगा।'

अपनी कप्तानी के दौरान टीम के साथियों के बीच सम्मान पाने और रिश्ते बनाने के बारे में रोहित ने कहा, 'खिलाड़ियों के साथ अभी भी वैसा ही रिश्ता होना बहुत अच्छा लगता है और यही मैं हमेशा टीम में चाहता था, किसी भी चीज पर खुलकर बात करना, सिर्फ क्रिकेट ही नहीं, बल्कि जिंदगी के बारे में भी, खेल के बाहर की कोई भी बात। जिंदगी में क्या चल रहा है, घर पर क्या हो रहा है, इस तरह की बातें। मैं हमेशा वैसा ही इंसान बनना चाहता था, क्योंकि मुझे पता है कि जब आप पहली बार टीम में शामिल होते हैं, तो खुलने में समय लगता है। इसलिए, जब मैं यहां बैठा होता हूं या जब मैं टीम के ड्रेसिंग रूम में जाता हूं, तो मैं कभी नहीं चाहता कि किसी को ऐसा लगे कि उन्हें खुलने में समय लगेगा।'

भारतीय ओपनर ने कहा, 'मैं चाहता हूं कि उन्हें लगे कि वे बस आकर खुलकर बात कर सकते हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए कि वे सोचें कि उन्हें आकर बात करनी चाहिए या नहीं। मैं कभी नहीं चाहता था कि किसी के मन में ऐसा ख्याल आए। मैं जितना हो सके उतना खुला और सीधा रहने की कोशिश करता हूं, और इसीलिए ये लोग मेरा बहुत मजाक उड़ाते हैं। कोई सीमा नहीं है; हमेशा एक खुला दरवाजा होता है। साथ ही, हम एक-दूसरे की टांग खींचते हैं, खैर, हम नहीं, वे मेरी टांग खींचते हैं। मैं हमेशा ऐसा ही माहौल चाहता था, और मुझे यह सच में बहुत पसंद है।'

टीम में एकजुटता और पुरुष टी20 वर्ल्ड कप इंडिया और श्रीलंका 2026 के लिए भारतीय टीम के बारे में रोहित ने कहा, 'मुझे लगता है कि एकजुटता और आपसी भरोसा सबसे जरूरी चीजें हैं। अगर मैं गलत नहीं हूं, तो ये खिलाड़ी लगभग 2 साल से एक साथ खेल रहे हैं। कुछ खिलाड़ी बाहर हुए हैं और कुछ नए आए हैं, लेकिन इसके अलावा, मुझे लगता है कि पिछले टी20 वर्ल्ड कप के बाद से लगभग 80 से 90 प्रतिशत टीम वही रही है। जब मैं मैच देखता हूं, तो मुझे लगता है कि टीम में आपसी समझ बहुत अच्छी है, जो एक साथ खेलने से बनी है।'

रोहित ने कहा, 'एक अच्छी बात यह है कि कुछ अपवादों को छोड़कर, लगभग सभी खिलाड़ी एक ही उम्र के हैं। वैसे, मुझे लगता है कि औसत उम्र शायद 25 के आस-पास है, जो हमेशा अच्छा होता है, क्योंकि जब आप वर्ल्ड कप में जा रहे होते हैं, तो आपको बहुत सारी बातचीत, खुलकर बातचीत और कुछ मुश्किल बातचीत भी करनी पड़ती है, क्योंकि एकमात्र लक्ष्य वल्ड कप जीतना होता है। इसके लिए, अगर आपको कुछ मुश्किल फैसले लेने पड़ते हैं, जिससे आपके साथ खेलने वाले किसी खिलाड़ी, यहाँ तक कि किसी करीबी दोस्त को भी बुरा लग सकता है, तो भी ठीक है। इसलिए मुझे लगता है कि खिलाड़ियों के बीच इस तरह का रिश्ता बनाना बहुत जरूरी है।'



टी20 वर्ल्ड कप ऑस्ट्रेलिया 2022 टीम और उससे पहले एशिया कप से श्रेयस अय्यर को बाहर रखने पर उन्होंने कहा, 'वर्ल्ड कप से पहले ऐसे मुश्किल फैसले लेने के कई मौके आए हैं। मुझे 2022 टी20 वर्ल्ड कप के दौरान श्रेयस अय्यर की बात याद आती है। मुझे आज भी याद है कि हम वेस्टइंडीज में खेल रहे थे। राहुल भाई और मुझे हमेशा लगता था कि अगर आप ऐसे फैसले ले रहे हैं, तो यह जरूरी है कि उस खिलाड़ी को पता चले कि आप ऐसा क्यों कर रहे हैं। मुझे याद है कि हमने श्रेयस को पूल के पास बुलाया, और राहुल भाई और मैंने दोनों ने उससे बात की कि वह उस एशिया कप और उसके बाद होने वाले टी20 वल्ड कप का हिस्सा क्यों नहीं होगा।'

# उथप्पा बोले, हर प्रारुप के लिए अलग-अलग कोच रखा जाये

मुम्बई । पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने कहा है कि भारतीय टीम के लिए अलग-अलग प्रारुपों के लिए अलग कोच बनाये जाने चाहिये। उथप्पा के अनुसार एक ही कोच के लिए हर सीरीज के बाद अपने माइंडसेट को बदलाना आसन नहीं होता है। साथ ही कहा कि आजकल इतना क्रिकेट हो रहा है कि एक कोच मानसिक रुप से थक जाता है। कोच को हर प्रारुप के अनुसारन रणनीति बदलनी पड़ी है और ये काफी कठिन काम होता है। जिस प्रकार से भारतीय टीम उन्यूज़ीलैंड के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय सीरीज में हारी है। माना जा रहा है कि उसी को उसको देखते हुए उथप्पा ने ये बयान दिया है। टीम की हार के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर पर भी सवाल उठते है। उनके कोच रहते भारतीय टीम घरेलू टेस्ट सीरीज के बाद एकदिवसीय सीरीज भी हारी है। यह पहली बार था जब न्यूीलैंड टीम भारत में कोई एकदिवसीय सीरीज जीतने में सफल रही। ऐसे में उथप्पा के बयान के बाद गंभीर पर दबाव बढ़ना तय है। उथप्पा का मानना है कि एक ही कोच पर सभी प्रारुपों का बोझ डालना सही नहीं है। उथप्पा ने कहा, मैं अलग-अलग प्रारुपों के लिए अलग कोच रखने के विचार के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। भारत बहुत ज्यादा क्रिकेट खेलता है। एक प्रारुप से दूसरे में जाते वक्त दिमाग भी थक जाता है। उन्होंने साथ ही कहा कि जब कोई कोच एक एक प्रारुप में लीन रहता है तो दूसरे की तैयारी करना कठिन हो जाता है। ऐसे में नये माइंडसेट और उर्जा की जरुरत होती है। एसे में अलग-अलग कोच रहना फायदेमंद रहेगा। उथप्पा ने हालांकि ये भी माना है कि कि अलग-अलग कोच रखने का फैसला करना आसान फैसला नहीं होगा। इसमें सभी कोचों को एक-दूसरे के साथ तालमेल रखते हुए काम करना होगा।